स्पीकर साहिब, यह महकमा नहर तो असल में पानी की सरकारी दुकान है इस के मुतअल्लक जो कुछ कहा जा रहा है वह हमारे Opposition के भाइयों और गवर्नमैण्ट के हिमायती मैम्बरों के कहने में कोई फर्क नहीं सिवाए इस के कि हमारे दूसरे दोस्त अपनी बहस को मुबारकबाद से शुरू करते हैं और 'लेकिन' कह कर सब कुछ कह देते हैं और आखिर में फिर मुबारकबाद पेश कर देते हैं। हमारे में सिर्फ यह कमी है कि हम मुबारकबाद के फिकरे छोड़ देते हैं। मैं यह कह रहा था कि दोनों तरफ के मैम्बरों में यकसाई बात है। उधर की शिकायतें बहुत मामूली हैं और इधर की वज़नदार और तुली हैं।

हमारे वज़ीर सिंचाई साहिब ने 10 करोड़ रुपया Irrigation के लिये मांगा है जिस में से $7\frac{1}{2}$ करोड़ रुपये कर्ज़ लेकर पानी की दुकान चलेगी और इस में बाकी का 8 करोड़ के करीब रुपया आमदनी में से खर्च किया जा रहा है और अगले साल इस से दुगनी रकम और खर्च हो रही है जिस का जिक्र यहां करने नहीं दिया जा रहा है । मैं गवर्नमैण्ट को मुबारकबाद नहीं दे सकता । जिस चीज़ का ज़्यादा प्रापेगंडा किया जाये और जो बात मौका-ब-मौका आगे रखी जाये, जब गवर्नमैण्ट को मौका मिले कि कारगुज़ारी के मुतअल्लक कुछ कहे और सुने तो इस बात को सामने से हटा दिया जाता है। जिस चीज़ का इस महकमे ने ज़बरदस्त ढिंढोरा पीटा है वह safety का बन्दोबस्त है। मैं इस बात का ज़्यादा ज़िक्र नहीं करता लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि यह ठीक है कि बड़े बड़े बांध बनाये जा रहे हैं लेकिन एक चीज़ का बांध नहीं लग सका और वह है रिश्वत। अंग्रेज़ के राज में और उस के बाद भी रिश्वत का बाज़ार गर्म है। इस महकमा नहर में जो रिश्वत का सैलाब आ रहा है उस का वज़ारत ने कोई बन्दोबस्त नहीं किया। मुझे ताज्जुब और हैरानी है कि Council में तकरीर करते हुए हमारे सिंचाई मंत्री ने challenge दिया कि अगर रिश्वत और इस तरह का गबन और लूट उन के मुतअल्लक साबित हो जाये तो वह इस्तीफा दे देंगे । मैं नहीं कहता कि ख़ाह उन की अपनी ज़ात के लिये ख़ाह उन की पार्टी के लिये ख़ाह महकमे के अन्दर एक आम खुली corruption है और उस की ज़िम्मेदारी इस वज़ारत पर और खास तौर पर इस महकमा के मंत्री पर है। वह यह कह कर नहीं बच सकते कि मैंने cash रुपया किसी से नहीं लिया। मैं यह नहीं कहता कि यह बात सही है या गलत, न मैं ज़ाती बातों में पड़ना चाहता हूं लेकिन एक एक-पैसा या कम से कम रकम भी जो इस महकमे के अन्दर गबन के तौर पर या रिश्वत

के तौर पर या लूट के तौर पर या निकम्मा अमला लगा कर जिस तरीके से रुपया खर्च हो रहा है मैं कहूंगा कि अगर किसी आदमी पर वाहद ज़िम्मेदारी है तो वह इस महकमे के वज़ीर हैं और वह इस बात पर फख्र नहीं कर सकते। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि स्वराज्य मिलने के बाद या हुकूमत अपने हाथ में आने के बाद इस महकमे में रिश्वत कम हुई या बढ़ी है।

श्री राम सरूप : कम हो गई है।

पंडित श्री राम शर्मा : अंग्रेज़ के राज्य के मुकाबले में रिश्वत में कमी है या ज़्यादती। एक आवाज़ आई है कि कम हो गई है। मैं माननीय मेंबर से कहूंगा कि वह अपनी जगह पर खड़े हो कर अपनी शकल दिखाएं ताकि एवान देख ले और Press को भी पता लग जायें कि यह साहिब हैं जो कह रहे हैं कि महकमा नहर में रिश्वत कम हो गई है (*interruptions*) डाक्टर राम सरूप करनाल के मेंबर हैं जो कहते हैं कि महकमा नहर में रिश्वत कम हो गई है। देखना है कि वह रिश्वत की कितनी खोज कर सकते हैं। उन के मुतअल्लिक आम तौर पर हाउस में और हाउस के बाहर लोगों की क्या राय है इस के मुतअल्लिक मैं कहना नहीं चाहता लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि जो कोई सुनेगा.....

अध्यक्ष महोदय : Order, please. आप किसी माननीय मेंबर की integrity पर किसी किस्म का आरोप नहीं लगा सकते।

(Order please. He cannot cast any reflection on the integrity of any hon. Member.)

पंडित श्री राम शर्मा : मैं तो स्पीकर साहिब यह कहता हूं कि जो आदमी जिस चीज़ का दावा कर सकता है उस की सच्चाई के मुतअल्लिक लोग उस के अमल से अंदाज़ा लगा सकते हैं। मैं इस मामले को करनाल के लोगों पर छोड़ता हूं कि वह इस के मुतअल्लिक अपनी ज़ाती राये कायम करें कि इस एवान के अंदर एक माननीय मेंबर यह उठ कर कहते हैं कि महकमा नहर में रिश्वत बहुत कम है। इस के बारे में उन्हें देखना पड़ेगा कि वह कौन मैम्बर हैं और उन का कितना तजरुबा है।

Mr. Speaker : The hon. Member should not refer to such things.

पंडित श्री राम शर्मा : बहुत अच्छा, मैं इस चीज़ को कतई छोड़ता हूं। मैं गुज़ारिश कर रहा था कि वज़ीर साहिब ने कौंसिल में जो challenge दिया उस के मुतअल्लिक मैं जाति-यात में नहीं पड़ना चाहता। मैं भी challenge पेश करता हूं और इसे वज़ीर साहब ही नहीं बल्कि सारी वज़ारत कबूल करे—खाह मेरी तरफ से या अपोज़ीशन के मैम्बरों की तरफ से कि महकमा नहर में रिश्वत बहुत है और इस की तहकीकात करने के लिये Govt. of India का एक impartial Tribunal मुकर्रर किया जाये। हम इस के लिये दरखास्त करते हैं और यह भी दरखास्त करते हैं कि यह मिनिस्ट्री या वज़ीर आबपाशी खुद recommend करें कि कोई impartial Commission पंजाब के अंदर आये और वह इस बात की खोज कर के देखे कि यहां रिश्वत बढ़ रही है या कम हो रही है। मैं पूरे दावे से कहता हूं कि अगर इस बात की तहकीकात की गई तो भाखड़ा डैम का मामला तो आप एक तरफ रहने दीजिये क्योंकि इस के मुतअल्लिक ज़िक्र करना तो जाब्ता के लिहाज़ से ममनूह हो गया है—कई बातें ज़हूर में आयेंगी। पिछले दिनों Pepsu के एक डिप्टी मिनिस्टर ने कहा था कि भाखड़ा डैम में 80 करोड़ में से 40 करोड़ रुपया गबन हो गया है।

Minister for Irrigation : There is no such statement.

पंडित श्री राम शर्मा : यह Press statement था। अगर गलत था तो इस के गलत होने पर बहर सूरत मुझे कोई इन्कार नहीं है लेकिन इस तरह का statement प्रेस में ज़रूर आया था और गवर्नमैण्ट की तरफ से इस की कोई authoritative repudiation नहीं की गई। इस की क्या वजह है मैं इस बात में नहीं जाना चाहता। यह महकमा जिस के लिये 10 करोड़ रुपया मांगा जा रहा है और जो यहां से मन्जूर किया जा रहा है इस के मुतअल्लिक हमें देखना है कि क्या यह महकमा 10 करोड़ रुपये का काम कर भी रहा है या नहीं ? यह कोई credit की बात नहीं कि अगर किसी गवर्नमैण्ट को इतनी भारी रकम दे दी जाये तो उस से dis-proportionately ज़्यादा फायदा हो जाये। अगर आप किसी आदमी को भी 10 करोड़ रुपया दे दें तो वह उस रकम से काफी से ज़्यादा फायदा उठा सकता है। लेकिन यह कह देना कि हमने यह कर दिया वह कर दिया, यहां खाल निकाल दी वहां मोरी चला दी इस से गवर्नमैण्ट की achievements का कोई अंदाज़ा नहीं लग सकता। अंदाज़ा इस बात से लग सकता है कि कितना रुपया कर्ज़ का इस State ने ले कर खर्च किया है और मैं यह भी जानता हूं कि गवर्नमैण्ट जो आजकल पानी दे रही है उस पर जो खर्च लगेगा वह गवर्नमैण्ट ने वसूल करना है। मुसलमानों का भी राज रहा है—अंग्रेज़ भी हकूमत कर गये उस के बाद कांग्रेस के नाम पर हकूमत चली लेकिन यह पहला मौका है पंजाब की history के अंदर कि गवर्नमैण्ट दुकानदारी के तौर पर पानी बेचने के लिये नहर निकालती है और आबयाना लेने के अलावा खुशहैसियती टैक्स और Betterment Charges वसूल कर रही है। मैं कहता हूं कि हिंदुस्तान और पंजाब में पहला मौका है कि कर्ज़ा लेकर सरकार लोगों से रुपया वसूल करे। मुझे अच्छी तरह से याद है कि United Punjab में जब हम नहर के महकमे पर नुक्ताचीनी किया करते थे तो मेरे दोस्त जो आजकल वज़ारत की गद्दियों पर बैठे हुए हैं Opposition में होते थे तो कहा करते थे कि पंजाब गवर्नमैण्ट ने 32 करोड़ रुपया नहर के निकालने पर खर्च किया है लेकिन वह साठ सत्तर करोड़ इस से कमा चुकी है। लिहाज़ा गवर्नमैण्ट का कोई हक नहीं कि ज़मींदारों से आबयाना लेकर उन पर बोझ डाले।

अगर Assembly के पुराने records देखे जायें तो काफी कांग्रेसी मेंबरान की तरफ से इस किस्म की speeches मिलेंगी कि गवर्नमैण्ट ने कर्ज़ लेकर नहरें निकालने पर जो खर्च किया वह आबयाना ले ले कर पूरा किया जा चुका है और इस लिये गवर्नमैण्ट को कोई हक नहीं कि लोगों से और रुपया वसूल करती चली जाये। मैं तो हैरान हूं कि किस बिना पर

4 p. m.

इस गवर्नमैण्ट पर मुबारकबादी की मालाएं चढ़ाई जा रही हैं। यह पहली गवर्नमैण्ट है जिस ने नहरों पर खर्च करने के लिये कर्ज़े की शक्ल में लिये गये रुपये की रकम से भी बहुत ज़्यादा भारी रकम जो अरबों तक पहुंचती है 180 रुपये फी एकड़ के हिसाब लोगों से वसूल करने का कायदा और कानून बनवा लिया है और यह चीज़ अंग्रेज़ों और उन के बाद की हकूमत के वक्त के मुकाबले में आबयाने की शरह को डयोढ़ा करने के बाद की गई है। ऐसे हालात के अन्दर मैं नहीं समझता कि किस तरह कहा जा सकता है, या कहां तक यह कहने में हमारे दोस्त हक बजानब कि बड़ी तरक्की हो रही है। ठीक है development हो रही है मगर किस

तरह और कैसे ? लोगों का घर घाट नीलाम करके नहरें निकाली जायें तो क्या उसे development कहा जाएगा ? गवर्नमेंण्ट नहरों पर खर्च करने के लिये रुपया लेती कहां से है ? आखिर निसबत तो लगाई जाए कि कितना रुपया लोगों से लिया जाता है और कितना उन्हें फायदा पहुंचता है ।

इस महकमे की हालत के बारे में वज़ीर साहिब मेरा challenge मन्जूर करें । रिश्वत गबन, लूट, निकम्मा माल लगा कर बुरी चीज़ तैयार करने में यह महकमा तमाम record मात कर चुका है । इस महकमे की बनाई हुई पुरानी नहरों, पुरानी alignments और पुराने पुलों और पुरानी buildings को देखिये और उन का आज़ादी के वक्त की buildings से मुकाबला करें, तो आप को मालूम होगा कि महकमे का काम कितना बेहतर हो गया है । हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने नई नहर के अन्दर पानी छोड़ा तो कई जगह पुल टूट गये, नहर की दीवारें टूट गईं । कहा यह गया कि Siphon पर Communists ने bomb रख दिया था । हिसार के Deputy Commissioner और Superintendent of Police ने तफतीश की और कहा कि कोई ऐसी बात नहीं हुई, महकमा की बदइन्तज़ामी, inefficiency नालायकी को छुपाने के लिये बहाना खड़ा किया जा रहा है । और भी मुकामों पर जहां २ नहरों का काम हो रहा है material बहुत घटिया और रद्दी लगाया जा रहा है क्यों कि छोटे अफसरों से लेकर बड़ों तक सब ठेकेदारों से रिश्वत लेते हैं । ऊपर से control नहीं है, strictness नहीं है ज़िम्मेदारी का एहसास नहीं है । रिश्वत की सिर्फ यही किस्म नहीं है कि किसी ने 500 रुपया दे दिया और पानी ले लिया । वज़ीर साहिब ने खुद माना है कि जब वे दौरे पर जाते हैं तो वज़ीर के तौर पर नोटों के हार उन के गले में डाले जाते हैं जो वे अपने अखबार को देते हैं । मैं अपनी तरफ से कोई बात नहीं कहना चाहता । उन्होंने भरे इजलास में कहा था कि लोग जो रुपया भेंट करते हैं वे अपने अखबार को देते हैं और कुछ और कामों के लिये भेजते हैं । और यह अखबार उन का ढोल पीटता है और उन के मुखालफों को गालियां देता है । मैं पूछता हूं कि क्या रिश्वत के सिर पर सींग होते हैं, रिश्वत को पर लगे होते हैं ? (हंसी) कभी २ वज़ीर साहिब हाउस में खड़े होकर खासी दिलेरी दिखाते हैं । एक दिन कहने लगे "मैं प्रान्त में दो बूचड़खाने खुलवाना चाहता हूं, मैं बूचड़खानों को पसन्द करता हूं ।" गांव २ के अन्दर लोगों को जाकर कहते हैं कि जो sugar mill के हिस्से नहीं लेगा उसे मैं पानी नहीं दूंगा ।

अध्यक्ष महोदय : Sugar mill का किस्सा बड़ी शकलों में आया है । इस के मुतअल्लिक बहस Co-operative Societies की demand पर हो सकती है ।

(There have been repeated references to the sugar mills. This matter can be discussed only when the demand relating to the Co-operative Societies comes before the House.)

Pandit Shri Ram Sharma : He is incharge of both the Departments.

क्या लोगों को यह कहना कि 'आप को मोरी, या खाला तब मिलेगा जब आप.... रिश्वत में शामिल नहीं है ? अगर मोघे देने हैं, तो किसी कायदा या ज़ाबता के मुताबिक दिये जायें । Co-operative basis पर मिल लगाना बड़ी अच्छी बात है, सोनीपत में पहले भी एक दफा ऐसी चीज़ हो चुकी है । चौधरी साहिब की Dairy भी बहुत कामयाब हुई थी ।

[पंडित श्री राम शर्मा]

स्पीकर साहिब, मैं यह गुजारिश कर रहा था कि रिश्वत यहां तक महदूद नहीं है कि किसी ने cash दिया और इस के बदले काम करवा लिया। लिहाज़ मानना, दूसरे पर नाजायज़ असर डालना, किसी को डराकर काम करवाना, सब रिश्वत में शामिल हैं। यह कहना "दो चार हज़ार रुपया मेरे अखबार के लिये दे दो, पानी मिल जायेगा" भी रिश्वत से कम नहीं। ऐसी बातों का महकमा के तमाम अफसरों पर कितना बुरा असर पड़ता है। एक M.L.A. मुझे बताया कि वज़ीर साहिब एक public meeting में कहने लगे "50 रुपये में तो पटवारी भी खुश नहीं होता, मैं 100 रुपये में राज़ी हो जाता हूं"। अव्वल तो महकमा माशा अल्ला, पहले ही ईमानदारी और रिश्वत के लिहाज़ से बहुत बदनाम था, on the top of it वज़ीर साहिब इस तरह की बातें करते हैं, इस तरह का प्रचार करते हैं कि तमाम महकमा में demoralisation फैल जाती है। श्री राम किशन तो रोज़ कहते हैं कि "कौन नहीं जानता?" मैं भी आज पूछता हूं कि कौन नहीं जानता.... (हंसी) किसी से मालूम कर लीजिये। रोहतक देहली के हलके के अन्दर कोई अफसर 8, 9 महीनों से ज़्यादा नहीं ठहरा होगा। आज जाकर देखें, आप Superintending Engineer, Executive Engineer, S.D.O.s को उन लोगों से भरा पायेंगे जो किसी न किसी तरीके से वज़ीर साहब से दोस्ती, रिश्ता या ताल्लुक रखते हैं। इन का Personal Assistant एक दिन चंडीगढ़ में नहीं ठहरता। Superintending Engineers और Executive Engineers के दफ्तरों में 23 घंटे मौजूद रहता है। ज़ाती तौर पर मेरे लिये यह बातें तकलीफ का बाइस नहीं मगर महकमा के अफसरों पर इन का ruinous असर पड़ता है। अव्वल तो पहले उन की आदतें बहुत बढ़िया थीं; उधर वज़ीर साहब कहते नहीं थकते कि उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। रिश्वत की तो हद आ गई है, जब तक इसे खत्म नहीं किया जाता, महकमा किसी तरह की तारीफ का मुस्तहक नहीं।

श्री बलवन्त राए तायल (हिसार शहर): अध्यक्ष महोदय, नहरों के बारे में कुछ भाइयों ने सरकार पर नुक्ताचीनी की है और कुछ ने तारीफ़ की है। कई भाइयों ने खड़े हो कर बताया है कि इस महकमे में फलां कमी है। मैं नहीं कहता कि रिश्वत कम है या नहीं है। हमारे ज़िले में सिवाए भिवानी तहसील के नहरों का जाल बिछा दिया गया है। यह वह इलाका है जहां के लोग पीने के लिये पानी पांच, छ: मील के फासले से लाया करते थे। बहुत से भाई तो ऐसे थे जो सुबह की गाड़ी पर घड़े उठा कर किसी और जगह जाते थे और पानी भर कर शाम की गाड़ी से वापिस लौटते थे। इस तरह हर family एक दो आदमी पानी लाने के लिये रखने पड़ते थे ताकि बाकी आदमियों और मवेशियों को पानी पिलाने का काम कर सकें। आज हर गांव को पानी दिया जा रहा है। और इस वजह से लोग खुशहाल हो रहे हैं। फतेहाबाद के इलाके में जिस वक्त नहरों में पानी आया, वहां के लोग जलूस की शक्ल में देखने गये। मुझे वह वक्त याद है। कितनी खुशी और जोश था लोगों के दिलों में। औरतें गाती हुई जा रही थीं, मानो उन को इस से ज़्यादा खुशी जीवन भर में कभी नहीं हुई थी। ऐसा मालूम होता था।

मैं आप के द्वारा मंत्री महोदय को बताना चाहता हूं कि उन्होंने जो काम किया है, खाह दूसरे कुछ कहें उस में ज़्यादातर काम ऐसा है जो तारीफ के काबिल है।

स्पीकर साहिब, वहां पर बरसात कम होती थी और खेती के लिये पानी न मिलने के कारण कहत पड़ जाता था। लेकिन अब नहरों के आ जाने से सरकार का वह रुपया जो कहत को दूर करने के लिये खर्च करना पड़ता था बच गया है। लोग खुशहाल हैं इस लिये मैं आप की विसातत से सिंचाई मंत्री को बधाई देता हूं। और अगर हम बधाई न दें तो यह ठीक नहीं होगा। स्पीकर साहिब, जहां नहरें ज्यादा से ज्यादा आई हैं वहां इस महकमे की जो नुक्ताचीनी लोग करते हैं वह भी ठीक है। जो मसाला नहरें बनाने के लिये सरकार issue करती रही है वह सारे का सारा लगता नहीं रहा। मेरा मतलब यह है कि पूरा cement वगैरह नहरों में न लगा कर इधर उधर बेचा जाता रहा है। मैं इतनी वाकफियत तो नहीं रखता कि फलां जगह पर कितना cement लगना चाहिये लेकिन मैं पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि जितना भी किसी particular काम में लगना चाहिये या जितना दिया गया उतना नहीं लगाया गया। इस का नतीजा बहुत बुरा होता है। मैं मिसाल quote करना चाहता हूं। घग्घर दरिया पर चांदपुर साइफन बनाया गया था। लेकिन उस में requisite quantity का मसाला न लगने के कारण वह पहली बार पानी चलने पर गिर गया। अगर उस की ज़द में कोई गांव होता तो वह भी बह गया होता। यह सारा पानी घग्घर नदी में गया। जब इस की बाबत रिपोर्ट Superintending Engineer साहिब के पास की गई तो बजाए इस के कि वे guilty officials को सज़ा देते उन्होंने कहा कि sabotage किया गया है। इस बात की तरफ मैं मंत्री महोदय की खास तौर पर तवज्जुह दिलाना चाहता हूं कि इस काम पर गवर्नमैण्ट का 22 लाख रुपया खर्च हुआ था और अगर दुबारा उस को बनाना पड़ा तो इतना रुपया कहां से आयेगा। इस लिये मैं उन से यह कहना चाहता हूं कि इस बात की enquiry करवाएं और जो officers इस में शामिल थे या जिन की जिम्मेदारी थी उन को सज़ा दिलवाएं।

स्पीकर साहिब, आज भिवानी तहसील में पानी बिल्कुल नहीं है। 1950-51 में एक स्कीम बनी थी जिस के ज़रिए उस इलाके को पानी दिया जाना था। लेकिन मालूम नहीं कि इस स्कीम को दबा देने का क्या कारण है। या तो मंत्री महोदय को इस बात का पता ही नहीं है या उस स्कीम के कागज़ात ही उन के पास नहीं आए। उन्हें अपने अफसरान को कहना चाहिये कि उस स्कीम के कागज़ात को निकालें ताकि भिवानी तहसील को पानी दिया जाये। आजकल इस तहसील के निवासियों की बहुत बुरी हालत है। बरसात का पानी जौहड़ों में इकट्ठा किया जाता है और उसी पानी को जिस में कि मवेशी पेशाब भी करते हैं लोग पीते हैं। Exploratory Tube-wells की स्कीम के बारे में कहा जाता है कि जब तक Central Government रुपये नहीं देती उस वक्त तक भिवानी तहसील में यह तजरुबा नहीं किया जा सकता। मैं उन से दरखास्त करूंगा कि उन्हें तजरुबा करना चाहिये। अगर हमारी सरकार का एक लाख रुपया भी खर्च आ जाए तो मैं नहीं समझता कि वह खर्च worthwhile नहीं होगा। वह इलाका सदियों से बन्जर पड़ा हुआ है। मैं उस तहसील के बारे में मंत्री महोदय से यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि यदि केंद्रीय सरकार रुपया नहीं देती तो उन को इस काम के लिये अपने बजट में से रुपया निकाल कर खर्च करना चाहिये अगर पानी मीठा निकल आये तो कम से कम पीने के पानी का मसला तो हल हो सकता है।

अगली बात में यह कहना चाहता हूं कि हांसी तहसील का तकरीबन तीसरा हिस्सा water logging की वजह से तबाह हो गया है। कोई मकान पक्का नहीं रहा सब की नींव कमज़ोर

[श्री बलवन्त राए तायल]
पड़ गई हैं । किसी वक्त भी हो सकता है कि वे मकान गिर जायें । इस तहसील में एक गांव नारनौंद नाम का है । आज से 30 वर्ष पहले इस गांव को इस इलाका का कशमीर कहा जाता था । लेकिन आज उस को काले पानी के नाम से पुकारा जाता है । उस के चारों ओर water-logging है किसी तरफ से आदमी उस गांव के अन्दर नहीं जा सकता । इस तहसील में 7 मील के करीब G. T. Road water-logging के कारण बैठ गई है । अगर कोई प्रबन्ध न किया गया तो वह दिन दूर नहीं है जब कि उस इलाका में से गुज़रना भी मुश्किल हो जायेगा । मैं आप के द्वारा मंत्री महोदय से दुबारा यह कहना चाहता हूं कि नहरों के बारे में जो कुछ उन्होंने किया है उस के लिये मैं बधाई देता हूं । लेकिन जो कमियां और नुक्स मैंने उन्हें नोट करवाए हैं उन को दूर करने की तरफ वे खास ध्यान देवें ।

ਸਰਦਾਰ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ (ਲੁਧਿਆਣਾ ਸਦਰ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਸਾਡਾ Canal Act 1880 ਦਾ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਬਦੇਸ਼ੀ ਸਰਕਾਰ ਸੀ । ਉਸ ਨੇ ਜਿਹੜੇ rules ਬਣਾਏ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਫਾਇਦੇ ਨੂੰ ਮੱਦੇਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਸੀ ਰਖਿਆ । ਬਲਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਲੁਟਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਮਿਸਾਲ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। Canal Act ਦਾ ਰੂਲ ਨੰਬਰ 28 ਅਨੁਸਾਰ ਕਿਸਾਨ ਦੇ ਖੇਤ ਵਿਚ ਦੀ ਜੋ ਨਹਿਰੀ ਖਾਲ ਗੁਜ਼ਰਦਾ ਹੈ ਉਸਦਾ ਕੋਈ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ ਹੁੰਦਾ । ਜੇ ਕਿਸਾਨ ਅਪਣੇ ਖੂਹ ਦਾ ਪਾਣੀ ਉਸ ਖਾਲ ਰਾਹੀਂ ਲੰਘਾ ਕੇ ਸੇਜੀ ਕਰ ਲਵੇ ਤਾਂ ਕਿਸਾਨ ਤੋਂ ਆਬਿਆਨਾ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਬੜਾ defective rule ਹੈ, ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ।

ਦੂਸਰੀ ਗੱਲ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਕੋਈ ਕਿਸਾਨ ਮੌਜੂਦ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਉਸ ਦੇ ਖੇਤ ਵਿਚੋਂ ਨਹਿਰੀ ਪਾਣੀ ਅਗਲੇ ਖੇਤ ਵਲ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੋਵੇ । ਕਿਸੇ ਚੂਹੇ ਦੀ ਖੁਡ ਦੇ ਕਾਰਨ ਵੀ ਪਾਣੀ ਨਿਕਲਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਟੁਟ ਕੇ ਕੁਝ ਪਾਣੀ ਉਹਦੇ ਖੇਤ ਵਿਚ ਪੈ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਪਟਵਾਰੀ ਅਤੇ ਜ਼ਿਲੇਦਾਰ ਉਸ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਖੇਤ ਦਾ ਸਾਰਾ ਅਬਿਆਨਾ ਵਸੂਲ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਇਹ ਬੜਾ ਜ਼ੁਲਮ ਹੈ। ਇਹੋ ਜਹੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਦਾ ਬੰਦੋਬਸਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਅਗ੍ਹਾਂ ਵਧੂ ਤੇ secular ਸਰਕਾਰ ਕਹਾਉਂਦੀ ਹੈ ਇਸ ਐਕਟ ਦੀਆਂ ਗਲਤੀਆਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦਾ ਕੋਈ ਪ੍ਰਬੰਧ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ । ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਦੇਸ਼ ਭਗਤ ਸ਼ਹੀਦਾਂ ਦੇ ਖੂਨ ਨਾਲ ਲਿਖੇ ਹੋਏ ਗੁਰਦਵਾਰਾ ਐਕਟ ਨੂੰ ਬਦਲਣ ਲਈ ਪੂਰਾ ਜ਼ੋਰ ਲਾਉਂਦੀ ਰਹੀ ਹੈ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, development ਦੀ ਬੜੀ ਤਾਰੀਫ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। Food production ਵਿਚ ਨਹਿਰਾਂ ਬੜੀਆਂ ਅਹਿਮ ਪਾਰਟ play ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ। ਨਹਿਰ ਦਾ ਪਾਣੀ ਅੰਨ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਵਿਚ ਸਹਾਇਕ ਜ਼ਰੂਰ ਹੈ ਪਰ ਕੀ ਕਿਸਾਨ ਦੇ ਲਹੂ ਪਾਣੀ ਇਕ ਕਰ ਦੇਣ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ food production ਵਿਚ ਵਾਧਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ? ਉਨ੍ਹਾਂ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਉਪਰ betterment charges ਲਗਾਏ ਹਨ ਅਤੇ ਆਬਿਆਨਾ ਵਧਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਸਾਨ ਉਪਰ ਇਹ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਭਾਰ ਹੈ ਉਸਦੀ ਤਕਲੀਫ ਵਲ ਵੀ ਜ਼ਰੂਰ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜਿਨਸਾਂ ਦੇ ਭਾ $\frac{1}{3}$ ਹਿਸਾ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਕਿਸਾਨ ਇਤਨੇ ਪੈਸੇ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕੇਗਾ । ਉਸ ਦਾ ਘਰ ਘਾਟ ਬੇਚ ਕੇ ਹੀ ਸਰਕਾਰ ਪੈਸੇ ਲੈ ਸਕੇਗੀ । ਜੇ ਕਰ betterment charges ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਲੈਣੇ ਹੀ ਸਨ ਤਾਂ ਜਿਥੇ ਭਾਖੜੇ ਨਾਲ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੀ development ਹੋਈ ਹੈ। ਉਥੇ ਨਵੇਂ ਡੈਮਾਂ ਦੀ ਬਿਜਲੀ ਨਾਲ ਕਾਰਖਾਨਿਆਂ

ਦੀ development ਹੋਈ ਹੈ। ਉਹ ਲੋਗ ਲਖੂਖਾ ਰੁਪਿਆ ਮੁਨਾਫਾ ਕਮਾ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ betterment charges ਲਏ ਜਾਂਦੇ। ਵਿਚਾਰੇ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਤੇ ਆਪਣੀਆਂ ਜਿਨਸਾਂ ਦੀ actual price ਵੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰੋਂ ਇਹ ਭਾਰ ਹੌਲਾ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਨਹਿਰਾਂ ਅਤੇ ਨਵੀਆਂ distributaries ਕੱਢੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਉਥੇ ਵੀ ਕਿਸਾਨ ਨਾਲ ਮਤ੍ਰੇਈ ਮਾਂ ਦਾ ਸਲੂਕ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਸਿਰਫ ਇਕ ਪਿੰਡ ਨੂੰ ਦੂਜੇ ਪਿੰਡ ਨਾਲ ਮਿਲਾਉਣ ਵਾਲੇ ਰਾਹ ਤੇ ਪੁਲੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਜੋ ਖੂਹ ਅਤੇ ਖੇਤ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ ਉਹਨਾਂ ਦੇ ਸਿਧੇ ਰਾਹਾਂ ਤੇ ਪੁਲੀਆਂ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਆਪਣੇ ਖਰਚ ਤੇ ਪੁਲ ਬਣਵਾ ਲਵੇ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਕਈ ਜ਼ਮੀਦਾਰ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਖੂਹਾਂ ਤਕ ਪਹੁੰਚਣ ਲਈ ਮੀਲ ਮੀਲ, ਦੋ ਦੋ ਮੀਲ ਦਾ ਹੇਰ ਫੇਰ ਪਾਕੇ ਜਾਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਪਾਣੀ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਵੀ ਇੰਜ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਲਈ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਔਕੜਾ ਪੈਦਾ ਕਰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਦਾ ਕੀ ਹਾਲ ਹੈ? ਲੁਧਿਆਨਾ ਸਿਵਲ ਲਾਈਨਜ਼ ਦੀ ਖੂਬਸੂਰਤੀ ਵਧਾਉਣ ਲਈ ਉਥੇ ਪਾਣੀ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਹਾਲਾਂਕਿ ਇਸ ਪਾਣੀ ਦੀ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਵਧੇਰੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਪਰ ਜਿੱਥੇ ਪਾਣੀ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਉਥੇ ਮਿਲਦਾ ਨਹੀਂ ਤੇ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਦੀ ਖੂਬਸੂਰਤੀ ਦਾ ਵੀ ਖਿਆਲ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸੇ ਦਿਹਾਤੀ ਸ਼ਹਿਰੀ ਦੇ ਫਰਕ ਤੋਂ ਹੀ ਇਸ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦੇ ਮਨ ਦੀ ਅਵਸਥਾ ਦਾ ਭਾਂਡਾ ਚੁਰਾਹੇ ਵਿਚ ਫੁਟ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਲਾਵਾ ਸਾਈਫਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਕਿਧਰੇ ਕੁਝ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਰਕਬਾ distributary ਦੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਰਹਿ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਉਸ ਲਈ ਸਾਈਫਨ ਦਿਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਪਰ ਜਦੋਂ ਇਸ ਲਈ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਜਵਾਬ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਨਹੀਂ ਕੋਈ ਸਾਈਫਨ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਸਕਦਾ—ਤੁਹਾਡੀ ਜ਼ਮੀਨ ਥੋੜੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਭਲੇ ਮਾਨਸ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹੀ ਇਕ ਜਾਂ ਦੋ ਏਕੜ ਹੋਵੇ ਉਹ ਜ਼ਿਆਦਾ ਜ਼ਮੀਨ ਕਿੱਥੋਂ ਲਿਆਵੇ? ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਸਾਈਫਨ ਜ਼ਰੂਰ ਦਿਲਵਾਏ ਜਾਣ।

ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੀ ਬਿਹਤਰੀ ਲਈ ਬੜੇ ਬੜੇ ਵੱਡੇ ਡੈਮ ਬਣਾਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ; ਨਹਿਰਾਂ ਕਢੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ; tube-wells ਲਗਾਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ; ਇਹ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ; ਉਹ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਏਥੇ ਨਹਿਰੀ ਪਾਣੀ ਬਹੁਤ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੇ ਖੇਤ ਲਹਿਲਹਾ ਉਠਣਗੇ, food production ਬਹੁਤ ਵਧ ਜਾਵੇਗੀ ਆਦਿ ਆਦਿ। ਪਰ ਇਹ ਨਹੀਂ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਜਿੱਥੇ ਖੇਤ ਲਹਿਲਹਾ ਉਠਣਗੇ ਉਥੇ ਮੁਰਝਾਵੇਗਾ ਕੌਣ? ਮੁਰਝਾਵੇਗਾ ਉਹ ਕਿਸਾਨ ਜਿਸ ਨੂੰ betterment fee ਦੇਣੀ ਪਵੇਗੀ। ਮੁਰਝਾਵੇਗਾ ਉਹ ਕਿਸਾਨ ਜਿਸਦੀ ਕਮਰ ਅਗੇ ਵੀ taxes ਦੇ ਭਾਰ ਨਾਲ ਝੁਕੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣ ਵੇਲੇ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ taxable capacity ਦਾ ਖਿਆਲ ਰਖਦੀ? Taxes ਬੇਸ਼ਕ ਤੁਸੀਂ ਲਾਓ ਪਰ ਲਾਓ ਉਸ ਤੇ ਜਿਸਦੇ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ pay ਕਰਨ ਦੀ ਸ਼ਕਤੀ ਹੋਵੇ। ਪਰ ਜਿਸ ਵਿਚ ਤਾਕਤ ਹੀ ਨਹੀਂ ਉਸ ਤੇ tax ਲਗਾਉਣਾ ਬੜੀ ਮਾੜੀ ਗੱਲ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਭਾਵੇਂ ਆਪਣੀ version ਵਿਚ ਉਸ ਨੂੰ destructive element ਕਹੋ ਜਾਂ Communism; ਤੁਸੀ ਉਸ ਦੇ ਗਲਬੇ ਤੋਂ ਆਪਣੇ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਨਾ? ਪਰ ਕੀ ਤੁਹਾਨੂੰ ਇਹ

[ਸਰਦਾਰ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ]
ਨਹੀਂ ਪਤਾ ਕਿ ਸੂਬੇ ਦੀ 70 per cent ਕਿਸਾਨ ਅਬਾਦੀ ਤੁਸੀ ਟੈਕਸਾਂ ਹੇਠ ਦਬਾ ਦਿੱਤੀ ਹੈ ? ਕਿਸਾਨ ਭਾਰ ਨਾਲ ਮਰ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਕਿਸਾਨ ਅਤਿ ਦੁਖੀ ਹੋ ਚੁੱਕਾ ਹੈ। ਆਪਣੀ ਇਸ ਨੂੰ ਲੁਟਣ ਦੀ policy ਨੂੰ ਬਦਲੋ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਇਹ ਸਭ Communist ਹੋ ਜਾਣਗੇ ਫੇਰ ਤੁਹਾਡੀਆਂ ਗੱਦੀਆਂ ਵੀ ਖਤਮ ਹੋ ਜਾਣਗੀਆਂ।

ਇਕ ਮੈਂਬਰ : ਖੇਤ ਤਾਂ ਲਹਿਲਹਾਂਦੇ ਰਹਿਣਗੇ ! !

ਸਰਦਾਰ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਉਸ ਪਰ ਕਿਨੇ ਹੀ taxes ਲਗਾਏ ਹੋਏ ਹਨ। Betterment fees, ਆਬਿਆਨਾ, ਮਾਲੀਆ, ਤੇ ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ local taxes ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਰ ਲੱਗੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਤੁਸੀਂ ਜਵਾਬ ਦਿੰਦੇ ਹੋ ਕਿ ਡੈਮ ਜੋ ਬਣ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਡੈਮ, ਡੈਮ ਦਾ ਸ਼ੋਰ ਪਾਕੇ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ "ਡੈਮਫੂਲ" ਬਣਾ ਕੇ ਕੁਝ ਸਮਾਂ ਹੋਰ ਐਸ਼ ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ। ਇਸ ਵਿਚ ਤੁਸੀ ਕਾਮਿਆਬ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੇ। (ਹਾਸਾ)

Corruption ਤਾਂ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਇਤਨੀ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਵੀ ਹੋਰ ਅਜਿਹੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਮੈਂ ਦੂਜਿਆਂ ਸਾਥੀਆਂ ਨਾਲੋਂ ਵਧ ਕਹਿ ਸਕਾਂ। ਉਹ ਤਾਂ ਜਿਤਨੀ ਵੀ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਕਾਫ਼ੀ ਤਾਰੀਫ਼ ਕੀਤੀ ਜਾ ਚੁੱਕੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਦਾ ਹੋਰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਵਕਤ ਨਹੀਂ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ। ਹਾਂ ਇਕ ਬੜੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਬੇਨਤੀ ਹੈ ਕਿ ਮਹਿਕਮਾ ਨਹਿਰ ਵਿਚ Revenue Branch, Engineers ਦੇ ਹੇਠੋਂ ਕਢ ਕੇ Collector ਦੇ ਮਾਤਹਿਤ ਕਰ ਦੇਣ ਨਾਲ ਕਿਸਾਨ ਦੀ ਲੁਟ ਬੰਦ ਹੋ ਸਕੇਗੀ।

Breach ਤੇ cut ਦਾ ਫ਼ੈਸਲਾ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਰਾਹੀਂ ਕਰਵਾਇਆ ਜਾਇਆ ਕਰੇ ਤਾਕਿ ਹੋ ਰਹੀ ਬੇਇਨਸਾਫ਼ੀ ਰੁਕ ਜਾਵੇ।

श्री चूनी लाल (रेवाड़ी) : माननीय सभापति जी, किसी भी देश की आर्थिक अवस्था का पता दो बातों से चलता है--एक electricity और दूसरे irrigational facilities से जिस देश में, जिस प्रान्त में जितनी बिजली और irrigational facilities अच्छी होंगी वह इलाका उतना ही खुशहाल होगा। यह मानी हुई बात है।

आज हम Irrigation की Demands पर बहस कर रहे हैं। हमारा पंजाब इस सिलसिला में बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। भाखड़ा डैम हमारे इस नए पंजाब का तो नकशा ही बदल देगा। यह नहरों और इरीगेशन का ही परिणाम है कि हमारा सूबा पैदावार के सिलसिला में भी बड़ी तेज़ी के साथ आगे चला जा रहा है। जैसे कि अर्थ मंत्री जी ने अपनी बजट स्पीच के अन्दर भी बताया था कि हमारे पंजाब की आमदनी में 35 करोड़ रुपया का इज़ाफ़ा हुआ है। मैं समझता हूं कि irrigational facilities की बिना पर ही हम यह उन्नति कर सके हैं। मैं यह कह सकता हूं कि जिन लोगों को भाखड़ा नंगल जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है सिर्फ वही सूबे में तेजी से बदलते हुए हालात और इस के उज्ज्वल भविष्य का अन्दाज़ा लगा सकते हैं। जो लोग वहां नहीं पहुंचे मुमकिन है वह यहां पर बैठ कर इधर-उधर की बातें बनाएं लेकिन जो लोग वहां पर गए हैं उन्होंने सूबे को prosperity की तरफ बढ़ते हुए अपनी आंखों से देखा है। वहां जिस उत्साह के साथ मज़दूर, इंजीनियर्ज़ और दूसरे लोग काम कर रहे हैं, मैं समझता हूं कि वह निहायत सराहनीय है। Corruption तो हर जगह चलती ही है लेकिन जो लोग मेहनत करते हैं, जो लोग उत्साह के साथ काम करते हैं उन की अवश्य प्रशंसा करनी

चाहिए। मैं कह सकता हूं कि वहां पर ऐसे भी लोग हैं, ऐसे भी इंजीनियर्ज़ हैं, ऐसे भी अफसर हैं जो बड़ी लगन के साथ काम कर रहे हैं और पंजाब को तरक्की के रास्ते पर आगे ले जाने की भावना से काम कर रहे हैं। इस के साथ ही साथ जो बिजली वहां पर पैदा होगी उस से हमारे पंजाब को कितना फायदा होगा यह सब लोग अच्छी तरह जानते हैं। इसी सिलसिला में मैं एक बात मंत्री जी की खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूं। भाखड़ा और नंगल पर जो मज़दूर काम कर रहे हैं वहां पर उन के लिये रहने सहने के लिये कोई facilities नहीं। जो लोग वहां पर इतनी लगन और उत्साह के साथ काम कर रहे हैं उन के रहने और आराम का ध्यान रखना भी हमारे लिये आवश्यक है। आशा है कि मंत्री जी इस तरफ अपना ध्यान देंगे।

अब मैं आप के द्वारा, स्पीकर साहिब, अपने सिंचाई मंत्री जी का ध्यान अपने ज़िला की ओर दिलाना चाहता हूं। गवर्नमैण्ट की यह पालिसी है और बार बार यह एलान भी किया जाता रहा है और किया जा रहा है कि पिछड़े हुए इलाकों को बड़ी तेज़ी के साथ आगे ले जाया जायेगा। लेकिन असलियत यह है कि पिछड़े इलाकों को पिछड़े रहने देने की ही यह पालिसी मालूम देती है। हमारे ज़िला के लिये मंत्री जी ने दो तीन चीज़ें रखीं। एक तो trial bores जिस का वह हर रोज बड़े जोश के साथ ज़िक्र किया करते थे। तीन साल हो गये मगर अभी तक कागज़ों पर ही है। दूसरी चीज़ जिस का आजकल बड़े ज़ोर के साथ ज़िक्र करते हैं वह है गुड़गांवा कैनाल प्राजैक्ट जिस के लिए 48,19,500 रुपया provide किया गया है। लेकिन, जनाबे वाला, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह तो अभी tentative provision ही है। पता नहीं कि कब बेल मंडे चढ़ेगी। क्योंकि मंत्री जी आम तौर पर ऐलान करने के ही ज़्यादा आदी हैं। Trial bores का भी ऐसे ही ऐलान करते रहे हैं।

सिंचाई मंत्री : तो कोई alternative तरीका बता दो।

श्री चूनी लाल : पिछले बजट सैशन में इस हाउस में उन्होंने एलान किया था कि वह गुड़गांव के लिये करोड़ों रुपया खर्च करेंगे और trial bores देंगे, यह करेंगे और वह करेंगे। लेकिन असलियत यह है कि वह trial bores का risk लेना भी मंज़ूर नहीं करते। कहते हैं हम risk नहीं लेंगे। Risk तो election में भी था जिस वक्त मंत्री जी इलैक्शन के लिये खड़े हुए थे। मैं यह बताना चाहता हूं कि किसी भी बड़े काम के लिये risk तो लेना ही पड़ता है। यह तो एक मानी हुई बात है कि जहां पानी जाता है जिस इलाके को irrigation की facilities दी जाती हैं वहां फसल अच्छी होती है, उस पर लागत मज़दूरी वगैरह कम आती है लेकिन जिन इलाकों में पानी नहीं जाता वहां अव्वल तो फसल होगी ही नहीं, अगर होगी तो वह बहुत लागत वाली होती है। जहां ज़्यादा खर्च होगा वहां पर किसान तबाह और बरबाद हो जायेगा क्योंकि जहां irrigational facilities हैं वहां की फसल अच्छी होती है और कम लागत आती है और वहां का सस्ता अनाज वहां जाकर बिकता है जहां irrigation की facilities नहीं हैं इस तरह वहां का किसान हमेशा घाटे में रहेगा। ज़िला गुड़गांव की हालत को देखा जाए तो पता चलता है कि यह इलाका बहुत ही ज़्यादा पिछड़ा हुआ है। पिछले तीन सालों से मंत्री जी गुड़गांव के लिये trial bores का ऐलान करते हैं लेकिन वह लफ़्ज़ अभी तक हवा में ही गूंज रहे हैं—बना बनाया कुछ भी नहीं। अभी तक आप गलतबयानी से ही काम करते आये हैं। मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि ऐसी बातों से काम नहीं चलेगा और कम से कम हम इस चीज़ को पसन्द नहीं करते। गुड़गांव का इलाका, मैं बार बार कह रहा हूं कि बहुत पिछड़ा हुआ है। इसे आप नज़र अन्दाज नहीं कर सकते। मैं जानता हूं कि इस हाउस में

[श्री चूनी लाल]
गुड़गांव के एक मेंबर से मंत्री जी ने कह कर यह कहलवा लिया है कि गुड़गांव तो निहाल हो गया। अपनी स्पीच में भी उस मेंबर ने इस प्राजैकट के लिए advance में thank भी कर डाला है लेकिन में समझता हूं कि इस का भी वही हाल होता नज़र आता है जो कि trial bores का हुआ है। बस बातें ही बातें होंगी। असल में कुछ नहीं होगा फिर भी मैं उन का ध्यान इस ज़िले की हालत की तरफ दिलाना चाहता हूं। यहां पर बिजली और पानी की निहायत ज़रूरत है। बिजली से tube-wells लगाये जाएं और नहर से पानी दिया जाये। अगर जल्दी ही इस इलाके की तरफ ध्यान न दिया गया तो यह तबाह हो जायगा। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि exploratory tube-wells की स्कीम अगर मेरे इलाके की रिवाड़ी तहसील को provide की जाए तो काफी पानी दिया जा सकता है। [interruptions] आपने ऐलान किया था कि इस इलाके को बिजली देंगे। आप का ऐलान पूरा न होने की वजह से यहां की industry भी तबाह हो गई है। आखिर में मैं आप को पुरज़ोर दरखास्त करता हूं कि गुड़गांव की development की तरफ seriously ध्यान दिया जाये तभी लोगों के दिलों में आप के लिये इज़्ज़त पैदा होगी और आप का धन्यवाद करेंगे।

श्री जगदीश चन्द (शाहबाद) : स्पीकर साहिब, जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि सूबा पंजाब के अंदर अन्न की पैदावार बढ़ी, और जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि यहां पर नहरों का जाल बिछाया गया है और तेज़ी के साथ बहुत थोड़े समय में नहरों का जाल बिछा दिया गया, वहां तक मैं इस के लिये गवर्नमैंण्ट का, उस के Secretariat के विद्वानों का और Engineers का धन्यवाद करता हूं। लेकिन हर व्यक्ति के किये हुए जल्दबाज़ी के काम में कुछ खामियां ज़रूर रह जाती हैं और ऐसा होना कुदरती है। मैं उन खामियों की तरफ ही गवर्नमैण्ट का ध्यान दिलाने के लिये खड़ा हुआ हूं। वह खामियां ऐसी नहीं हैं जिन पर सिर्फ Opposition के तौर पर या हाउस में बोलने के तौर पर कुछ कहा जाए बल्कि facts and figures के साथ मेरे पास यह ऐसी चीज़ें हैं जिन का इन को पता नहीं। इस लिये मैं उन्हें हाउस के सामने लाते हुए सिचाई मंत्री जी से अर्ज़ करूंगा कि वह इन्हें दूर करें। अगर इस हाउस के अन्दर बोलने का कोई फायदा है तो उन पर practical अमल हो जाना चाहिये और अगर इन पर practical अमल नहीं होता तो मैं समझता हूं कि यहां बोलने का कोई फायदा न होगा। यह जो खामियां मैं बताने लगा हूं उस के बारे में मैं समझता हूं कि वह facts ही गवर्नमैण्ट के या इस के Secretariat के आदमियों के नोटिस में आज तक नहीं आए। यह ठीक है कि हमारे सिंचाई मंत्री दौरा पर जाते रहे हैं लेकिन उन को भी इन खामियों का पता नहीं लग सका, और Secretariat के विद्वान तो वहां जाते ही नहीं। उन्हें तो इन के बारे में कैसे पता लग सकता है। हमारे निरवाना circle में ठसका minor का जो राजबाह निकला है उस पर कितने लाख रुपये खर्च आये हैं यह तो गवर्नमैण्ट जानती है या इस के विद्वान ही जानते हैं उस पर जल्दबाज़ी की वजह से या रिश्वत खोरी की वजह से पूरी तरह ध्यान नहीं दिया गया। खैर यह चीज़ें तो बरदाश्त की जा सकती हैं क्योंकि उन्होंने दिन रात वहां काम किया है और उन के इस अनथक काम के लिये मैं उन का शुक्रिया अदा करता हूं लेकिन इस राजबाह की जो खुदाई की गई है, उस का जो survey किया गया है वह गलत है और वह गलत होने की वजह से उस राजबाह का पानी खेतों को नहीं लग सका जब कि वह उन के लिये छोड़ा गया था। हालांकि उस राजबाह पर लाखों रुपए खर्च किये

गए हैं लेकिन उन का कोई लाभ वहां की जमीनों को नहीं पहुंच सका। अगर सिंचाई मंत्री मेरी बात पर यकीन नहीं करते तो वह या तो खुद मेरे साथ चलें या किसी engineer को मेरे साथ वहां भेजें मैं उन्हें मौका पर सब कुछ दिखला दूंगा। वहां survey गलत होने की वजह से खुदाई गलत की गई है। मैं इस सिलसिले में Ambala town में X. E. N. को भी मिला था और उनसे मिल कर सारी बात की थी। तो उन्होंने हुक्म लिखकर भेजा कि वहां पानी छोड़ कर देखा जाए। लेकिन स्पीकर साहिब, वहां पानी भी 20 दिनों के बाद छोड़ा गया, जब कि report गलत तौर पर 20 दिन से भेजी जाती रही कि पानी छोड़ दिया गया है। मैं सिंचाई मंत्री जी का ध्यान इस तरफ दिलाता हूं कि lower staff से गवर्नमैण्ट को गलत reports भेजी जाती हैं। वह बेशक यह तहकीकात कर के देख लें कि वह report पानी खोलने की किस तारीख में भेजी गई थी और दरअसल वह पानी खोला कब गया था। गवर्नमैण्ट को इस बात का इल्म भी नहीं कि उस को गलत reports भेजी जा रही हैं और उस को अंधेरे में रखा जा रहा है और धोखा दिया जा रहा है। स्पीकर साहिब, मैं गवर्नमैण्ट की नीयत पर शक नहीं करता और न ही engineers की काबलियत पर शक करता हूं लेकिन जो lower staff है वह यह चीजें करने का आदी है। गलत रिपोर्ट के लिये वह जिम्मेवार है और वह 20 दिन तक गलत रिपोर्ट भेजते रहे हैं। मैंने पटवारी के नक्शे को भी देखा है उस के मुताबिक वह सारा गांव उस राजबाह का commanded area है लेकिन उस में पानी नहीं गया।

सिंचाई मंत्री : तो वह पानी कहां गया?

श्री जगदीश चंद : वह पानी टूट कर जंगल में चला गया। उस गांव को जरा भी पानी नहीं लग सका। सिंचाई मंत्री जी से मेरी यह अर्ज है कि मैं Opposition का मैम्बर नहीं हूं जो ऐसे ही कह दूं। मैं तो उन का ध्यान उस तरफ दिला रहा हूं कि वह देखें। क्योंकि यह चीज गवर्नमैण्ट के नोटिस में पहले नहीं आई है, और न ही इस के Secretariat के आदमियों को पता लगा है कि वह तमाम पानी जंगल में फजूल जाता रहा है और ठसका minor पर नक्शे में जितना commanded area दिया हुआ था वह सारा practically uncommanded area बन गया है। इस लिये मैं इन से अर्ज करता हूं कि यह उस की तरफ ध्यान दें और उस जगह को देख कर उस को दरुस्त कराएं और यह देखें कि उस का जो गलत survey हुआ है या उस की जो गलत खुदाई हुई है उस का कौन जिम्मेवार है। यह पता लगा कर उसे सजा दी जाये। इस ठसका राजबाह के head पर बनिस्बत R.D. 14 के 3½ फीट की ऊंचाई है जहां से पानी गिर कर भी R.D. 14 पर खेतों में नहीं फिरता। इस लिये इस की तमाम खुदाई और survey गलत है। यह आप दरियाफत कर लें कि इस की क्या वजह है। यह ठीक है कि यह चीज आप के या चीफ इंजीनियर साहिब के नोटिस में नहीं आ सकी। आप को पहले मैं ने पूछा था तब आपने लिखा था कि चीफ़ इंजीनियर साहिब से दरियाफत करके पता देंगे। फिर आप से कहा गया तो आप अपने steno को नोट लिखाने लग गये थे और आपने कहा था कि Chief Engineer साहिब शिमला छुट्टी पर गये हुए हैं वह कल आयेंगे लेकिन अगले रोज Session खत्म हो गया था और फिर मैं आप को मिल नहीं सका। आप अब बतला दें . . . . .

(स्पीकर साहिब ने घंटी बजाई और श्री जगदीश चंद को अपनी स्पीच खत्म करनी पड़ी)।

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ (ਡੇਹਲੋਂ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਪਾਰਟੀ ਅਤੇ ਦੂਜਿਆਂ ਨੇ ਜੋ ਕੁਝ ਕਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਮੈਂ ਧਿਆਨ ਨਾਲ ਸੁਣਿਆ ਹੈ । ਜਿਵੇਂ ਸ਼ਰਮਾਂ ਜੀ ਨੇ ਪਹਿਲਾਂ ਕਿਹਾ ਹੈ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਪਾਰਟੀ ਵਾਲੇ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਅਜਿਹੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰਦੇ ਹਨ ਜੋ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ । ਜਿਵੇਂ ਪਹਿਲਾਂ ਇਕ ਦੋਸਤ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ corruption ਹੈ, inefficiency ਹੈ ਮਗਰ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਸ਼ੁਕਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਇਹ ਗੱਲ ਗਲਤ ਹੈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸੈਂਟਰਲ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਪਾਸੋਂ 1 ਅਰਬ 40 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਭਾਖੜਾ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ projects ਲਈ ਕਰਜ਼ਾ ਲਿਆ । ਇਹ ਵੇਖਣਾ ਸਾਡਾ ਫ਼ਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਰੁਪਏ ਦੀ ਵਰਤੋਂ ਠੀਕ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ, Engineers ਖਾਂਦੇ ਤਾਂ ਨਹੀਂ । ਦੂਸਰੇ ਪਾਸਿਉਂ ਇਹ ਆਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਚੂੰਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਨਹਿਰਾਂ ਬਣਾ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਭਾਵੇਂ corruption ਹੈ ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੁਬਾਰਕ-ਬਾਦ ਦਿੰਦੇ ਹਾਂ । ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਗੱਲ ਹੈ । ਸਾਨੂੰ ਵੇਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਰੁਪਿਆ Central Government ਤੋਂ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਉਹ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖਰਚ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ਅੱਜ ਭਾਖੜਾ ਦੀਆਂ ਨਹਿਰਾਂ ਬਣ ਰਹੀਆਂ ਹਨ । ਲਖਾਂ ਰੁਪਿਆ ਖਾਧਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਜਿਵੇਂ ਸ਼ਰਮਾਂ ਜੀ ਨੇ challenge ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਸ corruption ਦੀ enquiry ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਆਜ਼ਾਦੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ party in Power ਨੇ ਤਾਂ ਇਹ ਸਮਝਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਦਿੱਲੀ ਦੀ ਲੁਟ ਮਚੀ ਹੋਈ ਹੈ ਤੇ ਸਾਨੂੰ ਇਸ ਵਿਚ ਪੂਰਾ ੨ ਹਿਸਾ......

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ: ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਦਾ ਕੀ ਫਾਇਦਾ ਹੈ ? (What is the use of these things ?)

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਥੇ corruption ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਬਾਰੇ ਦਸ ਰਿਹਾ ਹਾਂ । ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਵਿਚ corruption ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਕੁਝ personal ਗੱਲਾਂ ਵੀ ਕਰਨੀਆਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਵੈਸੇ ਮੈਂ ਤਾਂ personal ਵੀ ਨਹੀਂ । ਅਜ Party in Power ਵਾਲਿਆਂ ਦੇ ਸਭ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ ਠੇਕੇਦਾਰ ਬਣ ਗਏ ਹਨ । Engineers ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ ਅਜ ਠੇਕੇਦਾਰ ਬਣ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਭਾਖੜਾ ਡੈਮ ਦੇ ਕੰਮ ਵਿੱਚ ਅਜ ਇਤਨੀ corruption ਹੈ ਕਿ ਅਗਰ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਇਕ special officer ਮੁਕੱਰਰ ਕਰੇ ....

सिचाई मंत्री : On a point of order, Sir. यह Bhakra Dam को criticise नहीं कर सकते ।

अध्यक्ष महोदय : मैं ने तो इन से बार बार कहा है !
[I have already told the hon. Member a number of times.]

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਬੜੀ ਹੈਰਾਨੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ Minister ਸਾਹਿਬ House ਵਿਚ ਭਾਖੜੇ ਦਾ ਨਾਮ ਭੀ ਨਹੀਂ ਸੁਣ ਸਕਦੇ । ਖੈਰ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿੰਨੀਆਂ ਵੀ ਨਹਿਰਾਂ ਬਣੀਆਂ ਹਨ ਜਾਂ ਬਣ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਠੇਕੇਦਾਰ ਸਭ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ ਹਨ । ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ corruption

ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ। ਇਕ ਬਾਰ ਮੈਂ Minister ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਇਕ ਗੱਲ ਲਿਆਂਦੀ ਕਿ ਦੋ engineers ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ ਇਕ ਪਹਿਲੇ ਕੋਲ ਤੇ ਦੂਸਰਾ ਦੂਸਰੇ ਕੋਲ ਠੇਕੇਦਾਰ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਿਸ਼ਵਤਾਂ ਤੇ ਰਿਆਇਤਾਂ ਦਾ ਸਮਝੌਤਾ ਜਿਹਾ ਹੋਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਮਗਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਅਸਰ ਨਾ ਹੋਇਆ।

ਜ਼ਮੀਂ ਜੁੰਬਦ ਨਾ ਜੁੰਬਦ, ਗੁਲ ਮੁਹੰਮਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਹਨ। ਮਗਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਅਸਰ ਨਹੀਂ। Engineers ਵਗੈਰਾ ਖਾਂਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ, ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ, ਠੇਕੇਦਾਰ ਬਣ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਖਾਂਦੇ ਹਨ, corruption ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਹੈ ਮਗਰ ਕੋਈ action ਨਹੀਂ। ਜਦ ਤਕ ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਰਹਿਣਗੀਆਂ corruption ਰਹੇਗੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੁਛੋ ਤਾਂ ਆਖਦੇ ਹਨ ਕੋਈ corruption ਨਹੀਂ ਹੈ। ਅਤੇ ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਜ ਪੁਲ ਬਣਦਾ ਹੈ ਕਲ ਟੁੱਟ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਕਈ instances ਦੇ ਸਕਦਾ ਹਾਂ। ਲੁਧਿਆਣੇ ਤੋਂ 2 ਮੀਲ Gill side ਤੇ ਇਕ ਪੁਲ ਬਣਿਆ। ਤਿੰਨ ਮਹੀਨਿਆਂ ਪਿਛੋਂ ਉਸ ਉਪਰ 70,75 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਹੋਰ ਲਗਾਇਆ। ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਇਹ ਹੈ ਹਾਲਤ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਰਕਸ ਦੀ। ਫੇਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਹਾਂ ਥੋੜੀ ਜਿਹੀ corruption ਹੈ, ਥੋੜੀ ਜਿਹੀ nepotism ਅਤੇ favouritism ਭੀ ਹੈ, cement ਦਾ ਕੁਝ ਥੋੜਾ ਜਿਹਾ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਇਸਤੇਮਾਲ ਵੀ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਹਨ ਫਿਰ ਵੀ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰਦੇ ਚਲੇ ਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਸੂਬੇ ਨਾਲ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਗਦਾਰੀ ਹੈ। ਨਹਿਰਾਂ ਅਤੇ ਹੋਰ ਦੂਸਰੇ ਕੰਮਾਂ ਤੇ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਇਹ ਖਰਚ ਕਿਸ ਨੇ ਪੂਰਾ ਕਰਨਾ ਹੈ ? ਲੋਕਾ ਤੋਂ ਹੀ ਲਿਆ ਜਾਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਹਕ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਵੇਖਣ ਕਿ ਆਇਆ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖਰਚ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਜੋ ਸਕੀਮ ਸੀ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਬੇਹਤਰੀ ਲਈ ਕੀ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ? ਕੀ ਖਰਚ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਕੰਮ ਹੋਇਆ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਨਹਿਰਾਂ ਬਣਾਉਨ ਤੇ ਜਿੰਨਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਸ ਦਾ ਇਕ ਵੱਡਾ ਹਿੱਸਾ ਬਰਬਾਦ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਉਹ ਸਾਰੇ ਦਾ ਸਾਰਾ ਰੁਪਿਆ ਠੀਕ ਤੌਰ੍ਹਾਂ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਤਾਂ ਅਜ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਨਕਸ਼ਾ ਹੋਰ ਹੁੰਦਾ। ਇਹ ਸਾਰਾ ਰੁਪਿਆ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਤੋਂ betterment fees, ਹੈਸੀਅਤੀ ਟੈਕਸ, ਜਾਂ ਆਬਿਆਨੇ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ taxes ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ....

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਨ ਸਿੰਘ ਜੀ House ਵਿਚ ਅਖਬਾਰ ਨਾਂ ਪੜ੍ਹੋ। (Sardar Chanan Singh, please do not read a newspaper in the House.)

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ quote ਕਰਨ ਲਈ ਇਕ quotation ਵੇਖ ਰਹੇ ਹਨ।

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਮੈਂ House ਦੀ ਇਤਲਾਹ ਲਈ ਦਸ ਦਿਆਂ ਕਿ ਜਿੱਥੇ ਪਾਣੀ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਕਿਸੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਦਾ ਖਿਆਲ ਰੱਖ ਕੇ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਸਗੋਂ Party point of view ਨਾਲ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। Minister ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਯਾਦ ਹੋਣਾ ਹੈ ਫਾਜ਼ਿਲਕਾ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਇਕ ਸੂਆ ਬਣਾਇਆ। Departmental report ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਦੀ return ਸਭ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ। 15 ਫੀਸਦੀ return ਸਾਲਾਨਾ ਸੀ ਜਿਸ ਨਾਲ ਕਿ $6\frac{1}{2}$ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਖਰਚ ਵਸੂਲ ਹੋ ਜਾਣਾ ਸੀ। ਮਗਰ ਚੂੰਕਿ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਮੈਂਬਰ ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਪਾਰਟੀ ਨਾਲ ਸੰਬੰਧਿਤ ਨਹੀਂ ਸੀ, ਇਸ ਲਈ

[ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ]
Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਕ ਤਾਰ ਦੇ ਤਾਰਾਂ, ਤਿੰਨ ਤਾਰਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਓ। Engineers ਅੜੇ ਰਹੇ, ਕਿ ਇਹ ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਹੈ ਪਰ ਨਹੀਂ ਕਿਤੇ ਇਹ ਦੂਸਰੀ ਪਾਰਟੀ ਦਾ ਮੈਂਬਰ credit ਨਾ ਲੈ ਜਾਵੇ। ਕੀ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਚਲਦੀ ਹੈ ? ਕੇਕਰੀ ਸੁਆ ਬਣਾਇਆ। Executive Engineer ਦਾ ਖਿਆਲ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਲਈ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਪਰ Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਤਾਂ ਉਥੋਂ ਵੋਟਾਂ ਲੈਣੀਆਂ ਸਨ। ਇਕ ਹੋਰ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਪਾਣੀ ਕਟਾਕੇ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਅਜਿਹੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖ ਕੇ ਪਤਾ ਚਲਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਕੰਮ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਵੋਟਾਂ ਲੈਣ ਲਈ ਕੰਮ ਕੀਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਖਿਆਲ ਇਹ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਰ ਕੋਈ credit ਨਾ ਲੈ ਜਾਵੇ। ਅਜ 1947 ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ corruption ਦੁਗਨੀ, ਤਿਗਨੀ ਬਲਕਿ ਚੌਗੁਨੀ ਹੈ। Nepotism ਅਤੇ favouritism ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ। ਤੇ ਜੇਕਰ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਾਰੀ ਰਹੀਆਂ ਤਾਂ ਆਪ ਦਾ ਉਹ ਹੀ ਹਸ਼ਰ ਹੋਵੇਗਾ ਜੋ ਸ਼੍ਰੋਮਣੀ ਕਮੇਟੀ ਦੀਆਂ elections ਵਿਚ ਖਾਲਸਾ ਦਲ ਦਾ ਹੋਇਆ ਹੈ।

श्री हरि राम (धर्मसाला) : स्पीकर साहिब, Finance Minister साहिब ने जब बजट House के सामने पेश किया तो पता चला कि irrigation की development से State में 35 करोड़ रुपये की मालियत की पैदावार अनाज और कपास की बढ़ गई है। तो मेरे ख्याल में Opposition का यह कहना कि पंजाब गवर्नमैण्ट ने इस में दुकानदारी का सिलसिला जारी किया हुआ है बजा नहीं है बल्कि सरासर गलत है। यह 35 करोड़ का फायदा पंजाब के जिमींदारों और किसानों को हुआ है ना कि गवर्नमैण्ट को। गवर्नमैण्ट ने इस दुकानदारी में क्या कमाई की ? इस दुकानदारी का मतलब Opposition के मेरे दोस्त खूब अच्छी तरह ही समझते हैं। स्पीकर साहिब, इस में कोई शुबा नहीं कि जहां तक irrigation का ताल्लुक है State ने नुमायां तरक्की की है। इस के लिये हमारी सरकार और वज़ीर साहिब और हमारे इंजीनियरज़ को Opposition और Treasury Benches ने मुबारकबाद दी। मैं वज़ीर साहिब का खास तौर पर शुक्रिया अदा करता हूं कि इन्होंने कांगड़ा जिले की जरूरियात को समझते हुए वहां एक Sub-Division Kuhls कायम किया है।

हमारे जो Engineers वहां गये हैं वह हसब ज़रूरत इलाका की पैमाइश कर रहे हैं। हम इस के लिये उन के मशकूर हैं। मुझे यह कहते हुए हिचकिचाहट नहीं है कि जो अच्छी अच्छी स्कीमें Engineers के सामने पेश की गईं उन पर उन्होंने मौके पर जाकर पैमाइश की है और अपनी रिपोर्ट ऊपर भेज दी है। सर्वे की reports और estimate बनाकर गवर्नमैण्ट के पास वे भेज देते हैं। वहां देर लग जाती है। लेकिन मैं जानता हूं कि जो जो स्कीमें आई हैं सरकार उन्हें मुकम्मल करने की कोशिश करती है।

हमारे जिला में एक सब से बड़ी कूहल है जिस का पानी हजारों एकड़ ज़मीन को लग सकता है इस को सूखा कूहल के नाम से पुकारते हैं। यह हमारे Irrigation के महकमे ने बड़ी लागत से निकाली हैं। इस कूहल के बारे में खास तवज्जुह करने की बात यह है कि किसी खास वजह से इस कूहल से लोग पानी लेने के लिये तैयार नहीं। मेरे एक दोस्त ने कहा है कि तहसील देहरा में जो सूखाहार कूहल है उस ने सारे इलाके को सरसब्ज कर दिया है। पर इसके

बारे में engineers ने भी रिपोर्ट यही दी है कि लोग इस कूहल से पानी लेने को तैयार नहीं और यह दुरुस्त है कि लोग पहले यह कहना चाहते थे। इस की खास वजह है। वह यह कि यहां पर ज़मीन पथरीली है। इस इलाके की ज़मीन की productive value plains के मुकाबले में कम है। यहां की productive value तो plains की productive value से आधी भी नहीं होती लेकिन आबयाना plains की ज़मीन वाला लगाया गया है। इस वजह से लोग पानी लेने की हिम्मत नहीं रखते। वह इस बात से डरते हैं कि आबयाना इतना ज़्यादा है कि कुछ दे नहीं सकेंगे। इस लिये मैं वज़ीर साहिब से और सरकार से दरखास्त करूंगा कि वह कांगड़ा ज़िले में आबयाना के रेट को plains के रेट से ½ कर दें या बिल्कुल ही कुछ अर्से के लिये मुआफ कर दें।

दूसरी गुजारिश यह है कि अव्वल तो जो पहले से नहरी ज़मीन इस इलाके में और है उसे देख कर, जो मामला उस ज़मीन पर दें उसी शरह से इस ज़मीन पर आबयाना लगाया जाए तो बेहतर होगा। सब लोग कूहल का पानी खुशी से लेने के लिये तैयार हो जायेंगे। वरना सब खर्च बेफायदा होगा। Irrigation के बारे में एक बात मैं खास तौर पर अर्ज़ करना चाहता हूं। वह यह है कि plains में जो tube wells की स्कीमें जारी हैं वह बहुत कामयाब रही हैं। इसी तरह हमारे इलाके कांगड़ा में जहां tube-wells बहुत ही कम लगाए गए हैं और ज़िला कांगड़ा में एक दो ही होंगे। वहां पर कूहलों के ऊपर बन्द नहीं लग सकते। नदी नालों को बंध लगा कर रोका जाये और पानी जमा किया जाये। इस तरह जहां ज़मीनें ऊंची हैं वहां पर पानी को lift किया जा सकता है। इस तरह lift irrigation से उस इलाके में आबपाशी हो सकती है जहां पर आम कूहलें नहीं जा सकतीं।

आखिर में मैं प्रार्थना करता हूं कि कांगड़ा ज़िला की productive value बढ़ाने के लिये इन बातों को ध्यान में रखा जाये। Lift irrigation के लिये साधन सोचे जायें और इस बारे में Government of India से funds हासिल किये जाएं।

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : (ਧਾਮਦਾਸ) ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਮੈਂ....

श्री बाबू दयाल : On a point of information, Sir. मैं यह पूछना चाहता हूं कि जिन मेंबरान ने cut motions के नोटिस दिये हैं उन की cuts in order move होनी चाहियें और movers को order में बोलने की इजाज़त मिलनी चाहिये। मेंबरान को अपनी cut motions move करने के लिये कब वक्त मिलेगा ?

अध्यक्ष महोदय : मेरे पास 59 cut motions के नोटिस आये हैं। वह सब motions move की गई समझी गई हैं और सब cut motions के movers ही बोल रहे हैं।

(I have received 59 notices of cut motions. These are deemed to have been moved and I think only the movers of the cut motions have been speaking)

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਲਈ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਾਫ਼ੀ ਨਹਿਰਾਂ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਕਢੀਆਂ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ ਕਢੇ ਜਾਣ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਦੀ production ਵਧੀ ਹੈ ਅਤੇ ਸੂਬਾ ਖੁਸ਼ਹਾਲ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਨਾ ਸਿਰਫ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਈ ਹੈ ਸਗੋਂ ਪੰਜ ਸਾਲਾ ਪਲਾਨ ਦੇ ਮਨੋਰਥਾਂ ਦੀ ਪਰਾਪਤੀ ਵਿਚ ਖਾਸਾ ਹਥ ਵਟਾਇਆ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਵੀ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਵਧਾਈ ਦੀ ਪਾਤਰ ਹੈ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ ਬਜਟ ਵਲ ਧਿਆਨ ਮਾਰਦਿਆਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਫ਼ਿਨਾਂਸ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜੋ ਖਰਚ ਦਸੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ 1 ਅਰਬ 40

[ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ]

ਕਰੋੜ ਕਰਜ਼ ਲੈ ਕੇ ਸਾਰੇ ਪ੍ਰੋਜੈਕਟਾਂ ਤੇ ਖਰਚ 3 ਅਰਬ ਇਕ ਕਰੋੜ ਬਣ ਜਾਣਾ ਹੈ। ਆਪ ਬਜਟ ਦੇ ਸਫ਼ਾ 6 ਤੇ ਵੇਖੋ Gross Amount ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕੁਲ receipts 3,89,61000 ਹੈ ਤੇ expenditure 3,98,00,000 ਦੱਸਿਆ ਹੈ Irrigation Recovery 1,91,33,000 ਹਜਾਰ ਦਸੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਅੰਕੜਿਆਂ ਨੂੰ ਵੇਖਦਿਆਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ Irrigation ਦਾ working expense ਨਿਸਬਤਨ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਆਪ ਰਾਹੀਂ ਸਿੰਚਾਈ ਮੰਤਰੀ ਤੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲ ਲਿਆਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ irrigation expenses ਦੀ ratio proportion ਨੂੰ ਘਟਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਸਿੰਚਾਈ ਮੰਤ੍ਰੀ ਵਲੋਂ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਭਾਰੀ ਰਕਮ ਖਰਚ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਨਹਿਰਾਂ ਕੱਢੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਤੇ ਲਖਾਂ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਰਕਬਾ ਸੇਰਾਬ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਆਮਦਨੀ ਤੇ production ਬਹੁਤ ਵਧ ਗਈ ਹੈ ਪਰ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਨਾਂ ਨਹਿਰਾਂ ਨਦੀਆਂ ਕਢਨ ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ revenue ਘਟ ਕਿਉਂ ਵਸੂਲ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਆਬਿਆਨਾ ਵੀ ਡੇਢ ਗੁਨਾ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। Betterment fees, ਲੋਕਲ ਰੇਟ ਵੀ ਲਾਇਆ ਹੈ ਅਤੇ surcharge ਵੀ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਫਿਰ ਮੁਆਮਲਾ ਵਧਣ ਦੀ ਜਗ੍ਹਾ ਵਸੂਲੀ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਹੋਈ? ਮੈਂ ਸਿੰਚਾਈ ਮੰਤ੍ਰੀ ਪਾਸ ਬਿਨੇ ਕਰਾਂਗੀ ਕਿ ਉਹ ਵੇਖਣ ਕਿ shoe ਕਿਥੇ pinch ਕਰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ revenue ਦੀ ਵਸੂਲੀ ਵਿਚ ਕਿਉਂ ਕਮੀ ਹੈ।

ਫਿਰ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ $1\frac{1}{2}$ ਲੱਖ ਏਕੜ ਰਕਬਾ irrigation ਹੇਠ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ। ਅਤੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਇਲਾਕਾ in command ਆ ਗਿਆ ਹੈ ਪਰ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਰਕਬਾ ਨਹਿਰੀ ਵਧਿਆ ਹੈ ਪਰ revenue ਨਹੀਂ ਵਧਿਆ। ਇਸ ਦੇ ਕਾਰਨ ਲਭਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਵੇਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿੱਥੇ ਨੁਕਸ ਹੈ। Revenue ਕਿਉਂ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਕੱਠਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਿਹਾ।

ਦੂਜਾ point ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰਾ ਪਾਣੀ ਦੀ ਲੋੜ ਬਾਰੇ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਵੀ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਨਾਲ ਗੱਲਾਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰੀ ਚਲਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਪਰ ਦੁਕਾਨਦਾਰੀ ਵਿਚ ਤਾਂ ਖਾਸ ਧਿਆਨ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਰਕਮ ਜ਼ਾਇਆ ਨਾ ਹੋਵੇ ਪਰ ਇਥੇ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਜ਼ਾਇਆ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ ਪਰ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਗਿਆ। ਇਹ ਤਾਂ ਦੁਕਾਨਦਾਰੀ ਦੇ ਅਸੂਲਾਂ ਦੇ ਵਿਰੁਧ ਜਾਣ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰ ਕੋਈ ਗਲਤੀ ਕਰੇ ਅਤੇ ਕਈ ਵਾਰ ਉਸ ਦੀ ਗਲਤੀ ਨਹੀਂ ਵੀ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਰੁਧ ਭਾਰੀ ਐਕਸ਼ਨ ਲੈਂਦੀ ਹੈ। ਅਤੇ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਰੁਪਏ ਤਵਾਨ ਲਗਾ ਦਿੰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਦੇ ਗਲਤ ਸਕੀਮ ਬਨਾਉਣ ਨਾਲ ਭਾਵੇਂ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਜ਼ਾਇਆ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਪਰ ਕੋਈ ਵੀ ਐਕਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਗਿਆ। Irrigation ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਜ਼ਾਇਆ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ।

ਮੈਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਆਪ ਰਾਹੀਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਰਮਦਾਸ ਡਿਸਟ੍ਰਿਬਯੂਟਰੀ ਲਈ 10 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕੀਤੇ ਗਏ ਸਨ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਵਧਾਇਆ ਜਾਵੇਗਾ ਪਰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਉਹ ਰਕਮ ਕਿਥੇ ਖਰਚ ਹੋਈ। ਇਹ ਸਕੀਮ ਗ਼ਲਤ ਤਿਆਰ

ਹੋਈ ਮੋਘੇ ਪੈਲੀਆਂ ਤੋਂ ਨੀਵੇ ਨਿਕਲੇ । ਕਿਸੇ ਖੇਤ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਪਹੁੰਚਣ ਦੀ ਜਗ੍ਹਾ ਢਾਬਾਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਭਰ ਭਰ ਕੇ ਪਿੰਡ ਰੁੜ੍ਹ ਗਏ ਅਰ ਪੈਲੀਆਂ ਪਾਣੀ ਤੋਂ ਬਗੈਰ ਸੁਕ ਗਈਆਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਣ ਲਈ ਹੁਣ ਹੋਰ 10 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮਨਜ਼ੂਰੀ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਨੌਮਣੀ ਨਾਲੇ ਤੋਂ ਪਾਣੀ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾਵੇਗਾ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਰੁਪਿਆ ਜ਼ਾਇਆ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । Irrigation ਬਾਰੇ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਉਹ ਹਾਲ ਹੈ ਕਿ ਬੰਦਾ ਜੋੜੇ ਪਲੀ ਪਲੀ ਤੇ ਮਹਿਕਮਾ ਰੁੜ੍ਹਾਵੇ ਕੁੱਪਾ ਤੇ ਕੋਈ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਤੇ ਐਕਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਐਨਾ ਪੈਸਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਅਣਗਹਿਲੀ ਅਤੇ ਗ਼ਲਤ ਸਕੀਮ ਬਨਾਉਣ ਨਾਲ ਜ਼ਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ , ਜ਼ਮੀਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਹਸਬ ਮਨਸ਼ਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਰਿਹਾ ਤੇ ਫੇਰ ਵੀ ਚਾਰ ਸਾਲ ਦੀ ਜਮਾਂਬੰਦੀ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ betterment charges ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਲਾ ਦਿੱਤੇ ਹਨ । ਇਸ ਦੇ ਆਲਾਵਾ ਖੁਸ਼ ਹੈਸੀਅਤੀ ਟੈਕਸ ਵੀ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਤੇ ਲਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਹਲਾਂਕੇ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਟੈਕਸ ਸਿਰਫ ਉਦੋਂ ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜਦੋਂ settlement ਹੋਵੇ । Non-perennial canals ਤੋਂ ਪਾਣੀ ਸਿਰਫ ਇਕ ਸ਼ਸ਼ਮਾਹੀ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਜਦੋਂ ਤੋਂ ਬਟਵਾਰਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਆਏ ਦਿਨ ਇਹ ਹੀ excuse ਗੌਰਮਿੰਟ ਵਲੋਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪਾਣੀ ਘਟ ਗਿਆ ਹੈ । ਜ਼ਮੀਂਦਾਰ ਵਿਚਾਰੇ ਬੜੀ ਔਕੜ ਵਿਚ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਜਿਹੜਾ ਪਾਣੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਉਹ ਵੀ ਵਕਤ ਸਿਰ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ । ਲੋੜ ਦੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ 15 ਦਿਨ ਪਹਿਲਾਂ ਜਾਂ 15 ਦਿਨ ਪਿਛੋਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਕਾਰਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਬੜੀ dissatisfaction ਫੈਲੀ ਹੋਈ ਹੈ । ਦੋ ਲੱਖ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਰਕਬਾ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਨ ਮਿਲਣ ਦੇ ਕਾਰਣ ਬੰਜਰ ਪਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਾਣੀ ਦੇਣ ਦਾ agreement ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਨਾਲ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਲੋੜ ਹੋਵੇਗੀ ਪਾਣੀ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਏਗਾ । ਪਰ ਸਾਡੇ ਆਪਣਿਆਂ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਦੀ ਸਖਤ ਲੋੜ ਹੈ । ਇਹ ਕਿਥੋਂ ਦੀ ਸਿਆਣਪ ਹੈ ਕਿ ਆਪਣਿਆਂ ਦੀ cost ਤੇ ਦੂਜਿਆਂ ਨੂੰ ਪਾਲਿਆ ਜਾਵੇ । ਮੈਂ ਸਮਝਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਣਾ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਏ ਨਵੀਆਂ ਨਹਿਰਾਂ ਪੁਟਣ ਤੇ ਕਿਉਂ ਜ਼ਾਇਆ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ । ਜਦੋਂ ਲੋਕ ਪਾਣੀ ਦੀ ਕਮੀ ਦੀ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਵਲੋਂ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਦਰਿਆ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਘਟ ਹੈ ਪਰ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਭੇਜਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਅਤੇ ਤਜਵੀਜ਼ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਰਾਵੀ ਵਿਚੋਂ ਨਹਿਰ ਕਢ ਕੇ ਬਿਆਸ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਪਾ ਕੇ ਹਰੀਕੇ ਹੈਡ ਤੋਂ ਜੋ ਨਹਿਰਾਂ ਨਿਕਲਦੀਆਂ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਰਾਹੀਂ ਰਾਜਸਥਾਨ ਪਾਣੀ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਜਾਏ । ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਚਿਰ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਚਿਰ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਤੇ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਦੇ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ।

5 p.m.

ਇਸ ਦੇ ਇਲਾਵਾ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਮੁਰਬਾਬੰਦੀ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਮੋਘੇ ਤੇ ਖਾਲਾਂ ਵੱਲ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਜਿਸ ਕਾਰਨ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਤਕਲੀਫ਼ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨਾ ਪੈ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਮਾਨਯੋਗ ਮੰਤ੍ਰੀ ਅਗੇ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗੀ ਕਿ ਉਹ ਖਾਲਾਂ ਕਢਣ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕਰ ਕੇ ਪਾਣੀ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਮੁਹੱਈਆ ਕਰਨ । ਜਿਹੜੇ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰ rain water ਨਾਲ ਹੀ ਆਪਣੀ ਜ਼ਮੀਨ ਸਿੰਜ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਆਬਿਆਨਾ ਵਸੂਲ ਕਰਦੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਹ ਗੱਲ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਉਂਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਬਾਵਜੂਦ ਸਾਡੇ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿਣ ਦੇ ਆਬਿਆਨੇ ਦੀ ਉਗਰਾਹੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਕਹਾਂਗੀ ਕਿ ਮਾਨਯੋਗ ਮੰਤ੍ਰੀ ਇਸ ਵੱਲ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ।

[ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ]

ਇਸ ਦੇ ਆਲਾਵਾ ਮੈਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਗੱਲ ਵਲ ਦੁਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ border ਦੇ ਨਜ਼ਦੀਕ ਜਿਹੜੇ ਪਿੰਡ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ਕਿਉਂਕਿ ਮੋਘੇ ਬੰਦ ਕੀਤੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਟੇਲ ਦੇ ਮੋਘਿਆਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਪਾਸੇ ਵੀ ਮਾਨਯੋਗ ਮੰਤ੍ਰੀ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਦੇ breach ਤੇ cut ਦਾ ਮਾਮਲਾ ਝਗੜੇ ਦਾ ਕਾਰਣ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਵਾਕਿਆ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਪੁਲਿਸ ਵਾਲਿਆਂ ਦੀ ਰਪੋਰਟ ਤਾਂ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਇਹ breach ਹੈ ਤੇ Irrigation Department ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ cut ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਅਹਿਮ ਮਾਮਲੇ ਵਲ ਦੁਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਵੇਖਣ ਕਿ ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ Irrigation Department ਝੂਠ ਬੋਲਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਪੁਲਿਸ ਵਾਲੇ। ਮੈਂ ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਇਕ ਤਜਵੀਜ਼ ਪੇਸ਼ ਕਰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ Canal Act amend ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਅਤੇ ਇਕ ਬੋਰਡ ਬਣਾਇਆ ਜਾਏ ਜਿਹਦੇ ਵਿਚ ਜ਼ਿਲੇ ਦਾ Deputy Commissioner ਤੇ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ ਇਕ ਅਫਸਰ ਤੇ ਇਕ non-official ਮੇਂਬਰ ਹੋਣ ਤੇ ਇਹ ਬੋਰਡ ਐਹੋ ਜਿਹੇ ਮਾਮਲੇ ਦੀ inquiry ਕਰਕੇ ਫੈਸਲਾ ਕਰੇ। ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਬੜੀ ਤਕਲੀਫ਼ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ।

ਆਖ਼ੀਰ ਵਿਚ ਮੈਂ ਮਾਨਯੋਗ ਮੰਤ੍ਰੀ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਤੇ ਉਹ ਹੈ water logging ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜਾ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਕਈ ਇਲਾਕੇ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਥੇ ਸ਼ਰਨਾਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਜਿਹੜੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਅਲਾਟ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਉਥੇ water logging ਦੇ ਕਾਰਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਇਕ ਮਰਲਾ ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ ਨਹੀਂ ਜਿਥੋਂ ਉਹ ਆਪਣੀ ਰੋਜ਼ੀ ਕਮਾ ਸਕਣ। ਉਥੇ ਬਿਜਲੀ ਪਹੁੰਚਾ ਕੇ ਟਿਊਬਵੈਲ ਲਗਾਇ ਜਾਣ ਤਾਂ ਕਿ ਉਹ ਸੇਮ ਦਾ ਪਾਣੀ ਕਢਕੇ ਨਹਿਰ ਵਿਚ ਪਾਇਆ ਜਾਏ ਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਕਾਸ਼ਤ ਦੇ ਕਾਬਿਲ ਬਣਾਈ ਜਾ ਸਕੇ।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ (ਸਮਰਾਲਾ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਇਸ Demand ਤੇ ਕਾਫੀ ਬਹਿਸ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਥੋੜੇ ਸ਼ਬਦਾਂ ਵਿਚ ਇਸ ਨੂੰ sum up ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਾਂਗਾ। ਮੈਂ ਨਿਮਰਤਾ ਸਹਿਤ ਆਪਣੇ ਮਾਨਯੋਗ ਮੰਤ੍ਰੀ ਅਗੇ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਇਹ ਝੂਠ ਨਹੀਂ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਮਨ ਵਿਚ ਬੜਾ ਭਾਰੀ ਸ਼ਕ ਹੈ ਬਲਕਿ ਯਕੀਨ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਬੜੀ ਭਾਰੀ corruption ਰਾਇਜ ਹੈ। ਇਸ ਦਾ ਸਬੂਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਦੀ corruption ਫੜੀ। ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਈ ਵਾਰ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ corruption ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਨਾ ਆਵੇ ਕਿਉਂਕਿ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ ਰਿਸ਼ਵਤ ਫੜਨਾ ਇਕ ਔਖਾ ਕੰਮ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਜਿਥੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੇਣ ਵਾਲਾ ਵੀ ਰਾਜ਼ੀ ਤੇ ਲੈਣ ਵਾਲਾ ਵੀ ਰਾਜ਼ੀ ਹੋਵੇ। ਨਰਵਾਨਾ ਡਿਵੀਜ਼ਨ ਵਿਚ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦਿਆਂ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਨੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਲਈ ਤੇ ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ ਵਡਿਆਂ ਵਡਿਆਂ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਨੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੇ cases ਨੂੰ ਦਬਾਉਣ ਦਾ ਜਤਨ ਕੀਤਾ। ਮੈਂ ਤਜਵੀਜ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੇ cases ਦੀ investigation high level ਤੇ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਮਹਿਕਮਾ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਬੜਾ ਭਾਰੀ ਖਰਚ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਤੇ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਦੁਖ ਦਾਇਕ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿੰਨਾ ਖਰਚ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਤੇ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਪਰਜਾ ਤੋਂ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ

ਅਸਲ ਵਿਚ ਗੌਰਮਿੰਟ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਨੂੰ commercial basis ਤੇ ਚਲਾ ਰਹੀ ਹੈ ਤੇ ਜਿਹੜਾ ਖਰਚ ਇਸ ਤੇ ਹੋਵੇਗਾ ਉਹ ਪੈਸਾ ਪੈਸਾ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਵਸੂਲ ਹੋਣਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਗਰੀਬਾਂ ਦੀਆਂ ਜੇਬਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਢਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਨੂੰ ਇਤਨੀ ਬੇਦਰਦੀ ਨਾਲ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਸ਼ੋਭਾ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦਾ। ਜਿਸ corruption ਦਾ ਮੈਂ ਉਪਰ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਰੋਕਣਾ ਸਿਰਫ਼ ਮਨਿਸਟਰ ਇੰਚਾਰਜ ਦਾ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਸਾਰੀ Ministry ਦਾ ਕੰਮ ਹੈ। ਜੇ Central Government ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਕੋਈ investigation ਕਰਨਾ ਚਾਹੇ ਤਾਂ ਸਾਡੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਕਿਸਮ ਦੀ ਰੁਕਾਵਟ ਨਹੀਂ ਪਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਬਲਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੇ step ਨੂੰ ਜੀ ਆਇਆਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਸੁਣਿਆਂ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਇਹ investigation ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਕੋਲੋਂ ਕਰਵਾਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਕਿਉਂਕਿ corruption ਦੇ cases ਵਿਚ ਵਡਿਆਂ ਵਡਿਆਂ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਦਾ ਹੱਥ ਹੈ।

ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਵਡੇ ਵਡੇ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੇ ਹੋਏ ਹਨ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੰਮਾਂ ਵਿਚ ਜੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਚਲਦੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਹ ਕੋਈ ਚੰਗੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਤਾਂ ਉਹ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਸਾਰਾ ਕੁਝ ਵੇਖਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਇੰਜੀਨੀਅਰਾਂ ਦੀ ਬੜੀ ਤਾਰੀਫ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਜੇ ਉਹ ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਕਰਨ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਾਰੀਫ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਏ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ ਪਰ ਜੇ ਕੋਈ ਨੌਕਰ ਰਖਿਆ ਹੋਵੇ ਤੇ ਉਹ ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਕਰਦਾ ਹੋਵੇ, ਸੇਵਾ ਕਰਦਾ ਹੋਵੇ ਪਰ ਸ਼ਾਮ ਨੂੰ ਮਾਲਕ ਦੀ ਐਨਕ ਜਾਂ ਪਗੜੀ ਲੈ ਜਾਏ ਤਾਂ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਨੌਕਰ ਦੀ ਤਾਰੀਫ਼ ਕਰਨੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਤੇ ਨਾਂ ਹੀ ਇਹ ਗੱਲ ਸ਼ੋਭਾ ਦੇਂਦੀ ਹੈ। ਜਾਂ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਇਹ ਗਲ ਕਹੇ ਕਿ ਉਸ ਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ corruption ਹੈ ਤੇ ਜੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਸ਼ਕ ਹੈ ਤੇ ਸ਼ਕ ਹੋਣ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਫੇਰ ਉਹ ਤਾਰੀਫ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਇਹ ਗੱਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸ਼ੋਭਾ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੀ।

in number and the total number of members of the Opposition Groups is 24 or 26. In spite of this fact, the time is equally divided between the two sides. This causes annoyance to our Members. I, therefore, request the Chair to give us more time than that is given to the Members of the Opposition Groups.

Mr. Speaker : I will keep this in view.

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ (ਭੇਹਲੋਂ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਅੱਜ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋਏ 8 ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਮਗਰ Educational policy ਦਾ ਨਾ ਤਾਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਤੇ ਨਾ ਹੀ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਕੀ ਹੈ। ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਇਹ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਕੁਝ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲ ਖੋਲ੍ਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੇ ਭੀ ਕੁਝ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਖੋਲ੍ਹੇ ਹਨ। ਮਗਰ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅੱਜ ਦੀ ਤਾਲੀਮ ਸਿਰਫ clerks ਪੈਦਾ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਦਸਵੀਂ ਪਾਸ ਕਰਕੇ, B. A. ਪਾਸ ਕਰਕੇ ਜਦੋਂ ਕਿ ਮੁੰਡਿਆਂ ਤੇ 200/-/- ਰੁਪਏ ਮਾਹਵਾਰ ਖਰਚ ਹੁੰਦਾ ਸੀ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 50/-/- ਰੁਪਏ ਮਾਹਵਾਰ ਦੀ ਨੌਕਰੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ। ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਕਰਨ ਵਿਚ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਇਕ ਆਜ਼ਾਦ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਅਜਿਹੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ। Education ਕਿਸੇ lines ਤੇ, ਕਿਸੇ ਸਕੀਮ ਮੁਤਾਬਕ ਚਲਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਬੱਚੇ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਘੱਟੋ ਘੱਟ ਆਪਣੇ ਗੁਜ਼ਾਰੇ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕਰ ਸਕਨ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਇਹੀ ਨਹੀਂ ਕਿ ਅੱਜ ਇਥੇ Education ਦੀ ਕੋਈ ਸਕੀਮ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਜੋ ਖਰਚ ਤਾਲੀਮ ਤੇ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਵੀ ਦਿਹਾਤੀ ਅਤੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਦਾ ਇਮਤਿਆਜ਼ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਜਿਥੇ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਜਾਂ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ 10, 15 High Schools ਹੋਣ, ਕਾਲਜ ਹੋਣ ਉੱਥੇ ਹੀ ਹੋਰ ਖੋਲ੍ਹੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਜਿਥੇ ਲੋੜ ਹੈ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀ ਕਮੀ ਹੈ ਉੱਥੇ ਦਾ ਕੋਈ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ। ਦਰਅਸਲ ਇਸ ਬੀਮਾਰੀ ਦਾ ਇਲਾਜ ਤਦ ਹੀ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜੇਕਰ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ Head ਕੋਈ ਅਜਿਹਾ ਆਦਮੀ ਹੋਵੇ ਜੋ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਸੁਧਾਰ ਦੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਤੇ ਗੌਰ ਕਰੇ ਅਤੇ ਜੋ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਦੇਖੇ ਕਿ ਇਹ ਚੰਗੀ ਤੋਂ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਥੇ ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ Minister ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ ਮਗਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਾਰਟੀ ਬਾਜ਼ੀ ਤੋਂ ਫੁਰਸਤ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ। ਅੱਜ ਇਹ State ਜਾਂ Education Department ਦੀ ਬੇਹਤਰੀ ਲਈ ਸੋਚ ਨਹੀਂ ਸਕਦੇ। ਜਿਤਨੀ corruption, nepotism ਅਤੇ favouritism ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਹੈ ਹੋਰ ਕਿਤੇ ਵੀ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ definite charges ਲਗਾਏ ਗਏ, ਹਰ ਗੱਲ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਗਈ ਮਗਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਲੋਂ ਕਿਸੇ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ ਕਿ enquiry ਕਰਾਂਗਾ ਜਾਂ ਕੁਝ ਹੋਰ ਪਤਾ ਕਰਾਂਗੇ। ਕੋਈ explanation ਵੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਸਭ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਰਿਸ਼ਵਤ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਹੈ। ਸ਼ਰਮਾ ਜੀ ਨੇ challenge ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ Irrigation Department ਵਿਚ corruption ਨੂੰ investigate ਕਰਨ ਲਈ ਇਕ Commssion ਬੈਠਾਇਆ ਜਾਵੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Education Department ਲਈ ਵੀ ਇਕ ਅਜਿਹਾ Commission ਬੈਠਾਇਆ ਜਾਵੇ ਜੋ enquiry ਕਰੇ ਕਿ ਜਿਤਨਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਹ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਤੇ ਜੇ ਕੋਈ ਖਰਾਬੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਸਜ਼ਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ ਜੀ ਨੇ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਤੇ ਇਕ definite charge ਲਗਾਇਆ ਸੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਪੀਚ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ 52,000/-/- ਰੁਪਿਆ ਰਿਸ਼ਵਤ ਲਈ ਗਈ ਹੈ। ਉਸ ਤੇ Chief Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਕਿਸ ਨੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦਿੱਤੀ ਅਤੇ

source of information ਕੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ definite ਆਦਮੀ ਦਸਿਆ ਗਿਆ, ਸ਼ਹਾਦਤ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਗਈ, ਮਗਰ ਕੁਝ ਨਤੀਜਾ ਨਹੀਂ ਨਿਕਲਿਆ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦ ਤਕ ਮਹਿਕਮਾ ਤਾਲੀਮ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚੋਂ ਵੀ corruption ਨਹੀਂ ਖਤਮ ਹੁੰਦੀ ਇਸ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਬੇਹਤਰੀ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀ। ਜੋ ਮੈਂਬਰ suggestions ਦਿੰਦੇ ਹਨ, ਇਤਲਾਹ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਉਸ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਜਦ ਤਕ charges enquire ਨਹੀਂ ਕੀਤੇ ਜਾਂਦੇ ਅਤੇ ਜੇਕਰ corruption prone ਹੋਣ ਤੇ ਇਸ ਦੇ ਜ਼ਿੰਮੇਦਾਰ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਸਜ਼ਾ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ। ਇਹ ਸਿਰਫ 52,000/-/- ਰੁਪੈ ਦੀ ਇਕੋ ਰਕਮ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ charges ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਜੇਕਰ ਕੋਈ enquiry ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਹ charges ਸਾਬਿਤ ਹੋ ਜਾਣ। ਹੁਣੇ ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਨੇ ਦਸਿਆ ਕਿ ਕਿਤਾਬਾਂ ਛਪਾਉਣ ਲਈ Minister ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਘਰ ਲਾਟਰੀ ਪਾਈ ਗਈ ਕਿ ਕਿਹੜੇ Press ਨੂੰ ਕੰਮ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਉਹ ਲਾਟਰੀ ਆਉਣ ਵੇਲੇ ਉੱਥੇ ਕੌਣ ੨ ਸੀ, parties concerned ਨੂੰ ਕੀ ਹਾਸਿਲ ਹੋਇਆ ? ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਵੇਖਣ ਵਾਲੀਆਂ ਹਨ। ਪਹਿਲਾਂ order ਦੇ ਦਿਤਾ ਦੂਸਰੇ ਦਿਨ ਫਿਰ ਬਦਲ ਦਿਤਾ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਤਾਬਾਂ ਦੀ ਛਪਾਈ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ corruption ਹੈ। ਇਤਨੀ corruption ਅੰਗ੍ਰੇਜ਼ ਦੇ ਵੇਲੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਸੀ। Minister Incharge ਦਾ ਆਪਣਾ Press ਹੈ ਹਿੰਦ ਸਮਾਚਾਰ ਅਤੇ ਚੋਪੜਾ ਪ੍ਰੈਸ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਿਸੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ ਦਾ ਹੈ।..........

Mr. Speaker : Why are you levelling such allegations ?

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਇਹ ਸਚਾਈ ਹੈ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ Arya press ਹੈ..........

श्री राम किशन : On a point of order Sir, Is Printing and Stationery under discussion ?

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਮਗਰ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਇਹ ਦਸਣ ਕਿ ਜੋ ਕਿਤਾਬਾਂ ਛਪਾਈਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਕੀ ਉਹ education ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ charge ਨਹੀਂ ਹੈ ?

Mr. Speaker : Strictly speaking this relates to Printing and Stationery Deptt. आप printing का remote तौर पर चाहें तो ज़िक्र कर लें (You may just make a passing reference to the printing of books.)

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : Nationalised ਕਿਤਾਬਾਂ ਛਪਾਈਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ..........

अध्यक्ष महोदय : मगर आप तो printing के बारे charges लगा रहे हैं। (But you are levelling charges regarding the printing.)

श्री श्री चन्द : On a point of order, Sir, अर्ज़ यह है कि education के बजट में जो demand है उस में publications के review का सारा खर्च दिया हुआ है ....

अध्यक्ष महोदय : मगर यह तो printing पर बोल रहे हैं। यह चौधरी सुन्दर सिंह जी की demand में under discuss हो जायेगा।

But he is discussing things which may he taken up during the consideration of the demand relating to Chaudhri Sundar Singh's department.

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਸਭ ਗੱਲਾਂ ਬਜਟ ਵਿਚ ਹਨ । ਸਾਰੇ ਖਰਚ ਉੱਥੇ ਦਰਜ ਹਨ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਲ Irrigation Demands ਤੇ ਬਹਿਸ ਕਰਦਿਆਂ ਇਹ ਕਹਿ ਦੇਣਾ ਕਿ ਭਾਖੜਾ ਦੀ ਗੱਲ ਨਾ ਕਰੋ ਤੇ ਅੱਜ ਕਹਿ ਦੇਣਾ ਕਿ ਕਿਤਾਬਾਂ ਦੀ ਛਪਾਈ ਬਾਰੇ ਜ਼ਿਕਰ ਨਾ ਕਰੋ, ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਵਿਚ ਸ਼ੱਕ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ ਜ਼ਰੂਰ ਕੋਈ ਖਾਸ ਗੱਲ ਹੈ । ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਤੋਂ ਰੋਕਣਾ ਨਹੀਂ ਚਾਹੀਦਾ ਅਤੇ ਜਵਾਬ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਦੱਸ ਰਿਹਾ ਸਾਂ ਕਿ Education Department ਵਿਚ ਫਿਰਕੂਪੁਣੇ ਦੀ ਜ਼ਹਨੀਅਤ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ । ਹੁਣੇ ਹੀ ਮਾਸਟਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਦਸਿਆ ਸੀ ਕਿ ਸੰਨ 1949 ਵਿਚ Congress Working Committee ਨੇ ਇਕ ਰੈਜ਼ੂਲੇਸ਼ਨ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਹਰਿਕ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਉਸ ਸੂਬੇ ਦੀ ਜ਼ਬਾਨ ਵਿਚ ਸਾਰੀ ਕਾਰਵਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ । ਪੜ੍ਹਾਈ ਵੀ ਉਸੇ ਜ਼ਬਾਨ ਵਿਚ ਕਰਾਈ ਜਾਵੇਗੀ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਸੇ ਜ਼ਬਾਨ ਨੂੰ ਤਰੱਕੀ ਮਿਲ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜੋ ਸਰਕਾਰੀ ਜ਼ਬਾਨ ਕਿਸੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਹੋਵੇ ।

ਫਿਰ, ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲਾ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਜਿਸ ਤੇ ਅਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਰਦਾਰ ਉੱਜਲ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਹੋਰ ਕਈਆਂ ਨੇ ਦਸਖਤ ਕੀਤੇ ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲੇ ਨੂੰ ਅੱਜ ਤਕ ਵਰਤੋਂ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ । ਪੰਜਾਬੀ ਤੇ ਹਿੰਦੀ ਦਾ ਝਗੜਾ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਾਰੀ ਹੈ । ਇਹ ਸਭ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਹਨੀਅਤ ਦਾ ਸਬੂਤ ਹੈ ।

ਮੈਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬੀ ਹਿੰਦੀ ਦਾ ਝਗੜਾ ਆਪ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਅਸਾਡੇ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਆਪਣਾ paper ਸੀ ਅਤੇ ਇਹ ਉਸ ਦੇ ਐਡੀਟਰ ਸਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਜੋ ਝਗੜਾ ਪਾਇਆ ਉਸ ਤੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਹਨੀਅਤ ਦਾ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਹੋਰ ਇਕ ਸਬੂਤ ਹੈ ਕਿ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੇ Prime Minister ਪਿਛਲੇ ਦਿਨੀਂ ਜਦ ਇਥੇ ਆਏ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੋ ਤਕਰੀਰ ਕੀਤੀ ਉਸ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਅਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਖੂਬ ਝਾੜ ਪਾਈ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਕਿਉਂ ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲੇ ਦੀ ਵਰਤੋਂ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜੋ ਸਕੂਲ ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲੇ ਦੀ ਵਰਤੋਂ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ recognition ਵਾਪਸ ਲੈ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗਰਾਂਟਾਂ ਬੰਦ ਕਰ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਹ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲਾ ਨਾ ਵਰਤਨ ਦੀ, main ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ Minister Incharge ਤੇ ਹੈ ਜੋ ਇਕੋ ਜ਼ਬਾਨ ਨੂੰ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਤਰੱਕੀ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਮੈਂ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਫਿਰ ਜ਼ੋਰ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Favouritism ਅਤੇ corruption ਦੋ ਵਡੇ ਜੁਰਮ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਹਨ । ਜੇਕਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਨਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਤਾਂ education ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇਗਾ ।

प्रोफेसर शेर सिंह (झज्जर) : अध्यक्ष महोदय, शिक्षा के सम्बन्ध में जितना रुपया खर्च करने के लिए इस बजट के अन्दर रखा गया है वह 1950-51 से बहुत ज़्यादा है । 1950-51 में $1\frac{1}{2}$ रुपया फी कस खर्च दिखाया गया था और इस साल $3\frac{1}{2}$ रुपया फी कस शिक्षा पर खर्च होंगे । इस के लिए हमारे शिक्षा मन्त्री बधाई के पात्र हैं लेकिन जिस ढंग से ऐसे दूसरे कामों पर खर्च किया जा रहा है और कर्ज़ा लेकर खर्च किया जा रहा है वैसे इस शिक्षा के काम पर खर्च नहीं किया जा रहा है ।

आप पानी को लीजिए इसके लिए सरकार ने अर्बों रुपया कर्ज़ लिया है और इसे सरकार productive मानती है लेकिन ऐसे कर्ज़ों को जिन से बढ़िया इनसान बनाए जाते हैं । जिन्हों ने पैदावार बढ़ाने के लिए काम करना है । जिन्हों ने Training

लेनी है उन्हें हम productive नहीं मानते। उनके लिए हम कर्ज़ लेने को तैयार नहीं। अगर हम कर्ज़ न लेंगे तो हम कैसे productive आदमी पैदा कर सकते हैं। इन्हों ने ही राष्ट्र की intellect को बढ़ाना है। तो इन productive इनसानों पर $3\frac{1}{2}$ रुपया पर ही बस नहीं कर देना चाहिए। हमें शिक्षा के लिए कर्ज़ लेने में हिचक्चाना नहीं चाहिए। और कोई बहाना नहीं बनाना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं Primary तालीम के बारे में कहना चाहता हूँ। हमारे इस तालीम में quantity तो बढ़ी है लेकिन quality नहीं बढ़ी। अगर quality न बढ़ेगी तो तालीम का कोई फायदा नहीं। यह बहुत ज़रूरी है कि शिक्षा की quality को बढ़ाया जाए।

एक और बात, अध्यक्ष महोदय, illiteracy को दूर करने के बारे में है। हम यह कह चुके हैं कि 10 साल के अन्दर हमारे प्रान्त में illiteracy न रहेगी लेकिन यह ज़रूरी है कि हम quality को कमज़ोर न करें। Quality को कमज़ोर करने से लड़के पिछले पढ़े को भूल जाएंगे। इस तरह पढ़ने वाले को कोई लाभ नहीं होता। Quality कमज़ोर होने का एक और कारण भी है। वह यह कि हरेक क्लास में 70-70, 80-80 और 90-90 लड़के होते हैं। टीचर को फ़ुरसत नहीं मिलती कि वह हरेक लड़के की ओर ध्यान दे सके। इस तरह से quality कभी भी improve नहीं हो सकती। इस तरह illiteracy में lapse हो जाता है। Quality को improve करने के लिए सरल तथा उपयोगी साहित्य निकालना चाहिए। इस प्रकार की सारी ज़िमेदारी तालीम के महकमे की होनी चाहिए कि ऐसा साहित्य निकाला जाए जिसमे देहातों के लोगों को लाभ हो और शहरी भी उसे पढ़ सकें और जीवन में फायदा ले सकें। Illiteracy में lapse हो न हो और जीवन उन्नत हो, यह हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

आज अध्यक्ष महोदय प्रगतिशील राष्ट्रों में, जैसे के अमेरिका, आंकडे इकट्ठे किए जा रहे हैं कि सरकार का कितना रुपया दोबारा पढ़ाई कराने पर खर्च होता है। आप देखेंगे कि वह reteaching of what has already been taught पर अपने बजट का 10% खर्च करते हैं। इस तरह की wastage हमारे देश में भी है। इस wastage को बचाने के लिए mental tests और intelligence tests लेने चाहिए। इन tests के न होने से लड़के एक साल फेल, दूसरे साल फेल और फिर तीसरी बार वही किताबें पढ़ते हैं जो वह आगे पढ़ चुके हैं। इस तरह रुपया और energy का wastage होता है। हमें इस तरह के wastage को बन्द करना है। अगर intelligence tests के grades बना दिए जाएं तो इस तरह का wastage को रोका जा सकता है। अगर अमेरिका में 1 % wastage है तो हमारे सूबा में भी 8-10% wastage ज़रूर होगा। अगर department ध्यान दे तो यहां पर भी इस 8-10% wastage को intelligence tests को लेकर रोका जा सकता है।

जहां तक primary शिक्षा का सम्बन्ध है हमारे सूबे ने भारी काम किया है और

[प्रो० शेर सिंह]
कई primary स्कूल खोल दिए हैं परन्तु Basic तालीम के बारे में जो काम हमारे प्रान्त में किया गया है वह मजहकाखेज़ है। हिन्दुस्तान में Basic Education के बारे में बहुत काम हुआ है। बिहार, उत्तर प्रदेश और सौराष्ट्र इस क्षेत्र में हम से आगे बढ़ गए हैं।

मैं यह समझता हूं कि हमारी सरकार के तालीम के महकमे को Basic Education में विश्वास नहीं है। इन का ख्याल है कि Basic Education से कोई लाभ नहीं है। जहां कि सारे राष्ट्र में Basic स्कूल जारी है और हम ने Central Government की हिदायतों के अनुसार Basic Pattern को education में लाना है वहां इस प्रान्त में Basic Education की तरफ कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा। Basic स्कूलों में 8 साल तक लड़कों को पढ़ाने और शिक्षा देने की तजवीज़ है। हमारे प्रान्त में कुछ स्कूल खोले गए हैं पर Basic Education देने के लिए प्रबन्ध अच्छा नहीं। कई स्कूलों ने Basic Education की क्लासें केवल इस लिए खोल दी हैं कि कुछ ग्रान्ट मिल जाएगी। मुझे पता लगा है कि महकमा तालीम के एक अफसर के पास एक संस्था के संचालिक ने कहा कि फंडज़ कम हैं तो उस अफसर ने उन्हें बताया कि आप Basic तालीम की क्लासें जारी कर दें। ग्रान्ट 1.-15 हज़ार तो मिल ही जाएगी। Basic Education के लिए रुपया centre से मिलता है इस लिए इस रुपया को इकट्ठा कर लिया जाता है और basic training नहीं दी जाती। जिस स्कूल का काम न चलता हो वह basic training की क्लास जारी करने के लिए तजवीज़ देता है इस से उस संस्था को कुछ रुपया मिल जाता है। फिर जो लड़के जाते हैं उनकी तरफ से 250, 500 या 100-100 रुपया चन्दा लिया जाता है। Basic Training की तो एक दुकानदारी चल रही है कि Basic Training का नाम ले लो तो 10 हज़ार, 15 हज़ार रुपया इकट्ठा हो जाएगा। Centre से जो रुपया इस के बारे में मिलता है उससे Basic Education की तरफ काम होना चाहिए और इस method of education का लागू करने पर पूरा ध्यान देना चाहिए। Basic Education की तरफ हमारी सरकार को ध्यान देना चाहिए और इस का मजाक नहीं बनाना चाहिये? सर्व चीजें राष्ट्र के सारे ढांचे को बदलना है और इस के साथ साथ लोगों को हाथ से काम करना सिखाना, उन में सादगी लाना और समाज सेवा का भाव पैदा करना है। जहां तक देहाती तालीम का ताल्लुक है मैं तो इसे दूसरे ढंग से सोचता हूं आज जिस ढंग से स्कूलों और कालेजों में शिक्षा मिलती है उस का नतीजा यह होता है कि देहात की भलाई देहात से निकल कर शहरों में चली जाती है और गांव किसी काम के नहीं रहते। कोई भी लड़का B.A, या M.A, पास करके गांव में रहना पसन्द नहीं करता और शहर में आ जाता है there he is lost in the crowd. वहां भी उस को कोई प्रतिष्ठा और मान नहीं होता। भारत सरकार ने एक कमिशन मुकर्रर किया जो यह सिफारिश करे कि युनिवर्सिटी की शिक्षा किस ढंग से चलाई जाये।

इस कमिशन के चेयरमैन डाक्टर राधा कृष्णन और अमरीका के शिक्षा शास्त्री morgon ने रिपोर्ट के आखरी chapter "Rural Education", में लिखा है और इस बात पर जोर दिया है कि अगर हम देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो देहात की 80/85 फीसदी आबादी को उपयोगी तालीम देने की जरूरत है। ऐसा नहीं होना चाहिये कि देहात के बच्चों को आला तालीम दे कर और बेकार बना कर उन्हें शहरों में भेज दिया जाये और इस तरह से देहात का सारा talent waste हो जाये। इस लिये हमें तालीम का सारा ढांचा बदलना होगा और देहात में शिक्षा के केन्द्र खोलने होंगे। अगर हम Denmark की तरफ देखें तो वहां किताबें शहर की library में नहीं मिलती देहात की library में मिलती हैं। वहां एक हजार की आबादी के लिये एक news paper निकलता है और दो हजार की आबादी के लिये एक magazine छपता है और एक हफ्ता वार अखबार छपता है। इस के साथ साथ वहां काम भी सिखाया जाता है; Literary Education और Liberal Education भी दी जाती है। Denmark, Sweden और America में भी देहातियों को तालीम की तरफ खास तवज्जुह दी जाती है। वहां पर peoples Colleges खोले गये हैं लेकिन हमारी सरकार ने हिसार और गुड़गांव में कालेज खोल कर कोई बड़ा काम नहीं किया। हमें भी रुख बदलना चाहिये और देहातों में people Colleges खोलने की तरफ ध्यान देना चाहिये। ताकि लोग Engineering का काम medical education देहात के ढंग का भवन निर्माण, सड़क निर्माण सीखें। उत्तर प्रदेश में Gorukhpur में देहाती युनिवर्सिटी खोलने का विचार किया जा रहा है, इस के लिये वहां बिल्डिंग भी पड़ी है और ज़मीनें भी पड़ी हैं। सौराष्ट्र सरकार ने 50 फीसदी रुपया या 60 फीसदी रुपया शुरु में दे कर लोक भारत के नाम से एक संस्था खोली। हमारी सरकार को भी इस की तरफ ध्यान देना चाहिये? अगर कालेज खोलने हैं तो देहात में People-College खोलें। मैं मन्त्री महोदय से कहूँगा कि वह कमिशन को रिपोर्ट का मुतालिया कर लें और मैं उन का ध्यान खास तौर पर आखरी chapter की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। हम ने अपने देश के लिए ऐसा संविधान बनाया है जिसे हम जन तंत्र और प्रजा तंत्र संविधान कहते हैं। अगर हम ने अपनी State को सही मायनों में Democratic State बनाना है तो हमें अपने University Act में भी democracy के लक्ष्य लाने चाहिये। इस का मतलब यह हुआ कि यहां पर European Schools और Anglo Indian Schools का होना Democracy के असूलों के खिलाफ है। आज यह हालत है कि हमारी तालीम के अंदर बाकायदा तौर पर regimentation चल रहा है। अगर कोई स्कूल कोई खास curriculum न माने तो न उसे मन्जूरी मिल सकती है और न कोई गवर्नमैंट से कोई इमदाद। हमारे नेता पण्डित जवाहर लाल नेहरु degrees को महत्व नहीं देना चाहते बल्कि चाहते हैं कि सरकारी मुलाज़मतें ठोस योगता के आधार पर दी जायें। जो भी संस्था चलती है अगर वह संविधान के असूलों पर नहीं चलती, उपयोगी चीजें बनाना नहीं सिखाती तो मैं समझता हूँ कि वह useful purpose serve नहीं कर रही और इस के विपरीत ऐसी संस्था है जो संविधान के अनुकूल काम कर रही है, उपयोगी चीजें बनाना सिखाती है तो बेशक वह prescribed curriculum माने या न माने उसे गवर्नमैंट को सहायता देने से इनकार नहीं करना चाहिए। Whitehead ने लिखा है कि स्कूल को एक unit मान कर चलाना चाहिये और हैड मास्टर को पूरी आज़ादी

[प्रो० शेर सिंह]
होनी चाहिये । इस का नतीजा यह होगा कि समाज के लिए उपयोगी आदमी पैदा होंगे। Regimentation को हमें निकालना चाहिए । स्वामी श्रधा नन्द जी ने गुरुकुल कांगड़ी खोला । उन की संस्था पंजाब में खुली है और गवर्नमैंट ने उसे मन्ज़ूरी दी हुई है । हम Democracy का नाम लेते हैं तो मैं पूछता हूं कि क्या यह Education के अंदर regimentation नहीं है और क्या यह बात Democracy की spirit के खिलाफ़ नहीं है । गवर्नमैंट को इस की तरफ़ ध्यान देना चाहिए ।

इस के अलावा Language की समस्या पर मेरे भाइयों ने ज़ोर दिया है । इस प्रांत में भाषा की समस्या वादविवाद का विषय बनी हुइ है । हरियाना प्रांत और अम्बाला डिवीज़न में जहां हिन्दी बोली जाती है वहां सवाल है कि पंजाबी पढ़ाई जाए या न । इसी तरह कांगड़ा में हिन्दी भाषा बोली जाती है । इस लिए सवाल है कि हिन्दी बोलने वाले इलाके में पंजाबी लाज़मी तौर पर पढ़ाई जाए या नहीं । बाकी पंजाब में लिपि का सवाल है । राष्ट्र में राष्ट्र भाषा हिन्दी को प्रचलित करने के लिए हिन्दुस्तान के अंदर एक लिपि लागु करनी चाहिए । Bengali, Tamil, Marhathi, Talegu इन तमाम भाषाओं की लिपि एक हो तो यह सब भाषाएं सीखने में आसानी हो जाए । Marhathi की लिपी देवनागरी है और Talegu की दूसरी लिपि है । यही वजह है कि Marhathi ज़बान जल्दी सीखी जा सकती है । इसी तरह Bengali भाषा की लिपि भी देवनागरी हो तो यह भाषा भी जल्दी सीखी जा सकती है । इस लिए अगर सारी ज़बानों की लिपि एक हो तो सारे राष्ट्र को आसानी हो जाएगी । मैं अपील करता हूँ कि अगर पंजाब में भी एक लिपि के असूल को मान लिया जाए तो देश का भारी कल्याण हो सकता है । जहां तक गुरमुखी लिपि का सम्बन्ध है उस का मतलब है जो बाणी—जो पवित्र बाणी गुरुओं के मुख से निकली और लेख बद्ध की गई । हो सकता है कि यह गलत हो । इस के साथ एक बहुत पवित्र चीज़ जुड़ी हुई है । पंजाब के सब लोग, हिंदू, सिख, 10 गुरुओं का मान और इज़्ज़त करते हैं । सब के हृदय में उन के प्रति श्रधा है । सारे सूबे में कोई ऐसा आदमी नहीं जिस का मस्तक गुरु नानक की आध्यात्मिकता के आगे न झुक जाता हो। उन की आंखों के अन्दर जो खुमारी है, उसे देख कर हरेक आदमी का मस्तक झुक जाता है । Spiritualism के अन्दर कोई highest practice है तो वह 'सुखमनी' साहिब का जाप करना है और उस के अर्थों का समझना है । Spiritualism के literature में इस से बेहतर शायद ही कोई चीज़ मिले ।

Mr. Speaker : I appreciate what you are saying but that is not quite relevant.

प्रोफ़ेसर शेर सिंह : इस सारी चीज़ को कहने से मेरा मतलब यह है कि कहीं हम इस लिपि को और सारे कामों के अन्दर लगा दें तो यह an act of sacrilege न हो जाये । इस लिपि के पीछे एक पवित्र भावना जुड़ी हुई है । जहां तक मैं समझ पाया हूं यह गुरुओं के पवित्र विचारों को लेख-बद्ध करने के लिए बनी थी । कहीं यह न हो जाए कि राजनीति में

पढ़ कर act of sacrilege कर जाएं। इस पर गौर करने की ज़रूरत है। लिपि के शास्त्री भी इस पर विचार करें।

Mr. Speaker : I wonder how a sensible person like you has started discussing a controversial issue while speaking on the Education Demand.

प्रोफेसर शेर सिंह : मैं ने तो अपनी जानकारी के लिए बात की है।

इन शब्दों के साथ मैं आशा करता हूँ कि Primary Education, College Education Basic Education, (जिस का मज़ाक हो रहा है।) और बेकारी की समस्या की ओर माननीय शिक्षा मन्त्री पूरा पूरा ध्यान देंगे और हमारे राज्य को जो कि दूसरे कई राज्यों से इस मामले में पिछड़ा हुआ है आगे बढ़ा कर नमूना बनाएंगे।

अन्त में Primary Education के सिलसिले में किए गए काम पर, मैं उन्हें मुबारिकबाद देता हूं।

ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ (ਅਜਨਾਲਾ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਸਾਡੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੇ ਦਾਵ੍ਹਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਤਾਲੀਮ ਬਹੁਤ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ ਤੇ ਉਹ ਵਕਤ ਦੂਰ ਨਹੀਂ ਜਦੋਂ universal literacy ਹੋ ਜਾਏਗੀ। ਦੂਸਰਾ ਦਾਵ੍ਹਾ ਇਹ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ system ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਰਾਇਜ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਹੜਾ unemployment ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰ ਦਏਗਾ। ਮੁਢ ਤੋਂ basic education ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, basic education ਬਹੁਤ ਚਲ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ basic ਸਕੂਲਾਂ ਦਾ ਕੀ ਫਾਇਦਾ ਹੈ। ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਲੜਕੇ ਜਦੋਂ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਨਿਕਲਣਗੇ, ਉਸੇ ਵਕਤ ਉਹ ਆਪਣਾ ਕੰਮ ਜਾਰੀ ਕਰਕੇ ਰੋਟੀ ਕਮਾ ਸਕਣਗੇ ਤੇ unemployment ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੱਲ ਹੋ ਜਾਏਗਾ। basic schools ਵਿਚ agriculture, weaving ਤੇ spinning ਸਿਖਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤੱਕਲੇ ਦੀ economy ਤਾਂ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਫੇਲ੍ਹ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। Mill made cloth ਉੱਪਰ cess ਲਗਾ ਕੇ ਖੱਡੀਆਂ ਨੂੰ ਜਿਉਂਦਾ ਰੱਖਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਜੁਲਾਹਿਆਂ ਨੂੰ ਬਚਾਣ ਲਈ ਰੋਜ਼ ਖਾਦੀ ਦਾ ਪ੍ਰਚਾਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਉਹ ਅਗਲੇ ਜੁਲਾਹੇ ਤਾਂ ਮਸਾਂ ਜੀ ਰਹੇ ਹਨ, ਹੁਣ ਮੁੰਡਿਆਂ ਨੂੰ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ 'ਤੱਕਲੀ ਚਲਾਉ, ਤੁਹਾਨੂੰ ਬਾਹਰ ਜਾ ਕੇ ਕੰਮ ਮਿਲ ਜਾਏਗਾ'। ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਕਿੰਨਾ ਮਖੌਲ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਬਜਾਏ primary stage ਵਿਚ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਕਹਾਣੀਆਂ ਸੁਣਾ ਕੇ, ਮਸਾਲਾਂ ਦੇ ਕੇ, charts ਵਿਖਾ ਕੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਦਿਲਚਸਪੀ ਪੈਦਾ ਕਰਕੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤਾਲੀਮ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ, ਤਾਂ ਜੋ ਵੱਡੇ ਹੋ ਕੇ ਉਹ science ਪੜ੍ਹ ਸਕਣ ਜਾਂ technical colleges ਵਿਚ ਜਾ ਸਕਣ। ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤੱਕਲੀ ਚਲਾਣੀ ਸਿਖਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਜਿਹੜਾ ਕੰਮ ਧੀਆਂ, ਭੈਣਾਂ ਕਰਦੀਆਂ ਸਨ, ਉਹ ਹੁਣ ਮੁੰਡੇ ਕਰਨਗੇ। ਇਹ basic education ਨਹੀਂ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਮਖੌਲ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਿੰਦਗੀਆਂ ਬਰਬਾਦ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਜੇ ਉਹ ਚਰਖੇ ਹੀ ਚਲਾਂਦੇ ਰਹੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਿਮਾਗ਼ ਹੀ ਚਰਖੇ ਹੋ ਜਾਣਗੇ। ਇਹੋ ਜਹੀ ਪੜ੍ਹਾਈ ਬਿਲਕੁਲ ਖਤਮ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਰਾਜਾ ਜੀ ਨੇ ਮਦਰਾਸ ਵਿਚ ਚਲਾਈ ਸੀ, ਪਰ ਉੱਥੇ ਵੀ ਖਤਮ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਪ੍ਰੋਫ਼ੈਸਰ ਸਾਹਿਬ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ 'ਪਤਾ ਨਹੀਂ basic school ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਬਣ ਰਹੇ'। ਉਹ ਇਸ ਕਰਕੇ ਨਹੀਂ ਬਣ ਰਹੇ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਹ 'ਬਾਹਰ' ਦੇ ਹਾਲਾਤ, ਮੁਲਕ ਦੀ economy ਦੇ ਮੁਆਫ਼ਕ ਨਹੀਂ ਸਾਬਤ ਹੋਏ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਪੈਸਾ ਭਾਵੇਂ ਲਈ ਜਾਉ ਕਿਉਂ ਜੋ ਪ੍ਰੋਫ਼ੈਸਰ ਸਾਹਿਬ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ !

ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਕੂਲ ਖੁਲ੍ਹ ਗਏ ਹਨ, Anglo-Indians ਲਈ ਸਕੂਲ ਵੱਖ ਹਨ,

[ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ]

basic education ਲਈ ਵਖਰੇ ਹਨ ਤੇ ਅਮੀਰਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਲਈ Model Schools ਵੀ ਖੋਲ੍ਹੇ ਗਏ ਹਨ। ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਫਰਮਾਇਆ ਹੈ ਕਿ ਤਾਲੀਮ ਜ਼ਰੂਰਤ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ, ਜਿਹੜੇ ਚੰਗੀ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁਣ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। Backward classes ਨੂੰ ਤਾਲੀਮੀ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਣਾ ਤਾਂ ਸਮਝ ਵਿਚ ਆ ਸਕਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਤਰੱਕੀ ਕਰਕੇ ਦੂਜਿਆਂ ਨਾਲ ਮਿਲ ਸਕਣ ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ Anglo-Indians ਨੂੰ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਨੇ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇ ਕੇ ਬਹੁਤ ਉੱਚਾ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਸੀ, ਉੱਚਿਆਂ ਰਹਿਣ ਲਈ ਹੁਣ ਕਿਉਂ ਪੈਸਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਉਦੋਂ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਸਹੂਲਤਾਂ ਸਨ, ਹੁਣ ਵੀ ਹਨ। ਉਦੋਂ ਇਸ ਕਰਕੇ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਸਨ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਹ Christian religion ਵਿਚ ਚਲੇ ਗਏ ਸਨ ਤੇ ਉਹ ਰਾਜ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਦਾ ਮਜ਼ਹਬ ਸੀ। ਇਹ 78 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦੀ ਰਕਮ ਜਿਹੜੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਕੰਮ ਲਈ ਰਖੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਣ ਦੀ ਕੋਈ ਵਜ੍ਹਾ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ।

ਫਿਰ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਤਾਲੀਮ ਬਹੁਤ ਫੈਲ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ figures ਦੇ ਕੇ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤਾਲੀਮ ਫੈਲਾਣ ਵਿਚ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦਾ ਕਿਤਨਾ ਹਿੱਸਾ ਹੈ ਤੇ public ਦਾ ਕਿਤਨਾ-

1947-48 ਵਿਚ education ਤੇ ਕੁਲ ਖਰਚ ਹੋਏ ਰੁਪਏ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਨੇ 55% local bodies ਨੇ 11%, ਫੀਸਾਂ ਦੇਣ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ 19% ਅਤੇ donations ਦੇਣ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ 15% contribution ਕੀਤੀ। 1949-50 ਦੇ figures 45%, 13%, 30% ਤੇ 12% ਹਨ। 1948 ਵਿਚ Middle ਤੇ High Schools ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸੀ—

Government	75
Local Bodies	1118
Private	271

1954 ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸੀ—

Government	93
Local Bodies	790
Private	487

ਇਨ੍ਹਾਂ figures ਤੋਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਤਾਲੀਮ ਸੰਬੰਧੀ ਸਰਕਾਰੀ ਇਮਦਾਦ ਘੱਟ ਰਹੀ ਹੈ। Middle ਅਤੇ High Schools ਨੂੰ grants ਦੇਣ ਲਈ 1954-55 ਵਿਚ 6,65,000 ਰੁਪਏ ਦੀ ਰਕਮ ਰਖੀ ਗਈ ਸੀ, 1955-56 ਦੇ ਬਜਟ ਵਿਚ 4,73,000 ਦੀ ਰਕਮ ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਹ ਤਰੀਕਾ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਨਾਲ ਇਹ education ਫੈਲਾ ਰਹੇ ਹਨ।

4 p. m.

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ! ਅੱਗੇ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਸਕੂਲਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਤੇ ਕੁਝ ਸੁਧਰ ਗਈ ਹੈ ਲੇਕਿਨ Private ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਟੀਚਰਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਬਹੁਤ ਖਰਾਬ ਹੈ। ਬਲਕਿ Private Colleges ਦੇ Professors ਦੀ ਹਾਲਤ ਭੀ ਖਰਾਬ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਅੰਗ੍ਰੇਜ਼ੀ ਰਾਜ ਵੇਲੇ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਟੀਚਰਾਂ ਦੀ ਹੜਤਾਲ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਤੇ ਸੁਣਦੇ ਸਾਂ ਪਰ ਹੁਣ ਤੇ ਆਪਣੇ ਰਾਮ ਰਾਜ ਵਿਚ Professors ਦੀਆਂ ਹੜਤਾਲਾਂ ਦੀਆਂ ਧਮਕੀਆਂ ਵੀ ਸੁਣਦੇ ਹਾਂ, ਉਹ ਭੀ ਹੜਤਾਲ ਕਰਨ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹਨ। ਵੇਖੋ ਕਿੰਨੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਲੋਕ ਤੇ ਪੜ੍ਹੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿਸੇ ਦੀਆਂ ਉਂਗਲੀਆਂ ਉੱਪਰ ਨਹੀਂ ਨਚਦੇ ਹਨ ਉਹ ਆਪਣੀ ਅਕਲ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿਸੇ ਦੇ ਕਹੇ ਉੱਤੇ ਆਪਣੇ career ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਖਰਾਬ ਕਰਦੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਾਕਈ ਹੀ ਤਕਲੀਫ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਮੰਗਾਂ ਪੂਰੀਆਂ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ। Private Schools ਨੂੰ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਆਪਣੇ control ਵਿਚ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਨਹੀਂ

ਤਾਂ managing committee ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੱਢ ਦਿੰਦੀ ਹੈ ਜਦੋਂ ਲੜਕਿਆਂ ਨੂੰ ਛੁਟੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਵੀ ਛੁਟੀ ਕਰੋ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਛੁਟੀਆਂ ਦੀ ਤਨਖਾਹ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਮੈਂ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ S. D. College ਵਿਚ 25 ਸਾਲਾਂ ਤਕ Head of Chemistry ਰਿਹਾ। ਉਸ ਨੂੰ all of a sudden notice ਦੇ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਲ ਤੋਂ ਕਾਲਿਜ ਨਹੀਂ ਆਉਣਾ। ਨਾ ਹੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ G. P. fund ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਅਤੇ ਕਾਲਿਜਾਂ ਲਈ rules ਬਨਾਉਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਤਾਕਿ Professors ਅਤੇ ਟੀਚਰਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਧੱਕਾ ਨਾ ਹੋਵੇ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ democracy ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਲਦੀ ਹੈ। ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਹਿ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ staff ਨੂੰ Union ਨਹੀਂ ਬਨਾਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਉਹ ਆਪ Student ਹੋਣਗੇ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰ Union ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਹੋਣਗੇ। ਜੇਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ demand ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਪੂਰੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਤਾਂ ਦੂਸਰੀ ਗੱਲ ਹੈ। ਮੇਰਾ ਵਿਚਾਰ ਹੈ ਕਿ Students, Teachers ਅਤੇ Managing Committees ਦੇ ਆਪਸੀ relations ਨੂੰ ਖੁਸ਼ਗਵਾਰ ਬਨਾਣ ਲਈ Union ਦਾ ਹੋਣਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਹੁਣ ਚੂੰਕਿ ਉਹ ਆਪ Government Benches ਉੱਪਰ ਬੈਠੇ ਹਨ ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ Union ਦੀ ਕੀ ਲੋੜ ਹੈ ? Union ਬਣਾਕੇ ਉਹ ਗੜਬੜ ਮਚਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਹੈ। ਤਕਲੀਫ ਦੂਰ ਕਰ ਸਕੋ ਜਾਂ ਨਾ ਕਰ ਸਕੋ ਵੱਖਰੀ ਗੱਲ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ Union ਨਾ ਬਣੇ ਠੀਕ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਹੈ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, Social Service Training School ਦੀ ਸ਼ਕਾਇਤ ਆਈ ਹੈ ਕਿ ਕੇਵਲ ਤਿੰਨ ਮਹੀਨੇ ਪੜ੍ਹਾਈ ਕਰਾਉਂਦੇ ਹਨ ਪਰ ਪੜ੍ਹਾਈ ਵੀ ਚੰਗੀ ਨਹੀਂ। ਫਿਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਾਕੇ ਕੰਮ ਕਰੋ ਅਤੇ ਉੱਥੇ favouritism ਵੀ ਬਹੁਤ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ Inspector ਦੇ favourites ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਾਖਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਬਾਕੀ ਰਹਿ ਜਾਂਦੇ ਹਨ।

ਇਕ ਹਰ ਗੱਲ ਮੈਂ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸ਼ਾਸਤ੍ਰੀ, ਪ੍ਰਭਾਕਰ ਅਤੇ ਗਿਆਨੀ ਵਿਚ ਫਰਕ ਰਖ ਕੇ State language ਨਾਲ ਬੜਾ ਪਿਆਰ ਵਿਖਾਇਆ ਹੈ। ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਪੁਰਾਣੀ ਜ਼ਬਾਨ ਜ਼ਰੂਰ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਨਾ ਤੇ ਇਹ ਰਾਸ਼ਟ੍ਰ ਭਾਸ਼ਾ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਇਸ ਦਾ ਹੋਰ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਜ਼ਬਾਨ ਦਾ ਦਰਜਾ Greek ਅਤੇ Latin ਵਾਲਾ ਹੀ ਹੈ। Greek Latin ਅਤੇ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਤਿੰਨੇ ਭੈਣਾਂ ਹੀ ਹਨ। ਕੈਲੀਫੋਰਨੀਆ ਦੇ ਇਕ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ Latin ਦੀ ਮਾਂ ਹੈ ਜਾਂ Latin ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਦੀ ਮਾਂ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੇ ਕਿਹਾ ਮਾਂ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਹੈ ਦੋਨੋਂ ਭੈਣਾਂ ਭੈਣਾਂ ਹਨ। (Laughter) ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸ਼ਾਸਤ੍ਰੀ ਦੀ ਤਨਖਾਹ 70 ਰੁਪੈ ਅਤੇ ਪ੍ਰਭਾਕਰ ਗਿਆਨੀ ਦੇ 65 ਰੁਪੈ ਕਰਕੇ state language ਨਾਲ ਚੰਗਾ ਸਲੂਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਹੈ।

श्री रला राम (मुकेरियां), अध्यक्ष महोदय इस राष्ट्र के अन्दर शिक्षा की जो उन्नति हुई है उसे देख कर हम अपने शिक्षा मन्त्री को बधाई का पात्र समझते हैं। पिछले पांच साल के अन्दर स्कूलों और कालिजों की संख्या में जो बढ़ोतरी हुई है वह बहुत संतोषजनक है। 1950-51 में 5376 स्कूल थे लेकिन अब 1954-55 में 11731 हो गए हैं यह एक ऐसी चीज़ है जिस पर मैं बजा तौर पर फखर कर सकता हूँ और इस उन्नति के लिए मैं अपने शिक्षा मन्त्री महोदय को हार्दिक बधाई देता हूँ। गत वर्ष में हमारे राज्य में एक हज़ार नए Primary Schools खोले गए हैं। यह एक ऐसा कदम है जोकि लोक राज्य में बड़ा सुन्दर है और लोक राज्य की जड़ों को मज़बूत करने

[श्री रला राम]

वाला है। यह कहा गया है कि बहुत से single teacher schools हैं । मैं समझता हूँ कि बहुत जल्दी ही उन स्कूलों को 2 या 3 अध्यापक वाले या जैसा कि ज़रूरी होगा स्कूलों में परिवर्तित कर दिया जाएगा। परन्तु इस समय तो प्रश्न यह है कि क्या हम शिक्षा की नेमत को जल्दी से जल्दी अधिक गांवों में पहुंचा दें या इस बात के लिये इन्तज़ार करें कि हम ने पहले से ही वही स्कूल खोलने हैं जहां हम एक दम ऊंचा standard रख सकें । मेरा अपना विचार है कि दोनों बातों को देखते हुए प्रजातन्त्र राज्य में यह आवश्यक दीख पड़ता है कि कोई ऐसा गांव जिस की जनसंख्या 500 या इस के समीप हो प्राइमरी स्कूल के बगैर न रह जाए । और अगर वर्तमान समय के लिये उन को single-teacher school ही रखा जाता है तो यह कोई ग़लत बात नहीं है। हां यह ठीक है कि आगे जा कर हमें कदम उठाना पड़ेगा और इन स्कूलों को हमें 2 अध्यापकों वाले या 3 अध्यापकों वाले schools में convert करना पड़ेगा । जिस गति से हमारा राष्ट्र या हमारी स्टेट आगे बढ़ रही है मैं समझता हूं कि अगले साल या उस से अगले साल यह कमी दूर हो जाएगी।

इस से अगली बात जिस के बारे में मैं अपने शिक्षा मन्त्री महोदय को ज़्यादा मुबारिकबाद देना चाहता हूं वह यह है कि उन्हों ने Kurukshetra में एक संस्कृत University का आयोजन किया है और उस के लिये उन्हों ने Budget के अन्दर provision भी किया है । अभी अभी मेरे साथी संस्कृत की तुलना Greek और Latin से कर रहे थे। उन को शायद यह पता नहीं है कि पंजाबी में 70 प्रतिशत से अधिक शब्द संस्कृत के हैं। लेकिन मालूम होता है कि वे इतनी बारीकी में नहीं गए। यदि हम दूसरी भाषाओं से मुकाबिला करते हैं तो भी पंजाबी में दूसरी ज़बानों से 20% शब्द संस्कृत के ज़्यादा मिलते हैं। संस्कृत वह ज़बान है जिस ने पंजाबी भाषा को जन्म दिया है, जिस ने हिन्दी को जन्म दिया है । मुझे हैरानी होती है कि मेरे भाई संस्कृत की तुलना Greek और Latin से करते हैं क्या यह बात अपनी ज़बान से ग़द्दारी करने के बराबर नहीं है। अगर यही हालत रही तो हिन्दी और पंजाबी कैसे आगे बढ़ सकेंगी ? हम चाहते हैं कि पंजाबी आगे बढ़े और हिन्दी भी तरक्की करे। लेकिन यह ज़बानें तरक्की नहीं कर सकती जब तक कि हम संस्कृत की तरक्की के प्रश्न को आगे नहीं लाते । इस लिये मैं समझता हूँ कि उस का ग्रीक और लेटिन के साथ मुकाबला करना तो अपनी भाषा के साथ उपहास करना है-मखौल करना है इस तथ्य से कोई भी व्यक्ति इनकार नहीं कर सकता कि संस्कृत सभी ज़बानों की माता है। उसकी उन्नती ही के अन्दर हिन्दी और पंजाबी की उन्नती निहित है-छिपी हुई है। उस पर यदि गवर्नमैंट खर्च करती है तो किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। बल्कि मैं तो यह कहूंगा कि गवर्नमेंट अभी तक इस दशा में लापरवाह है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ और शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव के आधार पर यह कह सकता हूँ कि हिन्दी उन्नती नहीं कर सकती, पंजाबी आगे नहीं बढ़ सकेगी। जब तक हम संस्कृत के प्रसार के लिए प्रयत्न नहीं करते । एक बात और । वेद शास्त्र तो पढ़ना दरकिनार, हम श्री गुरुग्रन्थ साहिब को भी भली प्रकार नहीं समझ सकते जब तक हमें

संस्कृत भाषा का पूरा ज्ञान न हो। इस लिए इस वक्त कुरुक्षेत्र में संस्कृत यूनिवर्सिटी की जो आयोजना की गई है, उसके लिये मैं मन्त्री महोदय का हार्दिक धन्यवाद करता हूं और मैं आशा करता हूं कि वह इसी कदम तक ही महदूद नहीं रहेंगे बल्कि इस यूनिवर्सिटी की स्थापना करके संस्कृत की studies को सारे राज्य में आगे बढ़ाएंगे। जिस तरह पंजाब को इस बात का फ़खर है कि वेद मन्त्र पहले पहल हमारे इस सूबे की पुण्य भूमि में गाए गए। इस लिए अगर हम पंजाबी हो कर संस्कृत से दूर भागेंगे इस से परे रहेंगे तो इस से बढ़ कर हमारे लिए और ज़्यादा अपमान की क्या बात हो सकती है।

संस्कृत शास्त्री teachers के grades की बात यहां इस हाऊस के अन्दर कही गई। मैं समझता हूँ कि यह कोई वज़नदार बात नहीं है कि हिन्दी और पंजाबी के जो teachers हैं उन के grades क्यों संस्कृत शास्त्री के teachers के बराबर नहीं रखे गए! मैं आप के द्वारा, अध्यक्ष महोदय, सदन के मैम्बरों की सेवा में यह निवेदन करना चाहता हूं कि वे भावनाओं में न बह जाएं। शास्त्रियों की योग्यता उन की अपेक्षा बहुत अधिक होती है। इस लिए यदि कोई फ़र्क है तो इस में बुरा मनाने वाली कोई बात नहीं।

हमारे मन्त्री महोदय और वित्त मन्त्री महोदय ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि अब हमारे राज्य के अन्दर Basic training schools की संख्या 231 हो गई है। इस के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। किन्तु इस सम्बन्ध में, अध्यक्ष महोदय आप के द्वारा, मैं एक सुझाव अपने शिक्षा मन्त्री जी तक पहुंचाना चाहता हूं। इस में कोई सन्देह नहीं कि Basic Education अर्थात् बुनियादी शिक्षा को हमने अपनी शिक्षा पद्धति का National pattern स्वीकार कर लिया हुआ है। यह स्वीकार किया जा चुका है कि शिक्षा का राष्ट्रीय ढांचा Basic Education की lines पर उसी नमूने पर चलाया जायेगा। इस को लग भग सब ने स्वीकार कर लिया हुआ है और मैं समझता हूं कि अब इस में कोई दो राए नहीं हो सकतीं कि जिस ढग से basic education को आगे ले जाया जा रहा है इस से हम बहुत आगे नहीं जा सकते हमारी स्टेट के अन्दर बहुत से प्राईमरी बेसिक स्कूल हैं। लेकिन जब बच्चा पांचवी कक्षा तक शिक्षा खत्म करता है तो फिर उस को पता नहीं होता कि बेसिक टाईप का मिडल स्कूल कहां मिलेगा। अब तक हमारे राज्य के अन्दर न तो कोई basic middle school है और न ही कोई basic high school है। मैं कहूंगा कि अगर आप इस experiment को-इस तजरुबा को-कामयाब बनाना चाहते हैं तो हरेक जगह basic primary school ही न खोले जाएं। मैं इस के लिए यह सुझाव दूंगा कि हरेक ज़िला के अन्दर केवल दो या तीन centres मुकर्रर कर दिए जाएं। आठ या दस गांव के अन्दर एक basic school खोल दिया जाए। लेकिन इस के साथ ही इस बात का खास ध्यान रखा जाए की आठ या दस basic primary schools के लिए कम से कम एक basic middle और एक basic high school अवश्य हो। जाहिर है कि जिस बच्चे ने पांचवी तक की शिक्षा प्राप्त की है और वह basic school को छोड़ कर छटी के लिए किसी दूसरे स्कूल में दाखिल हो जाता है जिस की शिक्षा प्रणाली वही पुराने तरीके की है तो सम्भवतः जो कुछ उस ने पांचवी तक सीखा होगा वह व्यर्थ में जाएगा और इस प्रकार बजाए किसी प्रकार के लाभ के इस बेसिक शिक्षा प्रणाली से देश को हानि ही होने की सम्भावना है। इस लिए बजाए इस के कि हम इधर उधर बिखेर दें हम एक central policy को adopt करें कि हरेक आठ या दस गांव के लिए एक basic primary school खोलें और हर आठ या दस basic primary sch-

[श्री रला राम]

oo's के लिए एक मिडल और हाई स्कूल खोला जाए। जैसा कहा गया है कि चण्डीगढ़ में एक Graduate Basic Training College खोला गया है। यह भी एक ऐसा कदम है कि जिस के लिए मैं अपने शिक्षा मन्त्री महोदय को बधाई देता हूँ । परन्तु उसमें से जो graduate निकलेंगे उन का भविष्य क्या है ? यह तो हमें सोचना ही पड़ेगा। जो graduates basic trained हैं-जो अगले अप्रैल या मई में निकलेंगे-वे काम कहां करेंगे ? प्रदेश में कोई Basic Middle School नहीं है। अगर उन्हें उन्हीं पुराने स्कूलों में ही भेज देना है तो B. T. और Basic Trained में क्या अन्तर है ? जितना प्रयत्न किया गया है, जितना खर्च किया गया है वह तो सराहनीय है परन्तु जब तक हम इस policy को follow up नहीं करते Basic trained graduates के लिए कोई काम provide नहीं करते तो हमारा ऐसा करना फ़ज़ूल जाएगा सारे प्रयत्न निष्फल रहेंगे। जब कोई Basic Middle या Basic High Schools ही नहीं होंगे तो उन की training का राष्ट्र को क्या फायदा हो सकता है? इन परिस्थितियों में अध्यक्ष महोदय आप के द्वारा, मैं अपने शिक्षा मन्त्री जी का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूँ कि Basic Education को planned तरीके पर चलाया जाए ! राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी ने भी सब से पहले यह सुझाव देश के सामने रखा था कि हमें उस शिक्षा पद्धति को बदलना है जो केवल बाबू पैदा करती है और इस के स्थान पर बुनियादी शिक्षा को लाना है। यह ठीक है कि हमने उस पर कार्य करना आरम्भ कर दिया है किन्तु मैं समझता हूँ कि जब तक इस को planned तरीके से नहीं चलाया जाता, इस से देश को कोई विशेष लाभ नहीं होगा। मैं आशा करता हूँ कि मन्त्री महोदय इस बात की तरफ़ विशेष ध्यान देंगे।

अध्यक्ष महोदय ! मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहता हूं कि स्त्रियों और लड़कियों की शिक्षा अत्यन्त आवश्यक है। उस के लिए गर्वनमैंट जितना प्रयत्न कर रही है, मैं यह नहीं कह सकता कि वे काफ़ी हैं। इस तरफ भी अभी ज़्यादा ध्यान देने की ज़रुरत है। गांव के अन्दर जितने भी स्कूल हैं वह हम देख रहे हैं कि काफी नहीं। वालदैन अपनी लड़कियों को कम से कम मैट्रिक तक तो अवश्य पढ़ाना चाहते हैं। उस के लिए अनेक कारण हैं और वे कारण बड़े वज़नदार हैं। लेकिन बड़े दुख की बात है कि देहाती इलाकों में लड़कियों के बहुत कम हाई स्कूल हैं। जिस तरह मेरे जिला में अब दो हो गए हैं। यह तादाद, कोई भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि काफी है।

अब क्या हो रहा है ? सैकण्डरी स्कूलों में लड़के और लड़कियां अकट्ठी पढ़ रही हैं। अध्यक्ष महोदय मैं आप के द्वारा अपने शिक्षा मन्त्री जी तक यह पहुंचाना चाहता हूँ कि दुनिया के जितने भी educationists हैं वे सब के सब इस बात पर agreed हैं-सहमत हैं-कि प्राईमरी स्टेज तक तो अगर सह-शिक्षा रखी जाती है तो कोई हानि की बात नहीं, अगर कालेज और post graduate stage पर भी co-education रखी जाती है तब भी कोई विशेष आपत्ति की बात नहीं लेकिन यदि सैकण्डरी स्टेज पर बग़ैर सोचे समझे सह-शिक्षा का प्रबन्ध किया जाता है तो वह राष्ट्र के लिए विपत्ति और संकट पैदा करने वाला होगा। इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा शिक्षा मन्त्री जी की सेवा में यह सुझाव रखना चाहता हूँ कि सैकण्डरी स्कूलों में सह-शिक्षा बिल्कुल न रखी जाए। यह हो सकता है कि स्कूल बेशक एक ही रहे लेकिन यह आवश्यक है कि जो लड़कियों के sections हों वे अलग हों और उन को पढ़ाने के लिए incharge भी लेडी टीचर्ज़ हों। मैं कह सकता हूँ कि यदि ऐसा न किया गया तो इस प्रकार की सह-शिक्षा-विशेष कर

सैकण्डरी स्टेज-में समाज, जाति और राष्ट्र के लिए एक संकट पैदा कर देगी ।

अब मैं social education की तरफ़ आता हूँ । इस से कोई भी महानुभाव इनकार नहीं कर सकता की सामाजिक शिक्षा हमारी शिक्षा पद्धति का एक बहुत महत्वपूर्ण अंग है । लेकिन मैं देख रहा हूँ कि इसके लिए हमारी स्टेट कोई बहुत बड़ा प्रबन्ध नहीं कर रही । ग्रामों की हालत को सुधारने के लिए विशेषकर यह ज़रुरी है कि शिक्षा की इस social education वाली side को develope किया जाए । इस के लिए यद्यपि हमारे बजट में उपबन्ध किया गया है किन्तु मैं समझता हूं कि वह बहुत थोड़ा है । यह ठीक है कि इस पर विचार करने की ज़रुरत है पर यदि हम चाहते हैं कि विशेषत: ग्रामीण लोगों की दशा सुधरे तो अब की उपेक्षा, social education का जो budget में provision है, वह आगे अधिक होना आवश्यक है । मैं यह महसूस करता हूँ कि जितना अब है वह तो negligable है, बहुत थोड़ा है ।

अध्यक्ष महोदय, एक और बात विशेष तौर पर आप के द्वारा अपने मन्त्रीमण्डल तथा शिक्षा मन्त्री महोदय तक पहुँचाना चाहता हूं । जैसा अभी अभी मेरे एक साथी ने कहा था प्रान्त के अन्दर शिक्षा का 75% से ज़्यादा काम privately managed schools करते हैं । लेकिन जब उन की सहायता करने का प्रश्न आता है तो हमारी सरकार-बहुत पीछे रह जाती है, करोड़ों रुपया private bodies खर्च करती हैं लेकिन हमारी सरकार ने सैकण्डरी स्कूलों की सहायता के लिए केवल $7\frac{1}{4}$ लाख रुपया रखा है । इस वक्त जितना पैसा प्राईवेटली managed schools और colleges को दिया जाता है उस के मुताल्लिक मैं कहना चाहता हूं कि उस के साथ हम privately managed college अपने teachers की तंखाहें 180 और 200 रुपया नहीं कर सकते । हम Dearness Allowance गवर्नमैंट rates पर देना चाहते हैं और कई जगह दे भी रहे हैं । लेकिन जितनी सहायता रखी गई है हमें डर है कि उस के ज़रिए से अगर आप यह समझें कि privately managed colleges 180 रुपए तनखाह दे सकें, हर lecturer की तनखाह गवर्नमेंट के scales पर दी जाए--तो इन हालात में यह नहीं हो सकता । उसके लिए आप को अवश्य फराख दिली से इन स्कूलों और कालेजों की सहायता करनी पड़ेगी ।

श्री श्री चन्द [बहादुर गढ़] : साहिबे सदर, इन दस मिन्टों में education के बजट पर बहस करना मेरे ख्याल में मुश्किल हो नहीं बल्कि नामुमकिन है । इस थोड़े से वक्त में अब तो यही हो सकता है कि इस demand पर बहस न की जाए और कुछ इस से ताल्लुक रखने वाली बातें कहा जाए वरन बजट पर बहस करने के लिए ज़्यादा time चाहिए । इस लिए मैं दरखास्त करूंगा कि मुझे इस demand पर बोलने के लिए ज़्यादा time दिया जाए ।

अध्यक्ष महोदय : आप बोलने वालों का फैसला कर लिया करें तब तो मेरे लिए ज़्यादा time देना मुमकिन हो सकेगा और इस से मुझे आसानी भी हो जाती है ।

(It would be better if you settle who should speak. That will facilitate me and will make more time available for you.)

श्री श्री चन्द : चौधरी माडू सिंह मालिक का time मुझे दे दिजिए । Opposition की तरफ से बड़ी संजीदगी के साथ एक मिनिस्टर साहिब पर इलज़ाम लगाए गए हैं कि उनके महकमे ने ही नहीं बल्कि उन ने खुद रिश्वत ली है । मेरे ख्याल में कोई भी गैरतमन्द मिनिस्टर

[श्री श्री चन्द]
नहीं हो सकता जो इस इलज़ाम के लगने पर यह बात करने को तैयार न हो जाए कि एक independent Commission मुकर्रर करके enqiury की जाए लेकिन मुझे ताज्जुब हुआ है यह पढ़ कर कि उन्हों ने Upper House में यह challenge किया है कि अगर उन के खिलाफ़ कोई रिश्वत साबत हो जाए तो वह अस्तीफ़ा दे देंगे ।

अध्यक्ष महोदय : आप Education की demand पर तो बोलें । Please speak on the demand for education.

श्री श्री चन्द : साहिबे सदर मैं उन्हीं मिनिस्टर साहिब के challange की मिसाल दे रहा हूँ जिन्होंने उस हाऊस में कहा है कि अगर उनके खिलाफ़ रिश्वत का case साबत हो जाए तो वह मिनिस्टरी से अस्तीफ़ा दे देंगे । क्या अजीब सी बात है अगर उनके खिलाफ़ रिश्वत का case साबत हो गया तो क्या वह मेम्बर रह सकेंगे, क्या वह कैद नहीं किए जाएंगे । यह जिस तरह का challenge करते हैं क्या यह अजीब बात नहीं है फिर यह इलजाम सिर्फ Opposition की तरफ से ही नहीं लगाया जा रहा । यह चीज सिर्फ Opposition के मेम्बर साहिबान ही नहीं कह रहे बल्कि उधर बैठने वाले भी कह रहे हैं । अभी मेरे से पहले जो भाई बोल रहे थे उन्होंने भी कहा है कि education के महकमा में बड़ा corruption है । वहां जो किताबों की nationalization की गई है उस की बाबत उन्हों ने वहां पर रिश्वत चलती बताई है और उन को भी यह जवाब दे दिया जाएगा कि अगर उन के खिलाफ़ रिश्वत का केस साबत हो जाए तो वह अस्तीफ़ा दे देंगे ।

अध्यक्ष महोदय : और वह करें क्या ? (What else can he do) ?

श्री श्री चन्द : हम यह चाहते हैं कि हमारे Chief Minister साहिब हाई कोर्ट का एक judge मुकर्रर करें और उन की मार्फत enquiry कराएं । इन चीज़ों का इस्तगासा पंचायतों में नहीं हो सकता ! यह तो enquiry होगी और यह enquiry भी हाई कोर्ट के judge कर सकते हैं । जब Chief Minister साहिब से यह बात कही जाती है तो वह यह कराने को तैयार नहीं होते ।

इस के इलावा मेरे दोस्तों ने यह कहा है कि फलां college नहीं है फलां स्कूल नहीं है । यहां तो इस बजट का किस्सा ही अलग है यह जो model schools हैं यह वही हैं जहां तीन साल के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ानी शुरु की जाती है । जो अंग्रेज़ों के Anglo Indian Schools हैं उन्हीं को model schools कहा जा सकता है । हिंदोस्तानियों के जो model schools हैं वहां तीन साल के लड़के लड़कियों को लेकर अंग्रेज़ी पढ़ाना शुरु की जाती है । और इस के लिए आप बजट को देखें । जो शिमला में ईसाइयों के और अंग्रेज़ों के स्कूल थे वे अब यहां जारी कर दिये गए हैं और यह कह कर कि अफसरान शिमला से यहां आ गए हैं उन के बच्चों के लिए यहां स्कूल नहीं थे इस लिए ये दो स्कूल यहां जारी कर दिए गए हैं इन में से यह एक Junior Model School और एक Senior Model School बताते हैं । यह इस लिए किया गया है कि services के बच्चों के पढ़ाने के लिए अच्छे स्कूल होने चाहिएं । उन के पढ़ाने के लिए nurses मुकर्रर की जाती हैं उनको पढ़ाने के लिए यहां चण्डी-

गढ़ में एक लाख रुपये का खर्च किया जाए बाकी के ज़िलों को neglect किया जाए यह कहां का इन्साफ है। स्पीकर साहिब, मैं पिछले दिनों में जालन्धर गया था वहां तो मैं ने देखा था कि बच्चे बड़ी दूर दूर से अपने पीछे अपने बस्ते लादे स्कूल को जा रहे थे। उन के लिए तो nurses नहीं हैं। योरोपीअनज़ को 22 हज़ार रुपया सिर्फ कालजों में वज़ीफा दिया जाता है। यहां पर अफ्रीका के लड़कों को पढ़ाने का इन्तज़ाम है दूसरों के पढ़ाने का तो इन्तज़ाम किया जाता है लेकिन यहां के लोगों के बच्चों के पढ़ने के लिये इन्तज़ाम नहीं किया जा सकता। New expenditure को आप पढ़ें तो आप को पता लगेगा कि इस में जो education के लिए 57 लाख रुपये का provision किया हुआ है उस में से अम्बाला division के लिए कुल 10 हज़ार खर्च किया जाना है। मैं अपने Ambala Division के भाइयों से कहता हूं कि वे यह ध्यान से सुन लें। स्पीकर साहिब, इन हालात में वे अलैहदा होने को क्यों न कहें। New expenditure में जो 57 लाख रुपया education पर नए खर्च के लिए रखा गया है वह इस तरह से ही खर्च किया जाना है। फलां स्कूल में, फलां कालिज में प्रोफैसर्ज़ चाहिए, फलां जगह पर स्कूल चाहिए और फलां पर कालिज़ खोलना है यह सब कुछ क्या है। अंग्रेज़ चले गए हैं और यह अंग्रेज़ी पढ़ाने पर पहले से ज़्यादा ज़ोर दे रहे हैं। स्पीकर साहिब, मेरा एक बच्चा भी रोहतक में एक स्कूल में पढ़ता है। वह एक दिन रोता रोता स्कूल से घर वापस आगया। मैं ने उससे पूछा क्यों बेटा स्कूल से वापस क्यों आगए हो उस ने कहा बाबा मैं स्कूल नहीं जाऊंगा क्यों कि मेरी मास्टरनी जी ने कहा है घुंघरु लेकर आवो। मैं ने पूछा घुंघरु को क्या करना है। उसने कहा के नाच सिखना है। खैर मैं बाजार में घुंघरु लेने गया लेकिन वह न मिले। क्यों कि लड़का उन के बगैर स्कूल जाने को तैयार न था इस लिए मैं उसे स्कूल छोड़ने चला गया। स्पीकर साहिब मैं ने जो वहां पर देखा वह मैं आप को सच बताता हूं कि एक औरत जो हमारा मेम्बर श्रीमती सीता देवी जितने कद की थी और हमारे तालीम के वज़ीर साहिब से दुगनी मोटी होगी लाल लाल फीते लगाए हुए थे और नाच कर रही थी।

अध्यक्ष महोदय: इस का Education के साथ क्या ताल्लुक है ? (How is this connected with the demand for Education) ?

श्री श्री चन्द : स्पीकर साहिब, मैं बता रहा हूं कि किस तरह के model schools यह खोल रहे हैं। मैं अर्ज़ कर रहा था कि वह इतनी मोटी थी कि उस की नाक भी छिपी नजर आ रही थी और वह रीछ की तरह नाच कर रही थी। [हंसी] और फिर वह नाच के साथ साथ गाना भी गा रही थी, और वह गा रही थी गालिब का एक शेयर।

अध्यक्ष महोदय : आप ने अपना सारा time नाच बताने में ही लगा दिया है। [You have spent all your time in describing that dance.]

श्री श्री चन्द : मैं बता रहा हूं कि स्कूलों में किस तरह की education दी जा रही है।

अध्यक्ष महोदय : आप एक सरकरदा मैम्बर हैं और आप ने पांच मिन्ट घुंघरु बताने में लगा दिये हैं। वैसे तो मैं समझता हूं कि यह आप की शान के शायां नहीं है। (You are a leading member of the Opposition and you have taken five minutes in describing "ghungroo" dance. Strictly speaking

[अध्यक्ष महोदय]
my feeling is that such a description does not become you.]

श्री श्री चन्द : साहिबे सदर ! अगर मैं अपनी speech में irrelevant हूं तो मैं और कुछ नहीं कहूँगा और अगर मैं relevant हूँ तो आप मुझे बोलने के लिये और time दें।

मैं अर्ज़ कर रहा था कि वह गालब का शेयर गा रही थी और वह शेयर था:-

हम को उन से वफ़ा की है उम्मीद।
जो नहीं जानते वफ़ा क्या है ॥

यह है पढ़ाई जो वहां हो रही थी। इसी तरह सारे model स्कूलों में पढ़ाई होती है। यह इन के model स्कूलों की तालीम है और फिर यह कहते हैं कि हम education फैला रहे हैं। आप के यह स्कूल और कालिज सिवाए बेकारी पैदा करने के अड्डों के और कुछ नहीं हैं यहां कालिजों में से हर साल लाखों की तादाद में जो बच्चे पढ़ कर निकल रहे हैं उन को क्या कोई काम मिल जाना है। क्या यह England है जहां उन्हें काम मिल जाएगा। अंग्रेज़ के पास तो colonies थीं वह तो इन्हें नौकरियां दे सकता था। यह उन्हें कहां ले जाएंगे ? लेकिन फ़ुरसत नहीं, भाग दौड़ हमारे वज़ीर साहिब को तो bye-elections से ही करनी पड़ती है, कभी इधर तो कभी उधर। तो स्कीम कैसे बनाएं ? पटियाले की election हो तो वह इन की ज़िम्मेदारी होती है, गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की elections हों तो इन का ही इन्तज़ाम होता है, भागे फिरते हैं। इन्हें फ़ुरसत कहां कि यह देख सकें कि तालीम कैसी दी जा रही है बच्चों को। यह तालीम नहीं चल सकती।

फिर कहते हैं हमने employment दे दी है। कैसे ? Teachers के लिये Basic Schools बनाकर, teachers तैयार करते हैं। बच्चों को teacher बनाएं......

अध्यक्ष महोदय : आप का time खत्म हो गया है। (Your time is over.)

श्री श्री चन्द : अच्छा जी, आयंदा सोच कर बोला करेंगे।

अध्यक्ष महोदय : आपने पहले ही कौन सा time को बड़े अच्छे ढंग से इस्तेमाल किया है। [You have not, I feel, utilised your time properly.]

श्री श्री चन्द : मेरा ख्याल है कि जब तक वक्त के मुतअल्लिक parties agree न करें rules of procedure के मुताबिक मुझे बोलने से रोका नहीं जा सकता।

अध्यक्ष महोदय : मेरे ख्याल में आप relevant नहीं थे। [I am of the view that you were not relevant.]

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of order, Sir. स्पीकर साहिब मैं आप की ruling चाहता हूँ कि चौधरी साहिब की तकरीर का कौन सा हिस्सा irrelevant था ? आप इस point पर ruling दें ताकि औरों की guidance हो।

अध्यक्ष महोदय : इनकी तकरीर का वह हिस्सा irrelvant था जिस में बहन सीता देवी जी के कद का हवाला दे कर 5 मिनट घूघरूओं का नक्शा बांधने में लगाए गए।

[That portion of his speech wherein he made a reference to Shrimati Sita Devi and spent five minutes in describing the scene was, irrelevant.]

पंडित श्री राम शर्मा : इस में क्या irrelevant था ?

Mr. Speaker : No more discussion on this point, please.

श्री श्री चन्द : मैं तो इनकी Education के मुतअल्लिक......

अध्यक्ष महोदय : लेकिन आपने तो बजाए Education policy discuss करने के 10 मिनट घूंघरूओं के ब्यान पर ही सर्फ किए । (You took about ten minutes to describe the ghungroo scene instead of discussing the Education policy.)

पंडित श्री राम शर्मा : मगर यह कहां लिखा है कि यह 11 मिनट तक घूंघरूओं का ज़िक्र नहीं कर सकते ।

श्री श्री चन्द : तो जो आप चाहें, अगर हम वह बोला करें तो relevant होगा। आज Education की demand पर बहस है तो मैं कह रहा था कि जैसी यह तालीम दे रहे हैं उस का कोई फायदा नहीं। अगर यह relevant नहीं तो relevant क्या होगा ? अभी तो मैंने घूंघरूओं का ही ज़िक्र किया मैं ने तो lipstick और कपड़ों के फैशन का भी ज़िक्र करना था।

अध्यक्ष महोदय : क्या हो गया है आज आपको ? आप मुआफ करें मैं इस बात पर और बहस की इजाज़त नहीं दे सकता । [What is the matter. I am sorry I cannot permit any further discussion on this topic.]

श्री राम किशन (जालन्धर शहर–उत्तर पश्चिमी) : अध्यक्ष महोदय, मैंने Education grant के मुताल्लिक Treasury Benches और Opposition दोनों की तकरीरें ध्यान से सुनी हैं। स्पीकर साहिब, इस बात में कोई शक नहीं कि पिछले 5 साल में हमने शिक्षा के सम्बन्ध में काफी तरक्की की है। इस तरक्की का अन्दाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि जितना खर्च 1950-51 में शिक्षा पर किया जाता था आज 5 साल बाद इस पर उस से 240 फीसदी ज़्यादा खर्च किया जा रहा है। स्पीकर साहिब, Government of India की report के मुताबिक सारे हिन्दुस्तान में 210112 Primary Schools हैं और इन में पंजाब राज्य के अन्दर 10000 स्कूल हैं, गोया सारे हिन्दोस्तान में हर 21 Primary Schools में से एक इस राज्य में है। और आप यह जानते हैं कि आबादी के नुक्तानिगाह से 'A' class States में पंजाब, आसाम को छोड़ कर सब राज्यों से छोटा है। इसी तरह 'A' class States में रक्बे के लिहाज़ से West Bengal को छोड़ कर सब से छोटा है जहां तक Basic Education का ताल्लुक है इस वक्त सारे हिन्दुस्तान में 2016 ऐसे स्कूल हैं और सारे हिन्दुस्तान में हर 7 ऐसे स्कूलों में से एक पंजाब में है।

फिर Opposition के कुछ दोस्तों ने कहा कि पंजाब के अन्दर Education पर कम खर्च किया जा रहा है। उन्हों ने 1948-49 के अदादोशुमार पेश किए लेकिन इन 5, 6 सालों में दुनियां बदल गई है, पंजाब बदल गया है। आज जो खर्च हो रहा है उस की तरफ तवज्जुह नहीं दी गई। Government of India, Ministry of Education ने हाल ही में अदादो-शुमार शाया किए हैं। उनसे पता चलता है कि पंजाब सारे हिन्दुस्तान में सारी States में खाह वे 'A' class, 'B' class या 'C' class हों, Education पर per capita खर्च के लिहाज़ से तीसरे दर्जे पर है दिल्ली और बम्बई के बाद पंजाब का नम्बर आता है। दिल्ली में Education पर per capita खर्च 8.6 रु० है, बम्बई में 5 4 और पंजाब में 3.7

[श्री राम किशन]

रु० per capita है। बाकी जितने राज्य हैं वहां कहीं 2.9 तो कहीं .87 हैं। सिर्फ यही नहीं पिछले 5,6 साल में अगर अंदाज़ा लगाया जाए तो पंजाब राज्य में करीब दो लाख नए बच्चे बच्चियां स्कूलों में दाखिल हुई हैं और इसी तरह इन सालों में secondary schools में 1,23,000 बच्चों की तादाद बढ़ी है। यही नहीं अगर सारे हिन्दोस्तान में literacy के अदादोशुमार देखें तो पता चलता है कि सारे हिन्दोस्तान में 16. 6 percent literacy है। जहां तक school going बच्चों का ताल्लुक है जिनकी उमर 6 से 11 साल तक की है, हमारा पंजाब राज्य चौथे दर्जे पर है। इन में 24 से 27 percent literacy चल रही है अगर इस में से 5 साल की उमर के बच्चों को निकाल दें और दूसरों की literacy percentage देखें तो यह 48-49 है। कहा गया कि सरकार Education पर कहां खर्च कर रही है? अगर अदादोशुमार देखे जाएं तो जहां तक Primary Education का ताल्लुक है, आज per pupil expenditure, हर pupil की education पर 64.6 रुपए खर्च हो रहा है। अगर इस का मुकाबला हिन्दुस्तान के दूसरे सूबों के खर्च से करें तो अदादोशुमार देखने से पता चलता है कि पंजाब चौथे दर्जे का राज्य है।

जहां तक Primary Education का सम्बन्ध है यह पंजाब देश में चौथे दर्जे पर है। Primary Education पर सब से ज़्यादा खर्च Southern India में होता है। वहां पर यह खर्च 35 रु० 7 आने per capita है, Western India में 23 रु० 2 आने, Central India में 22 रु० 2 आने और Northern India में जिस में हमारा सूबा पंजाब आता है 13रु० 3 आने per capita खर्च आते हैं तो इस लिहाज़ से यह सूबा चौथे दर्जे पर आता है।

स्पीकर साहिब यहां ही बस नहीं। मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि पंजाब राज्य में जो तालीम की हालत है। देश में जो तालीम की हालत है हम एक Socialistic Pattern of Society बनाना चाहते हैं। हमें एक new social order बनाना है इस लिए हमें इस बात का ख्याल रखना है कि देश में और हमारे सूबे में ज़्यादा से ज़्यादा तालीम हो। तालीम भी ऐसी हो जिससे हम देश को आगे ले जाने में सफल हो सकें। हमें लार्ड मेकाले वाली तालीम नहीं चाहिए। हमारी तालीम वह नहीं होनी चाहिए जो British Regime में थी। हमारी शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जो देश का शानदार भविष्य चित्र सके। देश के अन्दर और राज्य की स्कीमों के बारे में जो बजट पेश किया गया है वह ऐसी शिक्षा को आगे ले जाने वाला है।

इसके बाद, स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि multipurposes schools हैं, Basic Education है इन के बारे में कांग्रेस ने पास किया था कि आइन्दा 10 साल के अन्दर अन्दर सारे देश में कोई भी स्टेट ऐसी नहीं रह जाएगी जहां पर Basic Education न चल रही होगी। लेकिन आज पंजाब के अन्दर 15 हज़ार Students के पीछे एक Student Basic तालीम हासिल कर रहा है। मैं इस के बारे में मन्त्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हूं। आज हम ने स्वराज्य की शक्ल बदलनी है। वा, भारत को तामीर करना है। नये पंजाब को तामीर करना है इस लिए हमें Basic Education की तरफ ज़्यादा से ज़्यादा तवज्जुह देनी चाहिए।

स्पीकर साहिब जहां तक दूसरी तालीम का ताल्लुक है मैं ने Primary Education

का ज़िक्र किया है । स्पीकर साहिब, हमारे राज्य के अन्दर जहां तक Higher Secondary Matriculation और Secondary तालीम का सम्बन्ध है सारे देश के अन्दर Travancore Cochin को छोड़ कर पंजाब का राज्य ही ऐसा सूबा है जो एक लाख की आबादी के पीछे सब से ज़्यादा लड़के matric के लिए भेजता है । इस के नतीजे बुरे या अच्छे हो सकते हैं परन्तु यह ज़रूर पता चलता है कि पंजाब सब से ज़्यादा बच्चे matric के लिए भेजता है ।

एक लाख की आबादी के पीछे Madhya Bharat के अन्दर 14, Rajasthan में 16, Madhya Pardesh के अन्दर 22, Saurashtra में 28, Mysore में 52, Bombay में 55, Delhi में 59, Pepsu में 127, और Punjab के अन्दर 145, लड़के matric के लिए भेजे जाते हैं । इस से पता चलता है कि पंजाब राज्य के अन्दर Higher Secondary शिक्षा की क्या हालत है ।

स्पीकर साहिब, जहां तक Graduates का सम्बन्ध है दिल्ली को छोड़ कर आप Part A States को ले लें । आप Part B और C States को देखें । Centrally administered areas की हालत देखें तो पता चलेगा कि Graduation की तालीम की क्या हालत है । हाऊस यह सुन कर हैरान होगा कि एक लाख की आबादी के पीछे एक सूबे को छोड़ कर सब से ज़्यादा लड़के पंजाब के आते हैं । अगर आप इन figures को देखें तो इस बात का पता चलता है एक लाख की आबादी के पीछे Graduate students U. P. में 24, Punjab में 19, Bombay में 14, West Bengal में 10, Mysore में 10, Madras में 9, Madhya Pardesh में 6, Rajputana में 4 जाते है । तो इस तरह सारे देश में Graduate की तालीम में पंजाब दूसरे दर्जे पर है । लेकिन इस सिलसिले में स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ भी कर देना चाहता हूं कि हमारा पंजाब का राज्य केवल एक तरह की education के सिलसिले में पिछड़ा हुआ है । वह है Technical and Professional Education. इस लिहाज़ से हमारा राज्य बाकी सूबों के मुकाबले में बहुत पीछे है । देश की तरक्की का दारोमदार technical education पर है । इस सिलसिले में स्पीकर साहिब, मैं कुछ आंकड़े पेश करना चाहता हूं । यहां एक लाख का तो ज़िक्र ही नहीं । करोड़ की आबादी के पीछे जहां दिल्ली में 1897 students technical and professional education पाते हैं, West Bengal में 904, Bombay में 839, U. P. में 625, Madras में 519, Mysore में 455 students शिक्षा पाते हैं वहां पंजाब में केवल 437 । इस लिहाज़ से हमारा सूबा आठवें, नौवें नम्बर पर आता है । इस की तरफ तवज्जुह देने की ज़रूरत है ।

मैं जानता हूं कि multipurposes स्कूल खोले जा रहे हैं और इस तरह से technical education में कमी का सिलसिला बदलेगा । लेकिन फिर भी technical शिक्षा के लिए रुपए की provision करनी बहुत ज़रूरी है ।

स्पीकर साहिब, अब मैं इस सिलसिला में एक और बात कहना चाहता हूं वह यह है कि जहां तक हमारी Univeristy Education का ताल्लुक है Government of India की एक report में बताया गया है कि Indian University अपने Graduates के ऊपर 664 रुपए per student खर्च करती है । लेकिन जहां तक students का ताल्लुक है हाल ही में Delhi Univeristy में वहां के एक रसाले में आदादोशुमार दिए गए हैं कि एक Student primary education लेकर Higher education के लिए जाता है

[श्री राम किशन]

और Universty Education लेकर Graduate बनता है और market में आता है तो उस की सारी तालीम पर 9,500 रुपए खर्च आते हैं । देश के अन्दर, स्पीकर साहिब, वह 9½ हज़ार रुपया खर्च करने के बाद M. A. पास करने के बाद जाता है तो उसकी value 70, 75 या 100 रुपए से ज़्यादा नहीं पड़ती । हम ने इस हालत को बदलना है ।

फिर स्पीकर साहिब, मेरे पास Educated Unemployment in the Punjab के बारे में गवर्नमैंट के आदादोशुमार हैं । जहां दूसरी तालीम की तरफ सरकार ने खर्च किया है वहां educated unemployment का ज़िक्र नहीं किया है । इस की तरफ ध्यान नहीं दिया गया । सरकार की इस report के मुताबिक पंजाब में 5.9 per mile educated unemployment है । जो 1951 में आदादोशुमार लिए गए थे उनके मुताबिक पंजाब में 72440 के करीब educated unemployed थे । इस सारी चीज़ को किसी न किसी शकल में दूर करना ज़रूरी है । जहां तक पंजाब में educated unemployment दूर करने का सम्बन्ध है मैं आखिर में पांच सात suggestions देना चाहता हूं । और मुझे आशा है कि मन्त्री मण्डल इन suggestions पर गौर करेगा ।

इन हालात में पंजाब को बदलना है नया पंजाब बनाना है । नया समाज कायम करना है । इसके लिए हमें अपनी शिक्षा प्रणाली में revolutionary change लानी चाहिए । नहीं तो यह सिलसिला बदलने वाला नहीं ।

पहली बात यह करनी चाहिए कि मन्त्री मण्डल के पास जो report Secondary Education Commission ने भेजे है वह यही है और Education Ministers की Conference में यह तै हुआ था कि स्कूल खोले जाएं वह किस तरह से चल सकते हैं । कालिजों में किस तरह की education हो । इसके बारे में मैं यह suggest करना चाहता हूँ कि हमें Secondary स्कूलों की शिक्षा में Gandhian way of life and philosophy दाखिल करनी चाहिए । शिक्षा के लिए यही एक रास्ता है जिस से हम आने वाली generations को ऊंचा उठा सकते हैं । क्योंकि आने वाली generations ने ही Administrator और देश के संचालिक बनना है । यही एक रास्ता है जिससे हम अपने देश को संसार के सामने लाना चाहते हैं । स्पीकर साहिब, दूसरी बात इस सम्बन्ध में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि मशहूर proverb है कि-

Battle of Waterloo was won on the play grounds of Eton and Harrow

इस बात को मद्दे नज़र रखते हुए हमें पंजाब के कालिजों और स्कूलों के अन्दर patriotism का जज़बा पैदा करने की ज़रूरत है । हमें एक classless Society और Socialistic Society कायम करनी है । जब तक patriotism और nationalism की बुनियादें मज़बूत न होंगी तो बच्चों और बच्चियों में जिन्होंने मां और बाप बनना है उत्साह उत्पन्न नहीं होगा ।

गवर्नमैंट ने पिछले साल गवर्नमैंट कालिज के Lecturers और स्कूलों के teachers की तनखाहें बढ़ाई लेकिन पंजाब में 47 कालिज ऐसे हैं जो private instiutions हैं और वे राज्य में ज़्यादा से ज़्यादा तालीम के काम को पूरा कर रहे हैं । इन कालिजों के प्रोफैसरों और

Teachers की तनखाहों की तरफ, security of service की तरफ कोई तवज्जुह नहीं दी जा रही। स्कूलों और कालिजों के लिये grants का जो 12 लाख रुपया रखा गया है इस बारे में मैं अर्ज़ करूंगा कि पिछले दिनों जब University Education Amendment Bill पेश हुआ था उस वक्त स्पीकर साहिब, आप ने assurance दी थी कि हाऊस में एक comprehensive Bill गवर्नमैंट की तरफ से पेश किया जायेगा लेकिन मैं नहीं जानता कि वह कब आयेगा। स्पीकर साहिब ! मैं आप की बिसातत से मंत्री मण्डल से कहूँगा कि जो ग्रांट वे दे रहे हैं उस में teachers के status को ऊंचा करने के लिये कोशिश की जाये। Teachers nation के builders हैं जिन का status ऊंचा करने के लिए Secondary Education Committee report में जिक्र किया गया है--गवर्नमैंट की अपनी हाल ही की रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, University Commission की रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, Radha Erishnan Committee की report में जिक्र किया गया है, Narindre Dev Committee की रिपोर्ट में जिक्र किया गया है। गवर्नमैंट को इसकी तरफ तवज्जुह देनी चाहिए। इस के अलावा मैं गवर्नमैंट का शुक्रिया अदा करता हूँ कि उन्होंने जालंधर में Sangeet Academy को ग्रांट दी है। यह institution बड़ी पुरानी इतिहासिक institution है जहां आज से 2000 वर्ष पहले इस जगह पर महाराजा ने झंडा लहराया था। इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूँ कि वहां यूनिवर्सिटी को Sangeet Academy कायम करनी चाहिए। Physical Education के सिलसिले में कुछ Physical Instructors हाल ही में Europe, Denmark का दौरा करके आये हैं और उन्हों ने गवर्नमैंट को अपनी रिपोर्ट submit की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक Uni ersity Act में amendment की जानी चाहिये। जहां तक Social Education का ताल्लुक है, स्पीकर साहिब, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ कि इस बारे में कुछ स्कीमें तैयार हो चुकी हैं और उन पर गौर किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द Social Education इस प्रांत में जारी की जा सके। हमारे सामने Education के मुतअल्लिक बहुत सी मिसालें मौजूद हैं यानी Literacy Campaign in Russia, Literary improvement in Canada, Cultural mission in Mexico, High Schools in Denmark, Village Colleges in England. Basic Education के सिलसिले में मैं कहना चाहता हूँ कि इस के मुतअल्लिक जितना literature है उसका हर student और हर teacher को मुतालिया करना चाहिए ताकि इसको पंजाब में रायज किया जाए। मैं आशा करता हूँ कि अगर हमारी गवर्नमैंट ने इन सब बातों की तरफ तवज्जुह दी तो हमारा राज्य प्रफुल्लित होगा।

मुख्य मन्त्री (श्री भीम सेन सच्चर) : स्पीकर साहिब ! मुझे पहले हाऊस से मुआफी चाहनी है कि मैं उन का वक्त लेने लगा हूँ मगर जहां बहस के दौरान में दो एक बातें ऐसी हुई हैं जिस के मुतअल्लिक मैं समझता हूँ कि मुझे ज़रूर कुछ कहना चाहिये। एक ममला जिस के मुतअल्लिक बहुत ज़ोर से जिक्र किया गया है वह यह है कि पंजाब गवर्नमैंट ने 1949 से जो हल ज़बान के सवाल का मन्ज़ूर किया है उस पर पूरी तरह से अमल नहीं हो रहा है और इस वजह से लोगों को मौका मिलता है बहुत कुछ प्रापेगंडा करने का और गलतफहमी पैदा करने का। मैं शुरू करना चाहता हूँ इस इत्तलाह से जो कि मेरे पास है और जो मुझे हाल ही में यानी 18 मार्च, 1955 को Director of Public Instruction कि तरफ से मिली है। यह चन्द दिन की

[मुख्य मन्त्री]

इत्तलाह है जिस में उन्हों ने यह लिखा है कि :—

The latest information received from Inspectors and Inspectresses of Schools indicates that terms of the Language Formula regarding the teaching of Hindi and Punjabi are being followed in all the recognised Schools in the State.

यह इलफाज़ काबिले जिक्र हैं —

'in all the recognised schools in the State' यह मेरा stand, है।

ਸਰਦਾਰ ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਇਹ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲੇ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਹਿੰਦੀ ਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਚੌਥੀ ਜਮਾਤ ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ ਦਸਵੀਂ ਜਮਾਤ ਤਕ compulsory ਪੜ੍ਹਨੀ ਪਏਗੀ, ਜੇ ਪੜ੍ਹਨੀ ਪਏਗੀ ਤਾਂ ਕੀ ਹਿੰਦੀ ਤੇ ਪੰਜਾਬੀ recognised schools ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਜਮਾਤਾਂ ਵਿਚ ਪੜ੍ਹਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ?

मुख्य मन्त्री : मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि मेरे पास जो इतलाह आई है और जो जत्थेदार मोहन सिंह ने सवाल खड़ा किया है वह मुख्तलिफ किस्म की गलतफहमी को पैदा करता है। अगर इस formula को सारे अपने सामने रखें और इस formula को देखें कि वह formula क्या कहता है तो उस में कोइ गलतफहमी की गुंजाईश नहीं हो सकती। मैं मुनासिब समझता हूँ आज जब कि प्रदेश में यह ज़बान का सवाल बहुत झगड़े का मौज़ू बन गया है तो मैं आप की इजाजत से ज़रा हाऊस को याद दिला दूं कि वह formula है क्या ?

अगर हम इस formula को सामने रखें तो हम देखेंगे कि यह जो शक मेरे फाज़िल दोस्त को हुआ है, इस का formula में गुंजायश ही नहीं है। ज़बान के लिहाज़ से गवर्नमेंट ने यह तै किया है कि प्रांत का एक हिस्सा Punjabi speaking region है और एक हिस्सा Hindi speaking है। अब इस का मतलब क्या है। कहने वाले कहते हैं कि सूबा की नई तकसीम की बुनियाद रख दी गई है क्योंकि उन्होंने इस formula का मतलब ही नहीं समझा। इस की तकसीम का मतलब यह है कि Punjabi-speaking region में बगैर किसी के कहने के लाज़िमी तौर पर ज़रिया तालिम (medium of instruction) पहली जमात से ले कर दसवीं जमात तक बराबर पंजाबी होगा। Hindi region का यह मतलब है कि वहां के स्कूलों में पहली जमाअत से ले कर दसवीं जमाअत तक बगैर किसी के कहे के ज़रिया तालीम हिन्दी है। अब इस के साथ एक दो चीजें और समझनी चाहिएं।

गवनमेंट ने यह महसूस किया कि पंजाब के अन्दर लोगों को एक दूसरे से मिलने और खतोकिताबत करने के रास्ते में जा रुकावटें हैं दूर होनी चाहिएं और मुलाजिमों की तबदीलियों, लोगों की दरखास्तों को सुनने और dispose of करने में कोई दिक्कतें पेश नहीं आनी चाहिएं। इस लिए गवर्नमेंट ने यह फैसला किया कि जहां medium of instruction पंजाबी हो, वहां के स्कूलों में हिन्दी भी लाज़िमी तौर पर पढ़ाई जाए। आप जानते हैं कि पंजाबी speaking region में कौन से जिले हैं। इस का यह मतलब नहीं कि पंजाबी सिर्फ इन्हीं ज़िलों में लाज़िमी तौर पर पढ़नी पढ़ती है बल्कि Hindi speaking region में भी हर तालिबइल्म के लिए, हर पंजाबी बच्चे के लिए पंजाबी पढ़ना लाज़मी है (cheers) यह एक लाज़िमी और बुनियादी चीज़ है। तकसीम या ऐसी और कोई बात नहीं हुई। सिर्फ इस बात का फैसला किया गया है कि किसी region की कौन सी

regional language है। इस का मतलब यह है कि Punjabi-speaking region में हर स्कूल को लाज़िमी तौर पर medium of instruction पहली जमात से ही पंजाबी रखने का इन्तज़ाम करना होगा खाह दो लड़के इस की मांग करें या एक लड़का। यही बात Hindi speaking region के स्कूलों पर apply होता है।

Punjabi-speaking region में medium of instruction पंजाबी होने की वजह से हर स्कूल को पंजाबी में पढ़ाने के लिए इन्तज़ाम करना जरूरी है मगर इस region में अगर ऐसे लड़के हों जो यह कहें कि हमारी मातृभाषा हिंदी है, तो उन के guardian की बात को बगैर किसी हुज्जत के तसलीम करना है। उन्हें यह नहीं कहना "तुम्हारी मातृ भाषा हिन्दी नहीं है, इस बच्चे को कहो कि हिंदी बोले, यह बोल ही नहीं सकता, बोलता तो पंजाबी है।" ऐसे सवाल किसी बच्चे के guardian से नहीं किए जा सकते। अगर उस का guardian कहता है कि इस की ज़बान हिन्दी है, तो पहली से ले कर दसवीं तक हिन्दी ही उस के लिए medium of instruction रहेगी। इस तरह Hindi speaking region में उस बच्चों को जिस का guardian कहे कि इस की ज़बान पंजाबी है पहली से ले कर दसवीं तक Punjabi me ium में तालीम दी जाएगी। साथ ही ऐसे बच्चों को दूसरी जबान भी लाज़िमी तौर पर सीखनी पड़ेगी। (Hear, hear) एक और छोटी सी बात भी है। शरत यह है कि एक जमात में कम से कम 10 लड़के या सारे स्कूल में 40 लड़के ज़रूर हों जो दूसरी ज़बान में तालीम लेना चाहते हों इस फैसले पर अकाली पार्टी के उन नुमायंदगान के दस्तखत हैं जो खास तौर पर अलहदगी पर जोर देते हैं। ज्ञानी करतार सिंह के इस पर दस्तखत मौजूद हैं, उस movement के leader को जिसे R. S. S. कहा जाता है और जिन के मुतल्लिक तरह तरह की बातें की जाती है तै दस्तखत भी हैं।

इस सारे सिलसिले को लोगों की approval से किया गया था। All India Congress की Working Committee ने उस स्कूल में जिस में दो जबानें बोलने वाले लड़के हों एक जमात में कम से कम 15 लड़के होने की सूरत में दूसरी ज़बान को medium of instruction बनाने का मशवरा दिया मगर हम ने उन की तादाद को एक जमात के लिए 10 और सारे स्कूल के लिए 40 मुकर्रर किया। अगर किसी जगह ऐसे स्कूल हैं जिन में एक जमात में 10 या सारे स्कूल में 40 लड़के किसी ज़बान को पढ़ने वाले नहीं मिलते, तो उस से पता लगता है कि वहां के लोगों को उस ज़बान से कितना प्यार है। सब स्कूलों को दोनों ज़बानों में तालीम देने के लिए इन्तज़ाम करने पर मजबूर करने से पहले खर्च का अन्दाज़ा लगाया जाना चाहिए। अगर कोई स्कूल ऐसा इन्तज़ाम करना चाहे तो कोई ममानत नहीं है, कोई स्कूल एक लड़के के लिए ऐसा प्रबन्ध करना चाहे तो बड़े शौक से करे।

पंजाबी region में कोई लड़का या लड़की अपनी तालीम के लिए हिन्दी के medium को पसन्द कर ले तो दसवीं जमात तक उसके लिए medium of instruction हिन्दी ही रहेगा।

पंजाबी speaking region में जब students secondary में जाएं तो वहां यह होना चाहिये कि 1/3 of the students इस के हक में हों या पढ़ने वाले हों। अगर यह बात नहीं है तो इस फारमूले के मुखालिफ नुक्ता निगाह को सामने रख कर भी हर point को सुलझाने की कोशिश की गई है। उस student को यह नहीं कहा जा सकता कि नहीं

[मुख्य मन्त्री]
साहिब आप को पंजाबी में ही जवाब देना होगा। वह कहता है कि जनाब मैं ने तो सीखी नहीं पढ़ी नहीं है क्या कर सकता हूँ। तो उस हालत में उस student को दो साल तक मजबूर नहीं किया जा सकता कि उस का medium पंजाबी हो जाए। उस को सीखने और पढ़ने के लिए दो साल दिए जाते हैं फिर वह अपना medium of instruction बदल सकता है। जो कुछ मैंने पंजाबी speaking region के बारे में कहा है वही Hindi speaking region के बारे में है। तात्पर्य यह है कि हरेक बच्चे को यह इजाज़त है कि अपना medium of instruction स्वयं चुन ले पहली जमात से ही। दूसरी बात यह है कि और लाज़मी है कि हर पंजाबी को जो इन स्कूलों में पढ़ता है दोनों जबानें आनी चाहिएं। यह नहीं हो सकता कि किसी अधिकारी के पास कोई दरखास्त पंजाबी में आ जाए या हिन्दी में आ जाए तो वह यह कहे कि मैं पंजाबी नहीं जानता या हिन्दी नहीं जानता। लड़कियों के लिए दूसरी ज़बान पढ़नी लाज़मी है। प्राइमरी की आखिर की जमात—पहले चौथी थी अब पांचवीं कर दी गई है—से ही पढ़नी होगी। जो लड़की हिन्दी शुरु करती है उस को पांचवीं से पंजाबी पढ़नी लाज़मी होगी और बराबर दसवीं जमात तक पढ़नी होगी। जो पंजाबी speaking area में रहता है उस को हिन्दी लाज़मी पढ़नी होगी और हिन्दी speaking area वाले को पंजाबी लाज़मी पढ़नी होगी। हर पंजाबी को दोनों ज़बानें लाज़मी तौर पर आनी चाहियें। तो मैं समझ नहीं सकता कि किस बात के लिए इतना तूफान खड़ा किया जा रहा है? कहते हैं कि ज़बान का सवाल है। क्या सवाल हो गया है? अगर आप गौर से देखें तो सिर्फ यह बात है कि हिन्दी की जो लिपि है उसको सीखें या न सीखें उसी तरह पंजाबी की लिपि कोई सीखे या न सीखे। देवनागरी लिपि के बारे में अगर मुझ से पूछें तो मैं इस के लिए किसी किस्म का प्रयत्न नहीं करना चाहता। हिन्दी (देवनागरी लिपि) उन को मजबूरन पढ़ना पढ़ेगा अगर न पढ़ेंगे तो पीछे रह जाएंगे। श्री श्री चन्द ने कहा है कि अंग्रेजी को preference दी जाती है। ठीक है इस को अंग्रेजी हुकूमत ने माना था इस लिये हमें यह पढ़नी पड़ी। दफ्तरों में सब अंग्रेज़ी थी और अभी है। मैं तो इसी लिये कहता हूँ कि जो लोग हिन्दी पढ़ते हैं वे हम पर अहसान नहीं करते वे अपने फायदे के लिये पढ़ते हैं। अगर न पढ़ेंगे तो पीछे रह जाएंगे यह राष्ट्र भाषा मानी गई है। अगर उनको French पढ़ने से गुरेज़ नहीं है, latin पढ़ने से गुरेज़ नहीं है तो हिन्दी पढ़ने से उनको क्यों गुरेज़ होना चाहिये? जो लोग पंजाब के अन्दर रहते हैं और यहां कि गवर्नमेंट ने माना है कि पंजाबी उन की ज़बान है जिस की लिपि गुरमुखी है। यह बात लोगों ने भी मानी है तो दूसरों का इस बात में क्या एतराज़ होना चाहिये? न सही किसी और चीज़ के लिये, उन का दिल रखने के लिये जिन को आप अपना साथी कहते हो जिन की आबादी 30 से 35 फीसदी है अगर वे लोग गुरमुखी लिपि को मानते हैं तो आप को मानने में क्या एतराज़ है। क्या गज़ब हो जाएगा? कौनसा पहाड़ टूट पड़ेगा? अगर किसी आदमी को वह लिपि सीखनी पड़ जाये जो कि देवनागरी लिपि वाले को 2 घण्टों में आ जाती है। लोग तूफान खड़ा करते हैं नारे लगाते हैं। मैं ने उस दिन भी एलान किया था आज फिर करना चाहता हूं कि आप चाहे बुरा कहें चाहे इसको dictatorial एलान समझें, मैं पंजाब के अन्दर ऐसे slogans लगाने की इजाज़त नहीं दूंगा जो कि हिन्दुओं और सिखों के ताल्लुकात को खराब करने वाले हों। मैं हरगिज़ बरदाश्त नहीं करूंगा। मैं ने हुक्म दे दिया है कि किसी

किस्म के slogan नहीं लगेंगे। इस के माने क्या हैं कि पंजाब के अन्दर वे आग लगा दें और किस तरह आग लगाएंगे वहां गुंजाइश ही नहीं है आग लगाने की। कोई वजह नहीं है जिस पर झगड़े खड़े किये जाएं और फसाद खड़े किए जाएं। Formula में साफ तोर पर लिखा हुआ है कि—

"English and Urdu will for the present continue as official and court languages. These will be replaced progressively by Hindi and Punjabi in the light of the principles laid down in the Resolution adopted by the Working Committee of the All India Congress at its meeting held on the 5th August, 1949......"

स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हुँ कि अगर Indian National Congress की Executive लोगों की सही तर्जमानी नहीं करती तो और कौन कर सकता है ? अगर कोई आदमी कहे कि मैं पंजाब के हालात को देख कर लोगों के ख्यालात की तर्जमानी करता हूं तो मैं इस बात को मानने से इनकार करता हूं। मेरी जगह बहुत मज़बूत है। यह फैसला Working Committee के Resolution के मुताबिक इस चीज़ को ऐसा किया गया है। पंजाबी की position पंजाब के अन्दर वही होनी चाहिये जो कि किसी सूबे के अन्दर उस की अपनी language की होनी चाहिये। पंजाबी speaking Province वही होता है जहां पर पंजाबी पढ़ाई जाए, पंजाबी बोली जाए वह हम सब कुछ कर रहे हैं। हमारा Province Punjabi speaking Province ही तो है। यह कहना इधर से उधर कर दो। यहां पंजाबी बोली नहीं जाती या पढ़ाई नहीं जाती यह महज़ ढुन्चर है। हां अगर कोई और बहाना हो तो मैं नहीं कह सकता। फिर भी मैं उन से कहूँगा कि पंजाबी के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाने की कोशिश न करें। पंजाबी किसी खास जमात की जबान नहीं है। बल्कि हर पंजाबी की ज़बान है। मैं हरेक भाई से यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि एक तरफ अकाली हैं दूसरी तरफ Non-Akalies, Nationalist Sikhs, Hindus, ईसाई और मुस्लिम हैं। इन सब को unite हो कर अकालियों को challenge करना चाहिये कि पंजाबी के दावेदार आप ही नहीं हैं बल्कि हम भी पंजाबी बोलते हैं। और पंजाबी के बहीख़ाह हैं। और हम सब कुछ पंजाबी के लिये करने को तैयार हैं। मैं बहुत मज़बूत चट्टान पर खड़ा हूँ। Opposition वाले भाई अगर कहें कि साहिब यह बात नहीं है तो मैं उन को दावत देता हूँ— Official Opposition तो नहीं है लेकिन जो साहिबान Opposition के बैंचों पर बैठते हैं उन से ज़रूर कहूंगा कि एक कमेटी बना लो 2,4 या ज़्यादा मैम्बर हों तो मुझे एतराज़ नहीं है। मैं उस कमेटी के सामने तमाम material रखने को तैयार हूँ ताकि मेरे भाइयों की तसल्ली हो जाए। वे देखें कि क्या जो Punjabi Speaking Formula है उसको हम आगे ले जा रहे हैं कि नहीं उस पर अमल हो रहा है कि नहीं। उस Committee की रिपोर्ट हम हाउस के सामने लाएंगे। अगर हम उस formula के मुताबिक अमल नहीं कर रहे तो हम कसूरवार हैं।

अगर कोई ऐसी चीज़ें हैं तो आप आएं, अपने मामलात को सामने रखें बजाए इसके कि आप गलतफहमियां पैदा करते जायें और सुबे के intelligentia को cloud करें?

इस के अलावा मैं एक और चीज़ आप से कहना चाहता हूँ.........

श्री बाबू दयाल: इन के बोलने के लिये कोई time limit भी हैं या नहीं ?

ਸਰਦਾਰ ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਚੀਫ਼ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਅੱਗੇ ਬੇਨਤੀ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੋ ਕੁਝ ਫਰਮਾਇਆ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਜ਼ਰਾ ਹੋਰ ਸਪਸ਼ਟ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਅਗਲੀ ਚੀਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸਾਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਕਮੇਟੀ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਲਈ ਜਾਵੇ-ਔਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਲੋਂ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਇਹ ਵੇਖੇ ਕਿ ਆਇਆ ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲੇ ਅਨੁਸਾਰ ਪੰਜਾਬੀ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਪੜ੍ਹਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਇਹ ਪਤਾ ਕਰੇ ਕਿ ਆਇਆ ਇਸ ਫਾਰਮੂਲੇ ਦੀ ਸਪਿਰਟ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਮਝਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਲਈ ਤੁਸੀਂ ਇਹ offer ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ opposition ਵਲੋਂ ਇਕ ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਆਦਮੀਆਂ ਦੀ ਕਮੇਟੀ ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਜਿਹੜੀ.........

मुख्य मन्त्रीः मैं अर्ज़ करूं कि शायद मेरे फाज़िल दोस्त को गलती इस बात की है कि जो unaided स्कूल हैं.........

ਸਰਦਾਰ ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ : Recognised ਸਕੂਲ। ਉਸ ਵਿਚ aided ਤੇ unaided ਦੋਵਾਂ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਕੂਲ ਆ ਜਾਂਦੇ ਹਨ..........

मुख्य मन्त्रीः फिर भी मैं.........

ਸਰਦਾਰ ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ : ਪਰ ਇਹ ਕਮੇਟੀ ਤੁਸੀਂ ਖ਼ੁਦ ਹੀ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਦਿੰਦੇ।

मुख्य मन्त्रीः हमें इस तरह की कमेटी मुकर्रर करने की क्या ज़रूरत है ?.........

श्री श्री चन्दः On a point of order Sir, क्या सिवाए Education Minister के बाकी Minister साहिबान के लिये speech करने में कोई time limit मुकर्रर है या नहीं जो कि दूसरे मैम्बरों के लिये है ?.........

मुख्य मन्त्रीः Not for the leader of the House. तो मैं आप से अर्ज़ कर रहा था.........

अध्यक्ष महोदयः जब वे अच्छी बात करते हैं तो एतराज़ कैसा ? (Why should there be any objection when he is making a useful contribution.)

श्री श्री चन्दः जनाब, बातें तो सारे ही अच्छी करते हैं बुरी बात तो असैम्बली में कोई नहीं करता। मैं यह पूछना चाहता हूँ कि क्या यह time ले सकते है?

Mr. Speaker: हां टाईम ले सकते हैं। (yes, he can have time.)

मुख्य मन्त्रीः मैं अर्ज़ कर रहा था कि हमारे पास इस मामला में सारा material है। इस लिये हमारी तरफ से इस तरह की कोई कमेटी मुकर्रर करने की कोई ज़रूरत नहीं। हमारे D. P. I. है, हमारे Education Minister हैं हमें कमेटी मुकर्रर करने की क्या ज़रूरत है ?

मौलवी अब्दुल गनी डार : हमें कोई एतराज़ नहीं।

मुख्य मन्त्रीः अगर है तो बेशक आप दो, तीन, चार भाई आप में से चुन लीजिये और मुझे या Education Minister साहिब को बता दीजिये। हम आप को विश्वास दिलाते हैं कि हम सारा material आप के सामने रखेंगे। हमारे पास इस सिलसिला में सारी information है आप के सामने रखेंगे। उस के बाद हाऊस के सामने स्टेटमैंट (statement) देने को तैयार हैं। मैं इस की ज़रूरत इस लिये समझता हूँ क्योंकि यह लोग अपनी अपनी चालें चल रहे हैं और लोगों को तकलीफ़ में डाल रहे हैं। मैं उन्हें तकलीफ़ में नहीं पड़ने देना चाहता। इसीलिये भी और अपने असूल की बिना पर भी मैं एक और बात आप से करने वाला हूँ। मेरे फाज़िल दोस्त

श्री श्री चन्द जी ने ....(interruptions) मैं आप से अर्ज़ करता चाहता हूं कि जब मैं आया तो आप ने (श्री श्री चन्द की ओर इशारा करते हुए) कुछ कहा था । मुझे बताया गया था कि आप ने जो बड़े बड़े सख्त इलज़ामात लगाये थे । मुझे यह बताया गया कि यहां पर सरदार वज़ीर सिंह जी ने भी बहुत सख्त इलज़ामात लगाये और उसके बाद सरदार अजमेर सिंह जी ने भी कुछ संगीन इलज़ाम लगाये । वे सब ज़िम्मेदार मैम्बर हैं इस हाऊस के और मेरा ख्याल है कि वे इस चीज़ को भी जानते ही होंगे कि हाऊस में न होते हुये भी कोई defamatory statements वगैरा आसानी से नहीं की जा सकतीं । मगर बावजूद इस बात के शायद वे यह समझते हैं कि साहिब ! यह defamatory suit करने के लिये कहां जाएंगे या वह यह समझते हैं कि हम एक ऐसी मजबूत जगह पर बैठे हैं कि कोई भी बात करें , कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता । पर मैं आप से अर्ज़ करना चाहता हूं कि क्या आप यह समझते हैं कि हम इस चीज़ से डर गये ? या घबरा गये हैं हम इन चीज़ों से ? यह बात नहीं है हम इन चीज़ों से डरने या घबराने वाले नहीं हैं बल्कि मैं तो खुद आप को दावत देता हूं और वह यह है कि जिस तरह मैं ने आप से कहा कि आप तीन चार मैम्बरों को खुद एक कमेटी चुन लें इसी तरह मैं आप को दावत देता हूं offer पेश करता हूं कि आप तीन, चार, पांच मैम्बरान की, Opposition के मैम्बरान की एक और कमेटी बना लें और जो भी allegations जिस के खिलाफ आप के पास हो वह मुझे लिख कर दें, आप मेरे पास आएं, बहस करें और फैसला करें कि यहां पर कोई prima-facie case establish हो जाता है, allegations हैं, तो मैं उसी दम enquiry मुकर्रर करने को तैयार हूं चाहे वे मेरे खिलाफ़, सरदार उज्जल सिंह के खिलाफ़, Education Minister या किसी के भी खिलाफ़ हो ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : आप का यह एलान भी कबूल है ।

मुख्य मन्त्री: मैं आप से democracy के नाम पर, जमुहूरियत के नाम पर, मांग करता हूँ कि आप चीज़ों को उन के सही perspective में देखें । आज आप क्या देख रहे हैं ? हम बड़ी तेज़ी से अपनी जमुहूरियत को आगे ले जा रहे हैं । आप यह न भूलें कि इस चीज़ की कदर आप सुन रहे हैं और देख रहे हैं । दुनिया में आज हमारी जमुहूरियत की कदर है । अभी अभी मैं पाकिस्तान से आया दो दिन वहां पर रहा । दोस्तों के अन्दर गया, दूसरे लोगों के अन्दर गया । आप यह सुन कर खुश होंगे, स्पीकर साहिब, कि वहां पर लोग आप के सूबे की बहुत इज़्ज़त करते हैं आप के मुल्क की बड़ी प्रशंसा करते हैं इसलिये कि आप जमुहूरियत को आगे ले जा रहे हैं (cheers) वहां पर लोग आप की इज़्ज़त करते हैं इसलिये कि आप की एक stable government है । वह लोग तो आप को देख कर खुश हो रहे हैं क्योंकि आप बड़े तेज़ी के साथ तरक्की कर रहे हैं । इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि यह जो तरक्की है ....

पंडित श्री राम शर्मा: क्या यह relevant है भी (*interruptions*) ....

मुख्य मन्त्री: मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ .... (*interruptions*)

Sardar Chanan Singh Dhut. On a point of order, Sir. (*interruptions*)

अध्यक्ष महोदय: Order, Order. आप ऐसा मसला क्यों पैदा कर रहे हैं

[अध्यक्ष महोदय]
(Order, order, why are you creating this problem ?)

पंडित श्री राम शर्मा: मैं यह पूछना चाहता हूँ कि आप statement किस सवाल पर दे रहे हैं ? पाकिस्तान पर या ....

मुख्य मंत्री: मैं उन बातों का जवाब दे रहा हूं जो कि बहस के दौरान में कही गईं। मैं आप की खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूं .... (*interruptions-continued interruptions*)

अध्यक्ष महोदय: Order, order, मैं मैम्बर साहिबान से अर्ज़ करूंगा कि मैहरबानी करके interrupt न करें। अगर आप के पास कोई allegations हों तो आप उन को लिख कर दे दें। (Order, order. I would request the hon. Members not to interrupt like this. If they have any allegation to make they should give them in writing.)

मुख्य मंत्री: मैं अर्ज़ कर रहा था ....

श्री श्री चन्द: On a point of order, Sir यह जो मैं ने अर्ज किया था कि क्या चीफ मनिस्टर साहिब is relevant to discuss Pakistan on the demand relating to education तो मैं इस पर जनाब की रुलिंग चाहता हूँ।

अध्यक्ष महोदय: जैसा आप का "घुंघरू वाला" reference relevant था वैसे यह भी है (Laughter) (This is as relevant as your reference to the Ghunghroo dance.)

श्री श्री चन्द: वह तो स्कूलों के reference में कहा गया था लेकिन पाकिस्तान को यह किस बिना पर बीच में ला रहे हैं .....

अध्यक्ष महोदय: जैसा कि Education की demand के बीच "घुंघरुओं" को लाना relevant नहीं है वैसे ही अगर किसी खास point को support करने के लिये पाकिस्तान का जिक्र किया जाये तो यह भी irrelevant नहीं।

(Just as a reference to 'ghunghroos' is not relevant to the Demand relating to education, similarly in support of some particular point a reference to Pakistan is also not irrelevant.)

मुख्य मन्त्री: मेरा ख्याल है कि मेरे फ़ाज़िल दोस्त के पाकिस्तान के मुतअल्लिक कुछ ख्यालात ही ऐसे हैं कि वह उसका नाम ही नहीं सुनना चाहते। अगर वह पाकिस्तान का नाम नहीं सुनना चाहते तो मार्शल टीटो को ही सुनिए--वह क्या कहते हैं ?

श्री श्री चन्द: स्पीकर साहिब, मैं यह वाज़ह तौर पर बता देना चाहता हूँ कि जिस तरह से चीफ मनिस्टर साहिब ने इलज़ाम लगाया है, पाकिस्तान के बारे में मेरे कोई ऐसे वैसे खयालात नहीं हैं कि मैं उस का नाम भी नहीं सुनना चाहता। (*Interruptions*)

मुख्य मन्त्री: मैं आप की खिदमत में अर्ज़ कर रहा था कि मार्शल टीटो को ही ले लीजिये। वह भी आप की तारीफ करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और किया है। पर मैं यह समझता हूँ कि यह जितने भी अच्छे काम हैं भाखड़ा का, नंगल का, बिजली का और

दूसरी हज़ारों चीज़ें जिन की वजह से दूसरे लोगों और मुल्कों से हमें खराजे तहसीन मिल रहा है इन तमाम चीज़ों की मैं कौड़ी भर भी कीमत नहीं समझता अगर मेरा नाम और मेरे साथियों का नाम साफ नहीं। इसलिए मैं आप के इस challange को कबूल करता हूँ कि आप के पास जितना भी मवाद है, जितने भी इलज़ामात हैं वह मुझे तीन दिन के अन्दर अन्दर लिख कर दे दें। काम को लम्बा न करें। आप मेरे पास बैठ जाएं और बताएं कि आया किसी के खिलाफ़ कोई prima facie case बनता है या नहीं। मैं उस की inquiry के लिए अगर आप चाहें तो हाईकोर्ट का जज भी मुकर्रर करने को तैयार हूँ (cheers) आप जिस किसी का नाम लें मैं उसे मुकर्रर करने को तैयार हूँ (cheers) क्योंकि मैं जानता हूँ कि यहां पर बैठ कर अगर मैं अपने आप को रिश्वत के इलज़ाम से, कुन्बा परवरी के या और किसी तरह के इलज़ाम से साफ़ नहीं रख सकता तो मैं ईमानदारी के साथ यह मानने को तैयार हूँ कि मुझे यहां पर बैठने का कोई हक नहीं। और मैं ऐसी ज़िम्मेदारी लेने को तैयार नहीं। मैं ऐसी cabinet का head बन कर भी नहीं रह सकता जिस का दामन साफ न हो इसलिये मैं आप को यह कहना चाहता हूँ कि आप ले आएं जो जो भी इलज़ामात आप के पास हैं लेकिन साथ ही मैं यह कहे बिना नहीं रह सकता कि आप जमहूरियत के साथ खेलें ने, उस का मज़ाक न उड़ाएं। आप उस जमहूरियत को अच्छी रवायात के साथ चलाने की कोशिश करें और अच्छे कदम उठायें। बड़ी मुश्किल और जद्दोजेहद के साथ हमने जमहूरियत को हासिल किया है; मुल्क में इतना बड़ा इनकिलाब हुआ और वह बड़े साफ तरीके से हुआ। इसलिये हमें उन रवायात और आदर्शों को भी अपने सामने रखना है। आप यह रोज़ रोज़ का शेवा ही न बना लें कि जो कुछ मन में आया कह डाला। आज किसी के खिलाफ़ अलज़ाम लगा दिये, कल किसी के खिलाफ़ और फिर अगले दिन किसी और के खिलाफ़। इसलिये आज मैं आप को यह दावत देता हूँ। कि आइए-इस चीज़ को कबूल कीजिए और तीन दिन के अन्दर आप के पास जो allegations वगैरा हैं वे लिख कर मुझे दे दीजिए। आप के साथ मैं बैठने के लिए तैयार हूँ। आप Advocate General को बेशक साथ बिठा लें। या आप किसी बड़े वकील को साथ ले आएं। मैं आज इस चीज़ का फैसला करना चाहता हूँ। आख़िर यह रोज़ रोज़ का झगड़ा और लानत मुलामत अच्छी नहीं कि साहिब आप आऐं मुकदमा करें, यह करें और यह न करें। इसलिए मैं उम्मीद करता हूँ कि मेरे फ़ाज़िल दोस्त आइन्दा के लिए इन चीज़ों से बाज़ आएंगे।

मौलवी अब्दुल गनी डार : नहीं रहेंगे जब तक आप और आप की मिनिस्टरी कायम है।

श्री श्री चन्द: अगर आप इजाज़त दें तो एक सवाल पूछ लूं।

अध्यक्ष महोदय: Relevancy के बारे में पूछा गया था। आपने कहा था कि यह statement कैसे दे सकते हैं। Statement का रूल तो है ही लेकिन चीफ़ मिनिस्टर साहिब इस House के मैम्बर होने की हैसीयत से इस motion की discussion में हिस्सा ले सकते हैं, और लिया है। रहा रूल का सवाल तो वह rule No. 49-A. है, गो वह सवाल पैदा नहीं होता क्योंकि चीफ़ मिनिस्टर ने जो कहा है वह इस रूल के मातहत technically statement नहीं है।

(You asked about relevancy. You asked how he could make a statement. There is a rule providing for a statement to be made. But the Chief Minister as a Member of this House can take part in the discussion on a Motion and he has been

[अध्यक्ष महोदय]

doing that. There is nevertheless a rule, namely, 49-A relating to the making of statements by Ministers though the question of what the Chief Minister has said being a statement under that rule does not arise).

श्री श्री चन्द : On a point of........

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of order, Sir. मेरा point of order यह है कि अगर speech के दौरान में या statement के बाद अगर कोई मैम्बर कोई Question पूछना चाहे तो क्या इस Rule के मुताबिक आप यह interpretation देते हैं कि कोई सवाल नहीं पूछा जायेगा ? लेकिन मैं समझता हूँ कि लफ़्ज़ 'Question' जो रूल में है का मतलब यह नहीं कि किसी चीज़ की clarification के लिये या elucidation के लिए अगर कोई सवाल पूछना चाहे तो नहीं पूछ सकता ?

अध्यक्ष महोदय : शायद आपने उस Rule को जिस का मैं ने अभी अभी हवाला दिया, सुना नहीं ।

(Perhaps the hon. Member has not followed the Rule that I have just referred to) It is specifically stated therein that—

> No questions shall be asked nor discussion take place thereon at the time the statement is made.

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of order, Sir. मैं यह जानना चाहता हूँ कि इस में यह जो लफ़्ज़ Question का आया है यह किस sense में है ?

Mr. Speaker : These are Questions.

जब वह बोल रहे थे तो आप information ले लेते क्योंकि वह तो debate में हिस्सा ले रहे थे । (However, you could ask for the required information when he was speaking because he was taking part in the debate.)

पंडित श्री राम शर्मा : आप time न दें, लेकिन मैं यह पूछ रहा था कि......

Chief Minister : Why I should explain the whole thing again ? The hon. Member should have been present in the House when I made the speech while taking part in the discussion.

श्री श्री चन्द : On a point of order, Sir. मैं यह दरयाफ़्त करना चाहता हूँ कि जो Rule आपने पढ़ा है क्या उसके मुताबिक Chief Minister साहिब की statement permissible है कि नहीं ?

Mr. Speaker : This point does not arise because the Chief Minister was taking part in the discussion on the demand relating to "Education".

श्री श्री चन्द : मैं यह कहना चाहता हूँ कि जो speech हमारे Chief Minister साहिब ने अभी की है वह तो उन्होंने debate के जवाब में की है उन्होंने कोई statement नहीं दी इस लिए..........

अध्यक्ष महोदय : जैसा कि मैं ने पहले कहा है कि वह बहस में हिस्सा ले रहे हैं ।

उन का statement देने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता । (As I have already said, he was taking part in the discussion. The question of making a statement, therefore, does not arise.)

श्री श्री चन्द : यह ठीक है कि आप की राए यह है लेकिन हम भी तो पूछ सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय : आप का यह point of Order है, या क्या है ? आप कैसे बोल रहे हैं। (Is this your point of Order ? On what point are you speaking ?) This is not a point of Order. The hon. Member is questioning my ruling.

Shri Sri Chand : Sir, I am not questioning your ruling. What I want to know is this. Is the statement made by the Chief Minister a statement of that type, which can be made under Rule 49-A of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Punjab Legislative Assembly ?

Mr. Speaker : He is taking part in the debate as a Member, which he has every right to do.

He can even make a statement, if he wants, under Rule 49-A. Since he is taking part in the debate, I think the objection raised is not valid. The Chief Minister's speech is not a statement as envisaged in Rule 49-A.

मौलवी अब्दुल गनी डार : On a point of order, Sir. स्पीकर साहिब, यह ठीक है कि वह हर वक्त बोल सकते हैं। लेकिन वह statement खास हालात में ही दे सकते हैं और इस का नतीजा यह होता है कि उस पर हम आगे discussion नहीं कर सकते। इस लिए हम यह पूछते हैं कि आया उन्होंने यह statement दी है या कि debate का जवाब दिया हैं ?

Mr. Speaker : Order, Order. As I have already said, the question of a statement under that Rule does not arise, because the Chief Minister was taking part in the debate on Education as a Member.

शिक्षा मन्त्री (श्री जगत नारायण) : स्पीकर साहिब, Education की demand पर बहस में तीन तरह की नुक्ताचीनी कि गई है । एक तो नुक्ताचीनी वह है जो कई भाइयों ने कुछ constructive सुझाव दिए हैं कि तालीम के सिलसिला में क्या कुछ होना चाहिये। दूसरी नुक्ताचीनी इस तरह की की गई है जो आम Opposition की तरफ से की जाती है और तीसरी नुक्ताचीनी drain inspector की तरह की गई है। यानी जो drain inspector का नुक्ता निगह होता है उस नुक्ता निगह से की गई है ।

श्री श्री चन्द : On a point of order, Sir. यह जो Education Minister साहिब ने हमारी speeches के मुतालिक कहा है क्या यह parliamentary है ? उन्होंने कहा है कि यह speeches drain Inspector की तरज़ की speeches थीं।

अध्यक्ष महोदय: आप इस की क्या sense लेते हैं। [How do you interpret it ?]

श्री श्री चन्द: इस की sense यही है जो दुनिया लेती है यानी इन्होंने कहा है कि हम और कुछ नहीं कहते सिर्फ गन्द कहते हैं।

Mr. Speaker : I think that if the Minister for Education has uttered these w rds, he will withdraw them.

Minister for Education : Sir, I withdraw my words.

सब से पहले सरदार चन्नण सिंह धूत ने कहा है कि मौजूदा बजट में इस साल के लिये तालीम के लिये कुल बजट का सिर्फ 13 per cent रखा गया है। मालूम होता है कि उन्होंने हिसाब अच्छी तरह से नहीं किया। बजट में जो 4 करोड़ 45 लाख रुपया शिक्षा के लिये रखा गया है यह तक्सीम करने पर कुल का 15. 5 per cent पर पहुँचता है। मालूम होता है कि उन्होंने decimal वाला हिस्सा बीच में नहीं लिया।

दूसरी बात उन्होंने कही है कि गवर्नमेंट ने compulsory education के लिये इस बजट में कुछ नहीं किया। उन की इस बात पर मुझे बहुत दुख हुआ है। जहां हमारे पंजाब में 43 सौ primary schools थे वहां अब 10 हज़ार हो गए हैं। बात यह है कि compulsory education हम तब ही कर सकते हैं जब हम उन के लिये स्कूल खोलने में कामयाब हो जाएं। कम अज़ कम हरेक गांव में एक स्कूल तो हो। जब यह हो जाए तब ही primary education को हर एक के लिये compulsory किया जा सकता है। मुझे इस बात में कोई sense नज़र नहीं आती कि हम primary education को compulsory कर दें चाहे बच्चों के पढ़ने के लिए स्कूल हो न हों जब प्यासे के लिये पानी पीने को न हो तो हम उसे पानी पीने को कैसे मजबूर कर सकते हैं। फिर हम ने ये सब स्कूल देहातों के लिये खोले हैं यह कहना ठीक नहीं है कि हम ने देहात के लिए कुछ नहीं किया है। qrimary schools तो देहातों में ही खोले गए हैं।

Mr. Speaker :The Members belonging to the Opposition Party should not be impatient. They should hear the Minister's speech.

शिक्षा मन्त्री : फिर स्पीकर साहिब, यह कहा गया है कि यह model schools खोले गए हैं और योरोपीअन स्कूल खोले गये हैं इन्हें बड़ी इमदाद दी गई है। मुझे चौधरी श्री चन्द की यह बात सुन कर बड़ी हैरानी हुई है। मैं अर्ज़ करता हूँ कि हमारे सूबा में कुल पांच योरोपीअन स्कूल हैं और उन में से चार शिमला में हैं और एक डल्हौज़ी में है। अब तो उन का सिर्फ नाम ही चला आता है या management उन की है बाकी वहां पढ़ने वाले सब हिन्दुस्तानी बच्चे हैं। उन्हें यह sepical इमदाद इस लिए दी जाती है क्योंकि हमारी Constitution में यह दिया हुआ है :—

"PART XVI-Special Provisions relating to certain Classes.

337. SPECIAL PROVISION WITH RESPECT TO EDUCATIONAL GRANTS FOR THE BENEFIT OF ANGLO-INDIAN COMMUNITY.

During the first three financial years after the commencement of this Constitution, the same grants if any, shall be made by the Union and by each State specified in Part A or Part B of the first Schedule for the benefit of the Anglo Indian Community in respect

of education as were made in the financial year ending on the thirty first day of March, 1948.

During every succeeding period of three years, the grants may be less by ten per cent than those for the immediately preceding period of three years :

Provided that at the end of ten years from the commencement of this Constitution such grants, to the extent to which they are a special concession to the Anglo Idnian Community, shall cease :

Provided further that no educational institution shall be entitled to receive any grant under this article unless at least forty per cent of the annual admissions therein are made available to members of communities other than the Anglo Indian Community."

सो इस की रू से अब तीन साल होने के बाद हम ने उन की grant का दस प्रतिशत बन्द कर दिया है। यह हमारी Constitution में की गई provision के मुताबिक है। मेरे ख्याल में इन्हों ने योरोपीअन community का नाम पढ़ कर यह अन्दाज़ा लगा लिया है कि यह सब कुछ उन्हीं को ही मिल रहा है। दरअसल यह सब कुछ हिन्दुस्तानी बच्चों के लिए खर्च हो रहा है।

फिर कहा, साहिब देहातियों की तालीम का कोई बन्दोबस्त नहीं है और उन के लिए कोई Model Schools नहीं खोले गए। Model Schools सारे पंजाब में सिर्फ दो हैं। एक जालन्धर में और दूसरा चन्डीगढ़ में। अब आप अन्दाज़ा लगा लें कि कितने बच्चे पढ़ते हैं इन में ? और फिर इन्हें 4,5 साल तो हुए हैं खुले हुए। तो बताईए इनका नौकरी के लिए किस से competition है ? जालन्धर में यह स्कूल Training College की वजह से खोलना पड़ा। चन्डीगढ़ में इसलिए खोला था की अफसरान के बच्चे जो शिमला में Anglo Indian Schools में पढ़ते थे, यहां आ गए। तब इस स्कूल की सख्त ज़रूरत थी। और फिर इस में पढ़ते कितने बच्चे हैं ? 200 से ज़्यादा नहीं। इस से कितना फर्क पड़ता है ?......

(Shri Sri Chand rose to speak but the Minister did not give way.)

Mr. Speaker : The hon. Member should try to maintain the decorum of the House.

शिक्षा मन्त्री : स्पीकर साहिब मुझे हैरानी होती है जब यह कहते हैं कि देहाती बच्चों के लिए education का प्रबन्ध नहीं किया गया। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि 1947 में बटवारा हुआ। उस वक्त पंजाब यूनिवर्सिटी में कशमीर था, आज जो पाकिस्तान में चले गए हैं वे पंजाब के 18 ज़िले थे, N. W. F. P. था, बहावलपुर की रियास्त थी, PEPSU था और हिमाचल की सारी रियास्तें भी थीं। मगर आज़ादी आने के बाद दिल्ली और कशमीर ने अपनी अपनी यूनिवर्सिटीज़ बना लीं। हिमाचल ने अजमेर के साथ इन्तज़ाम कर लिया। बहावलपुर, N. W. F. P. और पंजाब के 18 ज़िले चले गए पाकिस्तान में। रह गए पंजाब के 12 ज़िले और पैप्सू। मगर ज़रा देखें कि 1947 में सिर्फ 50,000 लड़के लड़कियों ने Matric का इम्तिहान दिया जब कि पिछले साल सिर्फ पंजाब के 12 ज़िलों और पैप्सू के 56,000 लड़के लड़कियों ने Matric का इम्तिहान दिया। इस साल 75,000 ने इम्तिहान दिया और इन में से 80 फीसदी देहाती लड़के थे। फिर यह कैसे कहा जाता है कि इस तरफ ध्यान नहीं दिया जाता। फिर कहते हैं कि unemployment पैदा करते हैं

[शिक्षा मन्त्री]

मगर दसवीं जमात तक तालीम इस नुक्तानिगाह से नहीं दी जाती। यह तालिम तो बच्चों को अगली ज़िन्दगी में दाखिल होने के काबिल बनाने के लिए है। बाकी काम वगैरा की तालीम तो उसके बाद शुरू होती है। अगर मैं गलती नहीं करता तो अगले साल एक लाख बच्चे Matric का इम्तिहान देंगे। तो क्या यह तरक्की नहीं है?

अब यहां nationalization का बड़ा चर्चा हुआ है। एक बात का जवाब तो Chief Minister साहिब ने दे दिया। मैं इस की तरफ नहीं जाऊंगा। मगर मैं आप की खिदमत में यह अर्ज़ करूंगा कि यह nationalization of text books क्यों करनी पड़ी। इस की तीन वजूहात थीं। एक वजह तो थी किताबों की कीमतों की। उस वक्त मैं ने Publishers को बुलाया और उन से किताबों की कीमतें कम करने को कहा। उन्होंने कहा हम refugee हैं किताबों की कीमतें कम नहीं कर सकते। हां अगर आप कहें तो 5,10 percent कम कर देंगे। मैं ने कहा इससे मसला हल न होगा।

दूसरी वजह यह थी कि कुछ Societies थीं जिन के नाम नहीं लिखे। उन्हों ने एतराज़ किया कि matter में बहुत गलतियां थी।

और फिर तीसरी वजह यह थी। किताबें मैं लाया हूँ और आपको दिखा सकता हूँ। एक किताब का नाम है आदर्श गणित। इस में 600 गलतियां हैं। फिर पंजाबी पाठ माला है, इस में 50 से ज़्यादा गलतियां हैं। फिर पांचवी जमात का हिसाब है इस में 450 से ज़्यादा गलतियां हैं। फिर विज्ञान कुसुम है इस में 350 गलतियां हैं और जेनरल सायंस इस में 700 से ज़्यादा गलतियां हैं। इस तरह इन तीन वजूहात की बिना पर Nationalization का काम हाथ में लिया गया। (interruptions by Sardar Chanan Singh Dhut)

अध्यक्ष महोदय: आप ज़रा सबर करें। बार बार interrupt न करें। (Please have patience and don't interrupt him again and again).

शिक्षा मन्त्री: इस तरह किताबों में गलतियां बहुत थीं। Illustrations ठीक करनी थीं और कीमतें बहुत ज़्यादा थीं यहां तक कि Publishers एक एक साल में एक एक किताब के पीछे लाख लाख रुपया कमा लेते थे। इन चीज़ों को सामने रखते हुए हमने किताबों को nationalise कर दिया। अब आप देखें एक अप्रैल से जो छटी जमात की गणित की किताब है उस में 292 सफे हैं और कीमत सिर्फ $1\frac{1}{4}$ रुपया है। इस में Arithmetic, Algebra और Geometry इकट्ठे कर दिए गए हैं। अब इस का पहले की किताबों की कीमतों से मुकाबला करें। पहले जो Arithmetic 152 सफे का था उस की कीमत 1/3/- थी। यह सिर्फ Arithmetic था इस के साथ दूसरी किताबें और लेनी पड़ती थी। Algebra की कीमत 15 आने थी और इसके इलावा Geometry की कीमत 1/3/6 थी। इस तरह छटी जमात के बच्चे की एक किताब की कीमत करीबन 3/8/- पड़ती थीं जो अब 1/4/-में मिला करेगी यह मैं किताबों का पुलन्दा लाया हूं आप देख लीजिए। अब यह जो फायदा होता है तो किस को होता है। अगर वज़ीर corrupt होता अगर अफसरान corrupt होते तो यह किताबें इन कीमतों पर इस सूबे के बच्चों को न मिल सकतीं। इस बात के लिए मैं challenge करता हूँ कि आप कोई बात साबित करें और बताएं कि कहां $3\frac{1}{2}$ रुपया की

किताब $1\frac{1}{4}$ रुपया में मिलती है ? क्या यह लोगों पर जुल्म है या उन की सेवा है। Publishers भी हैरान होते हैं। 30 ज़िलों में से 12 ज़िले हमारे हिस्से में आए। पहले Publishers ने हकूमत से मिल मिला कर सूबे को तीन zones में बंटवाया हुआ था। एक zone की किताबें दूसरे zone में नहीं लगती थीं। इस तरह अगर किसी के 4 बच्चे हैं कोई 8वीं में और 7वीं में या इसी तरह जुदी जुदी जमातों में अमृतसर में पढ़ते हैं। तो अगर इस शख्स की तब्दीली जालन्धर की हो गई तो वहां पर सारे बच्चों की किताबें बदल जाएंगी इस तरह जहां बच्चों को दिक्कत होती थ वहां मां बाप का खर्च ज़्यादा होता था। दुकानदार को profit ज़्यादा होता था मगर अब यह profit चला गया है जिस वजह से Publishers ऐसी बातें करवाते हैं। अब क्या होगा ? अप्रैल में जितनी किताबें लगेंगी वे सारे पंजाब में एक जैसी होंगी। आगे मां बाप को जो एक ज़िले से दूसरे ज़िले में जाते थे उन्हें बच्चों के लिए नई किताबें लेनी पड़ती थीं क्योंकि तीन zones में अलग अलग किताबें थीं लेकिन अब अगर कोई बच्चा गुड़गावां से आएगा तो उसे वही किताब पढ़ाई जाएगी और उसे किताब बदलनी नहीं पड़ेगी। आप चाहे मिनिस्टर को गालियां दें कीचड़ उछालें पंजाब के लोग जानते हैं कि किस तरह से हमारी सरकार बच्चों के मां बाप को सहूलतें पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

अगर आप के पास facts हैं तो आप को मैं यह challenge throw करता हूँ कि आप वह इलज़ामात अखबारों में दीजीए। मेरे दोस्त सरदार अजमेर सिंह और सरदार वज़ीर सिंह चले गए हैं। वे सामने आएं और कमेटी के सामने पेश हों। हम भी पेश होने के लिए तैयार हैं।

श्री अब्दुल गनी डार : क्या आप कमेटी के सामने पेश होने को तैयार हैं ?

अध्यक्ष महोदय : आप बार बार क्यों interrupt करते हैं, उन्हों ने एक बार कह दिया है कि वह कमेटी के सामने पेश होने को तैयार हैं तो क्या इस से आप की तसल्ली नहीं हो रही ? (Why does the hon. Member interrupt again and again ? The hon. Minister has already stated that he is willing to appear befor the Committee. Is that not enough to satisfy the ho n. Member ?)

श्री अब्दुल गनी डार : वह कहते हैं कि हम press में आएं। हम कहते हैं हम press में आएंगे।

Mr. Speaker : Order please. Listen patiently.

शिक्षा मन्त्री : मैं आप को फिर कह दूं कि आप आदादो शुमार नहीं दे सकेंगे। आप facts and figures नहीं दे सकते।

फिर स्पीकर साहिब, कहा गया है कि उस्तादों को तनखाहें कम दी गई हैं। यह भी कहा गया कि इन उस्तादों को neglect किया गया है। मैं हैरान हूँ कि ऐसी बातें कैसे कही जाती हैं। स्पीकर साहिब आप सारे हिन्दुस्तान का नक्शा लीजिए और सब सूबों में उस्तादों की तनखाहों को देखें तो मैं challenge करता हूँ कि Delhi और Centrally Administered Areas को छोड़ कर District Boards के टीचरों को तनखाह, जो पंजाब में है वह और कहीं नहीं है हम उस्तादों को सब से ज़्यादा तनखाहें दे रहे हैं। (interruptions)

श्री श्री चन्द : यहां पर standard of living भी तो हाई है ।

अध्यक्ष महोदय : आप तहम्मल से सुनें। ऐसे interrupt न करें । (Please listen patiently. The hon. Member should not interrupt in this way.)

शिक्षा मन्त्री : आप Bengal में देखें आसाम में देखें । मैं वहां पर गया और लोगों से उस्तादों के बारे में पूछा तो, स्पीकर साहिब, आप सुनकर हैरान होंगे कि वहां पर उस्तादों की तनखाह 27 रुपए माहवार है और भत्ता 16 रुपए । इसी तरह मद्रास में है । सब से ज़्यादा तनखाह पंजाब के उस्तादों को दी जाती है । (प्रसंशा) पंजाब में तनखाह 47 रुपए से शुरु होती है ।

श्रीमती शन्नो देवी : लेकिन 47 रुपए तनखाह नाकाफी है ।

शिक्षा मंत्री : मैं यह नहीं कहता कि तनखाह नाकाफी नहीं । हम तनखाह को और बढ़ा देना चाहते हैं लेकिन हमारे पास फण्डज़ नहीं है । जब भी फण्डज़ ज़्यादा मिलेंगे तो हम इन की तनखाहें और बढ़ा देंगे । हम तो हर वक्त इसी कोशिश में हैं कि उस्तादों की तनखाहें बढ़ें ।

फिर स्पीकर साहिब, मैं बाकी सूबों में Basic Education के टीचरों के लिए इतनी तनखाह नहीं जितनी कि पंजाब के अन्दर है । हमारे एक भाई ने कहा था कि Basic टीचरों की तनखाहें पंजाब में कम हैं । मैं इस बात पर फिर चैलिन्ज throw करता हूँ कि Basic Teachers को पंजाब में 57½ रुपए तनखाह और 40 रुपए allowance दिए जाते हैं । इतनी तनखाह किसी सूबे में नहीं दी जाती ।

फिर स्पीकर साहिब यह कहा गया है कि पंजाब में Basic स्कूल क्यों नहीं खोले गए ? इस के बारे में मैं यह बता देना चाहता हूँ कि सरकार का इस की तरफ पूरा ध्यान है । पर Basic स्कूलों के लिए हमें उस्तादों को trained करना था । आज कल उस्ताद training पा रहे हैं जब ये टीचर trained हो जाएंगे तो Basic स्कूल खोले जाएंगे । हरेक देहात में Basic स्कूलों का जाल बिछा दिया जाएगा और centre की Basic Education के बारे में सारी हिदायतों को implement कर दिया जाएगा ।

फिर यह कहा गया है कि Government के स्कूलों और कालेजों में टीचरों की तनखाहें अच्छी हैं लेकिन प्राईवेट स्कूलों और कालेजों में काम करने वाले टीचरों की तनखाहें कम हैं; शायद मेरे दोस्तों को इल्म नहीं कि जहां Government B. Ts. को 110 रुपए तनखाह देनी शुरु करती है वहां प्राईवेट संस्थाओं में 150 रुपए तनखाह शुरु की जाती है । फिर कहा गया कि कालेजों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया । इस के बारे में मैं यह बता दूं कि अभी पिछली दफा M. A. 1st class का तनखाह 200 रुपया मुकर्रर की गई थी और M. A. II और IIIrd class के लिए 180 रुपए मासक तनखाह मुकर्रर की गई और हम अब भी कोशिश कर रहे हैं कि इस इमतिआज़ को जल्दी दूर किया जाए ।

कामरेड राम किशन ने कहा था कि प्राईवेट कालेजों को वह अहमियत नहीं दी जाती जो कि गवर्नमेंट कालेजों को दी जाती है । इस के बारे में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि पिछले साल हम ने प्राईवेट कालेजों को 2¼ लाख रूपय ग्रांट दी थी । इस साल हमने 5 लाख ग्रांट के लिए provision किया है । प्राईवेट कालेजों के लिए जो ग्रांट लेना चाहे उन्हें जो शर्तें पूरी करनी होंगी वह आपके सामने रखना चाहता हूँ :—

"With a view to improve the conditions of service in private colleges, it has been decided to give grant-in-aid to non-Government colleges..."

श्री श्री चन्द: On a point of order, Sir. वज़ीर साहिब किसी written statement को पढ़ कर नहीं सुना सकते। उस का gist ज़बानी दे सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय: क्या आप speech करते समय किसी statement को नहीं पढ़ते? आप इस तरह interrupt करेंगे तो मैं serious notice लूंगा। आप बैठ जाईए। (Does not the hon. Member quote statements during his speeches? If he continues to interrupt like this, I will have to take serious notice of it. He should resume his seat.)

श्री श्री चन्द: देखिए आप धमकी न दें! आप की tone में धमकी है। I do not like this tone

Mr. Speaker: Nor do I like this tone. The hon. Member should withdraw his remarks.

Chief Minister: Obey the Chair.

Shri Sri Chand: Sir, I withdraw.

Minister for Education: Well Sir, 1 was going to put before House certain conditions which the non-Government colleges were required to fullfil if they wanted to obtain the grants-in-aid. They are like this.

"With a view to improve the conditions of service in private colleges, it has been decided to give grant-in-aid to non-Government Colleges only on their fulfilling the following conditions-

a) Pay from January 1st, 1955 a minimum basic pay to a wholetime college teacher at the rate of Rs. 180—10—320/16—400. It has, however, been decided now that this condition is to be enforced from 1st April, 1955.

b) Pay increments to the staff regularly.

c) Pay provident fund at the rate of 6-1/4 per cent.

d) Pay dearness allowance at the following rates-

for salaries upto Rs. 200 ...30/-P. M

for salaries between Rs. 201 and Rs. 300 .. 40/-P. M

for salaries above Rs. 300 ...50/-P. M

This is not to be curtailed except when Government takes such action with regard to its own employees.

e) Do not withdraw or curtail any existing privileges to their staff"

6 P. M. इस के साथ साथ जैसे मेरे भाई श्री राम किशन ने अपनी तकरीर में इशारा किया है हम Univeristy Act को amend करना चाहते हैं ताकि teachers को security of service हो और उन्हें कभी यह ख्याल न आए कि उन की services किसी वक्त terminate हो सकती हैं। बहुत से भाइयों ने एतराज़ उठाया है कि teachers ill paid हैं, lecturers ill-paid हैं इस लिये उन की तनखाहों में इज़ाफा करना चाहिये। इस सिलसिले में अगर पंजाब का मुकाबला बाकी सूबजात से किया जाये तो मैं आप को यकीन दिलाता हूं कि

[शिक्षा मन्त्री]

पंजाब हर लिहाज़ से तालीम में आगे है । Teaches को तनखाहें बाकी सूबों के मुकाबले में ज़्यादा मिलती हैं यहां पर कहा गया कि literacy बहुत कम है, Aduet Education के लिये कुछ नहीं किया जा रहा । मैं समझता हूँ कि शायद मेरे भाई ने बजट नहीं पढ़ा । Social Centres 120 के करीब खोले गये हैं, Adult Education का पूरा इन्तज़ाम कर रहे हैं मैं बताना चाहता हूँ स्पीकर साहिब ! कि ट्रावणकोर-कोचीन को छोड़ कर literacy में पंजाब का सूबा दूसरे दर्जे पर है । मेरी बहिन श्रीमती सीता देवी ने कहा है कि लड़कियों की शिक्षा की तरफ कम ध्यान दिया जा रहा है । उन्हें बता देना चाहता हूँ कि प्रांत में जितने प्राइमरी स्कूल खोले गये हैं इन सब में Co-education हैं । हमारी बहिनें कैसे तालीम में पीछे रह सकती हैं पिछले तीन सालों में पंजाब गवर्नमैंट ने जितने स्कूल खोले हैं वह सब लड़कियों के थे । कई प्राईवेट स्कूल खुले हैं । मेरे दोस्त चौधरी श्री चन्द अपने जाट स्कूल का तजुरबा बता रहे थे ।

Shri Sri Chand: This is wrong. मेरा लड़का जाट स्कूल में नहीं पढ़ता ।

शिक्षा मन्त्री : रोहतक में माडल स्कूल नहीं । माडल स्कूल एक मोटी बहिन का है गवर्नमैंट का कोई माडल स्कूल नहीं है । अगर यह बच्चों को प्राईवेट स्कूल में पढ़ाते हैं तो उस की ज़िम्मेदारी उन पर है हम पर नहीं ।

श्रीमती शन्नों देवी : मिनिस्टर साहिब ने मोटी बहिन का शब्द इस्तेमाल कर के किस की तरफ इशारा किया था ।

अध्यक्ष महोदय: आप को नहीं कहा गया । (He did not refer to you.)

शिक्षा मन्त्री : मैं अपनी बहिनों की खिदमत में अर्ज़ करूंगा कि वह यकीन रखें कि पंजाब गवर्नमैंट बच्चियों की तालीम का पूरी तरह ख्याल कर रही है । हम महसूस करते हैं कि बच्चियों की तालीम का फर्ज़ हमारे कंधों पर है । अगर मां पढ़ी हुई हो तो 10 उस्तादों का काम कर सकती है ।

इस के अलावा मैं चौधरी गुरबंता सिंह को बताना चाहता हूँ कि हरिजनों पर 25 लाख रुपया खर्च किया जा रहा है इस में बहुत सा हिस्सा backward classes को नहीं जाता । Backward Classes की आबादी दो लाख से ज़्यादा नहीं और दो लाख में से कितने बच्चे वज़ीफा हासिल कर सकेंगे as against Harijans.

*4225. **Sardar Chanan Singh Dhut :** Will the Minister for Irrigation be pleased to state whether the Government has instituted any enquiry into the circumstances of the breaches which occurred in Bist Doab Canal during the rainy season in 1954; if so, the result of the enquiry ?

Chaudhri Lahri Singh : No. The answer to the last para of the question does not arise.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਕੀ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਕੀ ਉਥੇ ਕੋਈ breach ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੋਈ ?

मंत्री : कुछ breaches हुए थे और कुछ हमें भी करने पड़े थे क्योंकि वहां इतना पानी हो गया था कि वह syphon से भी ऊपर आ गया था इस से लोगों की ज़िन्दगी को खतरा पैदा हो गया था । इस लिए हमें कुछ breach करने पड़े थे ।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਕੀ ਮੈਂ ਇਹ ਪੁਛ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ breaches ਕਿਉਂ ਹੋਏ ਅਤੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਵੀ ਕੁਝ breaches ਕਿਉਂ ਕਰਨੇ ਪਏ ?

मंत्री : इन की वजह यह थी कि जो हम ने वहां construction की थी वह हमने पिछले सालों में पहाड़ों में हुई बारिश के record को देख कर उस के मुताबिक की थी । लेकिन इस साल बारिश अंदाज़े से बहुत ज़्यादा हुई थी । इस लिए वहां पानी ज़्यादा आ गया था और breaches होने लाज़िमी हो गए थे ।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਕੀ engineers ਨੇ ਪਹਿਲੇ ਪਾਣੀ ਦਾ level ਨਹੀਂ ਦੇਖ ਲਿਆ ਸੀ ?

मन्त्री : उन्होंने यह सब कुछ देखा था लेकिन इस साल बारिशें पहले सालों से बहुत ज़्यादा हुई हैं । इतनी पहले कभी नहीं हुई थीं और पानी के level का अंदाज़ा उन्होंने पहले कई सालों के level को देख कर लगाया था । मगर इस बार पानी उस level से ऊपर आ गया था ।

श्री धर्म वीर वासिष्ठ : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि जैसे गवर्नमेंट ने ज़रूरत पड़ने पर वहां breaches कर लिए हैं ऐसे ही क्या लोग भी ज़रूरत को देखकर breaches कर सकते हैं कि नहीं ?

Mr. Speaker : It does not arise out of the main question.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪੁਲਸ ਨੇ ਗ੍ਰਿਫਤਾਰ ਕੀਤਾ ਸੀ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉਥੇ ਆਪਣੇ ਆਪ breaches ਕੀਤੇ ਸੀ ?

मन्त्री : कोई गरिफ्तारियां नहीं हुईं ।

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਕੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਬਰੀਚਾਂ ਕਰਨ ਨਾਲ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਸੀ ?

मन्त्री : हाँ; मुआवज़ा दे रहे हैं ।

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਕੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੋਈ ਤਵਾਨ ਲਗਾਇਆ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣਾ ਬਚਾ ਕਰਨ ਲਈ ਉਥੇ breaches ਕਰ ਲੀਤੇ ਸੀ ?

मन्त्री : नहीं ! कोई तावान वगैरह नहीं लिया गया ।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ breaches ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੁਬਾਰਾ ਠੀਕ ਕਰਨ ਲਈ ਕਿੰਨਾ ਖਰਚ ਆਇਆ ਹੈ ?

मन्त्री : इस के लिए आप notice दे दें । जवाब दिया जाएगा ।

WASHING AWAY OF A SYPHON NEAR BALACHUR (RUPAR)

*4226. **Sardar Chanan Singh Dhut** : Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state whether he is aware of the fact that a syphon near Balachur (Rupar) was washed away in the second week of the July, 1954; if so, the extent of the damage caused as a result thereof in village Sudhe Majra, district Ambala, and the nature of relief provided by the Government to the people who suffered on this account ?

Chaudhri Lahri Singh : No Canal Syphon near Balachur (Rupar) was either damaged or washed away during the second week of July, 1954. Due to heavy rains and flood water some damage occurred in village Sudhe Majre.

The villagers were given a taccavi loan of Rs 3,600 and a relief grant of Rs 200 by the Civil Department.

BREACH IN TALU MINOR

*4227. **Sardar Chanan Singh Dhut** : : Will the Minister for Irrigation be pleased to state whether it is a fact that Talu Minor situated on Sunder Branch in Hansi had a breach in the 2nd week of August, 1954; if so, the damage caused as a result thereof and the relief, if any, provided by the Government to those who suffered on this account ?

Chaudhri Lahri Singh : Yes, Talu Minor breached in second week of August, 1954 due to heavy rains. There was no damage as a result thereof. The question of compensation, therefore, does not arise.

EXPENDITURE ON BHAKRA-NANGAL PROJECT

*4408. **Shri Ram Chandra Comrade** : Will the Minister for Irrigation be plased to state —

(a) the original estimate of expenditure on the Bhakra-Nangal Project;

(b) the present estimate of expenditure for the said project;

(c) the total expenditure incurred so far;

(d) the date by which the project is expected to be completed.

Chaudhri Lahri Singh : (a) The estimated cost of 1948 project was Rs.101.26 crores. The estimate was only for a 580 feet high dam. Storage effected was 4.24 million acre ft. and the area served was 4.55 million acres.

(b) This estimate was revised to Rs. 158.88 crores in 1954. It provides for 680 ft. high dam. Storage effected is 7.4 million acre ft. and the area served is 6.76 million acres.

In addition irrigation will be improved in 3.24 million acres, or a total area of 10 million acres will benefit.

(c) Rs. 94.63 crores including interest charges, but excluding liabilities pending adjustment to end of December, 1954.

(d) 1959-60.

IRRIGATION BY SIRHIND CANAL IN FAZILKA TEHSIL

*4567. **Shri Teg Ram** : Will the Minister for Irrigation be pleased to state —

(a) the number of villages in tehsil Fazilka, district Ferozepore, the total area of each, and the area therein irrigated by the Sirhind Canal;

(b) the total area of land in tehsil Fazilka, district Ferozepore, irrigated by the said canal during each of the years 1950, 1951, 1952, 1953 and 1954 ?

Chaudhri Lahri Singh : (a) No. 225.

		Acres
Gross area	..	684,383
C.C.A.	..	595,076
(b) Area proposed to be irrigated annually	..	237,911
1950-51	..	409,508
1951-52	..	405,106
1952-53	..	394,428
1953-54	.	407,548

श्री तेग राम : मन्त्री महोदय ने बताया है कि 1950-51 में 409508 एकड़ भूमि में सिचाई हुई, 51-52 में 405106 एकड़ में और इसी तरह 52-53 में 394428 एकड़ और 53-54 में 407548 एकड़ में हुई। क्या वह बतांएगे कि इन वर्षों में इस इलाका में सिचाई कभी कम और कभी अधिक क्यों हुई ?

मंत्री : मेरे दोस्त समझे नहीं। हमारा जो ख्याल था वह यह था कि इतने area में जरुर पानी देंगे। वह area नहर वालों को 237011 एकड़ लिखा था। मगर पानी उस से दुगने और डयोढ़े इलाके में दिया गया।

श्री तेग राम : दो साल 4 लाख एकड़ से ज़्यादा area में सिंचाई होती रही फिर यह area 3 लाख 94 हज़ार कैसे हो गया ?

मंत्री : साल 1950-51 में......

श्री तेग राम : 1952-53 में 10,12 हज़ार एकड़ कम क्यों हुआ ?

मंत्री : इस वक्त नहीं बता सकता, नोटिस दें।

SURVEY OF CHOES IN DISTRICT HOSHIARPUR

***4701. Shri Baloo Ram** : Will the Minister for Irrigation be pleased to state—

(a) whether the work of survey of choes in district Hoshiarpur has been completed; if not, the date when the same is expected to be completed;

(b) the amount likely to be spent on the said survey ?

Chaudhri Lahri Singh : (a) No, it will be completed by the end of September, 1955, except Soan Valley.

(b) Approximately Rs. 1,20,000.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਜੋ ਸਰਵੇ ਹੋਈ ਹੈ ਉਸ ਮੁਤਾਬਕ cho control ਦਾ ਕੰਮ ਕਦ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਵੇਗਾ ?

मंत्री : रुपया अब मिला है। इस में से कुछ इस साल बजट Session तक खत्म होगा, कुछ 1956 में खर्च होगा। इस साल करीब 50, 60 लाख रुपया खर्च करेंगे।

श्री बालू राम : क्या वज़ीर साहिब बताएंगे कि survey का काम जारी है या बन्द हो गया है ?

मंत्री : काम जारी है।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਕੀ survey ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਮਾਹਰਾਂ ਨੇ ਦਸਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਕ ਸਾਲ ਦੇ ਅੰਦਰ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਨਾ ਹੋਇਆ ਤਾਂ ਸਰਵੇ ਜ਼ਾਇਆ ਜਾਏਗੀ ?

Mr. Speaker : Please give a fresh notice of this question.

श्रीमती सीता देवी : वज़ीर साहिब ने बताया है कि एक लाख 20 हज़ार रुपया survey पर खर्च होगा तो क्या इस में वह रकम भी शामिल है जो ठेकेदार और अफसर खाएंगे ?

Mr. Speaker : Order, please.

मंत्री : बहिन जी को मालूम होना चाहिए कि survey का काम ठेकेदार नहीं करते, Overseers और S.D.Os. करते हैं। इतना mind prejudiced न रखें।

अध्यक्ष महोदय : यह सवाल तो पैदा नहीं होता। आप जवाब जबर्दस्ती क्यों देते हैं। (This supplementary does not arise. Why does the hon. Minister reply to it ?)

BREACHES IN THE BIST DOAB CANAL

***4702. Shri Baloo Ram :** Will the Minister for Irrigation be pleased to state—

(a) whether Government is aware of the fact that breaches in the Bist Doab Canal during the last rainy season were caused by the Choes and on account of faulty and insufficient syphons and outlets;

(b) the measures Government intend to adopt to avoid similar breaches in future to protect the villages situated near the canal ?

Chaudhri Lahri Singh : (a) The breaches in Bist Doab Canal occurred on 10th and 11th July, 1954 due to unprecedented rains and consequential flood waters.

(b) It is proposed to construct two new superpassages at R.D. 40,200 and 61,200 and to increase the waterway of the superpassages at R.D. 38,000 and 49,200 of Bist Doab Canal. The canal banks have also been further raised.

श्री राम किशन: On a point of Order, Sir. अभी Minister साहिब ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि कोई breach नहीं हुआ और दूसरे सवाल के जवाब में कहा कि breaches हुए......

मंत्री : मैं ने तो कहा था कि breach हुए, बल्कि करने पड़े।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : जिन देहात को नुक्सान पहुंचा है मैं ने उन की हालत देखी है। वहां जो breaches हुए वह भी मैं ने देखे हैं। इन की वजह से गांव तबाह हो गए.......

अध्यक्ष महोदय : आप ने तो तकरीर शुरु कर दी है। (You have started making a speech.)

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : जवाब के (a) part के मुतअल्लिक सवाल पूछ रहा हूं......

अध्यक्ष महोदय : आप के ख्याल से बनता है मगर मेरे ख्याल से नहीं। (You think that the question arises but I don't think so.)

3 p.m.

POINT OF ORDER

ਸਰਦਾਰ ਗੋਪਾਲ ਸਿੰਘ : On a point of Order, Sir, ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ......

मुख्य मन्त्री : स्पीकर साहिब, मैं अदब से दरखास्त करना चाहता हूं कि हाउस के सामने अगर कोई चीज़ नहीं है और कोई motion नहीं है तो एक साहिब उठ कर बोलना शुरू कर दें तो क्या यह ठीक है ? (*Interruptions*).

Mr. Speaker: Order please. ਤੁਹਾਡਾ point of Order ਕੀ ਹੈ ? (Order please. What is your point of Order ?)

ਸਰਦਾਰ ਗੋਪਾਲ ਸਿੰਘ : ਕਲ੍ਹ ਜੋ announcement ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕੀਤੀ ਸੀ ਮੇਰਾ point of Order ਉਸੇ ਬਾਰੇ ਹੈ। (*Interruptions*).

Mr. Speaker : Order please. This is not a point of Order.

ਸਰਦਾਰ ਗੋਪਾਲ ਸਿੰਘ : ਜੇਕਰ ਆਪ ਮੈਨੂੰ ਇਜਾਜ਼ਤ ਦੇਵੋ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਕ statement ਪੜ੍ਹਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ।

Minister for Development : Under what rule ?

RESOLUTION

RESUMPTION OF DISCUSSION ON THE RESOLUTION RE. DEVELOPMENT OF KANGRA DISTRICT ETC. IN VIEW OF THE BACKWARDNESS OF ITS PEOPLE.

Mr. Speaker : On 3-3-55 when the House adjourned, the Minister for Development was on his legs replying to the debate on the resolution moved by Bakhshi Partap Singh regarding the development of the Kangra District in view of the backwardness of its people, Now I call upon him to resume his speach.

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤ੍ਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਕੈਰੋਂ) : ਮੈਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਅਗਲੇ ਦਿਨ ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ ਮਤੇ ਤੇ ਬੋਲਦਾ ਪਿਆ ਸਾਂ ਕਿ ਹਾਊਸ adjourn ਹੋ ਗਿਆ ਸੀ । ਮਾਨਯੋਗ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਕਾਂਗੜਾ ਜ਼ਿਲਾ backward ਹੈ । ਕੁਝ ਹੋਰ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਵੀ ਕਿਹਾ ਸੀ ਸਾਡੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵੀ backward ਹਨ । ਅਸੀਂ ਇਸ ਗੱਲ ਤੋਂ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਾਣੂ ਹਾਂ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਪਛੜੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਉਠਾਉਣ ਵਿਚ ਕੋਈ ਕਸਰ ਨਹੀਂ ਰਖੀ। ਆਪ ਇਸ ਵੇਲੇ ਜੇਕਰ ਬਜਟ ਵੇਖੋ ਤਾਂ ਕੋਈ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਕਿ ਅਸੀਂ ਪਛੜੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਲਈ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਚਿਆਂ ਕਰਨ ਲਈ ਕੋਈ ਕਸਰ ਰਖੀ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ, ਝਜਰ ਰਿਵਾੜੀ, ਝਿਰਕਾ ਤੇ ਕੰਡੀ ਦੇ ਇਲਾਕਿਆ ਵਲ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਪੂਰਾ ਧਿਆਨ ਹੈ । ਕਈਆਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ । ਮੈਂ ਇਹ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਭਾਵੇਂ ਕਈ ਇਲਾਕਿਆਂ ਦੇ ਨਾਮ ਇਸ ਮਤੇ ਵਿਚ ਨਾ ਵੀ ਹੋਣ ਜਾਂ ਕੋਈ amendments ਵੀ ਨਾ ਆਉਣ ਫਿਰ ਵੀ ਸਾਡਾ ਧਿਆਨ ਹਰ ਪਛੜੇ ਇਲਾਕੇ ਵਲ ਹੈ। ਸਾਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਦੇ ਵੀ ਲੋਕ ਪਿਆਰੇ ਹਨ । ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਯਤਨ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ।

ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹਿਣ ਵਿਚ ਖ਼ੁਸ਼ੀ ਮਸੂਸ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਦ ਇਹ ਮਤਾ ਅਜ ਤੋਂ ਸਤ ਦਿਨ ਪਹਿਲਾਂ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਉਦੋਂ ਤੋਂ ਤੇ ਅਜ ਦੇ ਦਿਨ ਵਿਚ ਪਛੜੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਦੋ ਹੋਰ Extension Blocks ਕਾਂਗੜੇ ਜ਼ਿਲੇ ਨੂੰ ਦੇ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ। (ਪ੍ਰਸੰਸਾ) ਡੇਰਾ ਗੋਪੀ ਪੁਰ ਨੂੰ ਵੀ ਇਕ ਬਲਾਕ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ ਬਲਾਕ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ ।

ਕੁਲੂ ਡਵੀਜ਼ਨ ਵਿਚ ਇਕ, outer ਸਿਰਾਜ ਨੂੰ ਇਕ, ਹਮੀਰਪੁਰ ਨੂੰ ਇਕ ਤੇ ਨੂਰਪੁਰ ਨੂੰ ਇਕ Extension Block ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਨੂਰਪੁਰ ਬਾਰੇ ਤਾਂ ਇਕ ਹੋਰ ਖੁਸ਼ੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਨੂਰਪੁਰ ਦੇ National Extension Block ਨੂੰ Community Project ਵਿਚ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਰਿਵਾੜੀ ਨੂੰ ਵੀ National Extension Service Scheme ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਕਰ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਲੁਹਾਰੂ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਵੀ ਪਛੜਿਆ ਹੋਇਆ ਸੀ ਉਸ ਨੂੰ ਵੀ ਤਕਰੀਬਨ National Extension Service Block ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਕਰ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਦਾ ਵਰਨਣ ਇਸ ਮਤੇ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਅਤੇ amendment ਵਿਚ ਵੀ ਨਹੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਅਸੀਂ ਇਮਦਾਦ ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਯਕੀਨ ਦਿਵਾਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਖਾਹਸ਼ ਹੈ ਕਿ ਪਛੜੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਮਦਦ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਅਸੀਂ ਪੂਰੀ ਤਵਜੋ ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿ ਵਿਦਿਆ ਦੇ ਕੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ opportunity ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਬਰਾਬਰ ਦਾ ਮੌਕਾ ਦੇ ਕੇ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਪਛੜੇ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਜੀਵਨ ਨੂੰ ਉਚਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਯਤਨ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਸਭ ਪਛੜੇ ਇਲਾਕਿਆਂ, ਤਸੀਲ ਤੇ ਥਾਣਿਆਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਖੁਸ਼ ਹੋਵੇਗੀ ਜੇਕਰ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਮਤਾ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "District" add "Tehsil Una of Hoshiarpur District."

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "Kangra" add " and Haryana".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, for "District" substitute "Districts".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 9 . for "District" substitute "said areas"..

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

In line 9, for "District" substitute "Districts".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

In line 10, for "this area" substitute "these areas."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "District" add "Bhiwani Tehsil of Hissar District and undeveloped parts of Gurgaon District."

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, for "District " substitute "Karnal, Gurgaon and Hissar Districts."

The motion was lost.

Mr. Speaker : I will not put the second amendment of Sarvshri Mool Chand Jain and Kasturi Lal to the vote of the House, because a similar amendment has already been rejected by it.

Mr. Speaker ; Question is—

In line 2, after "District" add "Tehsil Naraingarh and other sub-mountainous and Backward parts of Ambala District".

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "District" add "and of the area between Sakki and river Ravi in districts of Amritsar and Gurdaspur".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 9. for "District" substitute "above mentioned areas."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2. after "District" insert "Jhajjar Tehsil of Rohtak District, Rewari Tehsil of Gurgaon District, Bhiwani Tehsil of Hissar District, Kaithal Tehsil of Karnal District and Naraingarh Tehsil of Ambala District."

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "district" add "Bet area in Thana Kanaun, Tehsil and District Gurdaspur and Shahpur Kandi, Gurdaspur District."

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "District" add "and Tehsil Fazilka of District Ferozepore".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 9, for "District" substitute "above-mentioned areas."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 10, for "this area" substitute "these areas."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

At the end add "Kaithal Sub-Division to be declared as Backward Area."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "district" add "and sub-mountainous areas of Rupar Sub-Division."

In line 9, for "district" substitute "said areas."

The motion was lost.

Mr. Speaker : I will not put the amendment of Shri Chand Ram and Shri Badlu Ram to the vote of the House because it has already given its decision on a similar amendment moved by Pandit Shri Ram Sharma.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "District" add "and Anandpur in tehsil Una and tehsil Garhshankar in the district of Hoshiarpur."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, after "District" add "the whole area lying between Rajauri, Dholabah and Hoshiarpur in the District of Hoshiarpur."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Now I will put the Resolution, as amended by the amend ments just now accepted, to the vote of the House. Question is—

"In view of the extreme backwardness of the people of Kangra District, tehsil Una of Hoshiarpur District, Bhiwani Tehsil of Hissar District, Naraingarh Tehsil and other sub-mountainous and backward parts of Ambala District, Jhajjar Tehsil of Rohtak District, Rewari Tehsil and undeveloped parts of Gurgaon District, Kaithal Tehsil of Karnal District, Bet area in Thana Kanuan, tehsil and district Gurdaspur and Shahpur Kandi, Gurdaspur District, in matters of education, of the lack of adequate drinking-water facilities and of suitable means of transport and communications, of proper means of irrigation, of lack of any kind of industry and of their inadequate representation in Government services, this Assembly recommends to the Government that it should itself make funds available, and if necessary, approach the Union Government for the purpose, for a proper and planned development of the said areas and it further recommends that special concessions be granted to the people of these areas in the matters of admissions to all Government or Government-aided institutions and of appointments to services."

The motion was carried.

RESOLUTION

RE. INTRODUCTION OF TECHNICAL TRAINING FOR DIFFERENT VOCATIONS IN ALL THE POST-PRIMARY SCHOOLS IN THE STATE

Sardar Partap Singh Rai (Guru Har Sahai): Sir, I beg to move—

This Assembly recommends to the Government to introduce Technical Training for different vocations in all the Post-Primary Schools in the State.

Mr. Speaker : Motion moved —

This Assembly recommends to the Government to introduce Technical Training for different vocations in all the Post-Primary Schools in the State.

Shri Rala Ram (Mukerian) : Sir, I beg to move—

In lines 2—5, for "to introduce Technical Training for different vocations in all the Post-Primary Schools in the State" *Substitute* "to make provision for Technical Training for different vocations in the Higher Secondary stage of all Secondary Schools in the State."

अध्यक्ष महोदय, इस पर सभा एक मत है कि हमारा जो शिक्षा का ढांचा है उस में technical training यानी हाथ के काम की दस्तकारी के लिये कुछ न कुछ इन्तज़ाम करना चाहिये परन्तु यह बात सोचने वाली है कि यह इन्तज़ाम दस्तकारी (manual training) का किस stage पर किया जाना चाहिये। इस बात पर दुनिया के सब लोग जो शिक्षा का काम करने वाले हैं सहमत हैं कि बच्चों को ऐसी शिक्षा मिलनी चाहिये कि जिस से उन के दिल और दिमाग़ की तरबीयत हो। फिर culture आता है। उस के बाद जब वह किसी हद तक ऐसी तरबीयत को ग्रहण कर चुके हों तब मन्ज़िल आयेगी जब विद्यार्थियों को technical training की तरफ डाला जाये। इस लिये सब से बेहतर यह बात है कि technical training की stage Matriculation के बाद आनी चाहिए। आठवीं श्रेणी तक तो बहुत आवश्यक है कि हर बच्चा दूसरी शिक्षा ग्रहण करे ताकि उस की grounding, बुनियाद, पक्की बन सके। आठवीं जमात तक हर बच्चा ज़रूर arithmetic, history and geography पढ़े। जिस की बुद्धि का विकास इतना भी नहीं होता, वह एक citizen बनने के नाते अधूरा रह जाता है। इस लिये technical training की stage आठवीं श्रेणी के बाद आनी चाहिए ताकि जिन बच्चों ने कालेज में जा कर literary शिक्षा नहीं लेनी वे technical training की ओर ध्यान दें।

Central Government आदेश दे रही है और राज्य के शासन ने भी स्वीकार किया है कि सारे स्कूलों को जल्द से जल्द higher secondary बनाया जाए। तो आठवीं जमायत के बाद secondary stage आती है। इस लिये मैं मुनासिब समझता हूं कि इस प्रस्ताव में संशोधन किया जाए। दस्तकारी के प्रशिक्षण के लिये प्रबन्ध किया जाना चाहिये मगर उस वक्त होना चाहिए जब कोई बच्चा higher secondary stage में जाए। इसी मतलब के लिए मैंने यह संशोधन प्रस्तुत किया है।

Mr. Speaker : Motion moved—

In lines 2-5, for "to introduce Technical Training for different vocations in all the Post-Primary Schools in the State" *Substitute* "to make provision for Technical Training for different vocations in the Higher Secondary stage of all Secondary Schools in the State."

Dewan Jagdish Chandra (Ludhiana City, North) : Sir, I beg to move—

At the end add "and to constitute a Committee of the Members of this House to examine the scheme and report to the Government before the 15th of September, 1955."

माननीय स्पीकर साहिब, विदेशी राज के दौरान में हमारे देश की शिक्षा प्रणाली काफ़ी बिगड़ गई थी। असल में शिक्षा का मकसद यह होता है कि किसी बच्चे को उस की शिक्षा के अर्से में एक अच्छा शहरी बना दिया जाए। जब वह स्कूल या कालेज से निकले

तो न केवल अपनी रोज़ी कमा सके बल्कि इस काबिल हो कि अपने देश की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं और सियासियात को समझ सके। विदेशी राज के दौरान जो शिक्षा प्रणाली चलती रही, उसने बहुत सारे बाबू पैदा किए जो अंग्रेज़ी तो अच्छी तरह लिख पढ़ सकते थे मगर न अच्छे शहरी बनते थे और न ही देश के मसलों को समझ सकते थे। अंग्रेज़ी राज में बहुत से B. A. और M.A. तो पैदा हो गए लेकिन उन्हें पेट भरने का वसीला नहीं मिलता था। Shakespeare के dramas और Hardy की नज़में तो उन्हें याद होती थीं मगर जब किसी इम्तहान में बैठते तो सवालों के इतने गलत जवाब देते कि शहरों और देहातों में रहने वाला कोई आम आदमी भी इस तरह की गलती न करता हो।

आपने हाउस के सब हिस्सों से बेरोज़गारी की शिकायत सुनी है। पढ़े लिखे लोगों की unemployment problem तो इसी शिक्षा प्रणाली का नतीजा है। अगरचि देश को आज़ाद हुए 7-8 साल हो चुके हैं मगर शिक्षा प्रणाली में वह इनकलाबी तबदीलियां जो आनी चाहिएं थीं नहीं आ सकीं। तालीम पर ज़रूर काफी रुपया खर्च होना चाहिए, स्कूल और कालेज काफी तादाद में खुलने चाहिएं। मेरे ख्याल में सब से बड़ा काम जो एक ऐसी जमहूरी State को जो Welfare State बनने की कोशिश करती है करना होता है वह है शहरियों को इस काबिल बनाना कि वे देश के मसलों को समझ सकें और दूसरा अपने पांवों पर खड़े हो सकें, रोज़गार कमा सकें।

इस Resolution से मुझे इस हद तक हमदर्दी है कि इस में यह तजवीज़ पेश की गई है कि हमारे प्रान्त के स्कूलों और कालेजों में जो काफी बड़ी तादाद में खुले हुए हैं और खोले जा रहे हैं technical training का इन्तज़ाम किया जाए ताकि जो हमारे नौजवान इन में से निकलें तोते की तरह रट लगाना ही न जानते हों बल्कि अपने हाथों से कोई काम भी कर सकें जिस से अपनी रोज़ी कमाने के अलावा देश की दौलत को भी बढ़ा सकें।

प्रिंसिपल साहिब की तरमीम यह है कि secondary stage से technical education दी जानी चाहिये। मैं यह समझता हूं कि primary stage में ही, जिन चार, पांच सालों में बच्चा primary school में पढ़ता है, उस के मुतअल्लिक उस के वालदैन से पूछ कर, उस के aptitude को देख कर, teacher के मशवरे से फैसला कर लेना चाहिए कि उसे किस तरफ जाना है, लोहार बनना है या तरखान, खेती करनी है, teacher बनना है, पोलिस में जाना है या military में जाना है। बगैर सोचे समझे बच्चों के पढ़ते जाने से कोई फायदा नहीं हो सकता। पढ़ाई पर वालदैन का काफी रुपया खर्च हो जाता है, बाद में बच्चा समझता है कि उस ने यूंही वक्त ज़ाया किया है, और उस के वालदैन कहते हैं कि पैसा ज़ाया हो गया है। पहला चार पांच साल का अर्सा इस बात का फैसला करने के लिये काफी है कि किसी बच्चे ने किस किस्म का शहरी बनना है। अगर उसे किसी दस्तकारी में जाना है तो उसी stage से उस के दिल में, खेलों के ज़रिए, सबक के ज़रिए, कारखाने दिखा कर, उस काम के लिये दिलचसपी और रग़बत पैदा की जाए। जो बच्चे बड़े हो कर वकील, डाक्टर, जज या diplomats बनना चाहें, उन को शुरु से उसी तरह की शिक्षा दी जानी चाहिए।

[दीवान जगदीश चन्द्र]

मेरी तरमीम का मकसद यह है कि इस Resolution पर अच्छी तरह सोच विचार हो सके। बाज़ दफा Resolution पास हो जाते हैं, सिफ़ारिश कर दी जाती है मगर कई वजूहात से सरकार के लिये उन पर अमल करना मुश्किल हो जाता है। तालीम में काफ़ी तरक्की हो चुकी है, स्कूलों और कालेजों में vocational training का इन्तज़ाम करने से पहले उन की buildings और staff में कई तबदीलियां करने की ज़रूरत होगी। और भी कई बातें सोचनी होंगी। कहीं ऐसा न हो कि Resolution पास तो हो जाए मगर कागज़ पर ही रह जाए; इस पर अमल ही न हो सके। इस लिए, मैंने यह तरमीम रखी है कि गवर्नमैंट एक कमेटी मुकर्रर कर दे जो कुछ अर्सा के अन्दर सोच विचार करके, शहादतें ले कर, experts की राए ले कर, गवर्नमैण्ट को सलाह मशवरा दे कि इस स्कीम को किस तरह अमली जामा पहनाया जा सकता है। 15 सितम्बर तक कमेटी अपनी स्कीम भेज दे, फिर उस पर विचार करने के बाद गवर्नमैण्ट हाउस के सामने ठोस शक्ल में कोई चीज़ लाए, ताकि इस Resolution के ज़रिए जो ख्यालात ज़ाहिर हों अमल में आ सकें। इन लफज़ों के साथ मैं अपनी तरमीम को पेश करता हूं।

Mr. Speaker : Motion moved—

At the end add" and to constitute a Committee of the Members of this House to examine the scheme and report to the Government before the 15th of September, 1955."

श्री गोपी चन्द (पुण्डरी) : स्पीकर साहिब, आज का युग science का युग है। इस तेज़ी के साथ बदलते हुए ज़माने के साथ अगर हम अपने बच्चों की development की तरफ ध्यान दें तो लाज़मी तौर पर एक आज़ाद शहरी की हैसियत से हमारे लिये यह सोचना ज़रूरी हो जाता है कि हम अपने बच्चों को घर के, गांव के और देश के मुस्तकबिल बनाने के लिये कैसे आगे ले जाएं। आजकल बच्चा 6 साल की उम्र में स्कूल में दाखिल किया जाता है। वह बच्चा 5 साल के अरसे तक प्राइमरी स्कूल में alphabetical तौर पर कुछ सीखता है और लफज़ों की पहचान करता है। उस के बाद वही सिलसिला शुरू हो जाता है जिस का ज़िक्र मेरे दोस्त ने अभी अभी किया है। उस के बाद हमें देखना ज़रूरी है कि उस बच्चे का **रोहजान** किस तरफ है, उस का bent of mind क्या है, हमें मालूम करना चाहिये और उस को उसी line में डालना चाहिये। इस में शक नहीं है कि Government of India और हमारी पंजाब गवर्नमैण्ट ने पुराने तरीका तालीम में अहम तबदीली लाने के लिये कई जगह Basic School खोल रखे हैं। लेकिन स्पीकर साहिब, इन Basic Schools की वजह से वह अहम तबदीली नहीं आ सकी है। Basic Schools सही मानों में नहीं चल सके हैं। यह आज ज़रूरी महसूस होता है कि हम एक ऐसी स्कीम तैयार करें कि जिस से तालीम के अन्दर एक इनकलाब आ जाए। तालीम के सिलसिले में एक नई चीज़ पैदा हो जिस से कि आगे आने वाली नसलें, आगे आने वाले नौजवान ऐसे ढंग के बन सकें कि वे न सिर्फ अपने लिये ही पढ़ें और सीखें बल्कि अपने देश की शान को भी दोबाला कर सकें। स्पीकर साहिब, एक बच्चे को न सिर्फ इस लिये पढ़ना है कि वह अपनी रोज़ी कमा सके बल्कि इस लिये भी कि वह एक अच्छा शहरी बन

सके। बच्चे को इस के इलावा civics के subject की जान पहचान कराने की भी बहुत ज़रूरत है। आज जब हम दूसरे देशों के बच्चों को देखते हैं, मिसाल के तौर पर हम England में जाएं तो हम देखेंगे कि छोटे छोटे बच्चे भी किस प्रकार से स्वागत करते हैं। उन के भाव से पता चलता है कि उन के घर की, परिवार की या देश की प्रथा क्या है। आप जान जायेंगे कि वह कितना बड़ा गांव या सूबा या कितना बड़ा देश है और वहां की सभ्यता कैसी है। उस सभ्यता और culture को develop करने के लिये उस बच्चे ने भी एक अहम पार्ट play करना है। इस बात के लिये उस को ऐसी तालीम हासिल करनी है जिसे हासिल कर के वह बड़ा हो कर Doctor बन सके, Engineer बन सके और अच्छा लीडर बन सके ताकि वह अपने देश को आगे ले जा सके। इस के लिये technical education और social education बहुत ज़रूरी है। इस लिये मैं आज इस resolution की ताईद करते हुए हाउस से यह दरखास्त करूंगा कि पंजाब के अन्दर यह जो बिजली की नई स्कीम आई है इस के मातहत लाखों किलोवाट बिजली हमें मिलेगी। हज़ारों की तादाद में लड़के इस साल Matric पास कर के निकलेंगे और यह तादाद हर साल बढ़ती जाएगी। हमारी सरकार को चाहिये कि इस सिलसिले को check करने के लिये technical education का जाल बिछाए। उन को technical education रोज़गार के point of view से ही नहीं दी जानी चाहिये बल्कि इस point of view से कि पंजाब के नौजवान तमाम हिन्दुस्तान के कोने कोने में फैल जाएं और, जैसा कि पंडित जवाहर लाल जी ने भी कहा है कि पंजाबी आदमी काम करने में तगड़ा है, होशियार है और सुस्त नहीं है, पंजाब का नाम रौशन करें। अगर आज हम यह ठोस कदम उठा लें तो लाज़मी तौर पर हम पंजाब के हज़ारों भाई बहिनों की बेकारी को दूर करने के लिये काम मुहैया कर सकेंगे। Switzerland और जापान जैसे देशों की तरह की हज़ारों किस्म की cottage industry develop कर सकेंगे। अगर हम यह कदम नहीं उठायेंगे तो लाज़मी तौर पर पंजाब पीछे रह जाएगा और दूसरे सूबों के लड़के जो इस तालीम के जानने वाले हैं वह हम से आगे निकल जायेंगे। इस से पंजाब को नुकसान होगा। अगर हम पहले ही एक ऐसी स्कीम बना लें जिस के ज़रिए बच्चों को technical education दी जा सके तो हम बहुत कुछ कर सकेंगे। लिहाज़ा मैं इस resolution की ताईद करता हूं।

श्री धर्म वीर वासिष्ठ (हसनपुर) : अध्यक्ष महोदय, आज बड़ी दिलचस्प बहस चलती रही है। जब मैं resolution को पढ़ता हूं तो यह पता चलता है कि post-primary stage के लिये यह सारा ज़िक्र हो रहा है। कितने २ काबिल सदस्य हाउस में मौजूद हैं जिन में Graduates हैं, Professors हैं और Principals हैं और और भी बड़े बड़े माहिर हैं। एक मासूम बच्चे पर प्राइमरी जमायत से ही क्या क्या लादना चाहते हैं। मैं उन सब बातों को आप को बताऊंगा तो आप हैरान होंगे। यह ज़ाहिर है कि पांच साल या छ: साल का बच्चा प्राइमरी में दाखिल होगा। यह भी ज़ाहिर है कि प्राइमरी की stage को पूरा करने पर उस की उम्र 10,11 साल की होगी। यह छोटा सा हिसाब लगा कर आप कहिये कि आप अपने 11 साल के बच्चे के कन्धों पर कितना बोझ लादना चाहते हैं।

[श्री धर्म वीर वासिष्ठ]

(At this stage Shrimati Dr. Parkash Kaur, a Member of the Panel of Chairmen, occupied the Chair.) इतना बोझ जितना कि मेरे साथियों ने कहा है। वह बोझ क्या क्या है ? एक साहब कहते हैं कि civic sense का बड़ा भारी ख्याल होना चाहिये। एक साहिब कहते हैं कि Bhakra और Nangal से जितनी बिजली आएगी उस में जितने transformers, distributors और दूसरी चीज़ों की ज़रूरत पड़ेगी उन सब के लिये उसी बच्चे को तैयार करना चाहिये। यह बहुत ज़रूरी है। एक साहिब कहते हैं कि अगर उस के लिये technical education का aptitude मालूम करना है तो प्राइमरी में ही मालूम कर लो और जिधर उस का रुहजान हो उधर उस को दाखिल कर लो। चेयरमैन जी, मैं तो 26, 26 साल के नौजवानों का रुहजान बड़ी मुश्किल से मालूम कर पाया हूं। इन लोगों के रुहजानात का पता नहीं लगता और किसी का क्या पता लगेगा। इन के रुहजानात दिन भर में कई बार बदलते हैं। कहते हैं कि प्राइमरी से ही उस का रुहजान देख कर तालीम शुरु कर दो। बच्चा तो है नहीं वह तजरुबागाह है परीक्षण भवन बना हुआ है। उस की ज़िन्दगी से खेला जा रहा है और तजरुबे किये जा रहे हैं। मैं आप के द्वारा अर्ज़ करना चाहता हूं कि दर असल यह काम सिर्फ़ legislature का नहीं है। इस के लिये तो psychology (मनोविज्ञान) के experts (विशेषज्ञों) को बुलाया जाना चाहिये। उन से पूछा जाए कि बच्चे का दिमाग और intelligence किस stage पर ripe होती है।

पंजाब में प्राइमरी तक की तालीम में आप को एक बड़ी दिलचस्प बात नज़र आएगी। पटवारियों के दफतरों और थानों का record Urdu में रखा जाता है। Urdu पढ़ाना इस लिए ज़रूरी है क्योंकि इस की थानों में और तहसीलों में ज़रूरत होती है। फिर एक ज़बान अंग्रेजी है जिस को 15 सालों के लिये license मिला ही हुआ है बल्कि हमारा ख्याल है कि अंग्रेज़ी की 15 सालों के बाद भी आवश्यकता रहेगी। फिर इस सदन का एक हिस्सा है जो एक और ज़बान पर ज़ोर देता है और उस के साथ एक और ज़बान भी है जिसे हम राष्ट्र भाषा कहते हैं। यह दो ज़बानें है—गुरमुखी यानी पंजाबी in Gurmukhi script और हिंदी in देवनागरी script। इन दोनों पर भी काफ़ी ज़ोर दिया जाता है। इस तरह चेयरमैन साहिब, यह हो गईं चार ज़बानें जो एक primary स्कूल के बच्चे ने सीखनी हैं और इन की ज़रूरत इन कामों में पड़ती रहती है—थाने में report दर्ज करानी हो, रोज़ का business करना हो और रोज़ के रहन सहन के लिए इन की ज़रूरत पड़ती रहती है। फिर यह कहा गया है कि उन को civics भी पढ़ाई जाए और यह भी कहा गया है कि उन्हें technical science भी पढ़ाई जाए। अगर technical science पढ़ाई जाए तो उस के लिये जिन चीज़ों के पढ़ने की ज़रूरत होती है वह भी उसे पढ़नी पड़ेंगी। उस को Geometry, Trignometry, Science वगैरह भी पढ़नी पड़ेंगी। इस का मतलब यह हुआ कि यह सारी चीज़ें पांचवीं जमात तक के बच्चों को पढ़नी चाहिएं। मैं बड़े ज़ोर के साथ इस बात को कहता हूं कि ऐसी कच्ची stage में जब कि बच्चों की उम्र इस resolution के मुताबिक 11 साल तक की होती है उन पर

इतना बोझ नहीं डालना चाहिए। अगर यह resolution पास कर दिया गया तो एक बड़ी भारी ज़्यादती होगी। हां; secondary या higher secondary के बच्चों के लिये तो यह बात की जा सकती है। बाहर के मुल्कों में भी ऐसी बात दिखाई देती है। जब पिछली जंग हुई थी तो Germany के जो pilot पकड़े गये थे उन में से बेश्तर लड़के ही थे। 16 साल की उम्र में pilots और drivers वगैरह जैसे काम सिखाए जा सकते हैं और ऐसे कामों के लिये यह उम्र बिल्कुल ठीक है। जो प्रिन्सिपल रला राम का संशोधन है, मैं उस की ताईद करता हूं। यह technical education higher secondary में introduce की जाए। इस संशोधन में यह लिखा ही हुआ है कि यह चीज़ higher secondary से introduce की जाए। उस वक्त उम्र भी ripe हो जाती है।

दूसरी बात जो दिवान साहिब ने कही है मैं उस के मुताल्लिक इतना ही कहना चाहता हूं कि वह तो लुध्याना से आए हैं और वहां तो माहौल ही ऐसा है। वहां तो बच्चे और बच्चियां ही technicians हैं। फिर उन्होंने कहा है कि इस की report तीन महीने में दी जाए। हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि यह एक बहुत ज़रूरी चीज़ है लेकिन इस को गौर से देखा जाए और बेशक इस पर गौर करने के लिये एक कमेटी बना दी जाए और उसे 6 महीने का time दिया जाए ताकि जो चीज़ भी हम बनाएं वह एक मज़बूत चीज़ हो। और अब जो नई generation आ रही है उस के लिये यह secondary stage पर ही किया जाना है। इस लिये कोई जल्दी की ज़रूरत नहीं। फिर इस वक्त उन के लिये primary stage पर कुछ और बातें हैं—मसलन basic तालीम है और वार्धा scheme है। फिर यह ऐसी चीज़ नहीं जो इसी वक्त पास कर दी जाए।

चेयरमैन जी, इन दो बातों के अलावा जो मैंने कही हैं कुछ और कहने की आवश्यकता नहीं है सिवाए इस के कि यह primary stage पर बिल्कुल लागू न की जाए और अगर की गई तो एक गलत चीज़ की जाएगी। दूसरा यह कि यह higher secondary में भी optional रखी जाए और इसे लाज़मी करार न दिया जाए। और तीसरी बात यह कि तीन महीने के time को बढ़ा कर 6 महीने कर दिया जाए और अगर पहले ही इस में 6 महीने की provision की हुई है तो और कोई चीज़ करने की जरूरत नहीं।

ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ (ਅਜਨਾਲਾ): ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਜਿਹੜੀ amendment ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਰਲਾ ਰਾਮ ਜੀ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਬੋਲਣ ਲਈ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਉਮਰ technical ਤਾਲੀਮ ਲਈ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਉਸ ਉਮਰ ਤਾਈਂ ਤਾਂ ਬੱਚਿਆਂ ਦੇ trend ਦਾ ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਲਗ ਸਕਦਾ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਮੁਲਕਾਂ ਨੇ industries ਵਿਚ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਉਹ 11 ਸਾਲ ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ 16 ਸਾਲ ਤਕ ਦੀ ਉਮਰ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ vocations ਵਿਚ training ਲਈ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਰੂਸ ਵਿਚ ਇਹ ਵੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਉਥੇ 11 ਸਾਲ ਦੀ

[ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ]

ਉਮਰ ਦੇ 5 ਲਖ ਬੱਚੇ ਹਰ ਸਾਲ vocations ਵਿਚ training ਦੇਣ ਲਈ ਲਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਫੇਰ training ਦੇਣ ਦੇ ਵੀ ਢੰਗ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਥੇ ਜਿਹੜਾ training ਦੇਣ ਦਾ ਢੰਗ ਹੈ, ਉਹੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੋ basic ਸਕੂਲ ਖੋਲ੍ਹੇ ਹਨ ਉਥੇ ਤੱਕਲੀ ਦਾ ਕੰਮ ਤੇ ਮਿੱਟੀ ਦੇ ਬਰਤਨ ਬਣਾਉਣ ਦਾ ਕੰਮ ਸਿਖਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਉਹ training ਕਿਹੜੇ ਕੰਮ ਆਏ ਗੀ? ਇਹ ਜਿਹੜਾ emphasis Second Five-Year Plan ਤੇ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ industry ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਇਨ੍ਹਾਂ basic ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਪੜ੍ਹੇ ਹੋਏ ਬੱਚੇ ਤੇ ਨੌਜਵਾਨ ਉਸ Plan ਨੂੰ ਕਾਮਯਾਬ ਬਣਾਉਣ ਲਈ technicians ਦਾ ਕੰਮ ਦੇ ਸਕਣਗੇ? ਦੂਜੇ ਮੁਲਕਾਂ ਵਿਚ ਜਿਥੇ ਕਿ industry ਨੇ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਜਦੋਂ ਬੱਚਾ primary class ਵਿਚ ਦਾਖਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਵੇਲੇ ਤੋਂ ਹੀ ਉਸ ਦਾ ਧਿਆਨ industries ਵਲ ਲਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਉਸ ਦੇ ਅੱਗੇ ਖਿਲੌਣੇ ਬਿਖੇਰ ਦਿੱਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਕਿਸੇ model ਦੀ ਫੋਟੋ ਰਖ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਉਹ ਬੱਚਾ ਫੋਟੋ ਦੇਖ ਦੇਖ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਖਿਲੌਣਿਆਂ ਦਾ ਮਾਡਲ ਬਣਾ ਲੈਂਦਾ ਹੈ। ਉਹ ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤਸਵੀਰਾਂ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਤੇ ਬਣਾਉਣ ਲਗ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਸ ਦਾ ਉਤਸ਼ਾਹ ਵਧ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨੇ constructive ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਹ ਕੰਮ ਵਿਚ interest ਲੈਣ ਲਗ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਉਹ lower secondary ਵਿਚ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਅੱਗੇ ਛੋਟੀਆਂ ਛੋਟੀਆਂ ਮਸ਼ੀਨਾਂ ਰਖੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਮਸਲਨ lathe ਹੋਈ ਜਾਂ ਛੋਟਾ ਜਿਹਾ ਖਰਾਦ ਹੋਇਆ ਤੇ ਉਸ ਉਤੇ ਕੰਮ ਸਿਖਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਉਹ ਦਸ ਸਾਲ ਤੇ 11 ਸਾਲ ਦੀ ਉਮਰ ਦੇ ਬੱਚੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ blue print ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਫੇਰ ਉਥੇ ਇਹ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਤਿਆਰ ਕੀਤੇ ਗਏ ਸਮਾਨ ਨੂੰ ਵੇਚ ਕੇ ਜਿਹੜੀ ਆਮਦਨੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਉਹ ਮੁੜ ਕੇ ਉਸੇ ਸਕੂਲ ਤੇ ਲਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਦਾ ਖਰਚ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਨਹੀਂ ਪੈਂਦਾ ਰਹਿੰਦਾ।

ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ viewpoint ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਕਮੇਟੀ ਬਣਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਜਿਹੜੀ ਇਸ ਮਸਲੇ ਉਤੇ 6 ਮਹੀਨਿਆਂ ਲਈ ਸੋਚ ਵਿਚਾਰ ਕਰੇ ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਚੀਜ਼ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕਮੇਟੀ ਬਣਾਉਣ ਦਾ ਹੋਰ ਕੋਈ ਮਤਲਬ ਨਹੀਂ ਸਵਾਏ ਇਸ ਗੱਲ ਦੇ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਅਗੇ ਲਈ postpone ਕੀਤਾ ਜਾਏ। ਇਹ ਚੀਜ਼ ਬਿਲਕੁਲ ਸਾਫ਼ ਹੈ ਕਿ technical training ਦੇਣੀ ਬੜੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਚੀਜ਼ ਹੈ।

ਫੇਰ ਚੇਅਰਮੈਨ ਜੀ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਚੰਗੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਵੀ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਚੰਗੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਤਾਂ ਹੀ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ technical training ਲਈ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਬਚਿਆਂ ਨੂੰ ਚੰਗੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਬਣਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ civic sense ਆਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਇਸ ਦਾ ਸਿਵਾਏ ਇਸ ਦੇ ਹੋਰ ਕੋਈ ਮਤਲਬ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਟਾਲ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ।

11 ਸਾਲਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ building ਬਣਾਉਣ ਦਾ ਕੰਮ, chemicals ਦਾ ਕੰਮ ਤੇ metallurgy ਵਗੈਰਾ ਦਾ ਕੰਮ ਬੜੀ ਆਸਾਨੀ ਨਾਲ ਸਿਖਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਲਈ ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ Second Five-Year Plan ਨੂੰ ਕਾਮਯਾਬ ਬਣਾਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਸਾਨੂੰ technical training ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਜਿਵੇਂ ਕਿ resolution ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ।

ਫਿਰ ਜਦ ਦਸਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਆਪ ਦੀ ਪੜ੍ਹਾਈ ਹੀ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਨਾਲ ਬੇਰੁਜ਼ਗਾਰੀ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਸਗੋਂ ਵਧਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਪੜ੍ਹਾਈ ਦਾ ਬੇਰੁਜ਼ਗਾਰੀ ਨਾਲ ਕੀ ਤੁੱਲਕ ਹੈ ਅਤੇ ਅਸੀਂ technical training ਦੇ ਤਾਂ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਮਗਰ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦ ਤਕ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ industry ਨਹੀਂ; ਤੁਸੀਂ ਕੁਝ ਕਰੋ ਤੁਹਾਡੇ technically trained ਆਦਮੀ ਵੀ ਬੇਕਾਰ ਰਹਿਣਗੇ । ਰੁਜ਼ਗਾਰ ਇਕ society ਦਾ ਅਕਸ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ developed society ਹੈ ਤਾਂ trained ਆਦਮੀ ਕੰਮ ਤੇ ਲਗ ਸਕਦੇ ਹਨ। Industry ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ ਤਾਂ ਬੇਰੁਜ਼ਗਾਰੀ ਹੋਵੇਗੀ। ਇਸ ਲਈ ਬਹਾਨੇ ਬਣਾ ਕੇ ਕਿ curriculum ਨਹੀਂ ਬਣਨਾ ਜਾਂ ਹੋਰ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਲਾਂ ਕਰਕੇ resolution ਨੂੰ ਪਿਛਾਂ ਨਾ ਸੁੱਟੋ। ਸਿਧੀ ਜਿਹੀ ਗੱਲ ਹੈ ਬੱਚਿਆਂ ਦਾ trend ਵੇਖਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੰਮ ਵਿਚ ਪਾਓ। ਸਾਡੇ ਬਚੇ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਮੁਲਕ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵੀ ਘਟ ਨਹੀਂ ਹਨ। ਬਾਹਰ ਜਾ ੨ ਕੇ ਸਾਡੇ ਲੋਕ shine ਕਰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਸਾਡੇ Development Minister ਸਾਹਿਬ ਵੀ ਹਨ। ਮਤਲਬ ਮੇਰਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਬਚੇ ਕਿਸੇ ਮੁਲਕ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਿਛੇ ਨਹੀਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ technical education ਮਿਲਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਅਜ ਕਾਲਿਜ ਵਿਚ ਜਾਉ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ rts ਲੈ ਲਉ, Science subjects ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੇ, ਜਗ੍ਹਾ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਕੋਈ ਬਚਾ Chemistry, Physics ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ; ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ। ਇਸ ਲਈ ਖਾਸ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕਰਕੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਹਰ ਕਿਸਮ ਦੀ technical training ਦਿਉ ਤਾਂ ਜੋ ਸਾਡੀ Second Five-Year Plan ਵਿਚ ਹੋਣ ਵਾਲੀ development ਲਈ ਬਚੇ ਤਿਆਰ ਹੋ ਜਾਣ।

प्रोफेसर शेर सिंह (झज्जर) : चेयरमन महोदया, आप के सामने जो प्रस्ताव सरदार प्रताप सिंह जी राए ने पेश किया है मैं उस का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। बहुत से भाई और बजुर्गों ने अपने विचार रखे हैं, उस से पता चलता है कि उन्हें कुछ भ्रम है जिसे मैं दूर करना चाहता हूं। एक तो यह चीज़ है कि जो प्राथमिक शिक्षा और secondary शिक्षा है इस का आपस में मेल कहां हो, हाथ का काम कहां से शुरु किया जाए इस बारे में कई भाइयों में भ्रम पाया जाता है। प्रिंसिपल साहिब ने जो संशोधन रखा कि technical training, secondary—higher secondary stage पर शुरु की जाए, सही है परन्तु उस के साथ २ जो स्पष्टीकरण किया उस में कुछ भ्रमात्मक बातें कहीं। पहली तो यह बात कही कि primary stage तक सिर्फ थोड़ा सा Arithmetic, थोड़ा सा भाषा ज्ञान यानी शिक्षा केवल three R's तक ही सीमित रखी जाए लेकिन और कोई बच्चों पर बोझ न डाला जाए। और इस के बाद एकदम technical

[प्रोफैसर शेर सिंह]
training, vocation के लिये पेशे के लिये, training आरम्भ कर दी जाए। मैं समझता हूं कि शिक्षा का साधन काम होना चाहिए। आज पुरानी बातें गईं। पहले तो रटना ही पढ़ाई थी। किताब रट ली पास हो गए। मगर यह एक dead knowledge था, मृत ज्ञान था। किताबों के ज़रिए, भाषा द्वारा ज्ञान प्राप्त किया जाता था। शिक्षा का माध्यम भाषा थी। Medium of education was language. मगर आज नज़रिया बिल्कुल बदल गया है। तालीम का ज़रिया भाषा नहीं काम होना चाहिए—stage चाहे कोई भी हो, Primary या Secondary। जब तक ऐसा नहीं होता तब तक सुधार कठिन है। आज की तालीम मुर्दा तालीम है। इसे खत्म करना चाहिए और जितनी शिक्षा दी जाए वह सारी काम के द्वारा दी जाए। Craft केंद्र बना कर सारी शिक्षा को बदलना है। मेरे भाई ने तकली का मज़ाक उड़ाया कि जब कोई बच्चा पढ़ने जाता है उस के सामने तकली उठा कर रख दी जाती है। उन्हें पता नहीं कि Basic Education क्या है। 7, 8 साल के बच्चे में पढ़ाई शुरु करते ही self-sufficiency नहीं आ जाती। मेरे भाई तो शायद चाहते हैं कि पढ़ाई शुरु करते ही बच्चे कमाना शुरु कर दें। इस लिये यह सोचते हैं कि तकली से कोई फायदा नहीं क्योंकि इस से तो कुछ पैदा न होगा। मगर यह इतना तो सोचें कि एक 8 साल के बच्चे को क्या craft सिखाएंगे? अभी उस की वह अवस्था नहीं होती कि आप सख्ती से उस से कोई काम कराएं। इस अवस्था में तो उसे तैयार करना होता है, उस की muscular development होनी होती है। तब जाकर वह कोई ऐसा काम सीख सकता है कि जिस से उस की तालीम का खर्च निकल आए और उसे किसी पर बोझ न बनना पड़े। मेरा मक्सद यह है कि जो Secondary Education है that should be through self-sufficiency and primary education should be for self-sufficiency. इस चीज़ की समझने के ज़रूरत है। Primary शिक्षा में आत्म निर्भरता प्राप्त करना मकसद नहीं होना चाहिए। अगर हम सोचें कि बच्चा primary शिक्षा में ही ऐसी चीज़ें बनाना शुरु कर दे जो बाज़ार में बिक सकें और इस तरह वह अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल सके तो यह ठीक नहीं होगा। हां; primary stage के बाद जब बच्चा पढ़े तो उस के साथ २ कमाना शुरु कर दे और उस की पढ़ाई में बनाई हुई चीजों की कीमत से उस की पढ़ाई का खर्च निकल सके। यहां तक कि वह अपने parents पर भार न हो। अगर हम ने Secondary Education का यह मतलब समझा तो ठीक है। मगर हम यह नहीं कह सकते कि primary शिक्षा में केवल three R's और थोड़ी बहुत civics पढ़ा देना ही काफी होगा। साथ २ कोई काम भी सिखाना है। यह चीज़ हमारे देश में ही नहीं सारी दुनिया के देशों में है। इस बात को अच्छी तरह समझा जाता है कि जब तक हम अपने ज्ञान को utilise नहीं कर लेते, इसे उपयोगी न कर लें तब तक वह ज्ञान, ज्ञान ही रहता है, बुद्धि नहीं बनता। आज तालीम का मकसद बदल गया है, आज यह माना जाता है कि तालीम for knowledge नहीं बल्कि for wisdom होनी चाहिए ताकि जो समस्याएं, हालात बच्चे के आगामी जीवन में आएं वह उन के मुकाबले के लिये तैयार हो, रास्ता निकाल सके। बुद्धि में शक्ति पैदा हो जाए।

तालीम का मकसद ज्ञान हासिल करना नहीं बुद्धि का विकास करना है knowledge हासिल करना नहीं बल्कि wisdom हासिल करना है ताकि बच्चा अपने आप को ऊंचा उठा सके। इस में तो सन्देह नहीं कि बच्चा अपनी शिक्षा मां के पेट से आरम्भ करता है। यह by heredity, by native intelligence भी मिलती है और मां के पेट में शुरु हो कर सारा जीवन, जब तक मृत्यु होती है, शिक्षा का क्रम चलता रहता है। सारे जीवन भर के अनुभव से शिक्षा मिलती है।

ऐसे ही सारा संसार एक स्कूल है। राष्ट्र के अनुभव से शिक्षा को ऊंचा किया जा सकता है। जीवन और शिक्षा अलग नहीं। यह दोनों एक ही हैं। अगर हम जीवन और शिक्षा को अलग करेंगे तो हम विकास नहीं कर सकते। फिर हमारा दृष्टिकोण ही और है। आज हमारे बच्चे 7-8 साल लिखने पढ़ने में और हिसाब किताब सीखने में लगा देते हैं, इस के बाद उन्हें किसी और काम में लगाया जाता है तो इस से उन के काम में कोई continuity नहीं रहती। हमें जीवन को धर्म और उपयोगी कामों के लिये तैयार करना है। हमारा जीवन घूम रहा है। इस जीवन के अन्दर हम जो काम करते हैं वह हमारी उपक्रियाए हैं। इन से हम ने किसी लक्ष्य को achieve करना है। इन उपयोगी क्रियाओं के गिर्द हमारा जीवन घूमता है। हम पांच छ: वर्ष के बच्चे को यह समझते हैं कि वह नौजवान हो गया है परन्तु ऐसा नहीं। हम ने उसे एक इनसान बनाना है। उस की उपक्रियाओं को देखना है। हम जो तालीम उसे देते हैं उस में नुक्स है। हमारे दिमाग में सदा यह रहता है कि वह इनसान है, वह एक human becoming है, human being नहीं, परन्तु मैं यह समझता हूं कि वह human becoming नहीं human being है। शिक्षा शास्त्री इस बात को मानते हैं। तो फिर यदि वह human being है तो उसे हम मुर्दा तालीम दें यह कोई बड़ाई की बात नहीं है। हमारे जीवन का एक क्रम है जिस के अनुसार जीवन चल रहा है। इस ढंग के अन्दर हमने दिमाग को चलाना है। मुर्दा तालीम से दिमाग नहीं चल सकता। चाहे काम करने की शक्ति हो। इस लिये हमें इस दृष्टिकोण से तालीम को लाना है। शिक्षा शास्त्री भी इस बात को मानते हैं कि हम बच्चों को कोई ऐसी शिक्षा दें जिस से उनका दिमाग अच्छी तरह काम करे।

4 p.m.

महात्मा गांधी जी ने जो Wardha education जारी की थी तो उसका central idea भी यही था कि बच्चों को उपयोगी शिक्षा दी जाए। बच्चे में लचक होती है। ताकत होती है। वह जो काम सीखना हो जल्दी सीख सकता है। फिर इस प्रकार की शिक्षा ग्रहण करने से रोज़गार मिलता है। जीवन का कार्यक्रम बनता है। फिर यह भी देखना होता है कि देश में जन संख्या क्या है। उन सब को किस ढंग से काम देना है। वहां तक मशीनों को लाना है। वहां तक हमने इस technical training को शुरु करना है। यह सफल कैसे करनी है? यह स्कीम यदि शुरु की गई तो क्या यह जीवन का हिस्सा बन जाएगी। इस तरह बच्चों को शिक्षा देकर हमने मशीनों को लाना है और इन्हें काम पर लगाना है। इस से ऐसी जन संख्या को काम मिलेगा जो बिना काम के है।

[प्रोफेसर शेर सिंह]

बेकार बैठी जन संख्या को काम देना हमारा कर्त्तव्य बन जाता है। रोज़गार देने के लिये जरूरी है कि इन की तालीम आज कल की तालीम से अलग हो। यह गलत है कि हम हाथ से काम करें और मशीनों को छोड़ दें। हमें तो बच्चों को इस तरह शिक्षित करना है कि वह आरम्भ से ही अपना कार्यक्रम बना लें और उपयोगी उपक्रियाओं में लग जाएं। शिक्षा शास्त्री इस बात को अनुभव करते हैं कि बच्चों को उपयोगी शिक्षा दी जाए।

मेरे एक Communist भाई ने कहा है कि 11 साल की उम्र में बच्चा यह फैसला कर सकता है कि उसे अपना जीवन किस ढंग से व्यतीत करना है। परन्तु यह बात हो सकती है—दूसरे राष्ट्रों के सम्बन्ध में ठीक हो सकती है जहां कि तालीम बहुत पहले से ही मिलनी आरम्भ हो जाती है। हो सकता है कि वह बच्चे फैसला कर सकते हैं। वहां गांवों के अन्दर बच्चों को पढ़ना पड़ता है। Pre-primary education का काम वहां पर है। Nursery स्कूलों का काम है। जहां पर बच्चों को कपड़े बदलना, नहाना आदि की शिक्षा दी जाती है। लोगों के साथ व्यवहार करने के बारे में बताया जाता है। बोलना चलना सिखाया जाता है। यह कार्य चित्रों से किया जाता है चाहे उन्हें पढ़ना लिखना न आए परन्तु तीन साल से 6 साल के बच्चे को अन्य राष्ट्रों में सब बातें सिखला दी जाती हैं। इस तरह वह जीवन में आगे बढ़ जाते हैं। परन्तु हमारे यहां घटिया दर्जे की पढ़ाई है। जो ज़बान बच्चों को पढ़नी होती है वह अध्यापकों को स्वयं नहीं आती। अध्यापक उर्दू पढ़े हुए हैं वह हिंदी तथा पंजाबी कैसे पढ़ा सकते हैं? उन से ज़्यादा हिंदी तो बच्चों को आती है। फिर हरेक श्रेणी में 70-80 बच्चे हैं जिन के ऊपर एक अध्यापक है। वह उन बच्चों को अच्छी तरह control भी नहीं कर सकता। इन हालात में बच्चों के जीवन में कैसे विकास किया जा सकता है? यह हमारी शिक्षा में development है?

परन्तु दूसरे देश यह सोच रहे हैं कि individual attention के बिना बच्चा develop नहीं कर सकता। वह सोच रहे हैं कि हरेक श्रेणी में 10--15 से ज़्यादा बच्चे न हों। पुरानी प्रथा भी यही थी कि individual attention दी जाए। आज के शिक्षा शास्त्री भी इसी बात को मानते हैं और हमारी प्राचीन प्रथा आज के western thought के अनुकूल है कि individual attention दी जाए।

हमारी education के अन्दर एक मौलिक त्रुटि—fundamental error है कि हम तालीम देते हैं तो masses को treat करते हैं और इसी सिद्धांत पर अमल करते हैं कि treating the masses परन्तु educating the masses पर ध्यान नहीं देते। इस सिद्धांत पर अमल करने से masses को तालीम नहीं दी जा सकती। यह गलत तरीका है। यह शिक्षा शास्त्री इस को मानते हैं कि इन्सान पैदा होता है तो वह कोरी स्लेट की तरह नहीं कि जिस पर जो लिख दो ठीक है, लिखा जाएगा यह गीली मिट्टी की तरह नहीं कि जैसे चाहा बना दिया। जब इन्सान पैदा होता है तो उस की कुछ mental dispositions होती हैं जिन को वह साथ लाता

है। अब शिक्षा शास्त्री का काम है कि जिस mental disposition को वह बच्चा साथ लेकर आता है उससे self-acquaintance कराए और फिर ही उसका विकास करना शुरु करे।

श्री रला राम : On a point of Order, Sir. यह Resolution तो technical training for different vocations के बारे में है।

प्रोफैसर शेर सिंह : मैं यह कह रहा था कि पहले self-acquaintance ली जाती है और फिर तालीम मिलती है। Self-acquaintance की stage न आए तो बच्चे का विकास सही लाइनों पर नहीं किया जा सकता। मेरे माननीय मित्र वासिष्ठ जी ने बताया कि इस हाउस के 126 मेम्बरान में से भी शायद कइयों को अपने रुहजान के बारे में पता न हो। सही तालीम देने के लिए self-acquaintance की ज़रूरत है।

फिर इस के बाद छः सात साल के बच्चे की general education पर भी ध्यान देने की ज़रूरत है। General education और individual education में फर्क है। हमारे देश के अन्दर general education पर ज़ोर है। Individual education पर कोई ज़ोर नहीं दिया जाता। एक एक क्लास में 100-100 बच्चे हैं। एक एक उस्ताद के पास चार चार पांच पांच क्लासें हैं। इस तरह general education में बच्चा दस ग्यारह साल का होकर भी individual attention के तीन साल की उम्र के बच्चे का मुकाबला नहीं कर सकता। हमें individual education पर ज़ोर देना है। यही सवाल Secondary Education Commission के सामने उठा था कि general education के बाद specialization को शुरु कर दिया जाए। उन्होंने प्रान्तों का दौरा किया, evidence लिए, टीचरों को मिले और वे इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि यहां पर 13-14 साल की उम्र ऐसी होती है जिस में कि बच्चा किसी technical education की या किसी vocational training की specialization के लायक बन सकता है।

श्री रला राम जी ने जो संशोधन रखा था मैं उसी की तरफ आ रहा था। उन्हें भ्रम हो गया था कि मैं उन के संशोधन का विरोध कर रहा हूं।

Education Commission ने यह फैसला किया है कि हमारे देश में 13-14 साल की उम्र ऐसी होती है कि जिस में बच्चा किसी training की specialization के लिए जा सकता है या किसी vocation को सीख सकता है। इस लिये तेरह-चौदह साल की उम्र के लड़के के लिये शिक्षा शास्त्रियों ने निश्चय किया है कि multipurpose schools खोले जाने चाहियें। मेरा इस से कुछ विरोध है इन मायनों में कि जो तालीम सातवीं आठवीं जमायत तक तेरह चौदह-साल की उम्र तक चलती है उस में लड़के की ground तैयार नहीं होती। Multipurpose school में अलग अलग छः विभाग होते हैं, Arts, Science, Technical, Agriculture,

[प्रोफेसर शेर सिंह]

Mechanical and Commerce । इन में से किसी विभाग में तालीम हासिल कर ले और कामयाबी से चल सके । इस लिये कोशिश यह है कि multipurpose schools बनायें और उन में technical विभाग और दूसरे विभाग खोलें । इस की ज़रूरत इस लिये समझते हैं कि हमारी सरकार multipurpose school बनाने का प्रबन्ध कर रही है और हर साल ऐसे तीन स्कूल खोलने का विचार कर रही है । हमें डर है कि बहुत सारे सकूलों में Arts और Science के लिये प्रबन्ध है तो कहीं Commerce, Technical, Agriculture और दूसरे विभागों की तरफ कम ध्यान दिया जाय । किसी स्कूल में तीन विभाग कर दिये और नाम multipurpose school का रख दिया । किसी जगह Agriculture का बन्दोबस्त कर दिया और अपना teacher रख कर कह दिया कि multipurpose school बन गया है । अगर इस प्रस्ताव के ज़रिए multipurpose schools बनाने हैं तो मैं इस सदन को सुझाव देना चाहता हूं कि यह सकूल secondary stage में फायदामंद साबत हो सकते हैं । इस में ऐसा न करें कि छ : विभाग बनाने हों तो सिर्फ दो मौजूद हों । इस तरह की basic education का मतलब यह होगा कि नाम बड़ा और दर्शन छोटे । Multipurpose का नाम सुन्दर हो लेकिन जो चीज़ आवश्यक है यानी हाथ का काम, उस के लिये कोई प्रबन्ध न हो तो इस का क्या लाभ हो सकता है । इस प्रस्ताव की ज़रूरत है और जो प्रिंसिपल साहिब ने संशोधन पेश किया है वह भी मनोविज्ञान की दृष्टि से ठीक है । उसे स्वीकार कर लेना चाहिये और प्रस्ताव को भी मन्जूर कर लेना चाहिये । हुकूमत पर ज़ोर दें कि multipurpose schools में technical विभाग और दूसरे विभाग ज़रूर हों । ऐसा न हो कि आप 30 ऐसे स्कूल तो खोलें मगर सिर्फ पांच में multipurpose school का असली प्रबन्ध हो और 10 या 15 ऐसे स्कूल हों जिन में technical विभाग का प्रबन्ध न किया जाये । मैं इन शब्दों के साथ राय प्रताप सिंह के प्रस्ताव का प्रिन्सिपल साहिब की ओर से पेश किये गये संशोधन के साथ समर्थन करता हूं ।

श्री देव राज सेठी (रोहतक शहर) : चेयरमैन जी, इस बात में कोई संदेह नहीं कि जहां देश में इनकलाब आये—राजनैतिक क्षेत्र में या इक्तसादी क्षेत्र में—हम तालीम के क्षेत्र में काफी पिछड़े हुए हैं । हमारे नेताओं ने शिक्षा के सम्बन्ध में जब समय मिला, हमारे educationists ने इस बारे में नुक्ताचीनी की कि शिक्षा का ढंग बदलना चाहिये और हमें मानना पड़ेगा कि इन पिछले सात सालों के अन्दर अपनी तालीम की बुनियाद जो हमें रखनी चाहिये थी वह नहीं रख सके । बड़े बड़े educationist श्री राधाकृष्णन से लेकर छोटे तक शिक्षा की निन्दा करते हैं और त्रुटियां बताते हैं । बापू जी ने बुनियादी तालीम का idea सब से पहले दिया और अपने समय में जितना थोड़ा समय उन्हें बाद में मिला उन्होंने इस को एक मज़बूत चट्टान पर रखा । उस के बाद यह कहा गया कि बच्चों के लिये तकली हो और Secondary Education में तकली के अलावा और यंत्र आये । इन सारी चीज़ों को किस तरह integrate किया जाये । यह इस देश के और इस राज्य के शिक्षा विशारदों और शिक्षा शास्त्रियों का काम था । अभी तक वह चीज़ नहीं हुई । अगर

स्पीकर साहिब, Irrigation पर काफी बहस हो चुकी है। मैं उन से सिवाए इस बात के कुछ अर्ज़ नहीं करना चाहती कि उन को spirit पर जाना चाहिये। ऐवान के मैम्बरों का दर्जा बहुत कम हो रहा है। अगर इस ऐवान के किसी मैम्बर को यहां पर मकान लेना हो तो उस को 120 रुपये किराये के देने पड़ते हैं। हमारे प्रतिनिधि जो वज़ीर साहिबान हैं वे तो बंगलों में रहते हैं। उन को भी पार्टी ने भेजा हुआ है। हम भी गरीब जनता के प्रतिनिधि हैं। हमारे लिये इतना ज़्यादा किराया क्यों रखा गया है? मुझे खुशी है कि clerks की तरक्की हुई है। बजट में बड़ी बड़ी रकमें रखी गई हैं, लेकिन जिन गरीब लोगों पर सारे सूबे का इनहिसार है उन के लिये कुछ नहीं किया गया। चपड़ासी, हवालदार और सिपाहियों की तनखाहें नहीं बढ़ाई गईं। वे बिचारे जब घर जाते हैं तो उन की बीवियां पूछती हैं कि फलां चीज़ खत्म है, फलां चीज़ घर में मौजूद नहीं है वह क्यों नहीं लाये? वे बिचारे क्या जवाब दें? मैं Education Minister साहिब को आप के द्वारा कहना चाहती हूं कि उन्होंने हुक्म दे दिया है कि चपड़ासी uniform पहन कर आयें। बड़ी अच्छी बात है। लेकिन जिन चपड़ासियों के पास खाने को रोटी नहीं है, पहनने के लिये कपड़ा नहीं है वे लोग uniform कैसे बनवायेंगे? मैं अर्ज़ करूंगी कि उन को इस तरफ पूरी तवज्जुह देनी चाहिये। State की तरक्की तभी होगी जब गरीब आदमियों की तरफ सही ध्यान दिया जायेगा।

स्पीकर साहिब, मैं तो spirit पर ज़ोर देती हूं। आप को याद होगा हमारी जो Public Accounts Committee की पहली meeting हुई थी उस के आप सदर थे। उस में Home Secretary को बुलाया था तो वे नहीं आये थे। उन के Assistant आए थे और उन्होंने कहा था कि वे बीमार हैं। आप को यह भी याद होगा कि मैं उसी वक्त उठ कर साथ वाले कमरे में गई और वहां जा कर telephone किया तो मालूम हुआ कि वे दफतर में मौजूद थे। आ कर मैं ने आप को सारी बात बता दी थी। पहले वे Home Secretary थे आज कल वे Commissioner हैं। मैं चाहती हूं कि इस spirit को बदला जाए।

स्पीकर साहिब, बजट में बड़ी बड़ी रकमें रखी गई हैं। ठीक है। आप की विसातत से कहना चाहती हूं कि Rehabilitation हो या कोई दूसरी चीज़ हो, छोटी मोटी industry को चलाने के लिये कोई पैसा नहीं रखा गया हालांकि बजट में लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपये रखे गए हैं। सच बात तो यह है कि हमारे पास भंडारा तो है लेकिन परोसने का तरीका गलत है। उस को दुरुस्त किया जाना चाहिये।

स्पीकर साहिब, ज्यादा नहीं कहूंगी। 1953 में अमृतसर में एक meeting हुई थी। उस में Finance Minister और Chief Minister भी तशरीफ ले गये थे। Labour Minister और Labour Commissioner भी मौजूद थे। वहां पर 5 आदमी mills के मालिकों की तरफ से और 5 मज़दूरों की तरफ से मौजूद थे। फैसला हुआ और दस्तखत हो गए लेकिन एक आदमी के दस्तखत न होने की वजह से आज तक वह बात खड्डे में पड़ी हुई है। मैं Chief Minister साहिब से दरखास्त करना चाहती हूं कि labour और industry दोनों मिलते जुलते portfolios हैं इस लिये दोनों एक ही आदमी के पास होने चाहियें। किसी को दे दें यह उन की मर्ज़ी है।

अध्यक्ष महोदय : आप का मतलब है कि चौधरी सुन्दर सिंह के पास न रहें? (*Laughter*) (Does the hon. Lady Member mean that this should not remain with Chaudhri Sundar Singh ?) (*Laughter*).

श्रीमती शन्नो देवी : नहीं जी यह उन की अपनी पसन्द है किसी को दे दें।

स्पीकर साहिब, आप की विसातत से मैं आपोज़ीशन में बैठे हुए साथियों से भी कुछ दरखास्त करना चाहती हूं। उन में कुछ तो ऐसे ही हैं जो कि बैंचों के तबादले से ही आपोज़ीशन में आ गये हैं। फिर भी मैं आप लोगों से दरखास्त करना चाहती हूं—चाहे मानें या न मानें, चाहे सुनें या न सुनें—कि आप और हम सब को सूबे की बेहतरी के लिये ही कहना चाहिये और इसी उद्देश्य को सामने रख कर काम करना चाहिये। स्पीकर साहिब, मैं देख रही हूं कि आज इस हाऊस के मैम्बरान का वकार दिन प्रति दिन कम हो रहा है। आप को मैं बताना चाहती हूं कि सर खिज़र हियात खां के ज़माने का—सन् 1946 का ज़िक्र है—कि मैं टांगे में बैठ कर Secretariat जा रही थी। वहां पर किसी constable ने मेरा टांगा रोक लिया। जब मैं ने इस बात की शिकायत की तो सर खिज़र हियात खां ने मुझ से माफ़ी मांगी। यहां पर मेरे पास कार तो है नहीं और शायद आगे भी न हो, मैं रिकशा में बैठ कर आ रही थी तो मेरी अपनी हकूमत में मुझे सिपाही

[श्रीमती शन्नो देवी]

ने रोक दिया, कहने लगा कि आप अन्दर नहीं जा सकतीं। मैं आप के द्वारा, स्पीकर साहिब, चीफ मिनिस्टर साहिब से अर्ज करना चाहती हूं कि वह सब मैम्बरों का ध्यान रखें और उन के वकार का भी ध्यान रखें। मैं समझती हूं कि आप की अपनी हकूमत में अगर आप के एक साथी मैम्बर असैम्बली का अपमान होता है तो इस में आप का अपना अपमान है। इस लिये आप को अपने मान अपमान का भी ध्यान रखना चाहिये।

स्पीकर साहिब, जाते जाते और बैठने से पहले एक और बात कहना चाहती हू। यह जो आपने अब फैसला किया है कि 10 साल से ज़्यादा service वाले को अगर आप समझें तो compulsory तौर पर retire कर देंगे, इसे मैं पसन्द नहीं करती हूं। Services तो अब भी यह महसूस करती हैं कि उन के लिये कोई खास security नहीं, इस फैसले को लागू करने के बाद तो उन के लिये और भी ज़्यादा insecurity हो जायेगी। इस लिये इस फैसले को कि जिस वक्त आप चाहें उन्हें निकाल दिया जायेगा revise किया जाना चाहिये। मैं आशा करती हूं कि मेरी बातों को ध्यान में रखा जायेगा।

चीफ़ पार्लियामेण्टरी सैक्रेटरी (श्री प्रबोध चंद्र) : स्पीकर साहिब, मैं पिछले चन्द दिनों से आपोज़ीशन के फ़ाज़िल दोस्तों की तकरीरें सुनता आया हूं। मैं सोचता हूं कि आखिर ऐसा क्यों होता है। तो आज अचानक ही सुबह एक किताब देखने का मौका हुआ जिस में definition थी कि आपोज़ीशन किसे कहते हैं। उस में लिखा था................

"Opposition is a crowd of persons who individually cannot do anything."

Shri Sri Chand : On a point of Order, Sir. Is Opposition under discussion ?

अध्यक्ष महोदय : जो कुछ आपने कहा उस का वह जवाब दे रहे हैं। (He is replying to whatever you have said.)

श्री श्री चन्द : House या Opposition तो under discussion नहीं। (*Interruptions*).

Mr. Speaker: Order, order.

चीफ़ पार्लियामेण्टरी सैक्रेटरी : मेरे फ़ाज़िल दोस्त चौधरी श्री चन्द जी को इतना sensitive नहीं होना चाहिये। वह तो आए दिन अलिफ़ लैला की कहानियां सुनाया करते हैं। अब आप चैन से क्यों नहीं सुनते ? मैं तो कोई कहानियां नहीं कहने जा रहा। आप की जो तमाम तकरीर है उस का जवाब आप को खुद-ब-खुद मिल जाएगा अगर आप Opposition की उस definition को जो मैं आप के सामने कहने जा रहा हूं ध्यान से सुन लेंगे और समझने की कोशिश करेंगे—मुझे शक है कि आप कोशिश तो नहीं करेंगे मगर उम्मीद करता हूं कि आप समझने की ज़रूर कोशिश करेंगे। Opposition की वह definition यह है...........

"Opposition is a crowd of persons who individually cannot do anything but collectively go on declaring that nothing has been done."

तो अगर वह इस चीज़ को समझ लेंगे तो मैं आशा करता हूं कि जो कुछ उन्होंने कहा, उस के मुतािल्लक उन्हें पता लग जायेगा कि वह ठीक है या गलत।

इन के अलावा मेरे मोहतरिम साथी मौलवी अब्दुल गनी साहिब ने भी कुछ कहा । उन्होंने भी अपने दिल की खूब भड़ास निकाली । मैं उन के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता । इस लिये नहीं कि मेरे पास कहने के लिये कुछ नहीं । कहने के लिये तो मेरे पास उन के लिये बड़ी लम्बी चौड़ी दास्तानें हैं । अगर मैं कहना शुरु कर दूं तो सारा वक्त उस में लग जायेगा । (*Interruptions.*) मौलवी साहिब का दिमाग़ काफ़ी तेज़ है । वह चीजों को खूब याद रखते है । आप को याद होगा कि एक बार शिमला में माल रोड पर वह मुझे मिले थे । आप ने मुझे कहा था कि क्या वजह है कि लोग तुम को इतना बुरा भला कहते हैं, तुम्हारी नुक्ता चीनी करते हैं, तुम क्यों नहीं उन्हें कुछ कहते ? मैंने उन्हें जवाब दिया कि मेरा सियासी तकाज़ा यह है कि अगर कोई ऐसा कुत्ता भी हो जिस ने अंग्रेज़ों की हकूमत को यहां से भगाने के लिये अंग्रेज़ों को काटा हो, तो मैं उस का भी मुंह चूम लूंगा । फिर मैं मौलवी साहिब को कैसे जवाब दूं---आखिर वह तो मेरे एक पुराने साथी हैं ......

श्री श्री चन्द : लफ़ज "कुत्ते का मुंह चूमना" क्या unparliamentary नहीं ? He should withdraw these words.

चीफ़ पार्लियामैण्टरी सैक्रेटरी : चौधरी साहिब, आप समझे ही नहीं ।

श्री श्री चन्द : लफज़ "कुत्ते का मूंह चूमना" बिल्कुल unparliamentary है ।

श्रीमती शन्नो देवी : Withdraw करने चाहिए । (*Interruptions*).

अध्यक्ष महोदय : Order, order. वह तो कोई एतराज नहीं उठा रहे । (Order, order. He has not raised any objection.)

चीफ़ पार्लियामैण्टरी सैक्रेटरी : इस के इलावा यह इलज़ाम लगाया गया है कि उद्घाटन बहुत हो रहे हैं । चौधरी साहिब ने फरमाया कि रुपया ज़ाया हो रहा है---पब्लिक का रुपया ज़ाया किया जा रहा है । मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि चौधरी साहिब, हमें पता है कि आप किन की यादगार हैं । आप एक पुराने वक्त की यादगार हैं । आप उस वक्त की यादगार हैं जब आप के साथी और बुजुर्ग वज़ीर थे । आप को देख कर उस ज़माने की याद आती है, बल्कि उन चीज़ों की याद आती है जो उस ज़माने के साथ वाबस्ता हैं । क्या यह गलत है कि आप की पार्टी के लीडर गांव में जा जा कर अपने रसूख का फायदा उठाया करते थे ? क्या यह गलत है कि वह गांव में जाकर लोगों को कहा करते थे कि हमें 10 हज़ार रुपया अभी इकट्ठा करके दो हमें 'गज़ट' के लिये चाहिये ? आज अगर हम सूबे की उस 80 प्रतिशत आबादी को नहरों का पानी पहुंचाने की कोशिश करते हैं, बिजली पहुंचाने की schemes बनाते हैं तो कहा जाता है कि रुपया ज़ाया किया जा रहा है । (*Interruptions*).

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : ठीक ठीक बातें करो दोस्त ।

चीफ़ पार्लियामैण्टरी सैक्रेटरी : चुपके से सुनिये मौलवी साहिब !

"अल्लाह, अल्लाह वह सितमगर भी यही कहता है
मुझ से ये दर्द के मारे नहीं देखे जाते" ।

आप दूसरों की बातें क्यों करते हैं । आप दूसरों का झगड़ा क्यों सामने रखते हो कि कुछ मैम्बरों को डिप्टी मिनिस्टर बनने की खातिर इधर उधर भागना पड़ता है । क्या उन को खुद वे दिन याद नहीं जब "ग्रांड होटल" से लेकर "एलनबैंक" तक आते जाते उनके पांव के तले भी घिस

[चीफ पार्लियामैण्टरी सैक्रेटरी]
गये थे? क्या यह सच नहीं कि उन की अपनी ही मायूसी उन्हें आज मजबूर कर रही है कि वह यहां पर बैठ कर ऐसी बातें कहें?

फिर देखिए इलज़ाम क्या लगाया है। कहते हैं कि cow slaughter बन्द नहीं होता। क्या यह अमर वाकया नहीं है कि दिल्ली से वे मौलवियों को बुला बुला कर लाए कि गुड़गांव में आकर गौकशी करो? एक तरफ़ तो यह चोरों को कहते हैं कि चोरी करो और दूसरी तरफ़ इलज़ाम लगाया जाता है कि पुलिस इन्तज़ाम नहीं करती।

मौलवी अब्दुल गनी डार : यह बिल्कुल झूठ है।

चीफ पार्लियामैण्टरी सैक्रेटरी: मौलवी साहिब, आप की तो यह आदत ही हो गई है। अफसोस कि मेरे पास बहुत लम्बा चौड़ा जवाब देने के लिये वक्त नहीं। आप का दामन तो इतना दागदार है कि अगर गंगा और यमुना का पानी इकट्ठा मिला लिया जाये तो भी यह साफ़ नहीं हो सकता।

इस के बाद मांग की गई है कि चूंकि एक मिनिस्टर के खिलाफ़ कुछ charges साबित हो गए हैं, इस लिये उन्हें arrest कर लिया जाए और यहां से हटा दिया जाए। (*Interruptions.*) दो भूले भटके आदमियों ने कुछ बयानात दे दिये—गलत तौर पर बयानात दे दिए—उस पर यह मांग की गई है कि उन्हें बरतरफ किया जाए—गिरफ़तार किया जाए। क्या मैं उन्हें पूछ सकता हूं कि आप किस लिये देहली, जालन्धर और दूसरी जगहों पर गए? क्या यह अमर वाकया नहीं है कि transporters और publishers से रुपया मांगा है ताकि मिनिस्टर साहिब के खिलाफ जो charges लगाए हैं, उन्हें साबित किया जाये? (*Interruptions*). क्या यह सच नहीं कि आप उन से इस बहाने रुपया मांगना चाहते हैं कि जो किताबें nationalise हुई हैं, उन्हें denationalise किया जायेगा? (*Interruptions*).

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : यह गलत है।

श्री श्री चन्द : क्या यह relevant है?

अध्यक्ष महोदय : यह सिर्फ criticism का जवाब द रहे हैं। (He is only replying to the criticism.)

चीफ़ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी : खैर! स्पीकर साहिब, मैं और ज़्यादा नहीं कहना चाहता, क्योंकि मेरा वक्त खत्म हो चुका है। मुझे उम्मीद है कि वक्त आने पर मौलवी साहिब अपनी बातों का जवाब बड़े सब्र के साथ सुनेंगे और मुझे हैरानी नहीं होगी अगर यह किसी वक्त सूबे को छोड़ कर भाग निकलेंगे।

मुख्य मंत्री (श्री भीम सेन सच्चर): स्पीकर साहिब, मैं इस बात का एतराफ कर के आगे चलूंगा कि Opposition की तरफ से जो तकरीरें हुई हैं उन का जवाब देना आसान नहीं और वह इस लिये आसान नहीं कि उन का जवाब देना मुश्किल है बल्कि इस लिये कि उन में ऐसी कोई चीज़ नहीं कि जिस का जवाब देने की ज़रूरत हो। तो आखिर यह ख्याल हो जाता है या ज़रूरत महसूस होती है कि जो भी बातें यहां कही गई हैं उन के मुताल्लिक गवर्नमेंट की position जो है उसे वाज़ेह करूं।

सब से पहली तकरीर मेरे फ़ाज़िल दोस्त पंडित श्री राम शर्मा की थी। उन्होंने पहला जो हमला किया था, वह यह था कि यह जो हकूमत कर रहे हैं वह सारी 144 दफा के सहारे पर कर रहे हैं और उन के बतलाने के मुताबिक सूबा में ऐसे हालात हैं कि न कोई आदमी बोल सकता है, न कोई आदमी अपने ख्यालात का इजहार कर सकता है। मैं इस सिलसिले में शुरू में अपने दोस्त को यह बतलाना चाहता हूं और गालबन उन को पता है कि **Preventive Detention Act** के मातहत यहां कोई आदमी गिरफ्तार नहीं है। मैं इसे कबूल करता हूं। मेरे पास सारी **figures** हैं जो वह देख सकते हैं। मैं हाऊस का ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता मगर मैं यह तो कहना चाहता हूं कि अगर 144 दफ़ा लगाने का मतलब आप यह लेते हैं कि सूबा में ज़बान बन्दी है या कलम बन्दी है या तकरीर बन्दी है तो उस के जवाब में मैं कहूंगा कि आप बेशक किसी अखबार को ले लीजिये—कोई लोकल अखबार देख लीजिये और **local** तकरीरों की रिपार्ट देख लीजिये जो इधर उधर की जाती हैं— तो उन को देख कर आप ज़रूर कहेंगे कि तहरीर और तकरीर पर किसी किस्म की बंदिश नहीं है जिस के मुताल्लिक मेरे साथी दावा करते हैं। मेरे दोस्त पंडित श्री राम शर्मा यहां पर बोलते हैं और किस अंदाज़ से बोलते हैं। यह ही नहीं कि यहां पर बल्कि बाहर भी तकरीर करते हैं और बाज़ औकात ऐसी बातें कह देते हैं जो कोई जिम्मेदार आदमी शायद कहना पसन्द न करे। आप आज का ही अखबार देखें। मेरे फाज़िल दोस्त ने कहा है, अगर यह **report** ठीक है, कि अंबाला के **Superintendent of Police** ने कहा है कि आज से दो साल पहले जगाधरी की लड़कियों को अगवा करने के जो असली मुलज़िम हैं उन का पता लग गया था लेकिन गवर्नमेंट ने उस वक्त उन के खिलाफ कोई कार्यवाही करने से रोक दिया था। स्पीकर साहिब, मैं कहता हूं कि अगर मेरे फाज़िल दोस्त ने लाइलमी से यह बात कह दी है तो मैं उन्हें यह कहना चाहता हूं कि उन की इत्तलाह ठीक नहीं है। अगर उन की इत्तलाह ठीक है तो मैं मशकूर हूंगा अगर वह बतला सकें कि किस वक्त गवर्नमेंट ने ऐसा कोई हुकम जारी किया था। मैं आप से यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह बिल्कुल गलत बात है। आप ख्याल कीजिये अगर ऐसे **case** के मुताल्लिक जिसे खास अहमीयत मिल चुकी हो इस तरह का इलज़ाम गवर्नमेंट पर लगाया जाए कि मुलज़िम मिलने पर भी गवर्नमैण्ट ने कोई कार्यवाही नहीं की तो आप कहेंगे कि यह कहां की जमहूरियत है कि आज कल की गवर्नमैण्ट ऐसे काम कर रही है। आप ग़ौर फरमायें कि हमने जमहूरियत को कायम रखना है। हम ने मिल कर सूबा में जमहूरियत कायम रखनी है। मगर जमहूरियत का यह मतलब नहीं कि जो चीज़ें जमहूरियत की जड़ को काटने वाली हों उन्हें तकवीयत दी जाए। अगर गवर्नमेंट या उस का कोई अफसर जमहूरियत की जड़ को बचाने के लिये कुछ करता है तो उस पर कोई एतराज़ नहीं होना चाहिये। मैं साफ तौर पर कह देना चाहता हूं कि जो कवानीन आप की मदद से और इस हाऊस की मदद से गवर्नमेंट के पास हैं उन्हें अगर किसी वक्त इस्तेमाल करने की ज़रूरत पड़ेगी तो हम ऐसा करने से दरेग नहीं करेंगे। हमें इस बात में कोई शर्म महसूस नहीं होती और न ही हमें इस बात से इनकार करना चाहिये कि अगर ज़रूरत पड़े तो हम 144 दफा का इस्तेमाल कर लेते हैं या **Security of the State Act** का इस्तेमाल कर लेते है। अगर हमें सूबा में अमन कायम रखने के लिये ज़रूरत पड़े तो हम 144 दफा का इस्तेमाल कर लेते हैं और **Security of the State Act** की भी मदद ले लेते

[मुख्य मंत्री]

हैं। इन का इस्तेमाल दो सूरतों में करते हैं—एक तब जब कोई लोग तशद्दद का प्रचार करना चाहते हों या तशद्दद को बढ़ावा देना चाहते हों और दूसरा तब जब वह इस तरह से गवर्नमेंट के इन्तज़ाम में खलल पैदा करना चाहते हों या फिरकादाराना मुनाफरत फैलाना चाहते हों। तो मैं उन फाज़िल दोस्तों को जो बिलमुकाबिल बैठे हैं कहूंगा कि वह न सूबा की मदद कर रहे हैं और न सूबा की स्यासी ज़िन्दगी को बेहतर बना रहे हैं। स्पीकर साहिब, मैं इन दोस्तों से पूछता हूं कि आखिर वह क्या चाहते हैं? क्या वह यह चाहते हैं कि गवर्नमेंट 144 दफा लगाए ही न और जो Security of the State Act है उस का ज़रूरत के वक्त इस्तेमाल न किया जाये? अगर मेरे दोस्त इस तरह की तालीम लोगों को देंगे तो मुझे डर है कि कहीं ऐसा न हो कि हाथ से दी हुई गांठ दान्तों से खोलनी पड़े। इस लिये हमें ऐहतयात से काम लेना चाहिये। हां, मैं यह फिर कह देता हूं कि अगर इन को इस्तेमाल करने की ज़रूरत न होगी तो हम कभी नहीं करेंगे। इन का गलत इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। हां, मैं एक बात बतला दूं और ग़ालबन आप तसलीम करेंगे कि कई भाई अहम बातों की परवाह न करते हुए ऐसी हरकात कर बैठते हैं जिस का नतीजा यह होता है कि हमें उन को मना करना पड़ता है और फिर मेरे दोस्त कहने लगते हैं कि हम ने 144 दफ़ा लगा दी है और आप यह भी कहते हैं कि गवर्नमेंट ने नाजायज़ तौर पर 144 दफा लगा रखी है। मैं तो इस बात का एतराफ़ करूंगा और मैं ने यह पहले भी कहा था कि सूबा बन्दी की agitation का जो तरीका अख्तियार किया जा रहा है वह ठीक नहीं है। यह बेमानी चीज़ है कि ऐसी agitation जलूसों की शक्ल में या demonstrations की शक्ल में की जाए। मैं नहीं चाहता कि सूबा के अन्दर ऐसी demonstrations की जायें या इस तरह जलूस निकालें जायें या नारे लगाए जाएं। मेरे फाज़िल दोस्त यह कह देते हैं कि साहिब! मज़हबी जलूसों पर पाबन्दी नहीं होनी चाहिये। आप को पूरे तौर पर पता होना चाहिये कि यह जो आप का ख्याल है कि हम मज़हबी जलूसों पर पाबन्दी लगाना चाहते हैं यह बिल्कुल गलत है। हम तो मज़हबी जलूसों की पवित्रता कायम रखना चाहते हैं और जो लोग इस पवित्रता को खराब करना चाहते हैं उन के रास्ते में हम एक चट्टान की तरह खड़े होना चाहते हैं। (तालियां) और मैं बिल्कुल इस बात से घबराता नहीं। मैं तो चाहता हूं कि आज हमारे जो मज़हबी जलूस हैं इन की शान बढ़े, इन की महानता बढ़े। इन से लोगों में मुहब्बत और प्रेम बढ़े। मगर ऐसे नारे लगाना और खास तौर पर मज़हबी जलूसों में; यह अच्छा नहीं। आखिर बाकी के लोग क्यों न आएं इन जलूसों में? इन धार्मिक जलूसों में जाना सब का फर्ज़ है। हम सब को इन में शामिल होकर इन की कदर और शान को ऊंचा करना चाहिये। Opposition वाले मेरे दोस्त क्यों न यह फैसला करें, और मेरी यह suggestion है कि हम सभी इन जलूसों में शामिल हों, शराफ़त का एक ऐसा कुर्रा हवाई पैदा करें जो शरारत करने वालों को पीछे रखे। मगर अगर 'साअदी मतलब दीगर अस्त' वाली बात है तो बात जुदा है। फिर अगर आप यह चाहें कि दफा 144 के मातहत कार्यवाही न की जाए तो यह बात मैं कबूल नहीं करता। फिर मेरे फाज़िल दोस्त ने सिरसा के वाकया का ज़िक्र किया। यह चीज़ House के

अन्दर बहुत दफा कही गई है। सिरसा में क्या हुआ। एक चोरी होती है। अफसोस की बात है। मगर बदकिस्मती से यह चोरी हुई एक सोशलिस्ट भाई के यहां। मगर हम तो चाहते हैं कि सभी immune हों ऐसी चोरियों से। खैर, चोरी हुई मगर बतलाइए कहां मौका था कि एक तूफान खड़ा कर दिया जाए, एक demonstration खड़ी कर दी जाए? चौकीदार ने कोशिश की, लोगों ने कोशिश की मगर बचाव नहीं हो सका, चोर पकड़ा नहीं गया। अब बताइए कि कहीं चोरी हो जाए तो जाइए एक लाओ लशकर लेकर सौ डेढ़ सौ का जलूस निकालिए और जाइए Superintendent of Police के दर्वाज़े पर और आवाज़े कसिये। इस तरह की एक परेशानी पैदा करने की कहां ज़रूरत थी? मगर जब ऐसी हालत में ग़र्ज़ो गायत ही दूसरी हो तो गवर्नमेंट इस से आंखें बन्द नहीं कर सकती और वहां 144 दफा के under कार्यवाही करनी पड़ी ताकि लोगों में परेशानी पैदा न हो। चन्द लोगों ने अपनी political इग़राज़ के लिये वहां पर 5, 6 दिन के लिये हड़ताल करा दी। इस से शायद हड़ताल कराने वालों को कुछ मिल जाए मगर गरीब आदमी कहां जाए? इस सूरत में यह गवर्नमेंट का फर्ज़ था कि वह अमन का ख्याल रखे ताकि फसाद न हों, गड़बड़ न हो। फिर पंडित श्री राम शर्मा जी ने कहा कि judicial enquiry नहीं हुई। मैं अर्ज़ करता हूं कि सवाल जिस के मुताल्लिक ज़िक्र किया गया था वह था कि D.S.P. के खिलाफ judicial enquiry हुई या नहीं। आप एक सवाल नहीं, दो नहीं जितने जी चाहें करें हम जवाब देंगे। आप को पता है कि magisterial enquiry हुई और आप ने देखा होगा कितने सौ लोग, कितने वकील हाज़िर हुए। सारे शहर में डौंडी पिटवाई गई कि गवाहियां पेश की जाएं। 90 लोगों ने शहादतें दीं। यह तो सही तरीका था और गवर्नमेंट ने इसे अपनाया। हां, अगर Magistrate की findings किसी के खिलाफ हों तो इन के खिलाफ न मैं और न ही आप लड़ सकते हैं। शहादतों को सामने रख कर उस ने फैसला किया। और फिर आप Magistrate की हिम्मत की दाद दें, उस की जुर्रत देखें। उन्होंने यह भी कहा कि बाज़ गिरफतारियां हुईं; उन की ज़रूरत न होती अगर ऐसे हालात पैदा न हो जाते जिन की वजह से यह करनी पड़ीं।

फिर मेरे फ़ाज़िल दोस्त श्री राम शर्मा जी ने कहा कि नाम किसी का है और चलती किसी की है। मेरे फाज़िल दोस्त भूलते हैं। मैं तो हर वक्त कोशां हूं कि सब की चले और हर Minister की चले। (मौलवी अब्दुल गनी डार : लेकिन सीधी चले)। जी हां। मेरे फ़ाज़िल दोस्त ने जो कुछ कहा वह हकीकत थी। जो कुछ उन्होंने कहा वह मेरी ही पालिसी है, उसी का उन्होंने इज़हार किया था। Administration का जो असूल है वह चले तो ठीक है, नहीं तो आदमी मुस्तफी हो जाए। आप को याद होगा administration में असूल की एक बात है। अगर किसी आदमी को किसी के कहने पर तबदील करते हैं और अगर यह बात शुरू हो जाती है तो administration खत्म हो जाती है। यह सभी के लिये मुश्किल होगा, इस में दिक्कतें होंगी। D.S.P. के....

(श्री केदार नाथ सहगल : श्री उप्पल को क्यों तबदील कर दिया है?) मेरे दोस्त ने सवाल कर दिया है मगर हर आदमी से सुनी सुनाई बात पर उतर पड़ते हैं। यह छिपाने वाली बात नहीं। मैं कहता हूं कि उप्पल साहिब की तकर्ररी आर्ज़ी थी। उन की नियुक्ति वहां पर

[मुख्य मंत्री]

इस लिये की गई थी क्योंकि वहां के मौजूदा Deputy Commissioner छुट्टी पर गए थे। उन्होंने लौट कर आना था तब उप्पल साहिब ने दूसरे ओहदे पर जाना था। मेरी इस मामले में पूरी तसल्ली है। मगर जिस तरह उन की तबदीली के माने निकाले गए हैं, मैं बताना चाहता हूं कि गवर्नमेंट को उन के काम के मुताल्लिक पूरी तसल्ली है।

अध्यक्ष महोदय : जहां तक individual cases में transfers का ताल्लुक है उन के बारे में private तौर पर पूछें। वरना यह बातें तो खत्म ही न होंगी।

[So far as the question of transfer in individual cases is concerned you may enquire privately otherwise there will be no end to these things.]

मुख्य मंत्री : स्पीकर साहिब, अगर आप इजाज़त दें तो मैं कुछ कह दूं वरना इस का मतलब यह लिया जायेगा कि अफसर का कसूर है। वह यहां पर गैर-हाज़िर हैं, उन की यहां ज़बान नहीं कि बोल सकें मगर मैं कहना चाहता हूं कि मुझे उन की तरफ से पूरी तसल्ली है। जिस तरह उन्हों ने इस situation को handle किया, वह इतनी ही ज़िम्मेदारी से किया जितना कि कोई भी ज़िम्मेदार अफसर कर सकता था। मेरी तसल्ली है।

फिर मेरे फाज़िल दोस्त ने कहा कि Minister साहिबान दौरे पर बहुत जाते हैं। वह बेचारे एक तो मिनिस्टर होते हैं और फिर public man भी होते हैं। उन की भी अपनी constituency होती है.............

आप कहते हैं कि मिनिस्टर बाहर जाते हैं। अभी मेरे फाज़िल दोस्त श्री श्री चन्द जी ने कहा था कि मुर्गीखाने का उद्घाटन करने के लिये हमारे मिनिस्टर गये। अरे भाई! क्यों न जायें? हमारे मिनिस्टर छोटे आदमियों के दर्दमंद हैं। आप को इस बात पर एतराज़ नहीं करना चाहिए। अगर वहां पर मुर्गीखाना न होता और और कोई बड़ा काम होता तो भी मिनिस्टर वहां पर जाते और आप मिनिस्टर पर एतराज़ न करते क्योंकि वह बड़ा आदमी होता। छोटे आदमियों के काम के उद्घाटन करने के लिये हम हर वक्त तैयार रहते हैं। लेकिन इस मुर्गीखाने का मालिक तो हमारा एक पुराना साथी था। (मौलवी अब्दुल गनी डार : वह छोटा आदमी नहीं था M. L. C. था।) आप क्यों इस छोटी सी बात पर emphasis देते हैं? हां, इस बात पर इख्तलाफ हो सकता है कि मिनिस्टर साहिबान को कहां पर जाना चाहिये और कहां पर नहीं जाना चाहिये। हमारे काबिल दोस्त तो मिनिस्टर नहीं हैं। उन्हें तो तजरुबा नहीं कि मिनिस्टर को क्या क्या मुश्किलात पेश आती हैं। आप नहीं जानते कि यह छोटे लोग कौन हैं? यह वह हैं जो इकट्ठे खेले—कहां? जेल की कोठियों में; जेल के मैदानों में जिन्होंने एक साथ हो कर आज़ादी की जंग लड़ी। यह गवर्नमेंट के हाथ मज़बूत करने वाले हैं और मैं आज फ़खर से कहता हूं कि कोई भी मिनिस्टर अपने आप को एक मामूली वर्कर के मुकाबले में बड़ा नहीं समझता (प्रशंसा)। यह तो वह बात है "कच्चे धागे से खिची आयेगी सरकार मेरी"। अगर मिनिस्टर साहिब जाते हैं तो अपने आप को identify करने के लिये जाते हैं कि जो वर्कर छोटे से छोटा काम भी करते हैं उन के साथ हमारी सहायता और आशीर्वाद है, हमारी शुभ कामनाएं उन के साथ हैं।

4 p. m.

श्री श्री चन्द : उसे तो टिक्ट भी न दिया गया ।

मुख्य मंत्री : स्पीकर साहिब, यह कह सकते हैं कि आप अपने दौरों को regular करें । अब देखना यह है कि हमारे फाज़िल दोस्त चौधरी साहिब को तो मुश्किलात यह हैं कि उन्हें वज़ारत का तजरुबा नहीं पर हमारे फाज़िल दोस्त पंडित श्री राम जी इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि क्या ज़रूरत है मिनिस्टर साहिबान की बाहर जाने की । यह एक मामूली सी बात है । हमारे पंडित जी का एक T.A. Bill January, 1953 का मेरे सामने है । इस में आप जनवरी महीने को लें । 4, 5, 6, 7 और 8 तारीख को रोहतक में, 9 को दिल्ली से शिमला, फिर 19,20,21, 22, 23, 24 को बाहर, फिर 25, 26 और 27 तारीख को रोहतक, फिर गुड़गांवां और 28, 29, 30 तारीख को करनाल, कैथल, जगाधरी-कैथल, इसी चक्कर में पड़े रहे । इस से साफ पता चलता है कि मिनिस्टरों की क्या demand है लोगों में । यह तो था जनवरी का महीना । हमारे दोस्त पंडित जी तो मज़बूत आदमी हैं और किसी की दरखास्त पर बाहर जाने वाले नहीं, किसी की बात को नहीं मानते लेकिन इन को पता है कि मिनिस्टर की जान किस कड़क्की में होती है । क्या उन्हें पता नहीं कि मिनिस्टर के लिये किन मुश्किलात का सामना करना पड़ता है ? मिनिस्टर पब्लिक मैन होते हैं । Public man के तौर पर उन के ऊपर यह फर्ज़ हो जाता है कि वह लोगों से contact रखें, लोगों की तकालीफ को सुनें ।

फिर कहा गया है कि मिनिस्टरों की कारें elections में इस्तेमाल की जाती हैं । ऐसा हरगिज़ नहीं किया जाता । मिनिस्टर private तौर पर शामिल होते हैं । मैं इस के बारे में ज़्यादा क्या अर्ज़ करूं ।

फिर मिनिस्टरों के दौरों के बारे में मेरे दोस्त यह न समझें कि मैं ने एक महीने को ले लिया है । जनवरी में 20 दिन आप ने दौरा किया और फरवरी में क्योंकि 1-2 दिन महीने में कम होते हैं इस लिये इस महीने में पंडित जी 19 दिन दौरे पर रहे । शिमला, अम्बाला, हुशियारपुर-दसूहा, हुशियारपुर-जालन्धर, जालन्धर-मोगा, अबोहर-फाज़िलका, शिमला-सोनीपत, सोनीपत-रोहतक, गोहाना-रोहतक, वगैरह । इस तरह मेरे फाज़िल दोस्त को पता है कि मिनिस्टरों पर क्या ज़िम्मेदारी है । मिनिस्टरों का ध्यान हर तरफ रहता है । हालात ऐसे हैं कि हमें जाना पड़ता है । हमें लोगों ने चुना है । हमने लोगों के साथ रहना है । लोगों को उन के पास जा कर educate करना है कि वह उन गंदे ख्यालात के मुकाबले में जो हमारे दोस्तों ने पैदा किए हैं, तैयार हों और ऐसे ख्यालात की रौ में न बैठ जायें । स्पीकर साहिब, हमारे दोस्त यह चाहते हैं कि हम लोगों में न जाएं ताकि इन के ढोल का पोल न खुल जाए । लोगों को हमारे वहां जाने से हमारे दोस्तों की बातों पर शक पड़ जाता है ।

हमारे फाज़िल दोस्त पंडित श्री राम शर्मा और मौलवी अब्दुल गनी डार ने कहा है कि गोकशी के सिलसिले में कोई कानून नहीं है । और भी इधर उधर की बातें इन्होंने कही हैं । मौलवी अब्दुल गनी को तो मैं समझता हूं कि उन्हें ठीक हालात का पता नहीं लेकिन मेरे फाज़िल दोस्त ने तो लाइलमी का सबूत दिया है । उन्हें

[मुख्य मंत्री]
यह पता है कि Punjab Laws Act बना हुआ है । इस में दफा 43 के मातहत कानून बना हुआ है । इस दफा में लिखा है:--

The slaughter of kine and the sale of beef shall not take place except subject to rules to be, from time to time, either generally or in any particular instance, prescribed by the State Government.

Mark the words—

"Slaughter of kine and the sale of beef shall not take place."

यह चीज़ कानून मानता है, सिवाए इस के कि गवर्नमेंट rules के ज़रिये से इजाज़त दे सकती है । इस लिये मेरे फाज़िल दोस्त गवर्नमेंट की तरफ से नहीं कह सकते । यह मेरा privilege है, गवर्नमेंट का privilege है, इस बात को कहने का इस लिये मैं इस मुअज़िज़ हाऊस के सामने एलान करता हूं कि हमने cow-slaughter के लिये न कोई लाइसेंस दिए हैं और न देंगे और इन लाइसेंसों के बिना slaughter सारे सूबे में न हो सकेगी ।

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब, अगर आप इजाज़त दें तो क्या मैं पूछ सकता हूं कि पंजाब के देहात के अंदर कोई ऐसा कानून है कि जहां D. C. restriction जारी न करे तो cow-slaughter offence करार दी जाए ?

मुख्य मंत्री : मेरे फाज़िल दोस्त ने बहुत ठीक सवाल किया है । मेरा यह यकीन था कि आप यही सवाल पूछेंगे । यहां पर तो कुछ नहीं लिखा हुआ । यह Rules में होता है और Rules बनाने की ताकत गवर्नमेंट की है । D. C. जहां पर चाहें restrictions लगा सकते हैं । मौलवी अब्दुल गनी को पता है कि नूह और चान्द गांव में cow-slaughter ममनूह है और restrictions जारी करनी पड़ीं क्योंकि वहां पर infringement हुई और एक ब्राह्मण ने की । यह ताकत rules बनाने की गवर्नमेंट के पास है या इलाका की authorities के पास है । इस लिये गवर्नमेंट ने तो policy declare कर दी है कि पंजाब में गोकशी न होगी । Rules बनाने की नौबत ही न आई, क्योंकि पंजाब में कोई infringement नहीं हुई । तो हमने कहा कि सब D. C. को Rules बनाने पड़ेंगे । हमने कहा कि इस को खत्म कर दें । इस से न सिर्फ ब्राह्मण को, बल्कि क्षत्रिय और बाकियों को भी शिकायत न हो । हमने यह कर दिया है कि जिस तरह शहरों के अन्दर उसी तरह देहातों के अन्दर भी यह पालिसी लागू है और हो जायेगी । हमने न लाइसेंस दिये हैं न देंगे । बगैर लाइसेंस के हम ने कोई slaughter house जारी नहीं किया हुआ ।

पंडित श्री राम शर्मा : देहात में लाइसेंस लेने की ज़रूरत नहीं सिर्फ municipal limits में लेने की ज़रूरत होती है ।

मुख्य मंत्री : मेरे फाज़िल दोस्त सिर्फ technical होना चाहें तो हो जायें वरना इन्हें रोहतक में फिक्र पड़ा हुआ था और ख्याल था कि देहात के अंदर यह काम शुरु हो जायेगा । इन्हें फिक्र था कि गुड़गांव में गांव के अंदर गो कुशी होती है वहां पर यह चीज़ कानूनन बन्द कर दी गई है ।

पंडित श्री राम शर्मा : यह कानून कब से लागू हुआ है ?

मुख्य मंत्री : यह मुझे याद नहीं मगर कई दिनों से लागू है ।

फिर मेरे फाजिल दोस्त ने कहा कि कितने फिरकादाराना ज़हनीयत के मुख्य मंत्री हैं । फिरकादाराना किस तरह से बल्कि धड़े का नाम ले लिया और फिर Brahmin Gang का नाम याद करा दिया । मैं कहूंगा कि जहां तक कानूनी पहलू का ताल्लुक है कानून के होने से सब चीज़ें रोकी नहीं जा सकतीं जब तक उस के खिलाफ राये आमा न हो । क्या करें ?

'इस घर को आग लग गई घर के चिराग से'

ब्राह्मण देवता ही इस बात से गुरेज़ न करें और इस व्यापार में पड़ जायें तो दूसरे क्या करें ?

'चूं कुफर अज़ काबा मे खेज़द कुजा मानद मुसलमानी'

स्पीकर साहिब, मेरे फाज़िल दोस्त इस बात पर उतर आये और Jat Gang और Brahmin Gang का नाम ले लिया तो मुझे भी कह दो कि मैं dacoit हूं । स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं और मेरे फ़ाज़िल दोस्त इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि बदकिस्मती से जो dacoits के दो gangs थे एक Jat Gang के नाम से था एक Brahmin Gang था । मैं अपने फ़ाज़िल दोस्त को मश्विरा दूंगा कि वह ज्यादा ज़ोर इस चीज़ पर न दें क्योंकि हो सकता है खैंचने वाले इस का कोई और मतलब ले लें । Brahmin Gang के नाम से मेरे ब्राह्मण दोस्त को बहुत तकलीफ होती है । वह तो gang है, dacoits हैं इस से आप का क्या ताल्लुक ?

मौलवी अब्दुल गनी डार : यह सच्चर गैंग न हो जाये या सहगल गैंग न हो जाये ।

मुख्य मंत्री : मेरे दोस्त ने सच्चर गैंग कहा, मैं तो अपने आप को surrender करने के लिये तैयार हूं । (*Laughter*)

इस के अलावा एक और बात मेरे फाज़िल दोस्त ने कही । यह चूंकि Opposition के बड़े important मेम्बर हैं, उन के कहे की कदर है । उन की बात की तरफ आप की तवज्जुह दिलाता हूं । आप ने चुपके से दबी ज़बान में मेरी कोठी का ज़िक्र किया और मोटर की तरफ भी इशारा किया । स्पीकर साहिब, मैं बयान कर दूं कि Chief Minister's House जिसे मुख्य मंत्री निवास कह दें उस के मुतल्लिक चर्चा हो रही है कि इस पर लाखों रुपये लग गये हैं । मैं अपने फाज़िल दोस्त को बता दूं कि मुख्य मंत्री निवास या Chief Minister's House चण्डीगढ़ की स्कीम का हिस्सा है जो स्कीम मेरे फाज़िल दोस्त के आने से पहले की बनी हुई है । इस स्कीम के मुताबिक इस मकान के लिये 3,00,000 रुपये का provision किया गया है और वह आप के और मेरे आने से पहले का है । मेरे फाज़िल दोस्तों ने M.L.A. quarters का भी ज़िक्र किया । स्पीकर साहिब, मैं आप से अर्ज़ करना चाहता हूं कि जितना M. L. As' quarters पर स्कीम के मुताबिक खर्च हुआ है उन के ख्याल के मुताबिक सारे M.L. As' quarters फिर उन के ही हो गये, जैसे कि मुख्य मंत्री निवास के मुतल्लिक मेरे भाइयों को अंदेशा है कि यह कहीं मुख्य मंत्री की ही मलकियत न हो जाये । मैं फाजिल दोस्त से कहना चाहता हूं कि अगर उन्हें इस बात का अंदेशा है कि पांच साल किसी मकान में रहने के बाद मलकियत

[मुख्य मंत्री]
उस की हो जाती है तो M. L. As. जब इन quarters में पांच साल रहें तो यह उन की मलकियत हो जायेगी। यह बच्चों की सी बातें हैं और इस तरह से लोगों के दिलों में गलतफहमी पैदा हो जाती है। इस Chief Minister's House के एक हिस्से में office है, एक कमरा reception के लिये, एक कमरा मुख्य मंत्री के बैठने के लिये और एक छोटा कमरा प्राइवेट सैक्रेटरी या Stenographer के लिये है। Residential quarters में तीन bed-rooms ऊपर हैं और दो नीचे हैं। आपने एतराज़ किया कि थोड़ी सी बचत करने की कोशिश करो और पिछले हिस्से में State Guest Houses बना दो। पंडित जी ने आना होता है, कभी सरदार स्वर्ण सिंह जी मेहमान आ गये, परेशानी हो जाती है। आप समझते हैं कि शायद किसी आदमी के लिये है यह शायद आदमी के लिये नहीं। (आपोज़ीशन बैंचों की तरफ से आवाज़ें : जानवर के लिये है) जैसे मेरे दोस्त कहते हैं जानवर के लिये है जिस जानवर का नाम है मुख्य मंत्री—बस तसल्ली हो गई। आदमी हो, पशु हो यह सब animal category में आते हैं। आदमी को rational animal कहा जाता है और दूसरे पशु rational नहीं कहलाते।

Material जो लगा हुआ है हो सकता है कि वहां पर इस तरह का material लगाएं कि 10 साल के बाद या 20 साल के बाद नये बनाने पड़ें या सौ साल तक चले जायें। यह याद रखें कि बहुत फर्क है उन मकानों में जहां आप और हम रहते हैं और दुनिया के दूसरे लोग रहते हैं। इस का यह मतलब नहीं कि चंडीगढ़ भी हम उसी तरह बना दें। राजधानी हर समय में कुछ न कुछ खसूसियत रखती है अलबत्ता कोशिश होनी चाहिये कि जिस तरह का यहां सिलसिला है उसी तरह का सिलसिला दूसरी जगहों पर हो। मैं यकीन रखता हूं कि मेरे फाज़िल दोस्त यह न कहेंगे कि सब मकान गिरा दो और चंडीगढ़ के नमूने पर सारे मकान बनाओ।

स्पीकर साहिब, मेरे कुछ फाज़िल दोस्त मिनिस्टर पब्लिक वर्कस के नोटिस में लाए कि उन के क्वार्टरों में पुरानी किस्म का furniture रखा गया है और कहने लगे कि क्यों जी आप जानते नहीं हो कि यह M. L. As' quarters हैं। जो furniture मिनिस्टरों के लिये है वह furniture यहां भी होना चाहिये।

अगर मेरे फाज़िल दोस्त की अभी तक तसल्ली नहीं हुई तो मैं उन्हें एक राज़ की बात बताता हूं। यह जो Chief Minister's House है, अभी किसी के हक में बै नहीं हुआ, और न होगा।

फिर जनाब, बड़ा ज़िक्र किया गया कि Ministers की तनखाह एक हज़ार रुपया है। कभी किसी Minister ने इनकार किया है कि उस की तनखाह एक हज़ार नहीं या उस के पास car नहीं। क्या कभी किसी ने इनकार किया कि Ministers को रहने के लिये मकान मिले हुए हैं। बार २ ऐसी बातें क्यों कही जाती हैं, कौन धोखे में है। सब जानते हैं Ministers को क्या मिल रहा है, उन की कारों पर क्या खर्च हो रहा है, घूं २ कर के कारें कहां जाती हैं। कारों में सिर्फ लड़के ही नहीं बीवियां भी बैठती हैं। कारें उन के इस्तेमाल के लिये भी हैं, वे भी इन में जाती हैं। जब State cars provide करने का फैसला किया गया था, तो मेरे फाज़िल दोस्त

को पता होना चाहिए, locally private use की इजाज़त रखी गई थी। अगर Ministers private purposes के लिये कारों में बाहर जाते हैं, तो pay करते हैं। यह नहीं कि सरकारी खर्च पर private कामों के लिये जाते हैं। मुझे कहने की ज़रूरत नहीं थी मगर डर रहता है कि कहीं लोग Ministers के दौरों का मियार भी मेरे फाज़िल दोस्त की समझ के मियार को देख कर न रख लें।

सरदार प्रताप सिंह जी ने Arms Licences के procedure का ज़िक्र किया है। उन्होंने कहा है कि कोई licence सिर्फ पुलिस की रिपोर्ट पर cancel नहीं होना चाहिये। मेरे फाज़िल दोस्त को शायद इस बात का इल्म नहीं कि licence के cancel किये जाने के हुक्म के खिलाफ अपील Commissioner के पास जा सकती है।

हमारे दोस्त पुलिस से जो इस कदर बेरुखी करना चाहते हैं अच्छी नहीं है। पुलिस वाले कोई ग़ैर नहीं हैं, आखिर आप के ही agents हैं जो लोगों का पता रखते हैं, देखते हैं कि वे रात को छुप छुप कर कहां जाते हैं, क्या करते हैं, खतरनाक आदमियों की report करते हैं। हां, यह बात कही जा सकती है कि वे ग़लत report न करें। (*Interruptions*)

श्री मेहर सिंह ने dispensary के बारे में शिकायत की है। बदकिस्मती से इन के गांव दरोके में dispensary बनाने के लिये कोई building न मिल सकी। 'चारी' गांव में building मिल गई। उस के नज़दीक के गांवों की आबादी 15,000 के करीब है। इस लिये मुनासिब जगह समझ कर गवर्नमेंट ने वहां पर hospital खोलने का फैसला किया। इसी लिये हमें ताना दिया गया है। हाथ से कुछ देते नहीं, building बनाने के लिये तैयार नहीं जैसे चारी वालों ने किया है, फिर भी वज़ीर मुताल्लिका ने कहा कि Ayurvedic Dispensary दे दी जाए। उस की मन्ज़ूरी दी जा चुकी है। बाज़ बातें ऐसी होती हैं जिन का फाज़िल दोस्तों को पता ही नहीं होता।

मेरे फाज़िल दोस्त ने reservation का ज़िक्र करते हुए पूछा कि कितने हरिजन gazetted posts पर काम कर रहे हैं। उन की और House की information के लिये मैं यह बता देना चाहता हूं कि जब यह गवर्नमेंट बरसरे इक्तदार आई, हरिजन gazetted officers की तादाद केवल 10 थी, उस के अगले साल 18 हो गई, उस से अगले साल 32 हो गई। (*Cheers*) Gazetted posts पर 200 फीसदी से ज़्यादा हरिजनों की जो appointments हुई हैं, अगर इन से भी मेरे भाई की तसल्ली नहीं हो सकती तो उस का एक ही इलाज है। सब को कहा जाये कि हरिजन बन जाओ, फिर उन की तसल्ली हो जायेगी। मैं दावे से कहता हूं कि सारे हिंदुस्तान के किसी सूबे में हरिजनों के लिये block system नहीं है जो हमने उन को नौकरियों में हिस्सा देने के लिये रायज कर रखा है। पांच के block में से पहली आसामी जो खाली होती है चौधरी के पास नहीं जाती, हरिजन के पास जाती है, अगर हरिजन नहीं मिलता तो फिर दूसरी आसामी हरिजनों के लिये रखी जाती है, इसी तरह तीसरी और चौथी और पांचवीं आसामी भी पहले हरिजन के लिये रखी जाती है। जब हरिजन

[मुख्य मंत्री]
नहीं मिलता तो फिर non-Harijans मुकर्रर कर दिये जाते हैं। इस block की आसामियां यहीं खत्म नहीं हो जातीं, आगे चलतीं हैं। दूसरे block में पहले एक की बजाए दो हरिजन मुकर्रर करने होते हैं, फिर ग़ैर हरिजनों को मुकर्रर किया जा सकता है। हरिजनों की बेहतरी के लिये जो काम हुआ है उस में ज़्यादातर हिस्सा चौधरी सुन्दर सिंह का है। हरिजनों के लिये जो काम उन्होंने किया है, उस के लिये वे तारीफ के मुस्तहिक हैं। (*Cheers*) हर वक्त पीछे पड़े रहते हैं 'उन के लिये यह करो, वह करो'। मैंने उन्हें एक दिन कहा, "ऐसा मालूम होता है आप के दिमाग में सिवाए हरिजनों के कभी किसी और का ख्याल नहीं आया।" वे कहने लगे "जब मैं देखता हूं कि बेज़बान और बे-ज़मीन हरिजनों की गांवों के अन्दर क्या हालत है, तो मुझे उन के सिवा और किस का ख्याल आ सकता है।" मुझे यह कहने में खुशी और फखर है कि गवर्नमेंट ने Police की lower ranks में एक साल के लिये 50 फीसदी हरिजनों को लेने का जो हुक्म दिया है उस के लिये चौधरी साहिब ज़िम्मेदार हैं। (*Cheers*)। इसी लिये मैं कहता हूं कि मेरे फाज़िल दोस्त ने लाइल्मी की वजह से कहा है कि हम हरिजनों के मफाद का ख्याल नहीं रख रहे हैं।

सरदार गुरचरन सिंह ने अपनी पहली तकरीर की, इस लिये मैं उन्हें मुबारकबाद देता हूं। एक नौजवान होते हुए उन्होंने एक अच्छी और सुलझी हुई तकरीर की। उन्होंने जो बात कही, उस में वज़न था, बेकैफ़ और बेसुर नहीं थी। एक नौजवान जो अपनी पहली तकरीर सोच समझ कर और सुलझे हुए तरीके पर करता है वाकई मुबारकबाद का मुस्तहिक है। बाज़ बातों के मुतअल्लिक शायद उन्हें पूरी इत्तलाह नहीं थी, इस लिये गलती कर गए हैं। स्पीकर साहिब, आप को याद होगा मेरे फाज़िल दोस्त ने कहा है कि नहल सिंह वाला थाना में दफा 107 वगैरह में 5,000 से ऊपर cases register हुए हैं। मेरे पास सब figures हैं। 1953 में इस थाना में दफा 107 के मातहत "सिर्फ" 684 cases हुए।

स्पीकर साहिब, मैं यह सिर्फ इस लिये कहता हूं कि वह थाना ऐसे ज़िला में वाक्या है कि जहां पर बड़े २ स्टालिन ग्रेड और लैनिन ग्रेड बने हुए हैं। जब मैं अपने उन साथियों की हरकतों को देखता हूं तो मुझे "सिर्फ" कहने से ही तसल्ली होती है। अगर मेरे साथी लैनिन ग्रेड और स्टालिन ग्रेड की तरफ से अपनी लाइन काट कर किसी और तरफ जाएं तो बात कुछ और होती। स्पीकर साहिब, मैं कह रहा था कि वहां दफा 109 के 40 केस हुए 1953 में और दफा 110 के 33 केस हुए। कुल केस 1953 में 757 हुए थे। इस के मुकाबले में 1954 में सिर्फ 684 हुए। फिर 684 के मुकाबले में अगले साल दफा 107 के 564 केस हुए और दफा 109 के जहां 40 केस थे वहां सिर्फ 11 केस रह गए। और इन केसों का नम्बर इस लिये कम हुआ क्योंकि गवर्नमैण्ट ने हिदायत की थी कि दफा 109 की कार्रवाई जितनी कम हो सके उतनी कम होनी चाहिये। अफसरों की कारगुज़ारी दफा 109 के cases से नहीं देखी जाएगी बल्कि इस से देखी जायेगी कि इस इलाका में कितना अमन रहा कितनी शान्ति रही। आप को अर्ज़ किया है कि 1954 में 757 के मुकाबले में सिर्फ 584 केस हुए। और मेरे अज़ीज़ दोस्त ने जो आज यहां दिखाई नहीं देते कहा कि साहिब वहां पर तो अजाइब सिंह शाही है। मैं इस बात का एतराफ करता हूं कि आज अजाइब सिंह शाही

की वजह से ही फिरोज़पुर के ज़िले में अमन नज़र आता है। जिस इलाके में लोग इतने २ जुर्म करते थे, इतनी २ खतरनाक और अफसोसनाक बातें होती थीं आज अजायब सिंह शाही की बदौलत ही बावजूद मेरे दोस्तों और साथियों की तमाम कोशिशों के फिरोज़पुर में अमन नज़र आता है (*Hear, hear*) हां मुझे एक बात का ज़रूर अफसोस है। मुझे अफसोस से मानना पड़ता है। मेरे दोस्त ने कहा था कि वहां पर चोरी हुई थी और उस चोरी को छिपाने की कोशिश Sub-Inspector ने की, यह ठीक है। स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करूं कि जिस वक्त S. S. P. को पता चला उसी वक्त उन्होंने enquiry का हुक्म दिया और मैं इस बात को मानता हूं कि यह बात वहां साबित हो गई और हुई इस लिये क्योंकि हम चाहते हैं कि जो अफसर ग़लती करते हैं उन की परदापोशी नहीं होनी चाहिये। उस अफसर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मेरे दोस्त ने कहा कि एक तो उस थानेदार ने चोरी छिपाई और दूसरे वह Inspector हो गया। यह बड़ी खतरनाक चीज़ है, खराब है। दरअसल बात क्या हुई। एक "F List" होती है। जिस Sub-Inspector ने Inspector होना होता है उस का नाम वहां दर्ज होता है। वह promotion I. G. साहिब करते हैं। इत्तफाक ऐसा हुआ कि promotion के लिये vacancy खाली थी। वहां जो रिकार्ड था उस में यह बात नहीं लिखी हुई थी कि उस अफसर ने ऐसा बुरा काम किया है या ऐसी हरकत की है और इस लिये record अच्छा होने की वजह से वह Inspector हो गया। लेकिन अब उस के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मैं अपने दोस्त सरदार गुरचरण सिंह का मश्कूर हूं कि उन्होंने इस केस की तरफ गवर्नमेंट की तवज्जुह दिलाई है और गवर्नमेंट ने यह हुक्म दे दिया है कि पेशतर इस के कि किसी आदमी को promotion दी जाए जिस का नाम " F List " में मौजूद है पहले यह बात मालूम की जाए कि उस के खिलाफ कोई चीज़ है कि नहीं। कोई enquiry pending तो नहीं है? मैं मश्कूर हूं सरदार साहिब का कि उन्होंने इस बात की तरफ तवज्जुह दिलाई है।

स्पीकर साहिब, सरदार मोहन सिंह जी ने कहा था कि कटानी कलां में शराब की दुकान नहीं होनी चाहिये और यह कि गवर्नमेंट ने उन की बात की कदर नहीं की। उन्होंने resolution किया और यह भी ठीक है कि Minister साहिब ने उन से agree किया। स्पीकर साहिब, आप नहीं जानते कि दुनिया में क्या क्या नहीं होता, अच्छी अच्छी चीज़ें वबाले जान बन जाती हैं। हमने कहा कि उन की बात की कदर की जाए लेकिन यह मुश्किल हो गया क्योंकि बाज़ जगह ऐसी हैं जहां पर खूब दौर चलते हैं। वहां नाजायज़ शराब इस कदर होती है कि कोई भी बचा हुआ नहीं होता। अगर resolution पास करते, शराब की दुकान उठ जाती और नाजायज़ शराब के दौर लगते। यह मामला Cabinet में आया, हालात से आगाही हुई तो मजबूर हो गए। मैं आम बात कर रहा हूं। कि यह तो मुंह को लगी हुई छूटती नहीं है फिर कुछ न कुछ करना ही पड़ता है। हम मजबूर हो गए, हम ने सोचा कि क्या safeguard लें। कहीं ऐसा ही न हो कि शराब की दुकान तो उठ जाए और फिर इस बहाने से अपने दौर चलने शुरु हो जाएं (*Interruptions from Opposition*) मेरे फाज़िल दोस्त क्या पूछते है? स्पीकर साहिब, तंद नहीं तानी ही बिगड़ी हुई है। लुधियाना का ज़िला ले लो, फिरोज़पुर का ज़िला ले लो जब तक यारों की चलती है

[मुख्य मंत्री]

तो मैं क्या कहूं। मेरे दोस्त कहते हैं कि इस बात से हमें discredit मिलता है। मैं इनकार नहीं करता हूं। मैं तो कहता हूं कि देखिये हम ने अभी थोड़ी सी अच्छी २ चीजें की हैं तो उस से ही आप का काफिया तंग हो गया है और जब बिल्कुल ही सफाई हो जायेगी तो आप को मालूम हो जायेगा। जो कमियां हैं मैं उन से इनकार नहीं करता। सवाल यह है कि क्या हर कदम हमारा उस कमी को दूर करने के लिये नहीं उठ रहा है? फिर सरदार मोहन सिंह ने कहा था कि २ गांव हैं वहां पर Punitive Police Posts कायम की गई हैं। वह चौकियां तो कहीं 1940 की बिठाई हुई हैं। मगर खैर, उन्होंने ज़िक्र किया है तो मैं कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट ने इस चीज़ पर ग़ौर किया है और ग़ौर करने के बाद फैसला किया है कि यह Punitive Police Posts कम से कम कायम की जाएं। हम नहीं चाहते कि खाह मखाह यह Posts कायम की जाएं। मैं उम्मीद करता हूं कि यह जो पंचायतों का सिलसिला है इस के पूरे हो जाने से इन चौकियों की ज़रूरत नहीं रहेगी। फिर यह ज़ोर दिया गया था कि साहिब वे पैसे लेते हैं और जिन से पैसे लेने चाहियें वहां से नहीं लेते और जहां से नहीं लेने चाहियें वहां से लेते हैं। हम सोच रहे हैं कि इस चीज़ को पंचायतों के साथ वाबस्ता कर दिया जाए। गांव वाले इस बात को खुद अच्छी तरह जान सकेंगे कि किस आदमी की हैसियत है देने की और किस की नहीं है।

आगे मेरे दोस्त श्री लाल चन्द जी प्रार्थी ने कहा है कि साहिब कुल्लू में section 30 का magistrate होना चाहिये। सवाल यह है कि कुल्लू के रहने वालों की बाबत हमारी राए बहुत ऊंची है। हम समझते हैं कि वे लोग लड़ने वाले नहीं हैं और जुर्म करने वाले नहीं हैं। कुल्लू के अगर आदादो शुमार मुलाहज़ा किये जाएं तो मालूम होगा कि वहां पर section 30 के magistrate के काम का ·19 काम निकलता है। मैं उन को मुबारक देता हूं कि वहां पर उन को इस post की ज़रूरत नहीं है। ताहम वहां पर S.D.Os. काम कर रहे हैं और उस इलाके के काम को निभाने के लिये वे काफी हैं। आपने कहा कि वहां पर सब-जज होने चाहियें। इस वक्त वह वहां चार महीने के लिये जाता है। मैं आप की जो खाहिश है उस को कबूल करता हूं और आप को यह सूचना देता हूं कि बजाए वहां पर चार महीने काम करने के वह आठ महीने वहां पर रहे ताकि काम में आसानी हो।

फिर आपने कहा है कि जो S.D.O. वहां पर है—चूंकि आप दूर हैं, धर्मशाला दूर है—उस को भी इतने इख्तियारात देने चाहियें जो कि Deputy Commissioner को हैं। उस के मुतअल्लिक भी मैं आप को विश्वास दिलाता हूं कि मैं हमदर्दी के साथ ग़ौर करूंगा और मैंने आगे ही हिदायात जारी कर दी हैं कि हमें इस को देखना चाहिये कि आया हम उसे और इख्तियार दे सकते हैं ताकि आप साहिबान को तकलीफ न हो।

फिर आपने transport के सिलसिले का ज़िक्र किया है। आप जानते हैं कि transport का जो सिलसिला है वह हमारी गवर्नमेंट और मंडी दरबार के साथ हुआ। और हिमाचल के साथ हुआ है। इस के लिये आप को इल्म होगा कि 58 buses चलती हैं। उस के मुकाबला में हिमाचल की भी चलती हैं। पहले 50:50 basis पर थीं। आखिर यह बात मिल मिला कर होती है। आप को facilities तो हैं ही चाहे उन्हें कोई run करे। मैं उम्मीद करता हूं कि और भी ज़यादा बसें चलनी शुरु हो जायेंगी। मगर

एक बात मुझे समझ नहीं आई––मैं अपने साथी से फिर पूछ लूंगा––चाहे पंजाब की चलें या हिमाचल की, जैसा मैंने पहले कहा चलती तो हैं । हमें देखना यह है कि उन लोगों के लिये आसानियां तो हैं या नहीं। अगर फिर भी उन्हें कोई दिक्कत है तो हम देखेंगे और कोशिश करेंगे कि वह दिक्कत दूर हो ।

इस के अलावा जो कुच्छ कुल्लू के सिलसिला में कहा गया, मेरे फाज़िल दोस्त को इल्म ही है कि इस सिलसिला में अब गवर्नमेंट की क्या policy है। हम इस को कई तरह से आगे ले जा रहे हैं । मसलन Community Project Blocks, National Extension Service Blocks वगैरह दिये हैं । S.D.O. को इख्तियारात ज्यादा दिये जा चुके हैं और मुझे खुशी है कि आप की जो तहसील है वहां पर यह चीज़ें अच्छी तरह से हो रही हैं।

स्पीकर साहिब, मेरे फ़ाज़िल दोस्त मौलवी अब्दुल ग़नी साहिब ने कुछ इशारा किया––ज़िक्र किया––उस कार का जो Chief Parliamentary Secretary के पास है । श्री शिव सिंह जी ने भी कहा था। तो मैं उस के मुतअल्लिक यह कहना चाहता हूं कि उस की position इस तरह से है । उन्होंने कहा कि भाई, यह कार नाम तो है इन के (मेरे) और काम आती है उन (चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी) के । यह बात इस तरह नहीं है ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : आंखें यही देखती हैं ।

चीफ पार्लियामैण्टरी सैक्रेटरी : आंखों पर अकल का चश्मा लगा कर देखो ।

मुख्य मंत्री : ठीक है, आंखें यही देखेंगी । बात असल में यह है कि चीफ मिनिस्टर की disposal पर दो कारें हैं और चूंकि चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी attached है चीफ़ मिनिस्टर के साथ इस लिये मैंने उन्हें वह कार इस्तेमाल करने के लिये दी हुई है । फिर भी मैं यह सोच रहा हूं कि यह कार बराहे रास्त उन की disposal पर हो । अगर इस चीज़.........

श्री किदार नाथ सहगल : जो चीफ़ मिनिस्टर आप से पहले थे, उन के पास भी क्या दो कारें ही थीं ?

मुख्य मंत्री : नहीं थीं । मेरे दोस्त बिल्कुल ठीक फरमा रहे हैं कि नहीं थीं । मगर मैं महसूस करता हूं कि चीफ़ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी के पास––उस का अपना काम सहूलियत से और efficiently चलाने के लिये––कार का होना ज़रूरी है ।

श्रीमती शन्नो देवी : तो छोटी कार दे दें ।

मुख्य मंत्री : बहन शन्नो देवी जी ने जो suggestion दी है वह भी एक मुनासिब suggestion है। मगर मैं सिर्फ यह अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि वह कार कोई अलहदा नहीं खरीदनी पड़ी ।

श्री किदार नाथ सहगल : पाकिस्तान में जो कार आप के साथ गई थी ।

मुख्य मंत्री : मैं आप से अर्ज़ करूं कि पाकिस्तान में कार का जाना या न जाना इस चीज़ पर निर्भर है कि वह वहां official capacity में गई या official तौर पर नहीं गई। अगर official तौर पर जाती है तो उस का क्या होता है ? वह खर्च सरकारी होता है । और अगर official तौर पर नहीं जाती तो उस का खर्च खुद करना पड़ता है । मगर कार का इस्तेमाल जो है वह किसी हद तक allowed है क्योंकि इस में भी नुक्ताचीनी की गुंजाइश रहती है। इस लिये मैं इस case पर गौर

[मुख्य मंत्री]

कर रहा हूं कि वह कार बराहे रास्त चीफ़ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी के नाम पर हो ताकि खाह-मखाह चीफ़ मिनिस्टर को उस के लिये परेशानी न उठानी पड़े।

श्री किदार नाथ सहगल : आप इसी लिये तो बदनाम होते हैं।

मुख्य मंत्री : यह बात नहीं।

एक माननीय सदस्य : ड्राइवर की तनखाह कौन देता है ?

मुख्य मंत्री : स्पीकर साहिब, आप की इजाज़त से मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि आप कहेंगे कि इन छोटी छोटी चीज़ों पर क्यों उतर आये। पर यही छोटी छोटी चीजें होती हैं जिस से इनसान के बड़ेपन या छोटेपन का पता चलता है। हमने कारें देने का फैसला किया था। आप पूछते हैं कि यह फैसला क्यों किया गया था ? इस लिये कि अगर कारें खरीदने के लिये बीस हज़ार रुपया खर्च किया भी जाये तो कहां से किया जाये ? उल्टे हम लोग जो हैं, हमारे पास इतना रुपया तो है नहीं।

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਕਾਫ਼ੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਕਾਫ਼ੀ ਹੈ।

मुख्य मंत्री : जनाब हम आप की तरह (सरदार वज़ीर सिंह की ओर इशारा करते हुए) जमींदार तो हैं नहीं कि हमारे पास बहुत ज़्यादा रुपया हो। इस लिये हमने सोचा कि ऐसा मुश्किल है हम मिनिस्टरों के लिये। फिर दूसरी जो बात है वह यह है कि हमारी यह राये थी। बार बार यह एतराज़ किया जाता है कि मिनिस्टर T.A. लेते हैं। इस लिये हम ऐसा करें कि इस रोज़ रोज़ की नुक्ताचीनी को खत्म किया जाये। तब जो कारें हम ले जाते थे उन में बस mileage के हिसाब से मिलता था।

श्री मूल चन्द जैन : T.A. तो फिर भी मिलता है।

मुख्य मंत्री : मेरे साथी श्री मूल चन्द जैन जी ने T.A. का सवाल पैदा कर दिया। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह D.A. होता है। वह तो pocket expenses मुहैया करने के लिये होता है। मैं तो अपने फ़ाजिल दोस्त का मशकूर हूंगा और उन की बड़ी मेहरबानी होगी अगर वे मिनिस्टरों को invite करना छोड़ दें ताकि वह अपना खाना वगैरह खुद बनवाएं। जब किसी ज़िला में जाते हैं तो एक आ जाता है, कभी दूसरा आ जाता है, कभी तीसरा आ जाता है कि साहिब, हमारे हां खाना खाएं, हमारे हां चाए पीजिये। उस के बाद तो यह नुक्ताचीनी की जाती है कि खाना तो वहां खा लिया, चाए तो वहां पी ली। अगर आप मेहरबानी करें और उन्हें मजबूर न करें तो फिर आप हिसाब करके देख लें कि जो उन्हें D.A. मिलता है वह तो वही हिसाब हो जाता है जैसे कहते हैं "दाढ़ी से मूंछ बड़ी"। यह तो बस कहने की बातें हैं। हां, mileage वगैरह में कुछ गुंजाइश होती थी। स्पीकर साहिब, मुझे पता है कि कई बार हमें दौरों पर पल्ले से खर्च करना पड़ता है।

श्री श्री चन्द : सिवाए आप के।

मुख्य मंत्री : मैं आप को बताना चाहता हूं कि जो कुछ हमें मिलता है वह pocket expenses के लिये है—कोई फायदा उठाने के लिये नहीं। इस लिये मैं श्री मूल चन्द और दूसरे साथियों से अर्ज़ करूंगा कि वह हमें खाने और चाय वगैरह के लिये मजबूर न किया करें।

श्रीमती शन्नो देवी : आप ऐसी दावतें कबूल ही न किया करें ।

मुख्य मंत्री : स्पीकर साहिब, यह कहना कुछ अच्छा मालूम नहीं देता । आखिर मेरा कोई भी साथी जो बाहर जाता है वह अपना खाता है और अपने खर्च पर रहता है । आप देखिये मिनिस्टर साहिबान का हाल ।

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ bank balances ਵੇਖੋ ਉਹ ਕਿੰਨੇ ਵਧ ਰਹੇ ਹਨ।

मुख्य मंत्री : आप अपने भी bank balances देखें और दूसरों के भी देखें । कोई बात कहनी आसान होती है लेकिन उसे साबित करना मुश्किल होता है ।

स्पीकर साहिब, बावजूद इन बातों के जो मेरे इन साथियों ने कही हैं मैं ने कोशिश की है कि उन का जवाब सही तरीका से और नर्मी के साथ दिया जाए क्योंकि जो कहा जाता है उस का असर होता है और जो कुछ इस हाऊस में कहा जाता है उस का बाहर के लोगों पर भी बहुत असर होता है । हमने रवायात कायम करनी होती हैं । मैं चौधरी सिरी चन्द से और श्री किदार नाथ सहगल साहिब से और तमाम opposition के दोस्तों से दरखास्त करूंगा कि वह किसी चीज़ की opposition महज़ opposition की खातर न किया करें और किसी बात को ग़लत अन्दाज़ में बयान न किया करें । स्पीकर साहिब, मैं आप की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि कई कई चीज़ों के बारे में इस तरह ग़लत अंदाज़ से कहा जाता है कि आप उन्हें सुन कर हैरान होंगे । इन्होंने ऐसी ऐसी बातें लोगों को कही हैं—मसलन यह जो पानी भाखड़ा-नंगल से ला रहे हैं उस पानी में ताकत नहीं है उस में से कोटला और गंगोवाल में बिजली निकाली गई है । ऐसे ऐसे समझदार दोस्त हों और यह बातें कहें, ऐसे ऐसे पढ़े लिखे हों और यह चीज़ें लोगों को कहें तो मैं इन भाइयों से पूछता हूं कि क्या यह लोगों को गुमराह करना नहीं तो और क्या है । इस लिये मैं इन्हें कहता हूं कि कोई भी ग़लत बयानी जो वह यहां करते हैं या बाहर करते हैं उस का असर दूसरे अच्छे कामों पर भी ज़रूर पड़ता है ।

फिर मेरे फ़ाज़िल दोस्तों ने यह कहा है कि मिनिस्टर जब दौरे पर जाते हैं तो Officers का वक्त बहुत ज़ाया करते हैं । मैं इस बारे में अपने दोस्तों को बता देना चाहता हूं कि हम ने यह practice बना रखी है कि अगर किसी जगह पर पहली दफा कोई मिनिस्टर जाए तो उस के मुतअल्लिक महकमे के जो अफसरान हों वह मिनिस्टर को मिलने आएं लेकिन जब वही मिनिस्टर वहां दूसरी बार जाता है तो फिर उन अफसरान की ज़रूरत नहीं समझी जाती । पहली बार तो उन का मिलना ज़रूरी समझा जाता है क्योंकि वह मुतअल्लिका महकमें के अफसरान को मिल कर ही सब कुछ देख सकते हैं । हमने इस बारे में हिदायतें दे रखी हैं । और अगर किसी अफसर की मिनिस्टर मुतअल्लिका को ज़रूरत न हो और वह मिलने आता है तो उसे फौरन वापस भेज दिया जाता है । मालूम होता है कि हमारे दोस्त इधर उधर से दबाव डाल कर हम से यह जगह खाली कराना चाहते हैं । मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि हम इस तरह से अपनी जगह खाली नहीं करने लगे । हम तो ज़रूर दौरों पर जायेंगे ।

श्री श्री चन्द : हमें आप की सेहत की फिक्र रहती है फिर काम भी नहीं होता ।

Mr. Speaker : Order, order.

भी नहीं कराए जा सके । क्यों? इसलिए कि स्कीम नहीं बनी । इस तरह से स्पीकर साहिब, इन्होंने उन डिस्ट्रिक्ट बोर्डों पर हाथ साफ़ किया और अब म्युनिस्पिल कमेटियों और दूसरी लोकल बाडीज़ वगैरा पर इस तरह अधिकार जमा लेना चाहते हैं ताकि इन के चन्द नुमाइन्दे जिस तरह चाहें खर्च कर सकें । आप फरमाते हैं कि उन्होंने यह बहुत अच्छा काम किया है क्योंकि म्युनिसिपल कमिश्नरों को बहुत दिक्कत पेश आती थीं कि किस को रखें या किस को न रखें । इस लिए इस मामला को पब्लिक सर्विस कमिशन के सुपुर्द कर दिया है । मुझे पब्लिक सर्विस कमिशन से कोई बहस नहीं है । मैं भी उस के काम की महिमा करता हूं । वह अच्छे लोग हैं और अच्छी तरह से अपना काम करते हैं । लेकिन आप की जो खूबसूरती है यानी मेरे दोस्त चीफ़ मनिस्टर साहिब की जो खूबसूरती है बिल्कुल उसी तरह से है जैसे कहते हैं "हाथी के दान्त खाने के और और दिखाने के और" आप यह कोशिश कर रहे हैं कि डिस्ट्रिक्ट बोर्डों की तरह म्युनिसिपल कमेटियों और दूसरी लोकल बाडीज़ के जो इख्तियारात हैं उन को भी खत्म कर दें । इस के लिए बिल्कुल अंग्रेज़ों की तरह की बातें की जाती हैं कि उन सर्विसों में आने के लिए लोगों को कभी किसी मैम्बर के पास जाना पड़ता है और कभी किसी दूसरे के पास । स्पीकर साहिब, आप इस असैम्बली के मामला को लें । आप जानते हैं कि यह जिस को चाहें मिनिस्टर रख सकते हैं और जिस को चाहें न रखें । यह पंजाब सरकार का मामला है । इस पर हमारे चीफ़ मिनिस्टर साहिब का अधिकार है कि किस से काम लें और किस से काम न लें । आखिर कब हमारे प्राईम मनिस्टर साहिब ने इस काम में दखल दिया है ?

अध्यक्ष महोदय : आप ने असेम्बली को कैसे इस मोशन के साथ सम्बन्धित कर दिया ?

(How has the hon. Member brought this Assembly under discussion on this Motion ?

मौलवी अब्दुल गनी डार : स्पीकर साहिब, आप ने तो काफी कुछ इस मामला में देख लिया है । मुझे भी पता है । बहर हाल मैं यह कहना चाहता हूं कि चीफ़ मिनिस्टर साहिब तो इस ढंग से काम कर के इन चीज़ों का खात्मा कर रहे हैं कि मुझे यह देख कर हैरानी होती है और मुझे खदशा है कि कहीं यह अपना खातमा भी न कर लें । क्या वह इस लिए कर रहे हैं कि वह डैमोकरेसी के लिए लड़ते रहे हैं ? क्या वह इसी लिए ऐसी बातें कर रहे है ? मैं पूछता हूं कि वह दूसरे दरवाज़े से घुसने की कोशिश क्यों कर रहे हैं ? क्या इस लिए कि म्युनिसिपल कमेटियों पर भी उन का अधिकार हो जाए ? स्पीकर साहिब, पता नहीं कि कितना शौक है इन को ताकत हासिल करने का । यह तो चाहते हैं कि सूबे के जितने इख्तियारात हैं सब के सब इन के हाथों में जमा हो जाएं । यह चाहते हैं कि हरहिटलर की तरह इन की ताकत हो । लेकिन मेरे दोस्त अपने इस शौक को पूरा करने के लिए पब्लिक सर्विस कमिशन को क्यों बीच में घसीटते हैं ? बस ऐसा मालूम होता है कि इन के सब अधिकारों पर अपना कबज़ा करना चाहते हैं चाहे वह पब्लिक सर्विस कमिशन के जरिए हों और चाहे लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर के जरिए । इन को खुद इस बात का शक है कि वह इनसाफ़ कर सकते हैं या नहीं । बजाए उन को मौका देने के यह इख्तियारात भी आप ने पब्लिक सर्विस कमिशन को दे दिए हैं । मैं नहीं कहता कि आप मनमानी कार्यवाई करते हैं । मैं यह कहने की जरूरत नहीं समझता । लेकिन कहना सिर्फ यह चाहता हूं कि आप पब्लिक सर्विस कमिशन को बीच में क्यों लाते हैं ? सिर्फ इस लिए कि उस क नाम पर आप

[मौलवी अब्दुल गनी डार]

लोकल बाडीज़ के अधिकारों पर छापा डालना चाहते हैं। इसलिए, स्पीकर साहिब, मैं दरखास्त करता हूं कि इस पर भी थोड़ा सा ध्यान दें आखिर यह भी तो आहिस्ता आहिस्ता चीफ़ मिनिस्टर बने हैं। यह अपनी हिस्टरी पर गौर करें। अपने मुल्क की हिस्टरी पर गौर करें। आखिर डैमोक्रेसी आप को मिली है। इस में एक दिन ऐसा आएगा जब कि लोकल बाडीज़ के हाथ में ही असल ताकत होगी। जब यह हकीकत है कि आप कहते हैं कि आप उन की ज़िम्मेवारियां बढ़ा रहे हैं तो दूसरी तरफ आप कैसे कहते हैं कि वह लोग नाअहल हैं, नालायक हैं वह अच्छी तरह से फैसला नहीं कर सकेंगे? आप यह कहते हैं कि वह इस चीज़ का फैसला नहीं कर सकते कि किस को लगाना है और किस को नहीं लगाना। इसलिए स्पीकर साहिब, अगर वाकई इन के दिमाग में वही डैमोकरेसी है जो कि महात्मा गान्धी जी के दिमाग में थी या जो माननीय पंडित जवाहर लाल नेहरू के दिमाग में है और अगर वह सच्चे दिल से चाहते हैं कि लोकल बाडीज़ हकीकी माइनों में पब्लिक की नुमाइन्दा बनें तो आप उन्हें आज़ादी के साथ काम करने दें। उन पर इस तरह का अधिकार न जमाएं। उन के मुतअल्लिक आप की जो राए है वह कतई गलत है। उन के खिलाफ जो आप ने यह कहा है कि वह लोग अपने रिश्तेदारों, दोस्तों की हिमायत करते हैं, और वे अपनी राए अच्छी तरह नहीं दे सकते तो मेरे ख्याल में यह उन के साथ बेइनसाफी होगी। आप इस असेम्बली को देखें इस में किसी मैम्बर पर ज़मींदारों का असर है किसी पर किसानों का असर है, किसी पर मज़दूरों का असर है और किसी पर सरमायादारों का असर है। इस तरह हर एक पर इलज़ाम लगाया जा सकता है कि वे अपनी राए आज़ादी से नहीं दे सकते। यह लोग कहते हैं। मैं तो देखता रहा हूं लेकिन मैं कहता नहीं कि हरेक नअहल है क्योंकि यह कहने को ठीक बात नहीं होती। लेकिन बीसियों ऐसे लोग भी हैं जो इस बात का दावा करते हैं कि हम तो एक अच्छा राज कायम करना चाहते हैं जिस में कोई corruption न हो। लेकिन आज corruption के इलज़ाम लगाए जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि तफ़तीश कराई जाए। स्पीकर साहिब ! मैं इस वक्त इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता क्योंकि मुझे पता है कि आप ने मुझे ऐसा करने की इजाज़त नहीं देनी और आप का हुक्म मुझे मानना ही होगा। एक तो....

अध्यक्ष महोदय : मौलवी साहिब। आप कहते भी हैं कि नहीं करेंगे और आप करते भी हैं।

(The hon. Member says that he would not refer to this matter and yet he is making reference to it.)

मौलवी अब्दुल गनी डार : मैं तो स्पीकर साहिब, यह अर्ज़ करना चाहता था कि यह दावा तो कुछ करते हैं और करते कुछ और हैं। यह तो हाथी के दांत खाने के और और दिखाने के और वाली बात है। यह तो democracy का गला घूटने वाली बात है। मैं आज इस topic पर कुछ नहीं कहना चाहता। मुझे उम्मीद है कि कल आप इजाज़त देंगे जब हम इस बारे में एक substantive motion लाएंगे। मैं इन से कहना चाहता हूं कि democracy का नाम लेने वाले democracy के मतलब को समझें और देखें कि इस तरह कोई आदमी नहीं है जो गलतियां न करता हो। इन्होंने तीन साल के अन्दर जो जो गलतियां की हैं अगर उन को देखा जाए तो यही कहा जाएगा कि यह चीफ़ मिनिस्टर बनने के अहल नहीं हैं। यह जो Legislature है यह जो

शानदार हाऊस है इस ने जो गलतियां बार बार की हैं इस से यह कहा जाए कि यह अहल नहीं है यह ठीक न होगा । जिस तरह यह हमारे चीफ़ मिनिस्टर साहिब, यह शानदार हाऊस और यह Legislature भी अहल हैं इसी तरह वह municipalities भी अहल हैं । यह जो उन को नाअहल कह रहे हैं इस बात का इन को अहसास होना चाहिए कि वह नाअहल नहीं हैं । इस लिए स्पीकर साहिब मुझे यकीन है कि हमारे मुअज़िज़ दोस्त भीम सेन सच्चर, चीफ़ मिनिस्टर साहिब मेरी गुज़ारिश पर गौर फरमाएंगे और इस बिल को पास न होने देंगे ।

दीवान जगदीश चन्द्र (लुधियाना शहर उत्तर) : स्पीकर साहिब, मौलवी साहिब ने जो इस बिल पर तकरीर की है और यह कहा है कि यह बिल गैर-जमहूरी है और यह local bodies के हकूक पर हमला है मुझे उनकी यह बात समझ नही आई । जब हम इस बात का तहईया कर चुके हैं कि जितनी भी जिम्मेदार सरकारी नौकरियां हों वे सब Public Service Commission की तरफ से भरी जाएं तो यह बात अजीब सी लगती है कि local bodies की जो ज़िम्मेदार नौकरियां हैं उनको भरने का वह खुद फैसला करें । उन नौकरियों को भी Public Service Commission के ज़रिये भरे जाने का यह मतलब नहीं कि गवर्नमेण्ट Local Bodies के हकूक छीनना चाहती है । जब हम ने यह फैसला कर लिया है कि Local Bodies के सारे जिम्मेदार parts को provincialise किया जाना चाहिए तो मैं समझता हूं कि इस बिल से वह मांग बिल्कुल पूरी तो नहीं होती लेकिन इस से इस बात का पता लग जाता है जैसा कि खुद मौलवी साहिब ने माना है कि गवर्नमेंट इन नौकरियों को गैर-जानबदार हो कर भरना चाहती है । जहां तक इस बिल का गैर-जमहूरी होने का सवाल है मैं अर्ज़ करता हूं कि यह बिल्कुल गैर जमहूरी नहीं है क्योंकि Public Service Commission तो सरकार की Local Bodies के सम्बन्ध में बनाई गई policy के मुताबिक ही Local Bodies की ज़रूरत के मुताबिक आदमी चुन कर उन के पास भेजेगा।

जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि इस से गवर्नमेंट का असर Local Bodies पर पड़ेगा मैं अर्ज़ करता हूं कि Local Bodies के मुतअल्लिक गवर्नमेंट पहले भी काफी हद तक कानुन बनाती है उन के कारोबार में दखल भी दे सकती है और यह उन के लिए विधान सभा में policy भी रखती है और इस policy पर उन्हें चलना पड़ता है । मैं समझता हूं कि इस बिल को ला कर हमारी गवर्नमेंट ने एक ऐसा कदम आगे रखा है जिस को सूबा के लोग काफी हद तक पसन्द करेंगे और जो उनकी शिकायतें हैं कि नौकरियों के भरने में काफ़ी रूरियायत होती है वह इस बिल से दूर हो जाएगी ।

श्री राम किशन (जालंधर शहर, उत्तर पश्चिम) : स्पीकर साहिब ! चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने जो बिल पेश किया है उस पर मेरे दोस्त अब्दुल गनी ने तकरीर करते हुए इस को गैर-जमहूरी करार दिया है । मैंने बड़ी कोशिश इस बातको समझने की की है कि यह गैर जमहूरी किस तरह ह । आखिर जमहूरियत किसे कहते हैं ?

[श्री राम किशन]

फरवरी 1954 में पंजाब की जितनी लोकल बाडीज़ हैं Municipal Committees, Small Town Committees, Notified Area Committees, और District Boards उन में से 175 bodies के representatives अम्बाला में कोई छः साढ़े छः सौ के करीब गिनती में उन कमेटियों के presidents, vice-presidents, secretaries और कुछ दूसरे नुमायंदे एक conference में शामिल हुए थे । उस वक्त पंजाब की Municipal Committees में जो parties in power थीं उन सबकी representation उस conference में थी। पंजाब में जितनी भी political parties हैं यानी अकाली पार्टी, जन संघ या कांग्रेस इन सब का इन bodies पर कहीं न कहीं कब्ज़ा था और वह तमाम की तमाम उस conference में शामल हुई थीं और उस conference के agenda पर ये दो मांगें मौजूद थीं । पहली यह कि Local Bodies की जो बड़ी posts हैं उन सब को provincialise किया जाए और दूसरी यह कि उन services में अच्छे लायक और अच्छे calibre के आदमियों को लाने के लिए गवर्नमेंट को जल्द से जल्द कोई कदम उठाना चाहिए । यह फैसला उस Local Bodies conference में किया गया था । उस conference में सारी local bodies के representatives थे । यह क्या जमहूरियत नहीं है जो उस conference के किए हुए फैसले को अमली जामा पहनाया जा रहा है । फिर 26 और 27 मार्च, 1954 को शिमला में सारे भारत के Local Bodies Ministers की conference हुई थी जिस में सब States के Local Bodies Ministers शामल हुए थे और वहां पंचायतों और दूसरे लोकल बाडीज़ के मसलों पर विचार किया गया था । उस conference ने recommendation की थी कि सारे हिन्दुस्तान के अन्दर जहां तक Urban Local Bodies का ताल्लुक है उन को ज़्यादा से ज़्यादा इख्तियारात देने चाहिएं और साथ ही साथ वहां की जो key position की नौकरियां हों उन पर अच्छे calibre के आदमियों को लाना चाहिए ।

फिर तीसरी बात जिस की तरफ मैं आप की तवज्जुह दिलाना चाहता हूं वह है All-India Local Bodies Conference जो 2 , 3 साल हुए दिल्ली में हुई । इस conference में राजकुमारी अमृतकौर, हमारी केन्द्रीय सरकार के सेहत की वज़ीर ने preside किया और इस में तमाम Corporations और Local Bodies के नुमायंदे शामिल हुए । इस conference ने सोचा कि कोई ऐसा रास्ता इख्तियार किया जाए जिस से Local Bodies की services को security मिले और इन्हें elected representatives के रहम पर न छोड़ा जाए। Municipalities के जो Engineers हैं, जो डाक्टर वगैरा हैं वह आज कल इस तरह काम करते हैं कि जो 10, 15 चुने हुए आदमी होते हैं, उन को खुश रखने की कोशिश करते हैं और उन का सारे का सारा काम इसी तरह से चलता है । तो उस conference में Local Bodies Urban Committee ने इन सारी बातों को सोचा और कुछ फैसले किए जिन को कि इस Bill के ज़रिये अमली जामा पहनाया जा रहा है । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस बिल के

ज़रिए पंजाब गवर्नमेंट अपने हाथ में कोई इख्तियार नहीं ले रही और यह जो charge था कि party in power, Chief Minister या Local Bodies Minister अपने हाथ में सारे इख्तियार ले रहे हैं इसे हटाया जा रहा है और सारे इख्तियारात Public Service Commission को दिए जा रहे हैं जो कि किसी भी Minister के control में नहीं है और वह एक completely independent body है और जिस के मुतअल्लिक मेरे दोस्तों ने खुद माना है कि इस ने पंजाब में बड़ा अच्छा काम किया है। मैं समझता हूं कि इस Bill के ज़रिये Local Bodies में calibre के आदमी जाएंगे और वह जो इस तरह की बातें थी कि कोई आदमी इस पार्टी का नहीं चुना गया या दूसरी पार्टी के आदमी को touch न किया जाए वगैरा २, वह सब दूर हो जाएंगी। मैं तो एक कदम और आगे जाऊंगा और Chief Minister साहिब से दरखास्त करूंगा कि वह इस बात का भी इन्तज़ाम करें कि इन लोगों की transfers सूबे की हरेक म्यूनिसिपैलिटी में की जा सकें। यह transfer सारे पंजाब में हों। अमृतसर से रोहतक, रोहतक से जालन्धर। इस तरह अच्छे calibre के आदमियों का सब को फायदा होगा। इस से Municipalities के इख्तियारात मारे नहीं जा रहे हैं, बल्कि उन की सिफारिश Local Urban Committee या Ambala Conference ने की थी वह उन्हें दिए जा रहे हैं और उन चीज़ों को अमली जामा पहनाया जा रहा है। इन सिफारिशात के खिलाफ कोई चीज़ नहीं की जा रही। इस लिए मैं इस Bill की ताईद करता हूं।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ (ਟਾਂਡਾ): ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਜਿਥੋਂ ਤਕ Public Service Commission ਦਾ ਤੱਲਕ ਹੈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਦਾ ਬਹਿਸ ਨਾਲ ਕੋਈ ਤੱਲਕ ਨਹੀਂ। District Boards ਤੋੜ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ। ਬਾਕੀ ਕੁਝ Municipalities ਜਾਂ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਹਨ। ਜਦ ਦਾ ਮੁਲਕ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋਇਆ ਹੈ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਨਾਮਜ਼ਦਗੀਆਂ ਚਲੀਆਂ ਆ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ Bodies ਅੰਦਰ ਖਰਾਬੀਆਂ ਪੈਦਾ ਹੋ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਉਹ ਲੋਕ ਜੋ ਇਤਨੀ ਦੇਰ ਦੇ ਗੱਦੀਆਂ ਤੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਜੋ ਅਫਸਰ ਹਨ ਉਹ ਭਾਵੇਂ District Board ਵਿਚ ਹਨ ਜਾਂ Municipalities ਵਿਚ ਹਨ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਹੀ ਢੰਗ ਨਾਲ ਬਣਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਅਸੀਂ ਅਸਲੀ ਬਿਮਾਰੀ ਨਹੀਂ ਵੇਖਦੇ। ਇਕ ਪਾਸੇ Democracy ਦਾ ਨਾਮ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਸ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਫਿਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਰਖਣ ਦਾ ਕੰਮ Public Service Commission ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। District Boards ਇਸ ਲਈ ਤੋੜ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਖਰਾਬੀਆਂ ਸਨ। ਪਰ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਢੰਗ ਵਿਚ ਇਹ Bill ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਇਸ ਮਸਲੇ ਦਾ ਹਲ ਨਹੀਂ। ਅਜ ਸਰਕਾਰ District Board ਜਾਂ Municipalities ਦੇ tax ਵੀ ਖੁਦ ਲਗਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਬਾਰੇ Minister order ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਕ ਆਪਣੇ ਹੱਥ ਵਿਚ ਲਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਕੀ ਇਹ Democracy ਹੈ? ਦਰਅਸਲ ਇਹ ਸਾਰੇ ਹੱਕਾਂ ਨੂੰ centralise ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਹ Democracy ਨੂੰ ਫੈਲਾਣਾ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਸਿਕੋੜਨਾ ਹੈ। ਬਾਹਰਲੇ ਮੁਲਕਾਂ ਵਿਚ Municipalities ਪਾਸ ਪੁਲਿਸ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ ਮਹਿਕਮੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਥੇ ਵੀ

[ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ]

Health ਦਾ ਮਹਿਕਮਾਂ District Boards ਪਾਸ ਹੈ । ਪਰ ਜੋ ਬੁਨਿਆਦੀ ਕਮਜ਼ੋਰੀ ਇਥੇ ਹੈ ਉਸ ਵਲ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਇਥੇ ਇਨ੍ਹਾਂ Bodies ਦੇ ਹਕ ਘਟ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਵੀ ਘਟ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਪਹਿਲਾਂ ਤਸੀਲ ਵਿਚ ਇਕ ਇਕ ਅਫਸਰ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਹੁਣ ਦੋ ਦੋ ਹਨ । ਉਹ ਪੰਚਾਇਤ ਐਕਟ ਮੁਤਾਬਕ tax ਲਗਾਉਣਗੇ । ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਹਕੂਕ ਘਟ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਜੋ ਚੁਣੇ ਹੋਏ ਲੋਕ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ । ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਬਜਾਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ Finance ਕਰਨ ਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਾਰੇ ਇਖਤਿਆਰ ਅਹਿਸਤਾ ੨ ਖੋਹ ਰਹੀ ਹੈ । Tax ਲਗਾਉਣ ਲਈ ਅਫਸਰ ਲਗਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਇਹ line ਲਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਇਹ ਦੁਖ ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ । ਸਵਾਲ ਸਿਰਫ ਇਸ Bill ਦਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਿ ਕਿਉਂ ਕੁਝ ਹਕ Public Service Commission ਨੂੰ ਦਿਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਇਸ ਢੰਗ ਨਾਲ Government local bodies ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਕਾਬੂ ਵਿਚ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ । Democracy ਦੀ spirit ਨੂੰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ ਬਿਲ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਜ਼ਾਹਰ ਕਰਦਾ ਹੈ । ਜੋ ਛੋਟੇ ਛੋਟੇ bill ਆ ਰਹੇ ਹਨ ਇਹ ਸਭ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਨ । ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ services ਵਿਚ ਨੁਕਸ ਹੈ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ Public Service Commission ਹਵਾਲੇ ਕਰੋ ਪਰ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਜੋ ਹੋਰ ਨੁਕਸ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਦੂਰ ਕਰੋ । ਅਫਸਰ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕੰਮ ਚਲਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਲੋਕਾਂ ਦੇ democratic ਹਕ ਘਟ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਫਿਰ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ administration ਦੀ decentralisation ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ਜਦ ਕਿ ਉਸ ਨੂੰ centralise ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ bureaucracy ਵਿਚ ਜਕੜਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਮਹਿਜ਼ Public Services Commission ਨੂੰ Services ਦੇਣ ਦੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਹੈ ਬਲਕਿ ਇਹ ਤਾਂ ਸਾਰੀ policy ਹੈ ਜੋ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਤੋਂ ਜ਼ਾਹਰ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ ਅਸਾਂ Public Service Commission ਦੀ ਤਾਰੀਫ ਕੀਤੀ ਹੈ ਇਹ ਕੋਈ ਗਲ ਨਹੀਂ । ਲੇਕਿਨ Services ਦੀ ਤਾਰੀਫ ਕਰਨਾ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਗੁਨਾਹ ਛੁਪਾਣਾ ਗਲਤ ਗਲ ਹੈ । ਇਹ democracy ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਹੈ ।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : स्पीकर साहिब । जो Bill इस वक्त Chief Minister साहिब ने House के सामने रखा है, इस की intention बेशक सही है । इस के motives के बारे किसी किसम की aspersion cast करने का मौका नहीं हो सकता । यह एक progressive step है कि जो लोग सिफारिश से service में आए हैं वह खत्म हो जाएं और जो मुलाज़मत में आएं वह काबिल आदमी हों। जहां तक असूली चीज नज़र आई है, एक सही कदम उठाया गया है मगर यह चीज democratic point of view से ठीक नहीं मेरे दोस्तों ने फरमाया है कि जो आदमी Public Service Commission द्वारा मुकर्रर किए जाएंगे वह सही calibre के आदमी होंगे । मैं इस के खिलाफ हूं । Public Service Commission की अपनी constitution democratic नहीं है । मेरे कहने का मतलब यह है कि अगर Public Service Commission

democratic lines पर बनता, किसी कानून की रोशनी में इस की constitution बनती तो मैं इस ख्याल की दाद देता...........

Chief Minister : On a point of order, Sir. The Public Service Commission has been constituted under the Constitution. The hon. Member is not within his rights when he attacks it.

Professor Mota Singh Anandpuri : Sir, I quite understand that. I want to tell that the Public Service Commission has not been constituted under any act of the Legislature.

अध्यक्ष महोदय : यहां आज आप Public Service Commission की consititution के मुतअल्लिक अपने ख्यालात का इज़हार न करें। (Please avoid expressing any views about the constitution of the Public Service Commission).

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : जहां तक Chief Minister साहिब का ताल्लुक है जो इन्होंने पहली चीज कही है वह negation of democracy है। Local Bodies सदियों से कायम हैं। गवर्नमेंट ने कुछ बात मानी और कहा कि इन Local Bodies को कुछ हकूक दिए जाएं। अब इस कानून से एक तरफ तो आप Local Bodies को centralise कर रहे हैं और दूसरी तरफ decentralise करने का दावा करते हैं। आप Local Bodies की powers को इस बिल के जरिए supersede कर रहे हैं। आप उन के ऊपर कैद लगा रहे हैं कि वह अपने लिए Secretaries न रख सकें। आप यह चाहते हैं कि directly or indirectly Local Bodies में services को चुनने का काम Public Service Commission के जरिये हो। इस तरह Public Service Commission से या सीधे हुकूमत की तरफ से जो secretary आएगा अगर वह Local Bodies के किसी मेम्बर के खिलाफ है तो काम चलाना मुश्किल हो जाएगा।

स्पीकर साहिब, Local Bodies अपने काम को चलाने के लिए सैक्रेटरी रखती हैं। Local Bodies ने उन से काम लेना है इस लिए Local Bodies को ही यह इख्तियार होना चाहिए कि वह secretary वगैरा आप रख सकें। अगर कोई secretary जो बाहर से आएगा वह Local Bodies की परवाह न करेगा तो काम कैसे चलेग अगर secretary उनका नहीं होगा और बाहर से आएगा तो वह हर वक्त उन की आज़ादी को सलब करेगा। आप इस बिल को पेश कर के Local Bodies को दी हुई ताकत को छीन रहे हैं। यह Democracy नहीं, Autocracy है। आप इस तरह की legislation से oligarchy कायम कर रहे हैं। आप Local Bodies को इख्तियार देकर फिर उन पर control करना चाहते हैं इस तरह आप Democracy का खून कर रहे हैं। आप को इस तरफ तवज्जुह देनी चाहिए। आप छोटी छोटी चीजों को हाथ में लेने की कोशिश

[प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी]

कर रहे हैं। आप direct या indirect तरीके से powers ले रहे हैं। अगर आपने Local Bodies के सिलसिले को खत्म करना है तो सीधे तरीके से करें। इस तरीके से काम करने से Municipal Committees और Local Bodies का काम न चलेगा। आप के इस तरह Local Bodies से इख्तियार छीन लेने को पब्लिक महसूस कर रही है। फिर चीफ मिनिस्टर साहिब ने कहा है कि फरवरी, 1954 में Local Bodies की कानफरेन्स में जो अम्बाला, में हुई और जून 1954 में जो कानफरेन्स शिमला में हुई इन दोनों में यह फैसला किया गया कि Local Bodies के employees की आसामियों को भरने का काम Public Service Commission के सुपुर्द कर दिया जाए। लेकिन इन कानफरेन्सों में कोई ऐसी बात नहीं कही गई थी कि Local Bodies को जो हक हैं 150 रुपए से ऊपर की तनखाह वाले अफसरों को मुलाज़म रखने का वह Public Service Commission को दे दिया जाए। चीफ मिनिस्टर साहिब का मकसद इस बिल को पेश करने का यह है कि Local Bodies को independently काम न करने दिया जाए। मैं किसी के motives पर aspersion नहीं लगाता लेकिन इतना ज़रूर कहना चाहता हूं कि अगर आप Local Bodies को उड़ा दें तो अच्छा होगा। आपने District Boards को उड़ाया है। पंचायतों के अन्दर Secretaries और councillors भेजे हैं और आप ने कहा कि यह सिर्फ Local Bodies की activities को watch करेंगे। इस तरह Local Bodies आज़ादी से कैसे काम कर सकती है। ऐसी spirit में काम करना Democracy नहीं बल्कि Oligarchy है। यह Autocracy है और plutocracy है। आप इन बातों को सिदक दिली से सोचें। और इस तरह के इख्तियारात Local Bodies से ले कर Public Service Commission को न दिए जाएं।

• खान अबदुल गफ़फ़ार खान (अम्बाला शहर) : जनाब स्पीकर साहिब ! जो बिल जनाब इज़्ज़तेमा चीफ मनिस्टर साहिब ने पेश किया है. (मौलवी अब्दुल गनी डार : क्या कहा जनाब ने ?) अगर आप भी न समझें तो ताज्जुब है। आप समझने की कोशिश करें !

(ਸ੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਕੁਝ ਸੁਣਾਈ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦਾ)। मैं ज़ोर से बोलूंगा।

जनाबेवाला, जो कुछ इस बिल के सिलसिले में Opposition की तरफ से इरशादाते आलिया हुए हैं उन्हें सुन कर हैरानी और ताज्जुब होता है। सवाल यह है कि यह बिल उन तमाम खरा बियों को दूर करने के लिए है जोकि लोकल बाडीज़ में थीं। यह बिल उन तमाम इलज़ामात को दूर करने के लिए है जिन की गुंजाइश हो सकती थी। यह बिल तरक्की के लिए है। मुझे समझ नहीं आता कि मेरे Opposition के भाई इस बिल पर किस किसम की नुकताचीनी करते हैं। इस बिल में कोई ऐसी बात नहीं जिस पर किसी भाई को इखतलाफ हो यह तो मैं मानता हूं कि Opposition को ऐसी मुखालिफत करने की आदत सी है। उन

का ख्याल है कि अगर यहां पर किसी बिल के खिलाफ कोई बात न कही गई तो उन्हें बाहर कौन पूछेगा ।

मेरे Opposition के भाइयों ने जो इरशादात फरमाए हैं मैं उनको एक एक कर के लेता हूं ।

जनाबेवाला ! मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि मेरे करीबी दोस्त हज़रत मौलाना अब्दुल गनी ने फरमाया है कि यह बिल constitutional नहीं है । (*Interruptions*)

Mr. Speaker: Order please.

खान अब्दल गफ्फार खां : उन्हों ने फरमाया कि यह बिल जमहूरियत के खिलाफ है । इस में फलां बात है फलां बात नहीं है । म अपने करीबी दोस्त से क्या यह दरयाफ्त कर सकता हूं कि जमहूरियत का यह क्या मतलब लेते हैं ? क्या जमहूरियत इसी का नाम है कि इख्तियारात मेरे हाथों में दे दिए जाएं या हज़रत मौलाना के हाथों में या पब्लिक पर छोड़ दिए जाएं ? (हंसी) पब्लिक सर्विस कमिशन एक Constitutional Body है। Constitution में दर्ज है कि हर State के लिए एक Public Service Commission मुकर्रर किया जाए । पब्लिक सर्विस कमिशन को आला दरजे की सर्विस को चुनने के लिए मुकर्रर किया जाता है । मैं Opposition वालों से पूछना चाहता हूं कि क्या उन्हें उन services की भरती पर एतराज़ नहीं रहा है जो पब्लिक सर्विस कमिशन के मश्वरे के बगैर की गई हों ? फिर इस हालत में जो सैक्रेटरी म्युनिस्पिल कमेटी या डिसट्रिक्ट बोर्ड की तरफ से मुकर्रर किए जायेंगे वह क्या तमाम के तमाम खराबी पैदा करेंगे ?

मौलवी अब्दुल गनी डार : अपनी खराबियों पर भी ज़रा तवज्जुह दें ।

खान अब्दुल गफ्फार खां : आप ज़रा बरदाश्त से सुनें । मैं अपने करीबुल करीब दोस्त.....

Minister for Development: Beautiful.

खान अब्दुल गफ्फार खां : मौलाना साहिब की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि अम्बाला ज़िले में और दूसरे इज़लाह में भी मुझे अच्छी तरह से मालूम है कि जहां सरकारी मुलाज़म लोकलबाडीज़ में नहीं वह उस पार्टी की तरफ देखते हैं जो पार्टी बरसरेइकतदार हो। वह हर वक्त मेम्बरान को खुश करने में लगे रहते हैं। कई जगह वह खुद एक पार्टी के मेम्बर होते हैं और वहां पर वह लोग वह बातें करते हैं जो उन्हें नहीं करनी चाहिएं । इस लिए वह ज़रूरी है कि यह इख्तियारात पब्लिक सर्विस कमिशन को दिए जाएं । इस के बारे में श्री राम किशन ने भी फरमाया था । मैं तो चीफ मिनिस्टर साहिब से अपील करूंगा कि अगर उन के इख्तियारात में हो तो तमाम लोकल बाडीज़ की सर्विसों को provincialise कर दिया जाए ताकि लोकल बाडीज़ के मुलज़िम एक जगह से दूसरी जगह तबदील किए जा सकें। एक तहसील से दूसरी तहसील में तबदील किये जाने से आज कल जो Local Bodies के Semi-Government Officer अपने आप को Semi God समझते हैं वह नहीं रहेंगे । अब तो हालत यह है कि वह जो कुछ चाहते हैं कर गुज़रते हैं । इस लिए लोकल बाडीज़ की सर्विस को provincialise कर देना चाहिए । उन को provincialise कीजिए और जगह जगह तबदील कीजिए ताकि उन की monopoly हट जाए ।

[खान अब्दुल गफ्फार खां]

दूसरी बात यह है और मुझे फिर वही अलफ़ाज़ इस्तेमाल करने होंगे कि मेरे निहायत ही करीबी और निहायत ही दिली दोस्त हज़रत मौलाना अब्दुल ग़नी ने मान तो लिया लेकिन उन्हों ने कहा कि मैं indirectly मानता हूं। जब से वह आपोज़ीशन के बैंचों पर बैठते हैं उन्हें सीधी बात कहने से डर लगता है। जब वह इधर बैठते थे तो सीधी बातें किया करते थे लेकिन अब उन्होंने उल्टी पुल्टी बातें करनी शुरू कर दी हैं। उन्होंने तसलीम तो किया है कि पब्लिक सर्विस कमिशन के मेम्बर निहायत इमानदारी के साथ अपना काम करते हैं। जब हम ऐसे आदमियों के सुपुर्द services की recruitment करते हैं तो मुझे समझ नहीं आती कि फिर इस में क्यों रोड़ा अटकाने की कोशिश की जाती है। मैं आप की मारफत निहायत अदब के साथ चीफ मिनिस्टर साहिब की खिदमत में अर्ज़ करूंगा कि वह मेहरबानी कर के ज़रूर ऐसी आसामियां Public Service Commission की मारफत पुर करें। मैं तो यहां तक कहूंगा कि 150 रुपए माहवार की आसामियां तो क्या 50 रुपए माहवार और इस से ऊपर वाली आसामियां भी Public Service Commission की मारफत पुर की जानी चाहियें।

इस के अलावा में चीफ मिनिस्टर साहिब से कहूंगा कि वह मेरी एक और दरखास्त भी सुन लें।

मुख्य मंत्री : इरशाद।

खान अब्दुल गफ्फार खां : वह यह है कि लोकल बाडीज़ के अफसर जो पहले semi-gods बने बैठे थे अब डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के टूट जाने से पूरे God बन गए हैं। इन के हाथ में अगर इख्तियारात दिए जाते हैं तो यह मनमानी कार्रवाइयां करते हैं और किसी की परवाह नहीं करते। इन इलफाज़ के साथ मै इस बिल की निहायत पुरज़ोर ताईद करता हूं और मौलाना साहिब से भी दरखास्त करता हूं कि वह भी इस की ताईद करें।

श्री मनी राम (फतेहआबाद) : स्पीकर साहिब ! चीफ मिनिस्टर साहिब ने यह बिल पेश किया है और इस बिल की तारीफ इस बिना पर की गई है कि चूंकि services के अंदर मौजूदा तरीके से बहुत खराबी पैदा होती है इस लिये इस खराबी को दूर करने केलिए यह बिल लाया जा रहा है। असल में बीमारी तो चीफ मिनिस्टर साहिब ने बता दी है लेकिन अच्छा डाक्टर तो वह है जो यह देखे कि बीमारी का root cause क्या है। यह कहा गया कि हिन्दुस्तान के अन्दर पक्षपात चलेगा, स्टेट के अन्दर गांव के अन्दर, ज़िले के अन्दर पक्षपात होता है और लोग अपने इख्तियारात का नाजायज इस्तेमाल करते हैं और इस की बहुत सी मिसालें हैं। दरअसल यह बात नहीं है। इस वक्त हमारा देश आज़ाद है और इस देश का काम हमारे अपने आदमियों ने चलाना है। खाह वह अच्छी तरह से चलाएं या बुरी तरह से। अच्छे आदमी अच्छी राए दे देते हैं और अपना काम उस तरीके से करते हैं जो उन की राए के मुताबिक दुरुस्त होता है। अंग्रेज़ कहा करते थे कि हिन्दुस्तानियों को राज करना नहीं आता इस लिए वह इन्हें स्वराज्य नहीं देना चाहते। स्वराज्य के सही मायने यह हैं कि आम जनता के हाथ में ताकत हो और जन राज्य अर्थात् democracy यानी महात्मा गांधी के स्वप्नों की democracy इस बात का तकाज़ा करती है कि हकूमत की ताकत गांव

के लोगों के पास चली जाए। और वह तमाम काम ज़िम्मेदारी से चलाएं। अगर गांव के लोग अनपढ़ हैं तो हम भी तो उन अनपढ़ों के नुमाइंदे हैं।

अध्यक्ष महोदय : क्या आप public platform पर बोल रहे हैं? आपको चाहिए कि आप इस motion पर बोलें। (Are you speaking from a public platform ? You should speak to the motion).

श्री मनी राम : मैंने कोई public platform की बात नहीं कही और इसी motion पर बोल रहा हूं। आज लोगों को ज़्यादा से ज़्यादा ताकत देने की ज़रूरत है। यह ठीक है कि गांव वालें पक्षपात करतें हैं लेकिन इस का तरीका यह नहीं कि ऐसे इख्तियारात Public Service Commission को दिये जायें। मैं समझता हूं कि कोई भी जमायत खाह वह देवताओं की जमायत ही क्यों न हो अच्छा फैसला नहीं कर सकती। अगर Public Service Commission गांव की पंचायतों की services के लिये फैसले करने लग पड़े तो वह वहां fit नहीं बैठ सकती। मैं मानता हूं कि Public Service Commission के अन्दर सिफारिशें कम चलेंगी लेकिन मैं चाहता हूं कि हम उन लोगों से काम करवाएं जिन्हें लोगों ने चुन कर भेजा है। बेशक वह ठीक या खराब काम करे। अगर किसी धोती में जूएं पड़ जायें तो इस का यह मतलब नहीं कि उस धोती को फाड़ दिया जाए बल्कि ज़रूरत इस बात की है कि उस में से गंदगी को निकाल दिया जाए। अगर किसी municipality के चुनाव नहीं हुए और 12-13 साल से nominated members काम कर रहे हैं तो कुछ और बात है लेकिन District Boards की इलैक्शनें तो होती रहती हैं और वहां मेम्बर चुनाव के बाद आते रहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : जो बातें आप कह रहे हैं इन का इस बिल से क्या ताल्लुक है? (Are all these things which you are saying, relevant to this Bill ?)

श्री मनी राम : बड़ा भारी सम्बन्ध है।

अध्यक्ष महोदय : आप irrelevant बात कर रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट बोर्डों का इस बिल से क्या सम्बन्ध है ?

(The hon. Member is irrelevant. What have District Boards to do with this Bill ?)

श्री मनी राम : जिस तरह District Boards के खत्म हो जाने पर उन के मेम्बर वावेला मचाते हैं................

अध्यक्ष महोदय : इस बात का इस से क्या ताल्लुक है कि Local Bodies के 150 रुपए माहवार या उस से ज्यादा तनखाह वाले मुलाज़मों की भरती Public Service Commission द्वारा की जाए।

[Mr. Speaker]

[How is this relevant to the recruitment of employees of Local Bodies in the State with a salary of Rs 150 or more per mensem through the State Public Service Commission].

श्री मनी राम : इस का ताल्लुक यह है कि लोगों के इख्तियार छीन कर......

अध्यक्ष महोदय : हां ऐसी बात करें । (Yes, you can say like this).

श्री मनी राम : अगर Municipalities को खत्म करना ही मकसूद है तो सीधे तरीके से किया जाता ताकि पंजाब के लोगों को प्रत्यक्ष रूप से पता लग जाता कि यहां पर democracy कैसे चल रही है। मगर यहां तो उलटे हाथ से कान को पकड़ा जा रहा है और लोगों से ताकत छीनी जा रही है । जनता के इलाकाई नुमाइन्दों से ताकत छीनी जा रही है । गांधीजी कहा करते थे कि गांव का रहने वाला गलती कर सकता है, बेईमानी नहीं कर सकता । हो सकता है कि वह एक दफा गलती करे, दो दफा करे, या तीन दफा करे मगर आखिर हमें इन्हीं को सुधारना है । मैं Chief Minister साहब से अर्ज़ करूंगा कि यह बिल गैर-ज़रूरी है, Municipalities और पंचायतों के छोटे छोटे हकूक को छीनने की कोशिश न क , इन्हें ज़्यादा से ज़्यादा ताकत दी जानी चाहिए ।

श्री चन्दन लाल जौड़ा (अमृतसर शहर, उत्तर) : स्पीकर साहिब ! मुझे Municipalities के काम का काफी तजरुबा है । जो problems हर रोज़ हमारे सामने आती हैं, इन में सब से बड़ा मसला services का होता है । Services मेम्बरों के नाम से वाबस्ता की जाती हैं । काम में बड़ी रुकावट पड़ती है । मैं इस बिल का खैर मुकद्दम करता हूं क्योंकि मैं समझता हूं कि services की recruitment Public Service Commission के ज़रिए होने से Municipalities का काम आगे से बेहतर चल सकेगा । Opposition की तरफ से जो एतराज़ात किए गए हैं, मुझे उन में कोई वज़न दिखाई नहीं देता । मौलवी साहिब गुस्ताखी मुआफ करें तो मैं एक शेअर अर्ज़ करूं—

गर न बीनद बरोज़े शैदा चश्म
चश्मे आफताब रा चिह गुनाह ।

अगर चमगादड़ को दिखाई नहीं देता तो इस में सूरज का कोई कसूर नहीं । इन लफ्ज़ों के साथ, मैं इस बिल की हिमायत करता हूं ।

श्री दौलत राम (कैथल) : स्पीकर साहिब ! अर्ज़ यह है कि मौलवी साहिब ने बड़े तमतराक से कहा है कि यह बिल जमहूरियतकुश है न कि जमहूरियत नवाज़ । जमहूरियत नवाज़ी के सिलसिले में चन्द बातें खास तौर पर ऐहमियत रखती हैं । पहली बात जो देखनी होती है वह यह है कि किसी State या मुल्क की services कैसी हैं । बाकी सब चीज़ें मुलाज़मतों के मातहत आती हैं । आप के पास करोड़ों रुपए हों मगर उन्हें इस्तेमाल करने वाले सही इन्सान नहीं तो वे बेसूद हैं क्योंकि उन का खातिर खाह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता । यह बात भी सारे हाऊस ने मुसल्लमा तौर पर मानी है कि हमारे राज्य का Public Service Commission निहायत इमानदारी और काबलियत के साथ चल रहा है,

मुलाज़मों को सही तरीके से भरती किया जा रहा है और उन के हकूक की सही तरीके से हिफाज़त की जा रही है। कोई भाई चाहे कोई दलील ही क्यों न दे, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि municipalities, notified area committees और पंचायतों के मुलाज़िमों की recruitment का काम Public Service Commission के हवाले करने से सूबे की हालत सुधरेगी, सूबा तरक्की करेगा। मुझे municipalities का ज़ाती तौर पर काफी तजरबा है, मैं 6-7 साल से Municipal Commissioner हूं। हम रोज़ाना देखते हैं कि कैसे सूबे के कारकुन, मुन्तज़िमान, Ministers और दूसरे जिन का शहर से कोई ताल्लुक नहीं होता वहां की Municipality ने मुलाज़मीन की तकर्ररी और तरक्की के cases में दखल देते हैं हालांकि यहां पर किसी Minister को 50 रुपए से ऊपर की किसी आसामी को पुर करने की इजाज़त नहीं। यहां पर कौन सी बेइनसाफ़ियां हो रही हैं जो मेरे दोस्त वहां पर नियुक्तियां Public Service Commission द्वारा नहीं करवाना चाहते। मकामी हसद और झगड़ों की वजह से municipalities के इन्तज़ाम में जो खराबियां पैदा हो जाती हैं उन से बचने का यही तरीका है। हालात को सुधारने का सिवाए इसके और कोई तरीका नहीं कि Local Bodies के मुलाज़मीन की recruitment Public Service Commission ही करे।

मेरे ख्याल में यह बिल काफी हद तक जमहूरियत नवाज़ है। मैं एक suggestion देना चाहता हूं। वह यह है कि बजाए 150 रुपए के 100 रुपए से ऊपर तनखाह वाली posts की recruitment Public Service Commission द्वारा होनी चाहिए।

मुख्य मंत्री (श्री भीम सैन सच्चर) : स्पीकर साहिब ! बहस का जवाब देने की कोई ज़रूरत तो नहीं थी परन्तु अगर एक गलत बात को दोहराया जाए तो वह कई लोगों की नज़रों में ठीक भी मालूम होने लगती है। मेरे दोस्तों ने जो मुकाबिल में बैठे हैं कुछ बातें ऐसी कही हैं जो कि बुनियादी तौर पर गलत हैं। मेरे फाज़ल दोस्त श्री राम किशन ने बहुत खूब कहा कि यह बिल public opinion (राए आमा) का एहतराम करते हुए लाया गया है, यह नहीं कि गवर्नमेंट की अपनी तरफ से यह सिलसिला शुरू हुआ है। फ़रवरी, 1954 में Local Bodies Conference में और जून 1954 में All-India-Local Bodies and Panchayat Ministers' Conference में इस बात की मांग की गई थी और इसे स्वीकार किया गया था। गवर्नमेंट ने सिर्फ अवाम की मांग को पूरा किया है और कुछ नहीं किया।

Public Service Commission को Constitution के, जिसे लोगों के नुमायन्दों ने बनाया है, मुताबिक बनाया गया है। इस लिए कोई यह नहीं कह सकता कि यह institution undemocratic है। अगर Parliament फैसला करती है कि मुलाज़मतों में लिए जाने वाले Public Service Commission के रास्ते आएं तो इस में कौन सी undemocratic बात है?

[मुख्य मन्त्री]

अगर State Government जोकि लोगों की चुनी हुई है अपनी services की recruitment Public Service Commission के ज़रिये करती है तो वे गैर-जमहूरी नहीं हो जातीं; तो मुझे समझ नहीं आती कि अगर local bodies भी अपने मुलाज़मीन को इसी तरह से रखे तो वे गैरजमहूरी कैसे हो सकती हैं।

मगर मुझे कुछ गिला है तो यह कि मेरे फाज़िल दोस्त मौलवी अब्दुल ग़नी ने या तो इस बिल को पढ़ा नहीं है और अगर नहीं पढ़ा तो जो तकरीर उन्होंने की है वह सही नहीं हुई। अगर पढ़ा है तो मैं हैरान हूं कि उन का जमहूरियत का जो तखैयल है वह क्या है। इस लिए मुझे कुछ मज़ीद कहने की ज़रूरत नहीं है। जहां तक यह सवाल है कि यह बिल जमहूरियत के मुनाफी है मैं अर्ज़ करूंगा कि अगर पार्लियामेंट ग़ैरजमहूरी नहीं बावजूद इस के कि उस के बनाए हुए कानून के मुताबिक जो मुलाज़मतें हैं वे Public Service Commission की मार्फत पुर की जाती हैं और State Government की आसामियां Public Service Commission की मार्फत भरी जाती हैं। बावजूद इस के कि State Government चुनी हुई गवर्नमेंट है तो वह कहां तक ग़ैर जमहूरी बन जाता है? यह एक बात है जिस चीज़ पर मैं ज्यादा ज़ोर देना चाहता हूं कि यह जो services का मामला है और खास तौर पर recruitment का बड़ा नाज़ुक मामला है यह कोई आसान चीज़ नहीं है। मेरे फाज़िल दोस्त जानते हैं कि हमारी स्टेट में एक वबा है, मोहलिक बीमारी है जिसे बदकिस्मती से फिरकादारी का नाम दिया जाता है। यह फिरकादारी की spirit या वबा बहुत हद तक उन कार्रवाइयों की ज़िम्मेदार है जिन का ताल्लुक services से है। इस का यह मतलब नहीं है कि उन पर एतबार नहीं है या उन से इख्तियारात छीन लेने हैं। या कि गवर्नमेंट पर इतबार नहीं या हाऊस पर एतबार नहीं। बल्कि इस लिए कि हम चाहते हैं कि वे सब एक uniform तरीके से हों। एक और मांग अवाम की है और वह लोगों की आम मांग है कि न सिर्फ services की recruitment ही Public Service Commission की मार्फत की जाए, बल्कि उनकी एक जगह से दूसरी जगह तबदीली भी की जाए। यानी उन की (Local Bodies) की services को Provincialise किया जाए। मैं अर्ज़ करता हूं कि इस बात पर हम खास हमदर्दी से गौर करेंगे और हम देखेंगे कि इस बात पर और दूसरी चीज़ों पर जिन का ज़िक्र खान अब्दुल गफ्फार खान ने किया है कहां तक अमल हो सकता है और हम कहां तक इन को अमली जामा पहना सकते हैं। इस के अलावा मैं और कुछ कहने की ज़रूरत नहीं समझता। मुझे मालूम होता है कि शुरू से तो मेरे फाज़ल दोस्त ने कुछ अजीब ढंग से अपनी तकरीर को start किया था। फिर शायद उन्होंने यकदम यह ख्याल किया कि पहले भी वह गवर्नमेंट के काम की तारीफ कर चुके हैं और अगर अब उन्होंने गवर्नमेंट की तारीफ कर दी तो लोगों को कहीं गलतफहमी न हो जाए कि Opposition में होते हुए साफ २ बात कर रहे हैं। इस लिए वह अपना कांटा बदल गए। खैर, मैं और कुछ कहने की ज़रूरत नहीं समझता।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Public Service Commission (Additional Functions) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : I have not received notice of any amendment to this Bill. If there be no objection, I will put all the clauses together to the vote of the House.

(*Voices* : No objection).

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clauses (2) and (3) of Clause 1, Clause 2, Clause 3 and sub-clause (1) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Speaker : Question is—

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Chief Minister : Sir, I beg to move—

That the Punjab Public Service Commission (Additional Functions) Bill be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Public Service Commission (Additional Functions) Bill be passed.

मौलवी अब्दुल गनी डार (नूह) : जनाब स्पीकर साहिब, मुझे खुशी होती कि अगर चीफ मिनिस्टर साहिब इस मामले में अपोजीशन की तसल्ली करवा देते कि लोकल बाडीज़ के हकूक को मुस्त्रिद नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा है कि कुछ फिरका प्रस्त लोग हैं जो हमें इस तरफ ले जाते हैं कि हम पब्लिक सर्विस कमिशन के सामने जाएं । जो मुझे डर था वह खान अब्दुल गफ्फार खान ने पूरा कर दिया कि हम तो चाहते हैं कि पच्चास रुपए के ऊपर की जो मुलाज़मतें हैं वह भी पब्लिक सर्विस कमिशन के सपुर्द कर दी जाएं लेकिन हमारी सरकार सिर्फ 150 रुपए के ऊपर की मुलाज़मतें इस के सुपुर्द कर रही है । स्पीकर साहिब, डैमोक्रेसी पढ़ने के लिए आज काफी भाइयों ने सबक दिया है कि हम समझे ही नहीं । चीफ मिनिस्टर साहिब ने फरमाया है कि हम ने बिल को अच्छी तरह पढ़ा ही नहीं । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि हम ने बिल को पढ़ा और यह महसूस किया है कि यह वही बोली है जो कि अंग्रेज़ बोलते थे । अंग्रेज़ भी कहते थे कि श्री भीम सैन सच्चर किसी सूबा के चीफ मिनिस्टर बनने के काबिल नहीं हैं । वे कहते थे कि हिन्दुस्तानी इस काबिल नहीं हैं कि अपना राज खुद चला सकें । वे खुद तो कहते हैं कि हमें सर्विसिज़ की भलाई मकसूद है । इस लिए यह कदम उठाया जा रहा है । क्या चीफ मिनिस्टर साहिब ने कभी पूछा है कि सर्विसिज़ आज ज़्यादा महफूज़ हैं । उन्होंने कभी दरियाफ्त करने की कोशिश की है कि यह स्टैपस जो वे उठा रहे हैं इन से सर्विसिज़ ज़्यादा मुतमयन हैं या कि परेशान हैं । वे अपने आप को महफूज़ नहीं समझते । मैं अर्ज़ करता हूं कि एक शख्स है । इन्होंने उस को बाकायदा इनक्रीमैंट भी दी है, उसे इस काबिल समझा गया है कि वह हमारी सरकार के मामलात पाकिस्तान सरकार से तै करे । हमारी सरकार उस को इस काबिल भी समझती है कि उस पर बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी का काम सौंपा जाए । लेकिन उस को यकायक नोटिस भेजा जाता है कि क्यों न तुम्हें रिवर्ट कर दिया जाए । अगर ज़रूरत हुई तो मैं इस शख्स का नाम भी ले दूंगा । स्पीकर साहिब ! उन्होंने कहा है कि हम चाहते हैं कि सर्विसिज़ मुतमयन हो जाएं और सर्विसिज़ में अच्छे अच्छे लोग आएं । मैं कहता हूं कि उन्होंने 10 वर्ष के लिए डंडा अपने हाथ में रख लिया है जब चाहेंगे किसी का भी गला घूंट देंगे । उन्होंने फरमाया है कि पब्लिक सर्विस कमिशन के जरिऐ म्युनिसिपल कमेटियों में अच्छे लोग आऐंगे और काम को अच्छी तरह चला

[मौलवी अब्दुल गनी डार]

सकेंगे । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि मेरे पास बीसियों मिसालें ऐसी हैं जिनमें उन्होंने पब्लिक सर्विस कमिशन के चुने हुए आदमियों को बुरी तरह परेशान किया है । डैमोक्रेसी के लफ्ज़ पर कहना चाहता हूं कि यह सिर्फ यह बात कह कर कि वे इन्तखाब अच्छा नहीं कर सकते उन के अधिकारों को छीन रहे हैं । मुझे पब्लिक सर्विस कमिश्न से कोई बहस नहीं है । लेकिन यह डैमोक्रेसी के नाम पर कुलहाड़ा चलाने के मुत्रादिफ है । महात्मा गांधी ने कहा था कि मैं हरिजन की बेटी को प्रेज़ीडेंट की गद्दी पर बिठाऊंगा । उस का यह मतलब नहीं था कि हरिजन की बेटी इसी काबलीयत से काम चला सकेगी जिस से कि डाक्टर राजेन्द्रप्रसाद जी चला सकते हैं । लेकिन उन का मतलब यह था कि वे लोग जो सदियों से और हज़ारों वर्षों से ज़लील समझे जाते हैं वे यह समझें कि यह देश हमारा अपना है, इस को हमने खुद चलाना है. आगे ले जाना है। आप कहते हैं कि वह बेहतर इन्तज़ाम नहीं कर सकेंगे । आप कहते हैं कि वह लोग ठीक तौर पर फैसले नहीं कर पायेंगे । मैं मुख्य मन्त्री जी से कहना चाहता हूं कि अगर वाकई आप पूज्य महात्मा गांधी जी के शिष्य हैं तो इन लोगों के जो अधिकार बनते हैं वह उन को दो चाहे वह अधिकार जिस ढंग के साथ आप उन्हें दें, मेरा इस से कोई मतलब नहीं । मैं तो यह कहता हूं कि उन के हकूक पर छापा न मारो ताकि, स्पीकर साहिब,जो लोकल बाडीज़ के आदमी हैं उन के ताल्लुकात अपने सैक्रेटरीज़ और दूसरे मुलाज़मीन के साथ बने रहे, वह बिगड़ें नहीं । वह उन को जवाबदेह हों । इस बिल के जरिए तो वह जवाबदेही आप अपने पास रख रहे हो । मैं हैरान होता हूं, स्पीकर साहिब, यह देख कर कि जब से मेरे लाइक दोस्त ने इस गद्दी को सम्भाला है जब से वह इस जगह पर तशरीफ लाए हैं तब से उन्होंने तोड़ फोड़ की पालिसी अपनाई हुई है । कभी डिस्ट्रिक्ट बोर्डों को खत्म किया, कभी म्युनिसिपल कमेटियों को । मेरा अलफ, बे, जीम से मतलब नहीं । मैं तो यह कहता हूं कि मेरी बातों का कोई माकूल जवाब दे जिस से मेरी तसल्ली हो । स्पीकर साहिब ! आप के जरिये मैं चीफ मिनिस्टर साहिब से कहना चाहता हूं कि गलत बात हमेशा गलत होती है । हम सहे की तरफ नहीं जाते, हमे तो पहे की तरफ जाना है. । यह बिल्कुल गलत है । कल को यह कहेंगे कि सभी सूबजात में गवर्नरी राज होना चाहिए । क्यों ? इस लिए कि मिनिस्टरों से गवर्नरी राज बेहतर है । लेकिन नहीं । आज हम डैमोक्रेसी को अपनाए हुए हैं । इस में लोगों की अपनी सरकार होती है और इस में चीफ मिनिस्टर का कोई भेद या तमीज़ नहीं कि वह सच्चर साहिब हों, सरदार प्रताप सिंह कैरों या कोई और । हमें इस पर बहस नहीं करनी है । डैमोक्रेसी के मायने तो यह हैं कि नुमाइन्दा अदारे हों । लोगों के अपने नुमाइन्दे आएं चाहे वह मिनिस्टरी हों, लोकल बाडीज़ या कोई और इन्स्टीच्यूशन हो । लेकिन आज स्पीकर साहिब, यह मुझे डैमाक्रेसी के लफ्ज़ समझाते हैं और कहते हैं कि तुम्हें तो पता ही नहीं कि लोक राज किसे कहते हैं । स्पीकर साहिब, मैंने 38 सालों से पालिटिक्स में कदम रखा हुआ है । अब यह मुझे समझाते हैं कि भाई ! तुम्हारे दिमाग़ में नहीं आया यह बिल । इस के सुनहरी हरूफ तो पढ़ो ! स्पीकर साहिब, मैंने इसे पढ़ लिया ! मैं डैमोक्रेसी की स्पिरिट का कब विरोध करता हूं । मुझे तो गलत रास्ते पर ही बहस करना दरकार है । मैं समझता हूं कि यह डैमोक्रेसी का खात्मा करने वाली चीज़ है उस को आगे ले जाने वाली नहीं । इस लिए चाहे आप कितने ही शानदार बिल को सामने रखें, कितने ही शानदार इलफाज़ के साथ यह पब्लिक सर्विस कमिश्न को इन के हकूक दें लेकिन मैं यह कहता हूं

कि क्यों इन लोकल बाडीज़ के इख्तियारात को उन से छीना जाए ? स्पीकर साहिब, यह बिल उस डैमोक्रेसी जिस से आप मुतासर रहे हैं, चीफ मिनिस्ट साहिब खुद मुतासर रहे हैं, उस की स्पिरिट के खिलाफ जाता है और मैं उम्मीद करता हूं कि वह इस तरफ ज़रूर तवज्जुह देंगे। इस वक्त उन्हें चाहिए कि वह अपनी ताकत को भूल जाएं। यह भूल जाएं कि उन्हें हिटलर या स्टालिन की तरह बनना है। अगर वह वही भीम सैन सच्चर बनेंगे जोकि वह सयालकोट की जेल में थे तो उन्हें अपने आप अपने सही फरायज़ की याद आ जाएगी। यह वही लोकल बाडीज़ हैं जिन को आप आगे ले जाना चाहते हैं। जिन को आप दिन-ब-दिन और ज्यादा ताकत देना चाहते हैं और जिस का आप आए दिन एलान करते रहते हैं। इस लिए अगर असूल की ही बात करते हो तो आप सही जगह पर आ जाओ। इस लिए मैं उन से मोदबाना दरखास्त करूंगा कि वह इस चीज़ पर रुक जाएं। इसे पास करने पर ज़ोर न दें।

इस के अलावा जनाब आली! मेरे दोस्त खान अब्दुल गफ्फार खां ने भी कुछ इरशाद किया। वह इस वक्त यहां तशरीफ फरमा नहीं हैं। इस लिए मैं उन की गैरहाज़री में ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता हूं। वह तो मजबूर हैं। पार्टी के डिसिपलन के पाबन्द हैं। इस लिए उन्हें बात भी तो वैसी ही करनी चाहिए थी। लेकिन फिर भी अगर आप इस वक्त हाज़िर होते तो मैं उन को बताता कि डैमाक्रेसी के क्या मायने हैं। उन्हें बताता कि किस तरह से पैगम्बर साहिब ने अपनी बेटी को भी कहा था कि अगर तू चोरी करेगी तो जो सलूक आम बद् के साथ होगा वही तुम्हारे साथ होगा। इस लिए उन दोस्तों को जो हमारे साथ जेल में भी रहे और इस खेल में भी जो शानदार खेल यहां पर होते हैं, इस रवायत पर चलना चाहिए। डैमोक्रेसी का नाम वह नहीं जो आप लेते हैं। यह तो गुमराही है, चोरी है। तो आप अपनी गलतियों को देखिए। अपनी गुमराहियों को देखें। अपनी चोरियों को देखें। स्पीकर साहिब। अगर यह सभी बातें इस तरह से चलती और सभी पर पब्लिक सर्विस कमिशन का असूल लागू होता तो फिर हिन्दुस्तान के प्राइम मिनिस्टर श्री जवाहर लाल नेहरू को सभी सफीर और ऐम्बैसेडरज़ वगैरा भी इसी तरह से appoint करने चाहिएं थे। लेकिन ऐसा करना एक गलती थी। वह एक गलत चीज़ होती। अगर पब्लिक सर्विस कमिशन आप को कहे कि सैक्रेटरी फलां आदमी को लगाना है तो इस से आप का काम नहीं चलेगा। सैक्रेटरी ने तो अपने ऊपर वाले प्रधान के साथ काम करना है। जैसे आप के पी. एज़. हैं। चाहे आप किसी मुनशी को रखें या मुसद्दी को रखें। जिस तरह आप की गाड़ी चलती है चलाएं। लेकिन मैं यह कहता हूं कि डैमोक्रेसी के नाम पर या पब्लिक सर्विस कमिशन के नाम पर या इस सुनहरी बिल के नाम पर उन अधिकारों को जो कि लोकल बाडीज़ को हासिल हैं, छीनने की कोशिश न करें। वह न मानें तो उन की मरजी। लेकिन अगर आप ऐसा नहीं करते तो मैं समझता हूं कि आप खुद अपने पांव पर कुलहाड़ा चला रहे हैं।

श्री रला राम (मुकेरियां) : अध्यक्ष महोदय ! जो बिल अभी हमारे सामने पेश हुआ है उस पर काफ़ी चर्चा चलती रही है। उस के सम्बन्ध में यह कहना कि यह जो असली असूल है उस के बरखिलाफ़ जाने वाला है ; मैं समझता हूं कि यह सर्वथा अनुचित बात है। प्रत्येक प्रजातन्त्र, लोक राज वाले देश ने इस प्रथा को माना हुआ है कि services को एक ऐसे दायरे में रखा जाए जहां पर कि वह अपने आप को बहुत सुरक्षित यानी महफ़ूज़ महसूस करें। उन को ऐसे माहौल में रखा जाए ताकि वे बगैर किसी तरह की पार्टी बाज़ी में आए, बगैर

[श्री रला राम]

किसी प्रकार का डर महसूस किए जब मौका आए नेक नीयती और स्वतन्त्रता के साथ अपने अफ़सरों, या जिन के साथ वे काम करते हैं, के सामने अपनी राए दे सकें और निडरता और दयानतदारी के साथ अपने स्वतन्त्र विचारों को ज़ाहिर कर सकें। इस लिए, हमें यह तसलीम करना चाहिए कि यह एक अच्छी बात है। यह चीज़ चाहे गवर्नमैण्ट के लिए हो, चाहे लोकल बाडीज़ के लिए, मैं समझता हूं कि हमारे लोक राज को आगे ले जाने वाली है। इस से बेहतर तो और कोई बात नहीं हो सकती कि म्यूनिसिपल कमेटियों या डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के अन्दर जो खास दर्जे की नौकरियां हैं उन्हें उस फ़िज़ा से, जो बाज़ दफ़ा पार्टी बाज़ी या फ़िरकादाराना विचार-धारा के फलस्वरूप पैदा हो जाया करती हैं, ऊपर रखा जाए। इस लिए, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, इस मकसद को पूरा करने के लिए, मैं यह समझता हूं कि यह अत्यावश्यक है कि लोकल बाडीज़ की ज़द से कुछेक खास दर्जे की नौकरियों को निकाल कर Public Service Commission के सपुर्द कर दिया जाए। यह कहना कि यह कदम ज्यादा ताकत हासल करने के लिए चोर दरवाज़े से दाखिल होने की कोशिश है, मेरे ख्याल में यह सरासर बेइनसाफ़ी और ज्यादती है। यह चीज़ केवल हमारे ही देश में नहीं है। और भी जो लोकराज वाले देश हैं, प्रजातन्त्र हकूमत वाले देश हैं, उन में भी आप देखेंगे कि लोकल बाडीज़ के जो खास सर्विसिज़ के आदमी हैं, उनका चुनाव वहां की Public Service Commission के द्वारा होता है। इसलिए इस बिल को यदि गौर से पढ़ा जाए और इस के भाव को भलिभान्ति समझा जाए तो हम देखेंगे कि हमारे हां यह जो कमी रह गई हुई थी और जिसे हम महसूस कर रहे थे, इस बिल के द्वारा उसे दूर करने का ही प्रयत्न किया जा रहा है। इन परिस्थितियों में यह कहना कि यह बिल लोकल बाडीज़ के अधिकारों पर एक प्रकार का छापा मारता है, बिल्कुल अनुचित बात है।

जैसा कि अभी अभी कहा भी गया था, पिछले दिनों शिमला में सारे भारत के local bodies के प्रतिनिधि इकट्ठे हुए। उन्होंने स्वयं यह मांग की और उसे एक प्रस्ताव की शकल में पास भी किया कि म्यूनिसिपल कमेटियों और डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के काम को सुभीते के साथ और अच्छे ढंग के साथ चलाने के लिए यह आवश्यक है कि वहां की जो services ऊँची गिनी गई हैं, वे Public Service Commission के ज़रिये पुर की जाएं। इस लिए जब यह स्थिति है कि सारे देश के प्रतिनिधि एक कान्फ्रैंस में बैठ कर यह फैसला करते हैं कि सारे देश में इस सिद्धान्त को अपनाया जाए तो इस बात को ध्यान में रखते हुए यदि हम इसे क्रियान्वित करने के लिए यह बिल लाते हैं तो यह रट लगाते जाना कि चोर दरवाज़े के ज़रिए ज्यादा ताकत हासिल की जा रही है, बिल्कुल नामुनासिब है। इस से तो साफ ज़ाहिर है कि Local Bodies की जो अपनी मांग थी उसे पूरा करने का प्रयत्न किया गया है। इस के ज़रिए लोकल बाडीज़ के अन्दर जो भी बड़े २ कर्मचारी हैं वे पूरी निडरता और स्वतन्त्रता के साथ अपने विचारों को लोक भलाई के लिए सामने रख सकेंगे। इस के ज़रिए वह किसी भी व्यक्ति के दबाव के नीचे नहीं आ सकेंगे। इस के अलावा, जहां तक महकमाना कार्य-वाही का ताल्लुक है, वे अपने आप को ज्यादा महफ़ूज़ महसूस करेंगे और फ़िरकादाराना फ़िज़ा में ऐसे नहीं बह जाएंगे कि अपने फ़र्ज़ को भी भूल जाएं। तो मैं समझता हूं कि इस बिल के ज़रिए एक

बड़ा भारी काम करने की कोशिश की गई है, और यह एक ऐसा कदम है कि न केवल लोकल बाडीज़ की शान को दोबाला करेगा बल्कि उन की महिमा और गौरव को बढ़ाएगा और उन के काम को पूरे सुभीते के साथ चलाने के लिए पूरी तरह से मदद करेगा। इस लिए, मैं उम्मीद करता हूं कि इस का विरोध नहीं किया जाएगा। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री बनारसी दास गुप्ता (थानेसर): श्रीमान् स्पीकर साहिब! मैं इस बिल को support करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मुझे लोकल बाडीज़ का तजरुबा है और मैं महसूस करता हूं कि लोकल बाडीज़ में हमेशा ही दो पार्टियां रहती हैं और उन का आपस में झगड़ा रहता है और services भी उन दो धड़ों में बट जाती हैं और अच्छी तरह से काम भी नहीं करतीं। कई दफा तो वह मैम्बरान का कहना भी नहीं मानतीं। मैं यह समझता हूं कि गवर्नमेंट ने जो यह कदम उठाया है उस से यह कमी पूरी हो जाएगी और local bodies की services की efficiency भी इस से बढ़ जाएगी। फिर local bodies के जो मैम्बर होते हैं वे ज्यादातर खुद अनपढ़ होते हैं और वे मुलाज़म रखते वक्त उन की काबलियत भी judge नहीं कर सकते। वह कितने काबल होते हैं और नौकरियां भरते समय किस नज़रिये से देखते हैं मैं इस बारे में सभा को एक बात सुनाता हूं जो कि पहले सभा के कई सदस्यों ने सुन भी रखी होगी। एक दफ़ा एक कमेटी में कुछ sweepers रखे गए थे। तो वहां उस वक्त यह सवाल उठाया गया था कि उन sweepers में से कितने हिन्दू हैं और कितने मुसलमान हैं। हालांकि sweepers अलैहदा २ जातियों के नहीं होते। वहां नौकरियां भरने में आम तौर पर ऐसा किया जाता है और इस किसम के काम करने की कोशिश की जाती है। यह बिल जो है उन बातों को काफी हद तक कम करता है और इस से इस तरह की चीज़ें खत्म हो जाएंगी। मैं तो समझता हूं कि junior services को भरने के इख्तियारात भी यदि Public Service Commission को दे दिए जाएं तो और भी अच्छा होगा क्योंकि वह ही इस बात को जान सकती है कि कौन कौन आदमी काबल होते हैं और इस चीज़ की सारे सूबा में मांग है क्योंकि सारे सूबा के चुने हुए आदमियों ने इस का फैसला किया है। इस से कमेटियां ज्यादा efficiency के साथ काम करेंगी और जो कमेटियों के हालात हैं वह ज्यादा अच्छे हो जायेंगे। मुझे जाती तजरुबा है कि वहां पर कोई काम नहीं चलता। वहां जो services के आदमी होते हैं वे मैम्बरान की तरह पार्टीज़ में बट जाते हैं और काम नहीं करते। मैं यह कहता हूं कि इस कदम की बदौलत कमेटियों में कुछ न कुछ सुधार ज़रूर होगा और मैं यह अपनी गवर्नमेंट से दरख्वास्त करता हूं कि वहां जितनी भी services हैं वह सब इस बिल की ज़द में लाई जाएं। Democracy इस चीज़ में नहीं है कि services को fill करने के लिए आधे मैम्बर एक तरफ हो जाएं और आधे दूसरी तरफ। Services में तो और चीज़ें चाहिएं उन को भरने के लिए उन की integrity, उन की काबलियत और उन की लियाकत को देखना चाहिए। मैं तो देखता हूं कि कमेटियों में सिफारिशें चलती हैं और कोई आदमी किसी का सिफ़ारिशी होता है और

[श्री बनारसी दास गुप्ता]

कोई किसी का, हमारे पास कई आदमी आ कर कहते हैं कि फलां post खाली है आप अपने रसूख से हमें वहां रखवा दें और जब हम कहते हैं कि तुम उस नौकरी के काबल नहीं हो तो वह नाराज़ हो जाते हैं। इस बिल से यह कमी भी दूर हो जाएगी। यह शिकायत की गई है कि यह चीज़ democracy के खिलाफ है। मैं कहता हूं कि इस में कौनसी democracy पड़ गई है। मैं तो महसूस करता हूं कि Local Bodies की सारी की सारी services Public Service Commission की मारफ़त भरी जानी चाहिएं।

ਸ੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ (ਫਾਜ਼ਲਕਾ) ; ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਦਿਲ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਸੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਕਿ ਮੈਂ ਇਸ ਬਿਲ ਤੇ ਕੁਝ ਬੋਲਾਂ ਪਰ ਜਦੋਂ ਮੈਂ ਇਹ ਵੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਮੇਰੇ ਕੁਝ ਕਾਂਗਰਸੀ ਮੈਂਬਰ ਭਰਾਵਾਂ ਨੇ ਅਤੇ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਨੇ ਕੁਝ ਗਲਾਂ ਮੋੜ ਤੋੜ ਕੇ ਦਸੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਫਰ ਕੇ ਮੈਂ ਬੋਲਣਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਸਮਝਿਆ ਹੈ। ਇਕ ਗਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਹ ਕਹੀ ਹੈ ਕਿ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ services ਤੇ ਫਿਰਕੂਪੁਣੇ ਦਾ ਅਸਰ ਪੈ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਦੂਜਾ ਉਹ ਧੜੇ ਬਾਜ਼ੀ ਵਿਚ ਵੰਡੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ Public Service Commission ਭਰਤੀ ਕਰੇਗੀ। ਲੇਕਨ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਸੇ ਕੋਲੋਂ ਇਹ ਗਲ ਭੁਲੀ ਹੋਈ ਨਹੀਂ ਕਿ ਭਾਵੇਂ Public Service Commission ਵਿਚ ਕੋਈ ਧੜੇਬਾਜ਼ੀ ਨਹੀਂ ਤਦ ਵੀ ਉਸ ਦੇ ਚੁਣੇ ਹੋਏ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਸਾਰੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਧੜਿਆਂ ਵਿਚ ਵੰਡੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੇਰੀ ਗਲ ਤੇ ਯਕੀਨ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦਾ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣੇ ਦਫ਼ਤਰਾਂ ਵਿਚ ਨਜ਼ਰ ਪਾ ਕੇ ਵੇਖ ਲੈਣ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਫਲਾਂ ਇਸ ਧੜੇ ਦਾ ਹਿਮਾਇਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਫਲਾਂ ਦੂਜੇ ਧੜੇ ਦਾ ਹਿਮਾਇਤੀ ਹੈ।

अध्यक्ष महोदय : आप Local Bodies की services के बारे में कहें जिस के मुतअल्लिक यह बिल इस वक्त हाऊस के सामने है।

[Please speak about the se vices in the Local Bodies to which the Bill now before the House relates.]

ਸ੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਮੈਂ Municipal ਕਮੇਟੀਆਂ ਵਲ ਆ ਰਿਹ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਦਸ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਥੇ ਮਯੂਂਨਿਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਪਹਿਲੇ ਜੋ ਛੋਟੇ ਛੋਟੇ ਧੜਿਆਂ ਵਿਚ ਵੰਡੇ ਹੋਏ ਹੁੰਦੇ ਸਨ ਹੁਣ ਵਡੇ ਵਡੇ ਖੂੰਖਾਰ ਧੜਿਆਂ ਵਿਚ ਵੰਡੇ ਜਾਣਗੇ ਪਹਿਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇੰਨਾ ਅਸਰ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਹੁਣ ਉਹ ਵਡੇ ਵਡੇ ਮਗਰ ਮਛਾਂ ਦੇ ਧੜਿਆਂ ਵਿਚ ਕਾਬੂ ਆਜਾਣਗੇ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪ੍ਰਾਂਤ ਤੇ ਬੜਾ ਅਸਰ ਹੋਵੇਗਾ।

अध्यक्ष महोदय : आप बिल पर बहस करें जो हाऊस के सामने है [Please speak on the Bill which is now before the House]

ਸ੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਇਹ ਮਤਲਬ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਇਸ ਬਿਲ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਮਯੂਨਿਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੇ ਜਿਹੜੇ ਹਕੂਕ ਖੋਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਉਥੇ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਡੇ ਵਡੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਨੂੰ ਵਡੇ ਵਡੇ ਧੜਿਆਂ ਵਿਚ ਬਨਣ ਲਈ ਸਭ ਕੁਝ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Public Service Commission (Additional Functions) Bill, be passed

The motion was carried.

THE PUNJAB OCCUPANCY TENANTS (VESTING OF PROPRIETARY RIGHTS) (AMENDMENT) BILL, 1955

Minister for Development (Sardar Partap Singh Kairon) : Sir, I beg to introduce the Punjab Occupancy Tenants (Vesting of Proprietary Rights (Amendment) Bill, 1955.

"That in view of the fact that the Joint Select Committee on the Punjab Hindu Dharam Asthan Bill, 1952 has not been able to complete its final report by 2nd April, 1955, this Bill be recommitted to the same Joint Select Committee with instructions to submit its final report on or before September 30, 1955".

as passed by the Punjab Legislative Council on the 21st April, 1955, be agreed to.

स्पीकर साहिब, हाऊस यह जानना चाहेगा कि एक तारीख से दूसरी तक बढ़ते जाने की क्या वजह है। इस सिलसिले में मैं यह कहना चाहता हूँ कि यह मामला काफी पेचीदा है। मुख्तलिफ किस्म की संस्थाएं हैं और मुख्तलिफ views हैं। कोशिश यह है कि एक दूसरे को समझ कर agreed चीज़ लाई जाए। यह अच्छी बात है, हमें इत्तफाक कर लेना चाहिए।

Mr. Speaker : Motion moved—

That the motion—

"That in view of the fact that the Joint Select Committee on the Punjab Hindu Dharam Asthan Bill, 1952 has not been able to complete its final report by 2nd April, 1955, this Bill be recommitted to the same Joint Select Committee with instructions to submit its final report on or before September 30, 1955".

as passed by the Punjab Legislative Council on the 21st April, 1955, be agreed to.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ (ਟਾਂਡਾ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਜਿਹੜੀ ਵਜ੍ਹਾ ਦੱਸੀ ਗਈ ਹੈ, ਉਹ ਮਾਕੂਲ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ। ਅਵਲ ਤਾਂ meetings ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀਆਂ। ਫਿਰ vested inte ests ਵਾਲਿਆਂ ਦਾ ਦਬਾਓ ਇਤਨਾ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਚੀਜ਼ ਸਿਰੇ ਨਹੀਂ ਚੜ੍ਹਦੀ। ਹੋਰ ਵਕਤ ਦੇਣਾ state ਦਾ ਰੁਪਿਆ ਖ਼ਰਾਬ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਦਬਾਓ ਕਰਕੇ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਰੁਕਾਵਟ ਪੈ ਰਹੀ ਹੈ।

Mr. Speaker : Please don't attribute motives to the Committee. What you have said amounts to the contempt of the Committee.

Question is—

That the motion—

"That in view of the fact that the Joint Select Committee on the Punjab Hindu Dharam Asthan Bill, 1952 has not been able to complete its final report by 2nd April, 1955, this Bill be recommitted to the same Joint Select Committee with instructions to submit its final report on or before September, 30, 1955."

as passed by the Punjab Legislative Council on the 21st April, 1955, be agreed to.

The motion was carried.

AMENDMENT MADE BY THE PUNJAB LEGISLATI COUNCIL IN THE EAST PUNJAB HOLDINGS (CONSOL DATION AND PREVENTION OF FRAGMENTATION) (AMENDMENT AND VALIDATION) BILL, 1955.

Minister for Development (Sardar Partap Singh Kairon) **:** Sir, I beg to move—

> That the amendments made by the Punjab Legislative Council the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Amendment and Validation) Bill which was passed by the Vidhan Sabha on 30th March, 1955 be taken into consideration.

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਿਲ ਵਿਚ Upper House ਨੇ ਇਕ ਛੋਟੀ ਜਿਹੀ ਤਰਮੀਮ ਕੀਤੀ ਹੈ। Panchayat ਦੀ ਥਾਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਲਫ਼ਜ਼ ਰਖੇ ਹਨ—

"The Gram Panchayat if any constituted in such estate or estat s under the Punjab Gram Panchayat Act No. IV of 1953"

ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਾਨੂੰਨ ਦਾ ਮਨਸ਼ਾ ਜ਼ਿਆਦਾ clear ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਤਰਮੀਮ ਨੂੰ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕਰ ਲਿਆ ਜਾਵੇ।

Mr. Speaker : Motion moved—

> That the amendment made by the Punjab Legislative Council in the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Amendment and Validation) Bill which was passed by the Vidhan Sabha on the 30th March, 1955 be taken into consideration.

Mr. Speaker : Question is—

> That the amendment made by the Punjab Legislative Council in the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Amendment and Validation) Bill which was passed by the Vidhan Sabha on the 30th March, 1955 be taken into consideration.

The motion was carried.

Clause 2

Mr. Speaker : Now I will put the amendment made by the Legislative Council to the vote of the House. Question is—

> That in the proposed addition, for the words "the Panchayat" the following be substituted—
> "the Gram Panchayat, if any, constituted in such estate or estates under the Punjab Gram Panchayat Act No. IV of 1953."

The motion was carried.

Minister for Development (Sardar Partap Singh Kairon): Sir, I beg to move—

> That the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Amendment and Validation) Bill as amended

Mr. Speaker : Motion moved---

That the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Amendment and Validation) Bill, as amended by the Council, be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Amendment and Validation) Bill, as amended by the Council, be passed.

The motion was carried.

POINT OF ORDER REGARDING QUESTIONS OF PRIVILEGE RAISED BY THE DEVELOPMENT MINISTER AND SHRIMATI SHANNO DEVI.

मौलवी अब्दुल गनी डार : On a point of order, Sir. जनाब मेरी अर्ज़ यह है कि सरदार प्रताप सिंह और बहिन शन्नो देवी के privilege motion को Tribune के ज़रिये misrepresent किए जाने के बारे में आप ने फरमाया था कि कुछ हुक्म देंगे अब कृपा करके आप फरमादें कि इस मामले में क्या action लिया जाना है ?

अध्यक्ष महोदय : बड़ी देर से यह convention है कि इन मामलों में Press Gallery Committee को consult किया जाता है। नई Press Gallery Committee बन गई है लेकिन अभी तक उस के office bearers elect नहीं हुए। आज उस कमेटी की मीटिंग है मैं इस मामले पर उनके साथ गौर करके आप को बताऊंगा। (It is an old convention that while considering matters of this nature the Press Gallery Committee is consulted. Now the new Press Gallery Committee has been constituted but its office bearers have not so far been elected. This Committee is going to meet today and after discussing this matter with them I will let the hon. Member know my decision.)

RESUMPTION OF CONSIDERATION OF THE PUNJAB SECURITY OF LAND TENURES (AMENDMENT) BILL.

Mr. Speaker : Now the House will resume discussion on the motion that the Punjab Security of Land Tenures (Amendment) Bill be taken into consideration at once. Chaudhri Devi Lal, M.L.A. was on his legs when the Assembly adjourned on the 19th instant. I call upon him to resume his speech.

श्री देवी लाल (सिरसा): स्पीकर साहिब, परसों से Tenency Act पर बहस हो रही है। जहां तक मुज़ारे Act के असैम्बली में बार बार आने का ताल्लुक है इस से इनकार नहीं किया जा सकता कि जितनी बार भी amendment आती रही है मामला पेचिदा ही होता गया है। लेकिन उस के साथ ही यह भी मानना पड़ेगा कि पंजाब के इस मसले को हल करने के लिये हमारे Development Minister साहिब ने पूरी पूरी कोशिश की है। इस बात का यह सबूत है कि मुखालिफ मैम्बरान की तरफ से यह कहा जाता रहा है कि यह amendment 9, 10 दफा

[श्री देवी लाल]

assembly में आई है लेकिन यह मसला अभी तक हल नहीं हुआ। इस से यह साबित होता है कि हमारी पंजाब सरकार इस मसले को हल करने के लिये पूरी कोशिश कर रही है, और वास्तव में उस की नियत यह है कि किसी न किसी तरह से यह मसला हल हो जाये। लेकिन ज्यों ज्यों गवर्नमेंट इस को हल करने की कोशिश करती है मुखालिफ मैम्बरान उस की राह में रुकावटें पैदा करते हैं। Communist भाई अलग कोशिश करते हैं कि यह बिल मौजूदा शक्ल में न पास हो सके। जमींदार भाई और अकाली भाई अलग कोशिश करते हैं कि यह बिल इस शक्ल में न पास हो। हकीकत में जमींदार और अकाली पार्टी के मैम्बरों का मतलब यह है कि अगर यह measure इस शक्ल में पास हो गया तो वे Tenants को eject नहीं कर सकेंगे। Communist भाई चाहते हैं कि यह बिल पास न हो और मुज़ारें बेचैन रहें ताकि उन्हें उन को तखरीबी कार्रवाइयों के लिये भड़काने का मौका मिलता रहे। इस के बावजूद हमारी सरकार ने जो कोशिश की है वह किसी से छिपी हुई नहीं है। हमारी कांग्रेस पार्टी के कई साथियों की भी यह खाहिश और कोशिश है कि बिल मुलतवी होता रहे। मैं ने परसों भी इस बात की तरफ इशारा किया था कि मुझे डर है कि कहीं यह बिल दरमियान में ही न रह जाये। अब जब कि पार्टी की तरफ से फैसला हो कर यह बिल हमारे सामने आया है मैं कहना चाहता हूँ कि इस में केवल एक चीज़ पर इख्तलाफ हो सकता है लेकिन जहां तक मुज़ारों का ताल्लुक है उन का मसला पूरी तरह हल हो जाता है। जहां तक 30 standard acres वालों का ताल्लुक है हर कोई सहमत है और किसी को इनकार नहीं है। 30 standard acres से कम जो छोटे मालिकान हैं उन की बाबत इख्तलाफ हो सकता है। उस बात के बारे में भी अच्छी provision की गई है छोटे मालकान मुज़ारों को अपनी ज़मीन से बेदखल करवा सकते हैं लेकिन 5 standard acres तक मुज़ारों को ज़मीन देनी होगी। यह बिल्कुल ठीक बात है क्योंकि अगर किसी ग़रीब मुज़ारे को आज कल के ज़माने में बेदखल किया जाता है तो वह बिचारा और कोई profession नहीं इख्तियार कर सकता, ज़मीन सब के पास रह नहीं जाती और सरकार उस को कोई काम नहीं दे सकती। इन हालात में यह ज़रूरी हो जाता है कि उस के लिये कुछ न कुछ ज़मीन का बन्दोबस्त ज़रूर हो। इस लिये हमारी सरकार ने बहुत सोच समझ कर इस बिल को पेश किया है। मुझे तो ऐसा मालूम होता है कि अब भी बाज़ मैम्बरान की खाहिश है कि इस को फौरन पास न किया जाए बल्कि Select Committee के सुपुर्द किया जाए ताकि किसी न किसी तरह यह postpone हो जाए और बड़े बड़े ज़मीदारों को मौका मिलता रहे कि वे किसानों की खून पसीने की गाढ़ी कमाई को हड़प करते रहें। अब चूंकि सरकार इस को पास करने का निश्चय कर चुकी है मैं समझता हूँ कि इस को पास करने का इस से बेहतर मौका और नहीं हासिल होगा। आज हर साल हज़ारों की तादाद में मुज़ारों को नोटिस दिए जाते हैं और इस से झगड़े चलते हैं। इस लिए इस बिल का फौरी पास होना ज़रूरी है। स्पीकर साहिब, अकाली पार्टी की तरफ से यह भी एतराज़ किया गया है कि गवर्नमेंट Special Powers ले रही है जिस से कि छोटे मालिकान से surplus area ले कर मुज़ारों को बठाया जा सके। वे कहते हैं कि चूंकि गवर्नमेंट Gurdwara Elections में हार गई है इस लिए मुज़ारों के vote हासिल करने के लिए उन को नीचे रखा जा रहा है। हम तो यह समझते हैं कि अगर सरकार ने किसानों को बचाना है तो यह ज़रूरी हो जाता है कि मुज़ारों को ज़मीन दिलाने के इख्तियारात हासिल करे। तो मेरी अर्ज़ है कि जैसे कहा गया है कि "प्रताप

शाही'' और ''हिटलर शाही'' चलाई जा रही है, हिटलर ने ''हिटलर शाही'' भी तो अपने देश के मुफाद के लिए ही चलाई थी। और यह तो ''प्रताप शाही'' नहीं है। बल्कि मैं तो यह कहता हूँ कि इस ''प्रताप शाही'' को मुज़ारों के हकूक के लिए और भी ज़्यादा ज़ोर से चलाया जाए ताकि मुज़ारों को ज़मीनों से न निकाला जा सके। इस ''प्रताप शाही'' के साथ साथ जागीरदारों की तानाशाही को भी खत्म किया जाएगा। पंजाब में इस समय इस ''प्रताप शाही'' के बिना मुज़ारों का और है ही कौन ? मैं तो सरदार प्रताप सिंह कैरों की जुरअत की दाद देता हूं कि उन्हों ने इस मुखालिफत के बावजूद यह कदम उठाया है और खास कर कि जब हमारे कुछ अपने साथी भी खिलाफ थे और Opposition ने तो अपना यह फर्ज़ ही समझ रखा है कि Opposition की नियत से Opposition की जाए। जब किसी मामला को सरकार सुलझाने की कोशिश करे और Opposition की तरफ से मुखालिफत की जाए तो मतलब साफ है कि Opposition की नियत यह है कि मसला हल न होने पाए।

स्पीकर साहिब, Special Powers के साथ साथ उन्होंने यह भी कहा है कि पंजाब के अन्दर और कोई झगड़ा तो है नहीं यह एक political stunt खड़ा किया गया है। मैं पूछता हूँ कि जब झगड़ा ही कोई नहीं तो फिर वावेला किस बात का है ? मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि सिर्फ 1947 के बाद हो बल्कि 1940 में भी पंजाब के अन्दर सत्याग्रह हुआ था कि किसानों की बेदखली को रोका जाए। 1945 में भी खिज़र की वज़ारत के वक्त सत्याग्रह हुआ और इसी सिलसिले में सैंकड़ों आदमी गिरफ्तार किए गए। उस के बाद 1948 में भी सत्याग्रह हुआ और फिर 1952 में भी हुआ और नतीजे के तौर पर सैंकड़ों किसान गिरफ्तार हुए। यह इस बात का सबूत है कि पंजाब में political motives को सामने रख कर यह बिल नहीं लाया गया बल्कि सही मानों में यह मसला बहुत अहम है और इस का हल किया जाना अशद ज़रूरी है। मेरे Jullundur Division के साथी इस बात को महसूस नहीं करते।

मैं मानता हूँ कि जालन्धर, लुधियाना, अमृतसर और रोहतक वगैरा ज़िलों में ज़मीन की कमी है, काश्तकार ज़्यादा हैं और वहां छोटे छोटे मालिक हैं वहां यह समस्या बहुत पेचीदा है। लेकिन, स्पीकर साहिब, मेरे दोस्तों को यह भी सोचना चाहिए कि ज़िला फिरोज़पुर, हिसार, होशियारपुर और करनाल के कुछ ऐसे भी इलाके हैं जहां पर एक एक लाख बीघा ज़मीन के मालिक भी बैठे हुए हैं। वहां पर बीस बीस गांवों का एक एक मालिक बैठा हुआ है। उन लोगों ने कई लाख किसानों को उजाड़ा है। उस का सबूत इस बात से ज़ाहिर होता है कि अगर आप देखें तो आप को मालूम होगा कि पिछले दो तीन सालों से अकेली तहसील फाज़िलका में हज़ारों ट्रैकटर चल रहे हैं आप अन्दाज़ा तो कीजिए कि जहां एक तहसील के अन्दर हज़ार ट्रैकटर चल रहे हों वहां कम से कम 15 या 20 हज़ार के करीब ऐसे किसान और मुज़ारों को तो ज़रूर उन की ज़मीनों से उजाड़ कर बेरोज़गार कर दिया गया होगा। उन बेचारों को दोबारा बसाने के लिये कई दफा इस ऐक्ट में amendments की गई लेकिन जिस जागीरदार तबके का सरकारी अदारों पर असरोरसूख है उस कानून को अपने मतलब के लिए, अपने interests में इस्तेमाल करा कर मुज़ारों को उजाड़ने के लिये काफी हद तक बरता है। यही वजह है कि उन की ज़्यादतियों को रोकने के लिये यह कानून लाना पड़ा है क्योंकि पहले उन के restoration की जितनी भी अधिक कोशिश की गई वह मसला उतना ही ज़्यादा

[श्री देवी लाल]

पेचीदा होता चला गया। इस मसले का कोई तसल्ली बख्श हल सोचने के लिए बड़ी जद्दोजहद की गई। सिर्फ कम्यूनिस्ट पार्टी ही नहीं सोशलिस्ट पार्टी की तरफ़ से भी इसके खिलाफ कोशिशें की गई। मालिकों और मुज़ारों की कितनी देर तक लड़ाईयां चलती रही और चल भी रही हैं। इन हालात को देख कर यह कहना कि यह मसला खत्म हो चुका है, मालकों और मुज़ारों के बड़े अच्छे ताल्लुकात हैं, मैं समझता हूँ कि वाजिब बात नहीं। यह बिल्कुल गलत बात है कि अभी तक मालिकों और मुज़ारों के ताल्लुकात तसल्ली बख्श हैं। मेरे दोस्त सरदार अजमेर सिंह जी ने कहा है कि अगर इस कानून को पास न किया जाए तो बिल्कुल अमन हो सकता है और कोई भी मालिक अपने मुज़ारों को ज़मीन से नहीं निकालेगा। मैं हैरान हूँ अगर मालिकों की तरफ से मुज़ारों को निकालने की कोशिश न की गई होती तो इस कानून को लाने की ज़रूरत ही क्या थी। यह ठीक है कि मुज़ारों में शक्ति और ताकत नहीं। शायद इसी लिये जागीरदारों की तरफ से उन्हें बेदखली के जो नोटिस मिले उन की तादाद बढ़ती गई। यहां तक बढ़ गई कि एक ही साल में 60,000 नोटिस ऐसे मिले जिस के लिए सरकार को भी मामले पर संजीदगी के साथ गौर करना ज़रूरी हो गया। मैं तो बल्कि जागीरदारों को मुबारकबाद देता हूँ जिन्होंने पंजाब में अमन से बैठे हुए मुज़ारों को नोटिस दे कर ज़बरदस्ती उन्हें निकाला और सरकार को जगाया कि वह इस तरफ तवज्जोह दे और इस मसले को हमेशा के लिए हल करे। यही वजह है आज सरकार बेदखल हुए मुज़ारों को दोबारा ज़मीन पर बहाल करने के लिये इस कानून में इस किस्म का provision ला रही है कि local residents के लिये 30 स्टैंडर्ड एकड़ से ज़्यादा (और शरणार्थियों के पास 50 standard acres से ज़्यादा) यानी self cultivation की limit से ज़्यादा जितनी भी ज़मीन होगी उसे "surplus area" declare कर के वहां पर landless tenants को बिठाया जायेगा। इसी लिये गवर्नमेंट को special powers भी लेनी पड़ी है। मुखालिफों की तरफ से यह वावेला किया जाता है कि असैम्बली से इस तरह special power ले कर मिनिस्टर साहिबान जागीरदारों की जागीरों को अपनी जागीर बनाना चाहते हैं। मैं उन के इस ख्याल से बिल्कुल सहमत नहीं हूँ। मैं तो बल्कि यह समझता हूं कि powers भी थोड़ी हैं। अगर असैम्बली से इस से भी ज़्यादा किसानों को बसाने के लिये, ताकत ली जाए तो हम बखुशी इस ताकत को देने के लिये तैयार हैं क्योंकि हमारा यकीन है कि Development Minister साहिब इस ताकत को ले कर मुज़ारों के मसले को हल करने के लिए ही इस्तेमाल करेंगे। और उन्हें फिर ज़मीनों पर बसाने की कोशिश करेंगे। कुछ एक साथियों ने इस किस्म का एतराज़ भी उठाया है कि यह मसला जो है इसे अजीब ढंग से हल किया गया है और यह कानून इस शक्ल में पेश किया जा रहा है कि न तो इस से मुज़ारों को फायदा है न छोटे मालिकों को और न ही बड़े जागीरदारों को इस से कोई फायदा हुआ है। मैं हैरान हूँ कि जब कोई किसी को फायदा ही नहीं होता था तो सरकार को यह बिल पेश करने का वहम कैसे हो गया। मैं समझता हूँ कि उन लोगों का ऐसा कहना भी एक चाल है। सीधी सी बात है कि जब ज़मींदारों या जागीरदारों के नुमाइन्दे किसी कानून को नाकस बताते हों तो साबत होता है कि इस में ज़रूर कोई भेद की बात है। एक आम और साधारण मुज़ारा भी समझ सकता है कि चौधरी श्री चन्द, सरदार अजमेर सिंह का दूसरा साथी जब इस कानून को नाकस बताते हैं तो वाकई इस

में मुजारों के लिये कोई न कोई बेहतरी होगी । यह ठीक है कि अब भी इस कानून में कुछ कमियां हैं । यह कमियां तो चलती आई हैं और चलती रहेंगी । यह ठीक है कि सरकार का फर्ज़ है कि उन कमियों को जहां तक हो सके, दूर करने की कोशिश करे । बहर हाल, मैं इस कानून के सम्बन्ध में यह बता रहा था कि फरीके मुखालिफ ने काफी कुछ कहा और कहते कहते यहां तक कहा कि इस तरह से यहां भाव गिरते जा रहे हैं—जिनसों की कीमतें गिरती जा रही हैं—सन् 1954 के मुकाबले में ज़मीनों की कीमतें गिर रही हैं और जिस हिसाब से taxes का बोझ बढ़ता जा रहा है, उस को सामने रखते हुए लोग छः महीनों के अन्दर ज़मीन छोड़ कर भाग जाएंगे । उन के कहने के मुताबिक अगर वाकई वे लोग ज़मीनें छोड़ कर भागना ही चाहते हैं तो बेहतर हैं कि वे अपनी ज़मीन को दान कर दें । स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि आज कानून ही नहीं बल्कि हिन्दुस्तान में अपनी खुशी से भूमिदान देने की भी एक तहरीक चल रही है । आज आचार्य विनोबा भावे जी यह कोशिश कर रहे हैं कि लोगों के दिलों में ही एक तबदीली आ जाए । यह तो एक मानी हुई बात है कि जागीरदारी अब कुछ भी देर के लिये हिन्दुस्तान में नहीं रह सकती । इसलिए जमींदार और जागीरदारों के लिये बेहतर यह होगा कि वे अपनी खुशी से ज़मीन दान दे कर इस से अपना पीछा छुड़ावें । इस तरह, मैं समझता हूँ कि, सरदार प्रताप सिंह साहिब को भी सरदर्दी नहीं करनी पड़ेगा । और सामने बैठे साथियों को भी बिल पर बार बार नुक्ताचीनी करने की तकलीफ नहीं करनी पड़ेगी ।

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਕਾਰਖਾਨਿਆਂ ਵਗੈਰਾ ਵਲ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ?

श्री देवी लाल : हां, स्पीकर साहिब, आप की मार्फत मैं अपने साथियों का ध्यान इस बात की ओर भी दिलाना चाहता हूँ जो कुछ अभी अभी सरदार वज़ीर सिंह जी ने फरमाया! यह सिर्फ उन्हीं का विचार नहीं । बल्कि जिस से भी बात चीत होती है वह इस मामला में यही कहता है । मैं कल रोहतक था । वहां मैंने देखा मेरे मोहतरिम दोस्त श्री देवराज सेठी को पांच सात landlord घेरे हुए थे । वे लोग absentee landlord थे । उन्होंने उन्हें बड़े ज़ोर लगा कर कहा कि क्यों इन ज़मीन वालों के ही पीछे पड़े हुए हो । यह जो बड़े बड़े कारखाने, कोठियां और महल हैं, इन को क्यों नहीं लिया जाता ? मैं समझता हूँ कि यह argument देने का तो अब एक आम रिवाज सा हो गया है । इस मामले पर बड़ी अजीब चीज़ें देखने में आती हैं। परसों जब बहस हो रही थी तो सब टोपियां और साफे एक जगह दिखाई देते थे । यह हिन्दुओं, सिखों, मुसलमानों, शहरियों या देहातियों का सवाल नहीं रहा । क्या शहर और क्या दिहात जहां कहीं जिस के पास ज़मीन है वह सब इस मामला में एक हैं । जब सरदार हरकिशन सिंह सुरजीत ने परसों इस तरफ इशारा किया था तो मैं बार बार लाबीज़ की तरफ नज़र दौड़ा कर देखता था। बाहर भी जाते हैं तो यही देखने में आता है कि चारों तरफ landlords ही landlord खड़े हैं । उन में हिन्दू सिख देहाती और शहरी सभी landlord थे । इस मामला में सभी मुत्तफ़िक़ हैं और सब का कहना यही है कि कारखानों और मिलों को तो गवर्नमेंट ले नहीं सकती बस ज़मीन पर ही अपना कुलहाड़ा चलाए जा रही है । मैं तो यह कहता हूं कि बड़ा बड़ा मुनाफ़ा कमाने की भावना सिर्फ कारखानों में ही नहीं हर तरफ़ फैली हुई है । मैं एक छोटी सी मिसाल पेश करता हूँ । नहर के महकमे में ठेकेदारों की मार्फत जितना भी काम होता है उस में जितनी corruption होती है, वह किसी से छिपी नहीं । हम लोगों ने यह कोशिश की कि ठेकेदारों की बजाय Co-operative Societies के ज़रीए काम दिया जाए ताकि सही मज़दूरी मज़दूरों के पास जाए

[श्री देवी लाल]

इस का मतलब यह था कि 50 या 100 ज़रूरतमंद लोग मिल कर यह काम कर सकें। लेकिन वहां पर भी मेरे लायक दोस्त की तरह पांच या दस दस आदमियों ने मिल कर सारी आमदनी को हज़म करने की कोशिश की। मेरे कहने का मतलब यह है कि चाहे कारखाने हों और चाहे कोई और काम आखिर प्राईवेट हाथों ने ही इस काम को करना है। यहीं character की बात आ जाती है। इस चीज़ को सरअन्जाम देने के लिये high character की ज़रूरत है। लेकिन मुझे अफ़सोस आता है यह कहते हुए कि हम हिन्दुस्तानियों का character ऐसा है कि कोई भी काम हो, हम पहले उसमें यह देखते हैं कि इस बात में मुनाफ़ा कितना बैठता है। खैर, मैं यह कह रहा था कि लोगों की यह मांग है कारखानों और मिलों वगैरा को क्यों न nationalise किया जाये? मैं कहता हूं कि आहिस्ता २ सरकार कोशिश तो करना चाहती है लेकिन जब ऐसा कोइ कदम उठाया जाता है तो फिर उस की मुखालिफ़त शुरू हो जाती है। आप transport के सवाल को ही लीजिए। यह बात किसी से छिपी हुइ नहीं कि जब transport को nationalise करने का कदम उठाया गया तो इस की कितनी मुखालिफ़त हुई। मुझे तो यह देख कर हैरानगी हुई कि खुद कम्यूनस्ट भाइयों ने भी डट कर इस बात की मुखालिफ़त की और कहा कि transport की nationalisation नहीं होनी चाहिए क्योंकि transport के operators बड़ी मुश्किल से अपने पैरों पर खड़े हुए हैं। फिर भी हमें पता है कि कांग्रेस का यह प्रोग्राम है कि आहिस्ता २ इन सब चीज़ों-कारखानों, मिलों वगैरा-को nationalise किया जाए। लेकिन उसके लिये कुछ वक्त लगेगा और वक्त आने पर बड़ी २ मिलों और उन बड़ी बड़ी कीमतों वाले मकान और इमारतों की तरफ़ भी ध्यान दिया जाएगा। [*interruptions*]।

मैं यह ज़िक्र कर रहा था कि मिलों और कारखानों के बारे जो एतराज़ उठाया जाता है वह इस मकसद के लिए किया जाता है कि हर आदमी अपने पक्ष के हालात के मुताबिक देहातियों की हमदर्दी हासल करना चाहता है और ऐसा करने के लिए इस बात का प्रचार जाटों में किया जाता है। मैं ने कल रोहतक में देखा वहां श्री देव राज सेठी के पास बहुत से ज़मीदार इकट्ठे हो रहे थे और वहां एक अजीब तरह का माहौल बना हुआ था वैसा ही माहोल चौधरी बदलू राम के पास भी बना हुआ था। वहां उन लोगों की तरफ़ से इस बात पर ज़ोर दिया जा रहा था कि 50 standard एकड़ से कम limit permissible area की न मुकर्रर की जाए। मैं ने सेठी जी से कहा था कि इस मामले में असूल पर चलना चाहिए। कई दोस्तों ने अपने मतलब के लिए यहां पर जाटों और गैर जाटों का सवाल भी उठाया है। मैं उन से अर्ज़ करता हूँ कि ज़्यादा तर जाट अम्बाला division में हैं। रोहतक ज़िला में अगर जाट मुज़ारे हैं तो वहां पर जाट ज़मीनों के मालिक भी हैं वहां छोटी छोटी ज़मीनों के मालिक हैं। आप अगर वहां जाएं तो आप देखेंगे कि कई कई गात्रों के बाहद मालिक जाट ही हैं। मैं अर्ज़ करता हूँ कि इस बिल से उन सब को फायदा पहुँचेगा। इस से अगर कुछ नुक्सान हो सकता है तो वह उन राए साहिबों और सरदार साहिबों को हो सकता है जो शहरों में रहते हैं और उन जाटों की कमाई खा रहे हैं। जाटों को इस बिल से कोई नुकसान नहीं होगा इस लिए मैं मैम्बरान से गुज़ारिश करता हूं कि उन्हें जाटों और नान-जाटों का सवाल नहीं उठाना चाहिए। सही तरीके से अगर सोचा जाए तो यह पता लगता है कि जिस मुल्क में खेती करने वालों की तसल्ली न हो वह मुल्क तरक्की नहीं कर सकता। फिर tractors का ज़िक्र किया गया

है और कहा गया है कि अब जमींदारों के पास tractors चलाने के लिए पूरी ज़मीन नहीं रहेगी इस लिए वह अपने बच्चों को तालीम नहीं दिला सकेंगे । मैं इन से कहता हूँ कि अगर आप इस बात का सबूत लेना चाहते हैं तो आप गौर से देखें कि जाटों में कितने लोग तालीम याफ़्ता हैं ? आप को तहसील सिरसा में कोई आदमी इतना पढ़ा हुआ नहीं मिलेगा जो England returned हो । हालांकि वहां जाटों में तालीम सब जगह से ज़्यादा है फिर भी वहां कोई graduate नहीं हैं। पढ़ाई तो रिवाज से होती है इस बात से नहीं कि किसी के पास कितने पैसे हैं। वहां उन के पास कौन सी हज़ार हज़ार एकड़ ज़मीन है। हरियाना में रोहतक ज़िला सब से ज़्यादा educationally advanced है हालांकि वहां जाटों के पास कोई ऐसी बड़ी ज़मीनें नहीं हैं। उधर होश्यारपुर सब से ज़्यादा educationally advanced है वहां के लोगों के पास कोई बड़ी बड़ी holdings नहीं हैं। मैं अर्ज़ कर रहा हूँ कि इस तरह का जो propaganda वह कर रहे हैं वह अपने अपने interests को बचाने के लिए कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि उन्हें खुली छुट्टी मिल जाए ताकि वे उन की मुफ्त में कमाई खा सकें। मैं यह मानता हूँ कि mechanical farming का जो ढंग होता है वह एक अच्छा ढंग है अगर उस ढंग से intensive cultivation की जाए तो 30 standard एकड़ ज़मीन से ज़्यादा ज़मीन में एक tractor से खेती नहीं की जा सकती। फिर अगर यह बात मान भी ली जाए कि एक tractor के लिये ज़्यादा ज़मीन चाहिये तो मैं अर्ज़ करता हूं कि पंजाब तो एक peasant proprietors का सूबा है । यहां एक एक tractor के लिये सौ सौ standard एकड़ ज़मीन कैसे निकाली जा सकती है। तहसील फाज़िलका में आप देखें जब वहां ऊंटों और बलों से खेती की जाती थी और तब जितनी पैदावार होती थी उतनी ही अब tractors की मदद से की जा रही है । कोई खास फर्क नहीं है। Good farming का तो बहाना ही है। जो ज़मीन farms के लिए छोड़ी गई हैं उस का वे नाजायज़ फायदा उठाएंगे। फिर यह एक अजीब सी बात कही गई है कि इस बिल के पास हो जाने से "जटां दे मुण्डे नहीं पढ़ सकनगे ते शहरी उन्हां ते हकूमत करन गे" यह एक बिल्कुल गलत बात है। मैं उन से पूछता हूँ कि जिन मुज़ारों को ज़मीनें land owners ने अपने tractors चलाने के लिये ले ली हैं तो क्या उन के बच्चों को तालीम की जरूरत नहीं है। वह क्या ज़मीदारों के लड़के नहीं हैं। मैं यह कहते हुए अपनी सरकार की दाद देता हूँ कि इस ने इतनी मुखालिफ़त के बावजूद बड़ी सोच समझ के बाद यह बिल हाऊस के सामने रखा है। मुझे खदशा है कि इस के पास हो जाने से पहले पहले इस में कोई तब्दलियां न आ जाएं । मैं यह बात साफ़ कह देता हूँ कि Opposition की तरफ़ से इस की जितनी ज़्यादा मुखालिफ़त हो रही है वह महज़ अटकाव पैदा करने के लिए की जा रही है ताकि यह बिल पास न हो। इस बिल में जो जो खूबियां हैं वे हाऊस के सामने हमारे विकास मन्त्री सरदार प्रताप सिंह जी ने रखी ही हैं। इस में सब से बड़ी खूबी जो है वह यह है कि इस से पहले 30 standard एकड़ से नीचे के जो मालिक थे वे अपनी मर्ज़ी के मुताबिक अपने मुज़ारों को निकाल सकते थे अब वे उन्हें पांच standard एकड़ ज़मीन में से तब तक नहीं निकाल सकेंगे जब तक उन्हें कहीं और ज़मीन नहीं मिल जाती। पहले हज़ारों की तादाद में मुज़ारों को बेदखल करने के लिये notices दिए गये और उस की वजह यह थी कि अगर मालिक ज़मीन करनाल या दिल्ली में रहता है और उन की ज़मीन रोहतक में होती थी तो वह उन को ज़मीन खाली करने के लिए notice दे देते थे। आज भी हज़ारों की

[श्री देवी लाल]
तादाद में अदालतों में ऐसे cases pending पड़े हैं । अब इस बिल का effect यह होगा कि यह उन को बेदखल नहीं करवा सकेंगे । जहां इस बिल में खूबियां हैं वहां इस में खामियां भी हैं और उन खामियों को दूर करना सरकार का फर्ज़ है । इन्हीं खामियों के कारण हज़ारों की तादाद में मुज़ारे बेदखल किए गए थे । जो मुज़ारा मालिक के सामने खड़ा होने की जुर्रत भी नहीं रखता था वह कैसे उस से produce की रसीद मांग सकता है । इस तरह से हज़ारों मुज़ारे बेदखल हो गये थे । ज़िला फिरोज़पुर में और मेरे इलाके तहसील सिरसा में हज़ारों दरखास्तें इस मतलब के लिये दी गई थीं ।

अब जो बिल आ रहा है उस में सब से ज़्यादा खामी जो है वह यह है कि 1. 4. 1953 से पहले जो ज़मीनें बेच गई थीं या transfer हो गई थीं और उन से जो मुज़ारे बेदखल हो गए थे उन को इस से कोई फायदा नहीं पहुंचता । 1947 में किसानों को आज़ादी मिलने के बाद यह अहसास हुआ कि ज़मीन हमारी होगी और सारे किसानों की होगी । उस ख्याल से मालिकों का यह ख्याल बना कि जितनी ज़्यादा से ज़्यादा ज़मीन वह मुज़ारों से छुड़वा सकते हैं वे छुड़वा लें । सो उन्होंने वह ज़मीन इस तरह निकलवा कर अपनी बीबी बच्चों के नाम करवा ली थी और वह जायज़ नहीं थी ।

मुझे ऐसा मालूम होता है कि अगर यह फरवरी, 1947 की बजाए फरवरी, 1953 से लागू हुआ तो Act की सारी खूबियां बेमायनी हो जाएंगी । मुझे उम्मीद है कि सरकार इस तरफ ध्यान देगी ।

इस के इलावा कुछ और खामियां भी हैं जिन्हें दूर करना ज़रूरी है । यह जो दफा 9 में बेदखलियों को summary trial के बाद करने का provision है यह नुकसानदेह है । हम जानते हैं कि बड़े २ जागीरदारों के अफसरों के साथ ताल्लुकात होते हैं जबकि गरीब मुज़ारों की सरकारी मशीनरी में कोई आवाज़ नहीं होती । इस लिये जागीरदार मिल मिलाकर summary trial के ज़रिए फैसले अपने हक में करवा लिया करेंगे । जहां मैं Development Minister साहिब को उन की कोशिशों के लिए मुबारकबाद देता हूं वहां उन का ध्यान कुछ बातों की तरफ भी दिलाना चाहता हूँ । हम ने देखा है कि जितनी भी amendments इस मसले में हम लाते रहे हैं यह मसला और पेचीदा होता गया है । सरदार अजमेर सिंह जी ने कहा कि बड़े २ जागीरदारों को, जिन का कि इतना influence है सरकार अपनी कलम के नीचे लाना चाहती है । भाई सुरजीत जी ने भी सरकार के Political motives बताए । कहा गया कि जागीरदारों को डराना मकसूद है । मैं समझता हूँ कि अगर इस से मुज़ारों का फायदा हो तो कोई बुरी बात नहीं है । कहा गया कि यह प्रताप शाही है, इसे डिक्टेटराना तरीके का नाम दिया गया ।

(Voices from Opposition benches : Repetition हो रही है ।)

अध्यक्ष महोदय : आप repetition न करें । (Please avoid repetition.)

श्री देवी लाल : मैं उम्मीद करता हूं कि यह प्रताप शाही किसानों के हक में और ज़ोर से चलेगी ताकि जागीरदारों की ताना शाही न चल सके ।

Chief Parliamentary Secretary: Sir, I beg to move—

That the question be now put.

अध्यक्ष महोदय: अभी नहीं । (Not yet please.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : On a point of order, Sir.

स्पीकर साहिब, Clause 7 की amendment मेरे नाम पर दी है । दरअसल मैं ने किसी amendment का नोटिस नहीं दिया था । प्रैस में blackmailing सुना करते थे मगर House में आज तक नहीं सुनी थी । (हंसी)

अध्यक्ष महोदय : Blackmailing तो आप ही के नाम में होनी थी और किस के नाम पर हो सकती थी ? (हंसी) (Why should there have been blackmailing of you and not of any one else ?) laughter)

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ (ਡੇਹਲੋਂ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕੋਈ Bill ਜੋ ਪੇਸ਼ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਦੋ ਪਹਿਲੂ ਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਦੀ ਜਾਂ ਮੁਲਕ ਦੀ ਭਲਾਈ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਲਈ ਕੁਝ ਆਦਮੀਆਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਨੂੰ sacrifice ਵੀ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਵੀ ਹੈ । ਦੂਸਰਾ ਪਹਿਲੂ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਮਸਲੇ ਦਾ ਹੱਲ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਕੋਈ Bill ਲਿਆਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਦੋਵੂੰ points ਵਲ ਇਕ ਇਕ ਕਰਕੇ ਆਵਾਂਗਾ ਅਤੇ Development Minister ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਆਪਣੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦੇਣ, ਇਹ ਦੱਸਣ ਕਿ ਇਸ Bill ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਦੀ ਕੀ ਭਲਾਈ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ।

1947 ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਅੰਨ ਵਲੋਂ ਇਕ deficit ਸੂਬਾ ਸੀ । ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਅਨਾਜ ਦਾ ਤੋੜਾ ਸੀ । ਜਿਥੇ Government of India ਨੇ Grow More Food Campaign ਚਲਾਈ ਉੱਥੇ ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਵੀ ਇਸ ਗੱਲ ਲਈ ਮਹਿਕਮੇ ਖੋਲ੍ਹੇ । ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ press ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਣਕ ਪੈਦਾ ਕਰੋ । ਮੁਲਕ ਦੀ ਭਲਾਈ ਕਰੋ, ਜੋ ਰੁਪਿਆ ਅੰਨ ਖਰੀਦਣ ਤੇ ਸਾਡਾ ਬਾਹਰ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਉਹ ਬਚ ਜਾਵੇਗਾ । ਇਸ ਲਈ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਭਲਾਈ ਲਈ ਜ਼ਿਆਦਾ ਅਨਾਜ ਪੈਦਾ ਕਰੋ । ਮੈਂ Minister ਸਾਹਿਬ ਤੋਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ 30 standard ਏਕੜ ਦੀ ceiling ਮੁਕੱਰਰ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਤੁਸੀਂ ਕਿਸੇ 30 ਏਕੜ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਸੀ, ਕੀ Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕੋਈ facts and figures collect ਕੀਤੀਆਂ ਸਨ ਕਿ 30 standard ਏਕੜ ਵਾਲਾ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਕਿੰਨਾਕੁ ਅਨਾਜ ਪੈਦਾ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ ? ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 30 ਏਕੜ ਦੀ ceiling ਮੁਕੱਰਰ ਕਰੋਗੇ ਤਾਂ Grow More Food Campaign ਨੂੰ ਧੱਕਾ ਲਗੇਗਾ ਜਿਸਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਸਾਡਾ ਸੂਬਾ suplus ਦੀ ਬਜਾਏ deficit ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ । ਫਿਰ ਮੈਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਤੋਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ Bill ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਨ ਦਾ ਤੁਹਾਡਾ goal ਕੀ ਹੈ, aim ਕੀ ਹੈ ? ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਕੀ ਭਲਾਈ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ? ਮੈਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਕਿਥੇ ਲੈ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ? ਦਸੋ ਜੇਕਰ ਖਤਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਤਾਂ ਇਕ ਵਾਰ ਹੀ ਸਾਰੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਲੈ ਲੋ, nationalise ਕਰ ਲੋ । ਮੈਂ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਮੁਲਕ ਦੀ ਭਲਾਈ ਲਈ ਤੁਹਾਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਆਪਣੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੇਣ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹਾਂ ਜਿਵੇਂ ਜੀ ਚਾਹੇ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰੋ । ਮਗਰ ਗੱਲ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ political motives ਹਨ । ਮੈਂ ਇਕ suggestion ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ । ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਮੁਲਕ ਦੀ ਭਲਾਈ ਕਰਨੀ ਹੈ, ਅਨਾਜ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨਾ ਹੈ, ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੱਲ

[ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ]

ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ Co-operative Farming ਤੋਂ ਚੰਗੀ ਚੀਜ਼ ਕੋਈ ਨਹੀਂ। ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਨੂੰ 5 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕਢਿਆ ਜਾਵੇ। ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕੀ ਕੋਈ ਆਦਮੀ 5 ਏਕੜ ਤੇ ਬੈਠ ਕੇ ਰੋਟੀ ਖਾ ਸਕਦਾ ਹੈ? ਆਪਣੇ ਬੱਚੇ ਔਰਤ ਨੂੰ ਪਾਲ ਸਕਦਾ ਹੈ? ਅੱਜ ਹਾਲਤ ਆਪ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ, ਉਹ ਭੁਖੇ ਬੈਠੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰੋਟੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ। ਇਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਹੱਲ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਦਰਅਸਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਅੰਗ੍ਰੇਜ਼ਾਂ ਤੋਂ divide and rule ਵਾਲੀ policy ਸਿੱਖੀ ਹੈ, ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵੋਟਾਂ ਲੈਣ ਦਾ ਢੰਗ ਲਭਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਗੱਲ ਸਾਬਤ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ ਕਿ ਜੱਟ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ elections ਵਿਚ ਵੋਟਾਂ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ। ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸੋਚਿਆ ਜੱਟਾਂ ਨੂੰ ਮਾਰੋ ਅਤੇ ਆਪਣੀਆਂ ਗੱਦੀਆਂ ਕਾਇਮ ਰੱਖਣ ਲਈ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਲੜਾਉ। ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਮੁਲਕ ਤੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਭਲਾਈ ਵਾਲੀਆਂ ਨਹੀਂ। ਉਸ ਲਈ Co-operative Farming ਅਤੇ tractors ਵਗੈਰਾ ਦਾ ਇਸਤੇਮਾਲ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸ਼ਹਿਰੀਆਂ ਦੇ ਕਾਰਖਾਨਿਆਂ ਨੂੰ nationalise ਕਰਨ ਦੀ ਗੱਲ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਟਾਲਨ ਲਈ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ? ਇਹ ਚੀਜ਼ ਚੰਗੀ ਨਹੀਂ ਲਗਦੀ। ਜੱਟਾਂ ਦੇ tractors ਚੁਭਦੇ ਹਨ। ਜੋ 24 ਘੰਟਿਆਂ ਵਿਚੋਂ 20 ਘੰਟੇ ਕੰਮ ਕਰੇ, ਜਿਸਦਾ ਸਾਰਾ ਟੱਬਰ, ਔਰਤ ਬੱਚੇ ਉਸ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਨ-ਕੋਈ ਰੋਟੀ ਲਿਆਵੇ ਤੇ ਕੋਈ ਕੁਝ ਹੋਰ ਕਰੇ—ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਿਹਨਤ ਕਰਕੇ ਮੁਲਕ ਦੀ ਭਲਾਈ ਲਈ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਵੇ, ਉਸਦੀ ਰੋਟੀ ਚੁਭਦੀ ਹੈ। ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਵੇਖੋ, ਕਿਤੇ Trade Employees Act ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਕੋਈ ਕਿਸੇ ਮਜ਼ਦੂਰ ਤੋਂ 8 ਘੰਟੇ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਲੈ ਸਕਦਾ, ਮਗਰ ਕਿਸਾਨ ਵਿਚਾਰੇ 20, 20 ਘੰਟੇ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਆਮਦਨ 2, 4 ਆਨੇ ਦਿਹਾੜੀ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਹੀਂ। ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਮੁਲਕ ਦੀ ਭਲਾਈ ਕਰਨੀ ਹੈ, ਅਨਾਜ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕਰਨੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜ਼ਮੀਨ ਲਉ ਤੇ Co-opertive Farming ਕਰੋ ਮਗਰ ਇਸ ਦਾ ਇਹ ਤਰੀਕਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਮਾਲਕਾਂ ਅਤੇ tenants ਨੂੰ, elections ਵਿਚ ਵੋਟਾਂ ਲਈ ਅਤੇ ਆਪਣੀਆਂ ਗੱਦੀਆਂ ਕਾਇਮ ਰੱਖਣ ਲਈ, ਆਪਸ ਵਿਚ ਫਾੜਿਆ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਇਰਾਦੇ। ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਉਹ ਜੱਟ ਮੈਂਬਰ ਤਾਂ ਬੋਲਦੇ ਨਹੀਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਹਨ ਤੇ ਉਹ ਮੈਂਬਰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨਹੀਂ ਬੋਲਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਮਾਰੇ ਗਏ ਤੇ ਲੁਟੇ ਗਏ।

ਮੈਂ ਜੇਕਰ ਕਾਰਖਾਨਿਆਂ ਦਾ ਨਾ ਲਵਾਂ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਢਿੱਡ ਵਿਚ ਦਰਦ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਕਾਰਖਾਨਿਆਂ ਨੂੰ nationalise ਕਰਨ ਤਾਂ ਸਰਦਾਰ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਗੱਦੀ ਖਤਰੇ ਵਿਚ ਪੈ ਜਾਂਦੀ ਏ। ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 30 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਦੇ ਕੇ Development Minister ਸਾਹਿਬ ਕੀ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਕੀ ਇਸ ਨਾਲ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ? ਇਹ ਤਾਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕਾਰਖਾਨੇਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਨਾ ਛੇੜਿਆ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸ਼ਾਹੀ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਪਰ ਮੈਂ ਦੱਸ ਦੇਵਾਂ ਕਿ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸ਼ਾਹੀ ਹੁਣ ਚਲ ਨਹੀਂ ਸਕੇਗੀ। ਕਾਰਖਾਨੇਦਾਰ ਨੂੰ ਹੱਥ ਨਹੀਂ ਪਾਉਂਦੇ, ਡਰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਕਿਧਰੇ ਇਹ ਮਿਨਿਸਟਰੀਆਂ ਤੋਂ ਨਾ ਲਾਹ ਦੇਣ। ਜੱਟਾਂ ਲਈ 30 ਏਕੜ ਹੱਦ ਰਖ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੁਰਬਾਨ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਸਿਰਫ ਆਪਣੇ ਮੁਫਾਦ ਲਈ। ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ 30 ਏਕੜ ਦਾ economic lines ਤੇ work out ਕਰੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਕੀ ਇਸ ਵਿਚ self sufficiency ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ? ਕਦੀ ਨਹੀਂ। ਕੀ ਇਸ ਨਾਲ ਰੋਟੀ ਦਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਚਲ ਸਕਦਾ ਹੈ ਪੜ੍ਹਾਈ ਦਾ ਤਾਂ ਜ਼ਿਕਰ ਹੀ ਨਾ ਕਰੋ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 30 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਦਾ ਮਾਲਕ ਆਪਣੀ ਰੋਟੀ ਨਹੀਂ ਕੱਢ ਸਕਦਾ। ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਪੜ੍ਹਾਈ ਕਰਾਣੀ ਤਾਂ ਦਰਕਨਾਰ ਰਹੀ।

ਤੁਸੀਂ ਇਹ ਸਮਝਦੇ ਹੋ ਕਿ ਮੁਲਕ ਹੁਣ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਕੁਹਾੜਾ ਫੜ ਲਵੋ ਹੱਥ ਵਿਚ ਤੇ 85 ਫੀ ਸਦੀ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਵੱਸਣ ਵਾਲਿਆਂ ਤੇ ਵਾਹੁਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦੇਵੋ। ਕੀ ਇਹ ਇਸ ਲਈ ਕੀਤ

ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਾਲੇ ਵਿਚਾਰੇ ਕਮਜ਼ੋਰ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ voice ਨਹੀਂ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪ੍ਰੈਸ ਕੋਈ ਨਹੀਂ। ਉਹ vocal ਨਹੀਂ। ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਟੈਕਸ ਲਾ ਦਿਤੇ ਹਨ ਪਰ ਉਹ ਵਿਚਾਰੇ ਬੋਲ ਨਹੀਂ ਸਕਦੇ! ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਟੈਕਸਾਂ ਨੂੰ ਰੱਬ ਵਲੋਂ ਆਈ ਕਰੋਪੀ ਸਮਝਦੇ ਹਨ। ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਤੁਸੀਂ ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ ਵਪਾਰੀ ਤਬਕੇ ਨੂੰ ਹੱਥ ਨਹੀਂ ਲਾ ਸਕਦੇ। ਤੁਸੀਂ Sales Taxe ਲਾਇਆ ਤਾਂ ਵਪਾਰੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਸ ਦਾ ਹਿਸਾਬ ਕਿਤਾਬ ਨਹੀਂ ਰਖ ਸਕਦੇ ਹਾਲਾਂ ਕਿ ਇਹ ਟੈਕਸ ਵਪਾਰੀ ਦੀ ਆਪਣੀ ਜੇਬ ਵਿਚੋਂ ਨਹੀਂ ਸੀ ਦਿਤਾ ਜਾਣਾ। ਤੁਸੀਂ Sales Tax Act ਨੂੰ 10 ਵੇਰ amend ਕੀਤਾ। ਉਹ ਤਾਂ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਮਨਵਾਂਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਟੈਕਸ ਸਬੰਧੀ ਐਕਟ ਵਿਚ ਤਰਮੀਮ ਕਰੋ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਗੱਦੀ ਤੋਂ ਲਾਹ ਦੇਵਾਂਗੇ। ਉੱਥੇ ਤੁਸੀਂ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਤੁਸੀਂ ਝੱਟ amendment ਪੇਸ਼ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹੋ। ਤੁਸੀਂ ਸਭ ਇਸ ਲਈ ਕਰਦੇ ਹੋ ਕਿਉਂਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਾਲਿਆਂ ਦੇ ਸਿਰ ਤੇ ਤੁਸੀਂ ਗੱਦੀਆਂ ਮੱਲੀ ਬੈਠੇ ਹੋ।

ਮੈਂ ਅੱਜ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਤੁਹਾਨੂੰ ਵੰਗਾਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਜੇਕਰ ਅੱਜ ਜੱਟ ਦੀ ਵੋਟ ਤੇ ਚੋਣਾਂ ਲੜੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਵਕਾਰ ਦਾ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਏ ਅਤੇ ਤੁਸੀਂ ਜ਼ਰੂਰ ਫੇਲ੍ਹ ਹੋ ਜਾਵੋਗੇ। ਤੁਸੀਂ ਇਸੇ ਬਿਲ ਤੇ ਹੀ ਵੇਖ ਲਵੋ ਜੱਟ ਦੀ ਵੋਟ ਤੇ ਤੁਸੀਂ ਕਦੀ ਵੀ ਇਸ ਬਿਲ ਨੂੰ ਪਾਸ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਹਾਂ non Jat ਦੀ ਵੋਟ ਨਾਲ ਤੁਸੀਂ ਪਾਸ ਕਰੋ ਤਾਂ ਸੌ ਵੇਰ ਪਾਸ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹੋ।

ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 30 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਦੀ ਜੋ ਤੁਸੀਂ ਹੱਦ ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤੀ ਹੈ ਇਸ ਦੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕੀਮਤ ਕੀ ਹੋਵੇਗੀ? ਇਸ ਦਾ ਵੱਧ ਤੋਂ ਵੱਧ ਮੁਲ 10 ਹਜ਼ਾਰ ਜਾਂ 15 ਹਜ਼ਾਰ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਪਿੰਡ ਵਾਲੇ ਪਾਸ 10-15 ਹਜ਼ਾਰ ਵੇਖ ਨਹੀਂ ਸੁਖਾਂਦੇ, ਤੁਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਕਿ ਉਹ ਇਹ ਵੀ ਨਾਂ ਰੱਖ ਸਕੇ। ਪਰ ਇਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਤੇ ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ ਲਾਲੇ ਪਾਸ 30 ਹਜ਼ਾਰ ਦੀ ਕਾਰ ਹੈ ਜੋ ਘੂੰ ਘੂੰ ਕਰਦੀ ਕੋਲੋਂ ਲੰਘ ਜਾਂਦੀ ਏ। ਉਸ ਪਾਸ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਪੱਖੇ ਹਨ ਅਤੇ ਹੋਰ ਕਈ ਸੁਖ ਹਨ। ਜਾਇਦਾਦ ਦਾ ਤਾਂ ਅੰਤ ਹੀ ਨਹੀਂ। ਉੱਥੇ ਤੁਹਾਨੂੰ ਸਭ ਠੀਕ ਲਗਦਾ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦੀ ਗੱਲ ਕਰਦੇ ਹੋ ਇਥੇ ਛੋਟਾ ਮਾਲਕ ਵੀ ਦੁਖੀ ਹੈ ਵੱਡਾ ਮਾਲਕ ਵੀ ਦੁਖੀ ਹੈ। ਕੀ ਤੁਹਾਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਹੈ? ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦੀਆਂ ਸੀਟਾਂ ਤੇ ਚੋਣਾਂ ਲੜੀਆਂ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਰਕਾਰੀ ਗੱਦੀਆਂ ਤੇ ਨਹੀਂ ਬੈਠ ਸਕੋਗੇ। ਅਸੀਂ ਵੇਖਾਂਗੇ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਕਿਵੇਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚੋਂ ਵੋਟਾਂ ਲੈਂਦੇ ਹੋ। ਨਾ ਤੁਸੀਂ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਟਿਕਟ ਦੇ ਕੇ ਕਾਮਯਾਬ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹੋ ਨਾ ਵੋਟ ਲੈ ਕੇ। ਸਵਾਲ ਜੱਟਾਂ ਦਾ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਹੁਣੇ ਹੀ ਜੱਟਾਂ ਬਾਰੇ ਗੁਰਦਵਾਰਾ ਈਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਵਿਚ ਵੇਖ ਲਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਿਵੇਂ ਉਹ ਤੁਹਾਡੀ back ਤੇ ਹਨ।

ਫਿਰ ਤੁਸੀਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ ਕਿ 30 ਏਕੜ ਵਾਲਿਆਂ ਤੋਂ ਘੱਟ 5 ਏਕੜ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਛੱਡ ਦੇਵੋ। ਕੀ 5 ਏਕੜ ਨਾਲ ਕੋਈ ਢਿੱਡ ਭਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਕੀ ਉਸ ਦੀ ਰੋਟੀ 5 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਵਿਚੋਂ ਨਿਕਲ ਸਕਦੀ ਹੈ?

Minister for Development: Sir, it is a repetition.

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ: ਅਸੀਂ ਸਭ ਜਾਣਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਹਾਨੂੰ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਦੀ ਮਦਦ ਨਹੀਂ। ਜੋ ਦਿਹਾਤ ਤੋਂ ਆਏ ਨੇ ਅਤੇ ਕਾਂਗਰਸੀ ਨੇ ਉਹ ਵੀ ਵਿਚੋਂ ਦੁਖੀ ਨੇ। ਪਰ ਤੁਹਾਡੇ whip ਜਾਰੀ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਅੱਖਾਂ ਨੀਵੀਂਆਂ ਪਾਈ ਬੈਠੇ ਨੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਮੀਟਿੰਗ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਕੈਰੋਂ ਸਾਹਿਬ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰੋ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਮੈਂ ਅਸਤੀਫਾ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਅਸਤੀਫੇ ਦੇ ਡਰ ਨਾਲ ਬਿਲ ਪਾਸ ਕਰਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਤਾਂ ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਦੱਸ ਦੇਵਾਂ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕੀ ਤੁਹਾਨੂੰ ਕਦੀ ਨਹੀਂ ਬਖਸ਼ਣ ਲਗੇ, ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਗ਼ਦਾਰੀ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ। ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਰੋਟੀ ਤੇ ਲੱਤ ਮਾਰ ਰਹੇ ਹੋ। ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਨੂੰ ਕਦੀ ਨਹੀਂ ਭੁਲ ਸਕਦੇ।

ਜੇਕਰ ਇਸ ਬਿਲ ਨੂੰ economic lines ਤੇ ਵੇਖਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਵੀ ਇਹ ਬਿਲ ਸੂਬੇ ਦੇ

[ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ]
ਮੁਫਾਦ ਦੇ ਮੁਨਾਫੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰੀ ਬੈਂਚਾਂ ਤੇ ਬੈਠੇ ਦਿਹਾਤੀ ਭਰਾਵਾਂ ਅੱਗੇ ਅਪੀਲ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਬਾਵ ਹੇਠਾਂ ਆਕੇ ਕੋਈ ਗੱਲ ਨਾ ਕਰਨ। ਅਜਿਹਾ ਕਰਨ ਨਾਲ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ 85 ਫੀ ਸਦੀ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਮੁਫਾਦ ਨੂੰ ਧੱਕਾ ਲਗੇਗਾ।

श्री तेग राम [खुहियां सर्वर] : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह बिल तीन साल से असैम्बली के सामने आ रहा है। हमारे विरोधी पक्ष के भाई हर बार यही चाहते हैं कि यह बिल पेश न किया जाए। अपने विरोधी भाइयों की दलीलें सुन कर मुझे एक कहानी याद आ गई है। एक मदारी के पास एक बन्दर और एक बकरा था, जिन के द्वारा वह खेल दिखाकर अपनी रोज़ी कमाता था। बन्दर चालाक जानवर है वह हर रोज़ मदारी के आटे के भरे थैले से आटा स्वयं खा जाता था और थोड़ा सा आटा बकरे के मुंह पर लगा देता था। मदारी जब आ कर बकरे के मुंह पर आटा लगा देखता तो उसे लठ से मारता। उसका ख्याल होता कि आटा बकरे ने खाया है। तो इस तरह आटा बन्दर खाये और पीटा बकरा जाए। ठीक इसी तरह इस बिल को लाने की ज़िम्मेवारी चौधरी श्री चन्द जी और इन के साथियों पर है। [श्री श्री चन्द : तो आप बकरे हैं।] बिल जब असैम्बली में पेश होता है तो यह एक एक कदम पर इस का विरोध करते हैं और इसे मुकम्मल बनने देने में रुकावट डालते हैं। जिस से मुज़ारों की समस्या हल नहीं होती और बिल को बार बार असेम्बली में लाने की ज़रूरत पड़ती है अत: यही इस बिल को लाने के ज़िम्मेवार हैं और दोष हमें देते हैं। इस का तात्पर्य साफ है कि जब तक देश की शासक पार्टी कांग्रेस का कराची के प्रस्ताव "land to the tiller" के सिद्धांत को पंजाब में अमली रूप नहीं दिया जाता, यह बिल जरूर आएगा। 6 महीने में आए या एक साल में आए। अगर विरोधी पक्ष और विशेषतया चौधरी श्री चन्द जी चाहते हैं कि यह बिल सदा के लिए पंजाब असैम्बली में न आए और खत्म हो जाए तो वह हिम्मत करें। जैसे कि हमारे मित्र श्री देवी दयाल जी ने कहा है कि आप फैसला कर लें और जो मुज़ारे ज़मीनों को काश्त करते हैं उन्हें उन ज़मीनों का मालिक बना दें। अगर आप ऐसा कर लें तो इस बिल को लाने की जरूरत ही नहीं होगी। यह मसला नहीं हल हो सकता जब तक ज़मीन के मालिक सच्चे तौर से किसानों को कुछ नहीं देंगे। किसानों को ज़मीनों का मालिक नहीं बनाएंगे तो 6 महीने बाद या फिर एक साल बाद आखिर यह बिल फिर आएगा। फिर सवाल है कि उन्हें ज़मीन कितनी दी जाए। किसान को इतनी ज़मीन का मालक बनाया जाए कि जिस पर उसका गुज़ारा चल सके।

दूसरी बात माननीय चौधरी श्री चन्द ने यह कही है कि किसी मुल्क में ऐसा कानून नहीं बनाया गया कि कोई मालिक 30 एकड़ से ज़्यादा ज़मीन काश्त न कर सके। मैं यह जानना चाहता हूं कि दुनियां में कौन सा मुल्क है जहां ऐसा कानून बनाया गया हो जो एक इनसान को दूसरे के रहम पर छोड़ देता हो, जहां मुज़ारों को ज़मीदारों की दया पर छोड़ दिया गया हो। इस प्रजातन्त्र के युग में कोई आदमी किसी के रहम पर नहीं रखा जा सकता। किसी व्यक्ति की रोज़ी छीन लेना अन्याय है तथा Tenants-at-will मनुष्यता पर धब्बा है अत: पंजाब के सरकारी कागज़ों और किताबों से Tenants-at-will शब्द ही निकाल दिया जाए। अब तक Tenants-at-will ज़मीदारों का फुटबाल बना रहा है, कभी वे इसे ठोकर लगा कर इधर फैंक रहे हैं कभी उधर

से इधर। आज पंजाब में कोई Tenants-at-will नहीं रह सकता। हरेक को ज़मीन दी जाएगी।

कहा गया है कि Planning Commission चाहता है कि बाग़ लगाए जाएं। बाग लगें मगर इस बात को हमें नहीं भूलना चाहिए कि संगतरे और मालटे रोटी खाने के बाद ही अच्छे लगते हैं। जिस ने तीन दिन रोटी न खाई है, उसे भला संगतरे कैसे अच्छे लग सकते हैं। Planning Commission ने तो सब से पहली बात यह कही है कि देश में कोई मुज़ारा ऐसा न रहे जिस के पास काश्त के लिए ज़मीन न हो। सब से ज़रूरी बात यह है कि मुज़ारे को फ़ुटबाल न बनाया जाए, कभी इधर कभी उधर न फैंका जाए ज़मीदार भाइयों का सब से पहला फर्ज़ यह है कि Planning Commission की इस हिदायत को मानें और वायदा करें कि किसी मुज़ारे को ज़मीन से नहीं उठने देंगे।

प्रधान जी, ज़मीदारी प्रथा दुनियां में सब से बड़ी लानत है, गांवों की सब बीमारियों व बुराइयों की जड़ है, जितनी चोरियां, कत्ल, झगड़े, मुकदमें, गुण्डागर्दी, लड़ाइयां होती हैं, उन की तह में किसी न किसी ज़मीदार का हाथ होता है। Tenants-at-will—(मालिक की मर्ज़ी पर रहने वाले) मुज़ारों को ज़मीन लेने या रखने के लिए अपनी बहिनों और बेटियों की इज्ज़त ज़मीदारों के पास बेचनी पड़ती है। इस से बड़ी लानत और क्या हो सकती है। मुज़ारे आज तक इस लानत का शिकार रहे हैं। अब वक्त आ गया है उस पाप को धोने का जो ज़मींदारों के दामनों में जमा हुआ है।

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਇਹ U. P. ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਹਨ, ਪੰਜਾਬ ਦੀਆਂ ਨਹੀਂ।

श्री तेग राम : नहीं यह पंजाब की बातें हैं मैं बीसियों मिसालें दे सकता हूं—ऐसे मुज़ारों की जिन्हें उन की सुन्दर बेटियों को देख कर ज़मीन दी जाती रही है।

चौधरी श्री चन्द ने कल कहा था कि यदि यह बिल न लाया जाए और यदि पहले वाला कानून रहे तो कुल 12 000 मुज़ारे बेदखल हो जायेंगे और इस लिए मसला बहुत मामूली है। अर्थात् यदि एक मुज़ारे के परिवार में 5 जीव हों तो 60,000 जीव तो बेकार होंगे। जिस हकूमत के राज में 60,000 तो क्या एक जीव भी भूखा रहता है, वह प्रजातन्त्रीय कहलाने के योग्य नहीं। यह देखना हर प्रजातन्त्रीय हकूमत का फर्ज़ है कि हर नागरिक को रोज़गार मिले जिससे वह अपना और अपने बच्चों का पेट भर सके। यदि किसी ज़मीदार भाई व उस के बच्चों को 3 दिन रोटी न मिले तो दिन में तारे दीख जाएं। वे यह नहीं सोचते कि 60,000 जीव ज़मीन से निकाले जाएंगे तो रोटी कहां से खाएंगे।

सरदार वज़ीर सिंह ने पूछा है कि कारखाने क्यों नहीं लिए जाते। मैं उन को बताना चाहता हूँ कि कांग्रेस हकूमत के सामने पहले से एक निश्चित प्रोग्राम है। जिस पर चल कर धीरे धीरे सरमायादारी को खत्म कर रहे हैं। U. P. की गवर्नमेंट ने ज़मीदारी प्रथा को तोड़ने के लिए आगे कदम बढ़ाया था। आज वे शहरी ज़मींदारी को खत्म करने के लिए कदम उठा रहे हैं, कार्यवाही शुरु हो गई है। धीरे धीरे सब सूबों में शहरी सरमायादारी और जागीरदारी नहीं रहेगी। इस बिल के रास्ते में रुकावट डालना ज़मीदारों के हक में अच्छा नहीं होगा। जितनी बार यह Legislation हाऊस में आई, कदम कदम पर इन्हों ने रुकावट डाली। आज जनता का राज है पंजाब की ज़मीन पर जो भी पैदा हुआ है, उसको ज़रूर काम मिलेगा। इस सिलसिले में कांग्रेस ने

[श्री तेग राम]
बहुत पहले कराची में प्रस्ताव पास किया था। Socialist pattern of society तब तक कायम नहीं हो सकती जब तक पंजाब में रहने वाला हर किसान खुशहाल न हो जाए। यह बात हो कर ही रहेगी। जो ज़मीदार भाई बिल का विरोध करके इसे पीछे डाल रहे हैं, वे आगे चल कर नुकसान उठाएंगे क्योंकि ज़मीनों की कीमतें कम हो जाएंगी।

इस बिल में ज़मीने बेचने पर जो पाबन्दी लगाई गई है उस के बारे में कई सदस्य कहते हैं कि यह ज़मीदारों पर भारी अन्याय है। इस सम्बन्ध में मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि जो मुज़ारा ½ या ⅓ बटाई पर चार पांच साल किसी मालिक की ज़मीन काश्त कर चुका है वह आज कल के भावों के हिसाब से उस ज़मीन की असली कीमत से भी ज़्यादा अदा कर चुका है। यह एतराज़ उठाया गया है कि किसी मालिक को जमीन बेचने का हक नहीं दिया गया। जब मुज़ारा पांच, छेः साल जमीन को काश्त करके बाकायदा बटाई देता रहा है तो उस का मतलब यह है कि मालिक ज़मीन की कीमत से ज़्यादा वसूल कर चुका है। एक बीघा ज़मीन में से औसतन 8-9 मन नरमा निकलता है जिस का भाव 35-40 से गिर कर 25-30 रुपये मन है। अगर मुज़ारा मालिक को 3 मन फी बीघा हर साल देता है तो तीन साल में 300 रुपये बीघा की कीमत देगा। इस तरह मुज़ारा तीन साल में ज़मीन की कीमत अदा कर देता है मगर वे तो बीसियों सालों से ज़मीदार को पैदावार दे रहे हैं। अतः जिस जमीन पर कोई मुज़ारा 3 साल काश्त करता रहा है उसे बिना मालिक को मुआवज़ा दिए उस ज़मीन का मालिक बना दिया जाए।

प्रधान जी! मेरे से पहले बोलने वाले भाईयों ने बताया है कि यहां पर एक बड़ा मेला असैम्बली के बाहर लगा हुआ है। ज़मींदार और जागीरदार इकट्ठे हुए हैं और बड़े घबराए हुए हैं। मेरे ख्याल में जब तक इस कानून की नौवीं धारा लोहे के कवच की तरह मौजूद है, तब तक उन को कोई परेशानी नहीं हो सकती। तब तक बेदखलियां बन्द नहीं हो सकतीं। मालिकों को मुज़ारों को बेदखल करने की खुली छुट्टी है।

प्रधान जी! 1953 में सरकार ने ऐसा कानून बनाया था जिस से कि बड़े मालिक के 10 साल तक के मुज़ारे बेदखल न हों। लेकिन जैसा कि आप को मालूम है कि पिछले साल और उससे पिछले साल में हज़ारों मुज़ारे बेदखल हो गए हैं। नौवीं धारा के मुताबिक अगर कोई मुज़ारा लगान नहीं देता है, ज़मीन खराब कर देता है या उस की फसल खराब होती है या वह ज़मीन आगे sublet कर देता है तो वह बेदखल किया जा सकता है। जब कोई मालिक मुज़ारे को बेदखल करना चाहता है तो वह नौवीं धारा अपने वकील को दिखाता है और पूछता है कि बताओ कौन सा बहाना लगा कर मुज़ारे को बेदखल किया जाए। नौवीं धारा की बाबत एक बात मैं और अर्ज़ करना चाहता हूँ वह यह है कि उस की पहली उप-धारा को छोड़ कर बाकी के मातहत जो मुज़ारा बेदखल होगा इस बिल के अनुसार सरकार उस को ज़मीन देने की कोई जिम्मेवारी नहीं लेती है। इस सम्बन्ध में मैं आप के द्वारा मन्त्री महोदय से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि जैसे अगर कोई मुज़ारा यू० पी० में लगान देने में असमर्थ है, लगान नहीं दे सकता तो उस से ज़मीन नहीं छीनी जाती बल्कि उससे जुर्माना वसूल किया जाता है, वैसे ही यहां भी होना चाहिये। अगर कोई मुज़ारा लगान नहीं अदा करता या कोई और बात होती है तो उस से ज़मीन न छीनी जाए बल्कि उस को जुर्माना किया जाए। रसीद के बारे में ऐसी कोई provision नहीं की गई कि जो मालिक मुज़ारे को रसीद

नहीं देगा उस को 200 रुपया जुर्माना होगा या सज़ा मिलेगी......

Mr. Speaker : The hon. Member is not relevant. He is unnecessarily going into detail.

श्री तेग राम : मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि मालकान घबराए फिरते हैं और इस कानून का विरोध कर रहे हैं मुज़ारे को बेदखल करने की power अब भी तो उन के हाथ में है इस लिए मैं अपने विकास मन्त्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि नौवीं दफा की पहली उप-धारा ही नहीं अन्य उप-धाराओं के मातहत भी जो मुज़ारा बेदखल होगा उस को भी ज़मीन देने की कोशिश करें। अगर कोई लगान अदा नहीं करता तो उस को जुर्माना वगैरा कर दिया जाए लेकिन उस से ज़मीन न छीनी जाए। और अगर मेरी प्रार्थना न मानी गई और मुज़ारे नौवीं धारा के मुताबिक बेदखल होते रहे तो थोड़े समय बाद बहुत बड़ी तादाद मुज़ारों की ज़मीन के बगैर हो जाएगी.........

Mr. Speaker : I would ask the hon. Member to discuss Section 9 at the proper time.

श्री तेग राम : मेरे भाई सुरजीत जी ने कहा है कि पहले कांग्रेस ज़मीदारी को बिला मुआविज़ा खत्म करने के हक में थी लेकिन अब उन्हों ने ज़मीन की कीमत 3/4 of the market value fix कर दी है और इस तरह से कांग्रेस अपने सिद्धान्त से गिर गई है।

(At this stage there was noise in the House.)

Mr. Speaker : Order, please. The Reporters are feeling difficulty in taking down notes.

श्री तेग राम : फिर कम्युनिस्ट मैम्बर भी तो ज़मीदारों को ज़मीन की बजाए भाव की 3/4 कीमत की बजाए $\frac{1}{4}$ कीमत दलाने का संशोधन देकर बिना मुआवज़ा दिए ज़मींदारी समाप्त करने में अपने सिद्धान्त से गिर गए हैं।

अध्यक्ष महोदय ! मेरे Opposition के भाईयों की ओर से हिटलर शाही और प्रताप शाही का जिक्र किया गया है। मैं समझता हूँ कि आज 'शाही' का ज़माना गया। दुनिया में शायद कोई ऐसा देश होगा जहां ऐसी शाही हो। अब तो जनता शाही का समय है। इस लिए मैं कहता हूँ कि यह बिल जो विकास मन्त्री जी लाए हैं न हिटलर शाही का प्रतीक है और न प्रताप शाही का, बल्कि यह जनता शाही का प्रतीक है और जनता की रक्षा के हितार्थ है। मैं सरदार प्रताप सिंह जी को बधाई देता हूं कि वे इस जनता शाही को सफल बनाने के लिए डटे हुए हैं। वे पंजाब की जनता की रक्षा करना चाहते हैं। वे इस जनता शाही पर मज़बूती से डटे हुए हैं हालांकि उन के दफतरोंमें और उन की कोठी परबड़े बड़े ज़मीदारों और जागीरदारों तथा उनके नज़दीकी रिश्तेदारों ने डेरे डाले हुए हैं और उन्हें चारों ओर से घेर रखा है। मैं उन को दुबारा बधाई देता हूं कि वे इस जनता शाही की खातर वज़ारत पर लात मारने के लिए तैयार हैं [तालियां] विकास मन्त्री जी जनता शाही और किसानों के हितों की रक्षा कर रहे हैं। मैं उन्हें यकीन दिलाता हूँ कि हम जनता शाही की रक्षार्थ अपना खून दे कर भी उन का साथ देंगे और जनता शाही को सफल करेंगे।

Minister for Development (Sardar Partap Singh Kairon) : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker. Question is—

That the question be now put.

The motion was carried.

ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਰੱਤਾਖੇੜਾ (ਮਲ੍ਹਾਂ ਵਾਲਾ) : ਪਰਧਾਨ ਜੀ, ਇਹ ਬਿਲ ਬੜਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਖਿਆਲ ਜ਼ਾਹਿਰ ਕਰਨ ਦਾ ਮੌਕਾ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ। ਅਸੀਂ ਵੀ ਤਾਂ ਜਨਤਾ ਦੇ ਖਿਆਲਾਤ ਦੀ ਤਰਜਮਾਨੀ ਕਰਨ ਲਈ ਇਥੇ ਆਏ ਹੋਏ ਹਾਂ।

अध्यक्ष महोदय : जब वे पहले Question put करने के लिये उठे थे तो मैं ने इनकार कर दिया था। लेकिन closure दोबारा move होने पर मुझे question put करना ही पड़ा। अब वज़ीर साहिब जवाबी तकरीर करेंगे।

(When the closure was first moved, I did not agree to it. But now on its being moved for the second time, I had to put the question. Now the hon. Minister will make a reply.)

(इस समय सरदार प्रताप सिंह रत्ता खेड़ा असैम्बली हाल से उठ कर चले गए)।

[*At this stage Sardar Partap Singh Rattakhera walked out of the House.*]

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਕੈਰੋਂ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਮੈਂ ਬਹੁਤ ਵਕਤ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦਾ। ਮੈਂ ਕੇਵਲ ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ ਦੀ ਸਪੀਚ ਦਾ ਹੀ ਜਵਾਬ ਦੇਵਾਂਗਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਿਲ ਵਿਚ ਪੰਜਾਂ ਏਕੜਾਂ ਦੀ provision ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਅੱਜ ਕਲ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿਚ ਪੰਜਾਂ ਏਕੜਾਂ ਨਾਲ ਕੀ ਬਣਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਮੰਨਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਂ ਏਕੜਾਂ ਦੀ ਵਾਹੀ ਕਰਕੇ ਕੋਈ ਕਿਸਾਨ ਜਾਂ ਮੁਜ਼ਾਰਾ ਰੱਜ ਕੇ ਰੋਟੀ ਨਹੀਂ ਖਾ ਸਕਦਾ। ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਪੰਜ ਏਕੜ ਨਾਂ ਦੇਈਏ ਤਾਂ ਕੀ ਦੇਈਏ। ਅਸੀਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 30 ਏਕੜ ਦੇਣ ਵਾਸਤੇ ਤਿਆਰ ਹਾਂ ਕੀ ਉਹ ਮੰਨਦੇ ਹਨ ? (Voices : ਹਾਂ ਅਸੀਂ ਤਿਆਰ ਹਾਂ) ਜੇਕਰ ਤਿਆਰ ਹੋ ਤਾਂ ਫਿਰ ਚੀਕਦੇ ਕਿਉਂ ਹੋ ? (ਹਾਸਾ) ਮੈਂ ਸਾਫ ਗੱਲ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਵੈਸੇ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਦਿਉ ਅਤੇ ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਦੇਣ ਲਗਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਲੋਗ ਭੁਖੇ ਮਰ ਜਾਣਗੇ। ਅਤੇ ਜੇ 30 ਏਕੜਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਗੱਲ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਬੜੀ ਬਰੀਕ ਜਿਹੀ ਆਵਾਜ਼ ਵਿਚ ਗਲਾ ਘੁਟ ਕੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਤਿਆਰ ਹਾਂ। ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਮੰਨੋ ਅਤੇ ਮੈਦਾਨ ਵਿਚ ਆ ਕੇ ਸਾਰੀ ਉਮਰ ਦਾ credit ਲਵੋ। ਅਤੇ ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ credit ਤੁਹਾਨੂੰ ਨਾ ਦੇਵੀਏ ਤਾਂ ਉਲਾਂਭਾ ਦਿਉ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 1951-52 ਦੇ statistics ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ 98 ਫੀ ਸਦੀ ਆਦਮੀ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਐਸੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੋਲ 30 standard acres ਤੋਂ ਘੱਟ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਇਸ ਬਿਲ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ limit self cultivation ਵਾਸਤੇ provide ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਉਹ 30 standard acres ਰਖੀ ਹੈ ਅਤੇ refugees ਦੇ ਕੇਸ ਵਿਚ 50 standard acres ਰਖੀ ਹੈ ! ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ ਨੇ ਜੋ ਕੁਝ ਕਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਠੀਕ ਹੈ। ਉਸਦੇ ਖਿਆਲ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਤਾਂ ਅਜੇ ਵੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ ਦੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ (ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ ਵਲ ਇਸ਼ਾਰਾ ਕਰਕੇ) ਗ਼ੱਦਾਰਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਹੜੇ ਜਲਦੀ ਜਲਦੀ ਪੈਂਤਰੇ ਬਦਲਦੇ ਹਨ। ਕਦੀ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਪੰਜ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ ਨਾਂ ਦਿਉ ਅਤੇ ਕਦੀ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ 30 standard acres ਦੇ ਦਿਉ.........

Sardar Ajmer Singh : Sir, is it parliamentary to use the word *"Ghaddaar"* (Traitor) ?

Minister for Development : My friend Sardar Wazir Singh, has used it many a time in his speech.

अध्यक्ष महोदय : फिर भी आप इस लफ्ज़ को वापस ले लें । (Even then he may please withdraw this word).

Minister for Development : Sir, I withdraw that word. Sardar Wazir Singh has also uttered such words while making his speech. He should also be asked to withdraw those words.

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਉਹ ਤਾਂ general ਜਿਹੀ sense ਵਿਚ ਸੀ ।

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ : ਜੀ ਨਹੀਂ ।

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਕਦੋਂ ਕਿਹਾ ਸੀ ?

(When did he say so ?)

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ : ਅੱਜ । Should I take it that he has withdrawn those words, Sir ?

अध्यक्ष महोदय : मैं माननीय सरदार वज़ीर सिंह जी से चाहूँगा कि वह भी अपने लफ्ज़ वापिस ले लें । (I would like the hon. Sardar Wazir Singh to withdraw his words.)

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਕੀ ? ਗੱਦਾਰੀ ? ਇਹ ਜੋ ਕੁਝ ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੰਮਾਂ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ । ਮੈਂ ਕੋਈ ਗੱਦਾਰੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਿਹੜੀ ਮੈਂ ਵਾਪਸ ਲਵਾਂ ।

अध्यक्ष महोदय : आर्डर, आर्डर ।

ਸਰਦਾਰ ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਘ : ਹਕੀਕਤ ਵਿਚ ਜੋ ਕੁਝ ਕੈਰੋਂ ਸਾਹਿਬ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਆਦਮੀ ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਬਾਰੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਉਹ ਗੱਦਾਰੀ ਵਾਲੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਹਨ । ਹਾਂ, ਜੇ ਇਹ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਗੱਦਾਰ ਸਮਝਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਫਿਰ ਸ਼ਾਇਦ ਗੱਦਾਰ ਹੀ ਹੋਣਗੇ । ਮੈਂ ਤਾਂ ਕੋਈ ਗੱਦਾਰੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ।

Minister for Development : Sir, if he does not withdraw, then I am also not prepared to withdraw my word.

अध्यक्ष महोदय : वह नहीं वापस लेते तो फिर आप भी वापस न लें । लेकिन है यह unparliamentry.

(If he is not prepared to withdraw then you may also not withdraw it. All the same the word is unparliamentary.)

(At this stage Shri Sri Chand tried to persuade Sardar Wazir Singh and made personal appeals to him to withdraw the words but he did not agree.)

